निष्कर्ष – भारत और जर्मनी में किशोर अपराध पर किए गए इस कानूनी आलोचनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि किशोर अपराध केवल एक कानूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक तथा मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों से जुड़ी एक जटिल चुनौती है। दोनों देशों की किशोर न्याय प्रणालियों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि किशोर अपराध की रोकथाम के लिए केवल कठोर दंड पर्याप्त नहीं है, बल्कि सुधारात्मक एवं पुनर्वासात्मक दृष्टिकोण अधिक प्रभावी सिद्ध होता है।

भारत में किशोर अपराध की बढ़ती घटनाएँ गरीबी, अशिक्षा, पारिवारिक विघटन, बेरोजगारी, नशाखोरी, सामाजिक असमानता तथा आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग जैसी समस्याओं से प्रभावित हैं। यद्यपि भारत में Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 के माध्यम से किशोर अपराधियों के सुधार और पुनर्वास हेतु महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधान किए गए हैं, फिर भी सुधार गृहों की खराब स्थिति, पुनर्वास योजनाओं के कमजोर क्रियान्वयन तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी जैसी समस्याएँ अभी भी विद्यमान हैं। इसके कारण कई बार किशोर अपराधी समाज की मुख्यधारा में पुन: स्थापित नहीं हो पाते और पुन: अपराध की ओर आकर्षित हो जाते हैं।

दूसरी ओर, जर्मनी की किशोर न्याय प्रणाली पुनर्वास, शिक्षा, मनोवैज्ञानिक सहायता तथा सामाजिक पुनर्स्थापन पर आधारित है। वहाँ किशोर अपराधियों को अपराधी के रूप में नहीं, बल्कि सुधार योग्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जर्मनी की व्यवस्था यह सिद्ध करती है कि यदि किशोरों को उचित शिक्षा, परामर्श, पारिवारिक सहयोग तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए, तो अपराध की पुनरावृत्ति को काफी हद तक रोका जा सकता है।

भारत और जर्मनी की तुलना से यह निष्कर्ष निकलता है कि भारत को अपनी किशोर न्याय प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। भारत को जर्मनी की पुनर्वास आधारित नीतियों, शिक्षा प्रणाली तथा सामाजिक कल्याण मॉडल से सीख लेकर सुधार गृहों की स्थिति में सुधार, मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए।

अंतत: यह कहा जा सकता है कि किशोर राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति हैं और उनका संरक्षण, सुधार तथा पुनर्वास समाज और राज्य दोनों की जिम्मेदारी है। यदि बच्चों को उचित शिक्षा, नैतिक मार्गदर्शन, सुरक्षित पारिवारिक वातावरण तथा सकारात्मक सामाजिक अवसर प्रदान किए जाएँ, तो किशोर अपराध की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि कानून के साथ-साथ समाज, परिवार, विद्यालय तथा सरकार सभी मिलकर किशोरों के उज्ज्वल भविष्य और अपराधमुक्त समाज के निर्माण हेतु समन्वित प्रयास करें।

सुझाव – भारत और जर्मनी में किशोर अपराध की स्थिति तथा किशोर न्याय प्रणाली के अध्ययन के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि किशोर अपराध की समस्या के समाधान के लिए केवल कानूनी दंड पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक, मनोवैज्ञानिक तथा पुनर्वासात्मक उपायों को भी समान महत्व देना आवश्यक है। इस संदर्भ में निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं:

1. **शिक्षा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए–** विद्यालयों में

केवल औपचारिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा, अनुशासन, सामाजिक उत्तारदायित्व तथा जीवन कौशल से संबंधित शिक्षा भी प्रदान की जानी चाहिए। इससे किशोरों में सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी।

2. **पारिवारिक वातावरण को मजबूत बनाया जाए –** परिवार किशोरों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। माता–पिता को बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाना चाहिए तथा उन्हें उचित मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग प्रदान करना चाहिए। घरेलू हिंसा, उपेक्षा और पारिवारिक विघटन को कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए।

3. **मनोवैज्ञानिक परामर्श और काउंसलिंग की व्यवस्था हो –** किशोरों में मानसिक तनाव, अवसाद, क्रोध तथा सामाजिक दबाव को कम करने के लिए विद्यालयों और सुधार गृहों में प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों और परामर्शदाताओं की नियुक्ति की जानी चाहिए। इससे किशोरों को अपराध की ओर बढ़ने से रोका जा सकेगा।

4. **सुधार गृहों की स्थिति में सुधार किया जाए –** भारत में कई सुधार गृहों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। वहाँ स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा पुनर्वास कार्यक्रमों को बेहतर बनाया जाना चाहिए ताकि किशोर अपराधियों का वास्तविक सुधार संभव हो सके।

5. **पुनर्वास आधारित न्याय प्रणाली को प्राथमिकता दी जाए –** जर्मनी की तरह भारत में भी दंडात्मक दृष्टिकोण के बजाय सुधारात्मक और पुनर्वासात्मक दृष्टिकोण को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। किशोर अपराधियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण और सामुदायिक सेवा कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए।

6. **साइबर अपराध और नशाखोरी पर नियंत्रण आवश्यक है –** वर्तमान समय में किशोरों में साइबर अपराध और नशीले पदार्थों की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसके लिए इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, नशा मुक्ति अभियान तथा जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना आवश्यक है।

7. **कानूनी जागरूकता बढ़ाई जाए –** किशोरों तथा उनके अभिभावकों को किशोर न्याय कानूनों और बाल अधिकारों के संबंध में जागरूक किया जाना चाहिए। विद्यालयों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से कानूनी साक्षरता अभियान चलाए जा सकते हैं।

8. **सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं –** किशोर अपराध की रोकथाम केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। समाज, परिवार, विद्यालय, गैर–सरकारी संगठन तथा न्याय प्रणाली सभी को मिलकर कार्य करना होगा। सामुदायिक सहयोग और सामाजिक जागरूकता से ही इस समस्या का प्रभावी समाधान संभव है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि किशोर अपराध की समस्या का समाधान कठोर दंड में नहीं, बल्कि बच्चों को सही दिशा, शिक्षा, सुरक्षा, प्रेम और अवसर प्रदान करने में निहित है। यदि किशोरों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाए, तो वे राष्ट्र के जिम्मेदार और सशक्त नागरिक बन सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अग्रवाल, एच. ओ. (2019). मानवाधिकार। इलाहाबाद: सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन्स।
2. आहूजा, राम. (2018). भारत में सामाजिक समस्याएँ। जयपुर: रावत पब्लिकेशन्स।
3. बेदी, किरण. (2017). भारत में किशोर अपराध एवं आपराधिक न्याय प्रणाली। नई दिल्ली: यूनिवर्सल लॉ पब्लिशिंग कंपनी।
4. भट्टाचार्य, एस. के. (2016). भारत में किशोर न्याय प्रणाली। नई दिल्ली: दीप एंड दीप पब्लिकेशन्स।
5. गिलिन, जे. एल., एवं गिलिन, जे. पी. (1954). सांस्कृतिक समाजशास्त्र। न्यूयॉर्क: मैकमिलन कंपनी।
6. भारत सरकार। (2015). किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015। नई दिल्ली: विधि एवं न्याय मंत्रालय।
7. कुमार, वी. (2020). भारत में बाल अधिकार एवं किशोर न्याय। नई दिल्ली: लेक्सिसनेक्सिस।
8. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो। (2022). भारत में अपराध रिपोर्ट 2022। नई दिल्ली: गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
9. परांजपे, एन. वी. (2021). अपराधशास्त्र एवं दंडशास्त्र। इलाहाबाद: सेंट्रल लॉ एजेंसी।
10. पिल्लई, पी. एस. ए. (2019). आपराधिक विधि। नई दिल्ली: लेक्सिसनेक्सिस बटरवर्थ्स।
11. सदरलैंड, ई. एच., एवं क्रेसी, डी. आर. (1978). अपराधशास्त्र के सिद्धांत। फिलाडेल्फिया: लिप्पिनकॉट कंपनी।
12. संयुक्त राष्ट्र। (1985). किशोर न्याय प्रशासन हेतु संयुक्त राष्ट्र न्यूनतम मानक नियम (बीजिंग नियम)। न्यूयॉर्क: संयुक्त राष्ट्र।
13. यूनिसेफ। (2021). बाल संरक्षण एवं किशोर न्याय रिपोर्ट। न्यूयॉर्क: यूनिसेफ।
14. वर्मा, एस. के. (2015). भारत में किशोर न्याय प्रणाली एवं बाल अधिकार। नई दिल्ली: इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट।
15. जर्मन युवा न्यायालय अधिनियम। (1923). जर्मनी किशोर न्याय अधिनियम। बर्लिन: संघीय न्याय मंत्रालय, जर्मनी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कोरोना महामारी का अभिभावकों पर प्रभाव: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन, नरसिंहपुर जिले की जनपद पंचायत साईंखेड़ा के संदर्भ में

इन्द्रेश कुमार कोष्टा*

* शोधार्थी (समाजशास्त्र एवं समाजकार्य) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कोरोना महामारी के दौरान सम्पूर्ण विश्व में शिक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व रूप से प्रभावित हुई। भारत में भी विद्यालयों के बंद होने के कारण ऑनलाइन शिक्षा को वैकल्पिक माध्यम के रूप में अपनाया गया। चूँकि महामारी के दौरान शिक्षा का माध्यम ऑनलाइन हो गया था छात्र अपने-अपने घरों से अभिभावकों के बीच रहते हुए शिक्षा प्राप्त कर रहें थे। अभिभावकों ने अपने पाल्यों को प्राप्त हो रही शिक्षा के प्रभाव को अनुभव किया है। प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य अभिभावकों के दृष्टिकोण से ऑनलाइन शिक्षा के प्रभावों का अध्ययन करना है। शोध कार्य हेतु अध्ययन क्षेत्र के रुप में मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले की छः जनपद पंचायतों में से साईंखेडा जनपद पंचायत को लिया गया। अध्ययन हेतु 100 अभिभावकों का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया। तथ्य संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया। साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का सारणीयन एवं विश्लेषण किया गया। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि अधिकांश अभिभावक कृषि एवं मजदूरी आधारित निम्न-मध्यम आय वर्ग से संबंधित हैं, जिनकी आय महामारी के दौरान प्रभावित हुई। डिजिटल संसाधनों की कमी, आर्थिक दबाव, घर पर अध्ययन हेतु उपयुक्त वातावरण का अभाव, बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम, डिजिटल उपकरणों की लत, छात्रों की दिनचर्या में परिवर्तन तथा ऑनलाइन शिक्षा से असंतुष्टि प्रमुख समस्याएँ रहीं। दूसरी ओर ऑनलाइन शिक्षा ने बच्चों में तकनीकी दक्षता एवं डिजिटल साक्षरता का विकास भी कियाहै। अध्ययन में अधिकांश अभिभावकों ऑफलाइन शिक्षा को प्राथमिकता दी है साथ ही उन्होंने मिश्रित (हाइब्रिड) शिक्षा प्रणाली को भविष्य के लिए अधिक उपयुक्त माना है। उन्होंने मिश्रित शिक्षा प्रणाली में ऑनलाइन शिक्षा को एक निश्चित एवं नियंत्रित वातावरण में संपन्न करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

शब्द कुंजी – कोरोना महामारी, ऑनलाइन शिक्षा, अभिभावक दृष्टिकोण, डिजिटल संसाधन, स्क्रीन टाइम, हाइब्रिड शिक्षा।

प्रस्तावना – कोविड-19का प्रकोप सबसे पहले दिसंबर 2019 में वुहान शहर,हुबेई प्रांत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में रिपोर्ट किया गया था और संक्रमित रोगियों में गंभीर श्वसन विकार, सिरदर्द, थकान, गले में दर्द, हल्का बुखार और अन्य लक्षण पाए गए थे इस बीमारी को आधिकारिक तौर पर 11 फरवरी, 2020 को थ्रूज द्वारा कोरोना वायरस रोग-2019 (COVID-19) नाम दिया गया है। 11 मार्च को WHO द्वारा कोविड-19को महामारी घोषित कर दिया गया। कोविड-19 तेजी से चीन तक ही सीमितप्रतीत होने वाली एक गंभीर समस्या से लगभग रातों-रात वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल में बदल गया। चूकिं यह एक संक्रामक रोग था कुछ देशों में कमज़ोर स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों की कमी के कारण, कोविड-19 महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए कठोर नीतियाँ आवश्यक थीं। कोरोनावायरस के प्रसार से लड़ने के दौरान लोगों की जान बचाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा शारीरिक दूरी और लॉकडाउन संबंधी नीतिगत उपायों का समर्थन किया गया, कोरोना महामारी ने मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया, जिसमें शिक्षा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक रहा है। महामारी के कारण विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को बंद करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने हेतु ऑनलाइन शिक्षा को अपनाया गया। ऑनलाइन शिक्षा ने एक ओर शिक्षा की निरंतरता को बनाए रखने का कार्य किया, वहीं दूसरी ओर अनेक सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियाँ भी उत्पन्न की है।

भारत जैसे विकासशील देश में, जहाँ बड़ी संख्या में परिवार निम्न एवं मध्यम आय वर्ग से संबंधित हैं, वहाँ डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता एवं तकनीकी पहुँच एक गंभीर समस्या के रूप में सामने आई। विशेष रूप से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में औसत/निम्न इंटरनेट गुणवत्ता, स्मार्टफोन एवं डिजिटल साक्षरता की कमी ने ऑनलाइन शिक्षा की प्रभावशीलता को प्रभावित किया। चूकिं महामारी के कारण विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को बंद करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने हेतु ऑनलाइन शिक्षा को अपनाया गया। इसके परिणामस्वरुप सभी छात्रों ने ऑनलाइन शिक्षा अपने-अपने घरों से अभिभावकों के बीच रहते हुए प्राप्त की है। इसका व्यापक प्रभाव अभिभावकों पर भी पड़ा। सभी अभिभावकों ने अपने पाल्यों को प्राप्त होने वाली शिक्षा की गुणवत्ता, उसका छात्रों में पड़ने वाले प्रभाव, उनकी दिनचर्या में आये परिवर्तन, मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं ऑनलाइन शिक्षा के कारण बच्चों की पढ़ाई की निगरानी, डिजिटल संसाधनों की व्यवस्था तथा स्वयं पर पड़ने वाले आर्थिक दबाव को अनुभव किया है इसलिए अभिभावकों के अनुभवों एवं दृष्टिकोण का अध्ययन करना आवश्यक है, जिससे भविष्य की शिक्षा नीति में सुधार हेतु उपयोगी सुझाव प्राप्त हो सकें। प्रस्तुत शोध-पत्र में अभिभावकों के दृष्टिकोण से ऑनलाइन शिक्षा के सकारात्मक एवं

नकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. अभिभावकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. ऑनलाइन शिक्षा हेतु डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता का अध्ययन करना।
3. ऑनलाइन शिक्षा के कारण अभिभावकों पर पड़े आर्थिक प्रभाव का विश्लेषण करना।
4. बच्चों के व्यवहार, स्क्रीन टाइम एवं दिनचर्या पर ऑनलाइन शिक्षा के प्रभावों का अध्ययन करना।
5. अभिभावकों के दृष्टिकोण से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षा की तुलना करना।
6. भविष्य की शिक्षा प्रणाली हेतु उपयुक्त माध्यम के संबंध में अभिभावकों की राय जानना।

साहित्य समीक्षा

1. जे. हुफ़मैन, और ई. सेकॉर्ड, (2021)– स्कूलों के ऑफलाइन उपस्थिति से इंटरनेट के ज़रिए ऑनलाइन उपस्थिति में बदलने के कारण परिवारों में नया दबाव आ गया है। यह स्पष्ट हुआ है कि परिवार और बच्चे स्कूलों पर पढ़ाई के साथ अन्य चीज़ों जैसे- खाना, हेल्थ केयर, रहने की जगह और सामाजिक कल्याण के लिए स्कूलों पर आश्रित थे। कई परिवारों का कहना है कि महामारी के तनाव की वजह से बच्चों की डाइट खराब हो गई है और वे मीठा और तला हुआ खाना ज़्यादा खाने लगे हैं। घर पर रहने के आदेश और ऑनलाइन पढ़ाई की वजह से व्यायाम के मौके कम हो गए हैं।कोविड-19 के दौरान सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल, साथ ही शिक्षा के पारंपरिक तरीकों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जाने से, ज़्यादातर किशोर स्क्रीन के सामने काफी ज़्यादा समय बिता रहे हैं। ज़्यादा स्क्रीन टाइम खराब नींद, सुस्त आदतें, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा है।

2. एस. महेंद्र देव और राजेश्वरी सेनगुप्ता(2020)–भारत में लगभग 90प्रतिशत कामकाजी आबादी अनौपचारिक क्षेत्र में काम करती है जो देश की कुल जीडीपी में 45 प्रतिशत से ज़्यादा का योगदान देती है।नोटबंदी एवं गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से संघर्ष कर रहा अनौपचारिक क्षेत्र कोविड-19 के प्रकोप के कारण असमान रूप से प्रभावित हुआ है।शहरी इलाकों में रहने वाले मज़दूरों की लॉकडाउन की वजह से बड़े पैमाने पर नौकरियां और इनकम खत्म हो गई हैं। अप्रैल 2020 में 122 मिलियन नौकरियां खत्म हो गईं। इनमें से छोटे व्यापारियों और दिहाड़ी मज़दूरों की 91 मिलियन नौकरियां चली गईं (सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी(CMIE))।अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के एक सर्वे से पता चलता है कि लॉकडाउन के दौरान 57 प्रतिशत ग्रामीण मज़दूरों और 80 प्रतिशत शहरी मज़दूरों की नौकरी चली गई।

शोध पद्धति–यह अध्ययन अन्वेषणात्मक शोध पर आधारित है।

अध्ययन क्षेत्र– प्रस्तुत शोध पत्र हेतु अध्ययन क्षेत्र मध्यप्रदेश राज्य के नरसिंहपुर जिले की छ: जनपद पंचायतों में से एक जनपद पंचायत साईंखेड़ा को चुना गया जिसके अंतर्गत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आने वाली उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अध्ययन करने वाले छात्रों के अभिभावकों को लिया गया है।

निदर्शन– अध्ययन हेतु अध्ययन क्षेत्र के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्थित उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अध्ययन करने वाले छात्रों के अभिभावकों में से 100 अभिभावकों का उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा चयन किया गया।शाला के शिक्षकों के माध्यम से छात्रों के अभिभावकों से संपर्क कर साक्षात्कार अनुसूची के प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए गये।

तथ्य संकलन के उपकरण– चूंकि अध्ययन क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र दोनों है।ऑनलाइन शिक्षा का अपने पाल्यों पर पड़ने वाले प्रभावों के सम्बन्ध में अभिभावकों के अनुभव को जानने के लिए साक्षात्कार अनुसूची का उपयोग किया गया।

तथ्यों का वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण– साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राप्त उत्तरों का तथ्यों के रूप में वर्गीकरण, सारणीयन कर उनका विश्लेषण किया गया। साक्षात्कार अनुसूची में पूछे गए प्रश्नों एवं अभिभावकों से प्राप्त उत्तरों वर्गीकरण है-

तालिका 1 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

परिणाम एवं विश्लेषण

सामाजिक-आर्थिक स्थिति–अध्ययन से ज्ञात हुआ कि 40 प्रतिशत अभिभावक कृषि एवं 36 प्रतिशत मजदूरी से जुड़े हैं। इससे स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि एवं श्रम आधारित है। अधिकांश अभिभावक निम्न एवं निम्न-मध्यम आय वर्ग से संबंधित पाए गए। लगभग 64 प्रतिशत अभिभावकों की वार्षिक आय 100000 से 300000 रुपये के बीच थी। यह स्थिति दर्शाती है कि महामारी के दौरान डिजिटल शिक्षा हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना इन परिवारों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा होगा।

महामारी का आर्थिक प्रभाव–लगभग 74 प्रतिशत अभिभावकों ने स्वीकार किया कि कोरोना महामारी के दौरान उनकी आय प्रभावित हुई। महामारी के कारण रोजगार एवं आय के स्रोत सीमित हुए, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई। इसके अतिरिक्त 78 प्रतिशत अभिभावकों को बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई हेतु डिजिटल संसाधन खरीदने पड़े। इससे यह स्पष्ट होता है कि महामारी ने शिक्षा को आर्थिक बोझ में परिवर्तित कर दिया।

डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता–अध्ययन से ज्ञात हुआ कि 62 प्रतिशत अभिभावकों के पास प्रारंभ में ऑनलाइन शिक्षा हेतु आवश्यक डिजिटल संसाधन उपलब्ध नहीं थे। परिणामस्वरूप अधिकांश परिवारों को स्मार्टफोन, इंटरनेट एवं अन्य उपकरण खरीदने पड़े। डिजिटल संसाधनों में स्मार्टफोन का उपयोग सर्वाधिक (86 प्रतिशत) पाया गया। इसका मुख्य कारण इसकी कम लागत, बहुउपयोग एवं आसान उपलब्धता है। लैपटॉप एवं कंप्यूटर का उपयोग अत्यंत सीमित रहा। यह परिणाम भारत में डिजिटल विभाजन की वास्तविकता को स्पष्ट करता है।

ऑनलाइन शिक्षा के प्रति अभिभावकों की संतुष्टि–लगभग 68 प्रतिशत अभिभावक ऑनलाइन शिक्षा से असंतुष्ट पाए गए। असंतोष के प्रमुख कारण निम्न थे-इंटरनेट एवं नेटवर्क समस्या, बच्चों का ध्यान भटकना, प्रत्यक्ष शिक्षण का अभाव, सीमित शिक्षक-विद्यार्थी संवाद, डिजिटल उपकरणों की कमी, अनुशासन एवं निगरानी की समस्या आदि। अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि अधिकांश अभिभावकों की दृष्टि में पारंपरिक ऑफलाइन शिक्षा अधिक प्रभावी एवं विश्वसनीय है।

बच्चों के व्यवहार एवं मानसिकता पर प्रभाव–अध्ययन में 82 प्रतिशत अभिभावकों ने बताया कि बच्चे ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान चैटिंग, मूवी एवं कार्टून देखने जैसी गतिविधियों में संलग्न रहते थे। इसके अतिरिक्त 86 प्रतिशत अभिभावकों को बच्चों की लगातार निगरानी करनी पड़ती थी वही

84 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि बच्चों में मोबाइल/टैबलेट की लत विकसित हुई साथ ही 87 प्रतिशत अभिभावकों के अनुसार इस लत को छुड़ाना कठिन है। यह परिणाम स्पष्ट करता है कि ऑनलाइन शिक्षा ने बच्चों के व्यवहार एवं मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाला।

बच्चों की दिनचर्या एवं स्क्रीन टाइम पर प्रभाव–लगभग 83 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि बच्चों की दिनचर्या में परिवर्तन आया। अधिकांश अभिभावकों ने इस परिवर्तन को नकारात्मक माना। स्क्रीन टाइम में वृद्धि भी एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष के रूप में सामने आई। 86 प्रतिशत अभिभावकों के अनुसार बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ा, जिसमें अधिकांश बच्चों का स्क्रीन टाइम 2–3 घंटे तक बढ़ गया। अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

ऑनलाइन शिक्षा के सकारात्मक प्रभाव–यद्यपि ऑनलाइन शिक्षा से अनेक समस्याएँ उत्पन्न हुईं, फिर भी इसके कुछ सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। लगभग 83 प्रतिशत अभिभावकों का मानना था कि बच्चों में तकनीकी दक्षता बढ़ी। बच्चों ने मोबाइल एवं लैपटॉप संचालन, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग, डिजिटल सामग्री डाउनलोड/अपलोड करना, ऑनलाइन संचार कौशल आदि कौशल विकसित किए है। इससे बच्चों की डिजिटल साक्षरता में वृद्धि हुई है।

शिक्षा के उपयुक्त माध्यम के संबंध में अभिभावकों की राय–अध्ययन में कोई भी अभिभावक केवल ऑनलाइन शिक्षा को उपयुक्त नहीं मानता। 64 प्रतिशत अभिभावकों ने मिश्रित (ऑनलाइन + ऑफलाइन) शिक्षा प्रणाली को बेहतर माना है। लेकिन इन अभिभावकों ने एक नियंत्रित एवं निश्चित वातावरण में ही ऑनलाइन शिक्षा देना स्वीकार किया है अर्थात स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से शाला कक्ष में एवं शिक्षक के नियंत्रण में ऑनलाइन शिक्षा देने को स्वीकार किया है। वही 36 प्रतिशत अभिभावकों ने ऑफलाइन शिक्षा को प्राथमिकता दी है। यह स्पष्ट करता है कि भविष्य की शिक्षा प्रणाली में डिजिटल तकनीक एवं पारंपरिक शिक्षण का संतुलित समन्वय आवश्यक है।

निष्कर्ष–प्रस्तुत अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा एक आवश्यक विकल्प के रूप में उभरी, जिसने शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तथापि, इसके साथ अनेक सामाजिक, आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियाँ भी सामने आईं।

अध्ययन से ज्ञात हुआ कि अधिकांश अभिभावक निम्न एवं मध्यम आय वर्ग से संबंधित थे, जिनकी आर्थिक स्थिति महामारी के दौरान प्रभावित हुई। डिजिटल संसाधनों की कमी एवं बढ़ते खर्च ने परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डाला। बच्चों में स्क्रीन टाइम, मोबाइल की लत एवं एकाग्रता की समस्या, घर पर पढ़ाई हेतु उपयुक्त वातावरण का अभाव जैसी चुनौतियाँ भी बढ़ीं। दूसरी ओर ऑनलाइन शिक्षा ने बच्चों में तकनीकी दक्षता एवं डिजिटल साक्षरता का विकास किया।

अत: यह कहा जा सकता है कि भविष्य की शिक्षा व्यवस्था में केवल ऑनलाइन या केवल ऑफलाइन प्रणाली पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि दोनों के संतुलित समन्वय पर आधारित हाइब्रिड (मिश्रित) शिक्षा प्रणाली अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक सिद्ध होगी।

सुझाव:

1. ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट एवं डिजिटल अवसंरचना का विस्तार किया जाए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता इंटरनेट की व्यवस्था की जाए।
2. आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के किसी एक सदस्य को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ।
3. अधिकांश परिवारों में पढ़ाई के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध नहीं है अत: छात्रों को शाला में ही शिक्षक की निगरानी में ऑनलाइन पढाई करने की सुविधा दी जाए।
4. समस्त शालाओं में खास तौर पर ग्रामीण शालाओं में विद्युत की आपूर्ति हेतु सौलर पैनल लगाये जाए।
5. ऑनलाइन शिक्षा हेतु कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड लगाये जाये एवं शिक्षक की निगरानी में ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाए।
6. ऑनलाइन शिक्षा हेतु शिक्षकों को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाए।
7. सप्ताह में प्रत्येक विषय की कम से कम एक कक्षा ऑनलाइन (स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से) कराई जाए।
8. बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने हेतु दिशानिर्देश बनाए जाएँ।
9. ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षा के संतुलित उपयोग पर आधारित हाइब्रिड मॉडल विकसित किया जाए।
10. विद्यालयों में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम संचालित किए जाएँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Mahendra Dev, S. and Sengupta, Rajeswari -Covid-19: Impact on the Indian Economy http://www.igidr.ac.in/pdf/publication/WP-2020-013.pdf
2. Hoofman, J., & Secord, E. (2021). The effect of COVID-19 on education. *Pediatric Clinics of North America*, *68*(5), 1071.
3. Aggarwal, J. C. (2010). *Educational Research*. New Delhi: Arya Book Depot.
4. Best, J. W., & Kahn, J. V. (2016). *Research in Education*. Pearson Education.
5. Government of India. (2020). *National Education Policy 2020*. Ministry of Education.
6. UNESCO. (2020). *Education in a Post-COVID World*. Paris: UNESCO Publications.
7. UNICEF. (2021). *The State of the World's Children Report*.
8. Mishra, L., Gupta, T., & Shree, A. (2020). Online teaching-learning in higher education during lockdown period of COVID-19 pandemic. *International Journal of Educational Research Open*, 1, 100012.
9. Dhawan, S. (2020). Online Learning: A Panacea in the Time of COVID-19 Crisis. *Journal of Educational Technology Systems*, 49(1), 5–22.
10. Singh, A. & Sharma, R. (2021). Impact of Online Education on Students during COVID-19 Pandemic. *Indian Journal of Education and Research*, 12(2), 45–58.
11. शर्मा प्रकाश(2004) : 'रिसर्च मैथोडोलोजी' पंचशील प्रकाशन , जयपुर,
12. आहूजा.राम:'सामाजिक अनुसंधान' रावत पब्लिकेशन, जयपुर
13. https://narsinghpur.nic.in
14. https://udiseplus.gov.in
15. https://cepr.org/about/people/hans-henrik-sievertsen

तालिका 1

क्र.	प्रश्न विकल्प	प्रश्न विकल्प / उत्तरदाता संख्या			
1	उत्तरदाताओं का आर्थिक विवरण(रुपयों में)	1-2 लाख/ 24	2-3 लाख/ 34	3-4 लाख/ 30	4-5 लाख से अधिक /12
2	उत्तरदाताओं का निवास संबंधी विवरण	ग्रामीण / 48		नगरीय / 52	
3	कोरोना महामारी का अभिभावकों की आय पर प्रभाव	हां / 74		नहीं / 26	
4	बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई हेतु अभिभावकों के पास उपलब्ध डिजिटल संसाधन संबंधी विवरण	हां / 38		नहीं / 62	
5	बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई हेतु अभिभावकों पर डिजिटल संसाधन क्रय करने की बाधयता संबंधी विवरण	हां / 78		नहीं / 22	
6	अभिभावकों द्वारा क्रय किए गए डिजिटल संसाधन संबंधी विवरण	स्मार्टफोन/ 86	कंप्यूटर/ 02	लेपटॉप/ 10	अन्य / 02
7	अभिभावकों का बच्चों को प्राप्त हो रही ऑनलाइन शिक्षा से संतुष्टि संबंधी विवरण	हां / 32		नहीं / 68	
8	अभिभावकों पर डिजिटल डिवाइस को रिचार्ज/मरम्मत कराने का खर्च बढ़ने संबंधी विवरण	हां / 86		नहीं / 14	
9	'ऑनलाइन शिक्षा ऑफलाइन शिक्षा से बेहतर है' अभिभावकों का दृष्टिकोण संबंधी विवरण	हां / 18		नहीं / 82	
10	अभिभावकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा के दौरान बच्चों का चैट, मूवी, कार्टून आदि देखने संबंधी विवरण	हां / 82		नहीं / 18	
11	अभिभावकों द्वारा ऑनलाइन शिक्षा के दौरान बच्चों की निगरानी करने संबंधी विवरण	हां / 86		नहीं / 14	
12	ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने के कारण बच्चों में मोबाइल, टेबलेट, आदि की लत पड़ने संबंधी विवरण	हां / 84		नहीं / 16	
13	'ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने के कारण बच्चों में मोबाइल, टेबलेट, आदि की लत को छुड़ाने मुश्किल है' संबंधी विवरण	हां / 87		नहीं / 13	
14	'ऑनलाइन शिक्षा के कारण बच्चे तकनीकि (डिवाइस संचालन) में कुशल हुए है' संबंधी विवरण	हां / 83		नहीं / 17	
15	ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने के कारण बच्चों की दिनचर्या में परिवर्तन आने संबंधी विवरण	हां / 83		नहीं / 17	
16	'ऑनलाइन शिक्षा के कारण बच्चों की दिनचर्या में आये परिवर्तन का प्रभाव कितना एवं कैसा रहा' संबंधी विवरण	थोड़ा / 34	बहुत / 49	अच्छा / 19	बुरा / 64
17	ऑनलाइन शिक्षा के कारण बच्चों के स्क्रीन टाइम में वृद्धि होने संबंधी विवरण	हां / 86		नहीं / 14	
18	'बच्चों के समग्र विकास के लिए अभिभावक किस शिक्षा माध्यम को अच्छा मानने' संबंधी विवरण	ऑनलाइन / 00	ऑफलाइन / 36	दोनों (मिश्रित) / 63	
19	सामान्य स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को किस माध्यम से पढ़ाना चाहते है संबंधी विवरण	ऑनलाइन / 00	ऑफलाइन / 37	दोनों (मिश्रित) / 63	

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महिला सशक्तिकरण में न्यायपालिका की भूमिका का अध्ययन

विजय लक्ष्मी जोशी*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका का होना लोकतंत्र के विशेष लक्षणों में से एक है। हमारी सरकार के तीन आवश्यक अंग है– कार्यपालिका, न्यायपालिका, एवं विधायिका। हमारी न्यायपालिका कार्यपालिका एवं विधायिका से पूर्णत: स्वतंत्र है। भारतीय नागरिकों के मूल अधिकारों का जहॉ कार्यपालिका एवं विधायिका द्वारा अतिक्रमण किया गया है वहॉ न्यायपालिका ने न्यायिक सक्रियता के माध्यम से कार्यपालिका एवं विधायिका को आवश्यक निर्देश देकर नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा की है। हमारी न्यायपालिका ने देश के शोषित वर्गों विशेषकर महिलाओं को उनके मूल अधिकार दिलाने में, उन्हें शोषण के विरूद्ध संरक्षण प्रदान करने में उनके सशक्तिकरण में न्यायिक सक्रियता के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसका प्रस्तुत शोध पत्र में वर्णन किया गया है।

शब्द कुंजी – महिला सशक्तिकरण, न्यायपालिका की भूमिका।

प्रस्तावना – न्यायपालिका क्या है?

यह सरकार की एक शाखा होती है जिसमें न्यायिक शक्ति निहित होती है। इसे कानून की अदालतों की एक प्रणाली के रूप में भी जाना जाता है। न्यायपालिका व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करती है, विवादों को विधि के अनुसार हल करती है, संविधान का सही निर्वचन करती है और यह सुनिश्चित करती है कि लोकतंत्र की जगह किसी एक व्यक्ति या समूह की तानाशाही न ले लें। अत: एक संघीय व्यवस्था में न्यायपालिका की प्रमुख भूमिका यह होती है कि वह 'विधि के शासन' की रक्षा करें और विधि की सर्वोच्चता को सुनिश्चित करें। भारत में एकीकृत न्यायप्रणाली है जिसमें सर्वोच्च स्थान पर उच्चतम न्यायालय एवं उसके अधीनस्थ कुल 25 उच्च न्यायालय है जो मिलकर भारतीय न्यायपालिका का निर्माण करते है।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ – सशक्तिकरण शब्द स+शक्ति+करण से मिलकर बना है जिसका अर्थ है शक्ति सहित गति। सशक्तिकरण एक निर्बल को सबल बनाने की प्रक्रिया है जो निरन्तर चलती रहती है एक पूर्ण सशक्त व्यक्ति वह है जो अपने जीवन से संबंधित निर्णय लेनें में पूरी तरह स्वतंत्र हो, जिस पर किसी प्रकार का कोई दवाब न हो। अत: महिला सशक्तिकरण का अर्थ यह हैं कि महिलाओं को इस योग्य बनाना कि वे अपने जीवन के सारे निर्णय स्वयं बिना किसी दवाब के ले सके, उनके अपने जीवन के सभी पहलुओं पर नियंत्रण हो। उन्हें इस योग्य बनाने के लिए निति निर्माण में उनकी बराबर की भागीदारी, राजनीति, व्यापार, समाज के साथ–साथ घर के प्रत्येक निर्णयों में उनकी पुरूषों के समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक हैं।

अत: महिला सशक्तिकरण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत स्तर पर सशक्त बनाने की प्रक्रिया हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी पहलुओं पर नियंत्रण प्रदान करना और उन्हें पुरूषों के समान अवसर प्रदान करना है। शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक सशक्तिकरण महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयाम हैं।

महिला सशक्तिकरण में न्यायपालिका की भूमिका– भारतीय न्यायपालिका ने संविधान के अनुच्छेद 32 एवं 226 के अधीन न्यायिक सक्रियता के माध्यम से भारतीय समाज के विभिन्न शोषित वर्गों के उत्थान में अपना अमिट योगदान दिया है जिसमें महिलाएँ भी शामिल है। संविधान के लागू होने से पहले महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, पुरूषों से पृथक उनका कोई अस्तित्व नहीं था वे पुरूषों की सम्पति मानी जाती थी, महिला सशक्तिकरण का अस्तित्व ना के बराबर था। भारतीय संविधान निर्माताओं ने महिलाओं की इस पतीत स्थिति में सुधार करने के लिए भारतीय संविधान में उन्हें महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए इसके अतिरिक्त भारत में कई ऐसे विशेष कानून पारित किए गए जो महिलाओं को अधिकार प्रदान कर उन्हें सशक्त कर सके एवं जो उनकी विभिन्न प्रकार के शोषणों से रक्षा कर सके जैसे – समान वेतन अधिनियम 1976, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम 2005, प्रसूति प्रसुविधा(संशोधन) अधिनियम 2017, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013, महिलाओं का अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 आदि। इन सब कानूनों के बावजूद भी भारतीय समाज की पितृसतात्मक सोच होने के कारण महिलाओं को इन कानूनों में प्राप्त अधिकार नहीं मिल पाए एवं उनका शोषण होता रहा एवं वे कमजोर होने के कारण अपने अधिकारों के लिए लड़ने में असमर्थ थी, ऐसे में न्यायपालिका ने संविधान के अनुच्छेद 32 एवं 226 के अधीन लोकहितवाद के माध्यम से न्यायिक सक्रियता का उपयोग करके कमजोर एवं शोषित महिलाओं को उनके अधिकार प्रदान किए तथा उनके खिलाफ हो रहे विभिन्न प्रकार के शोषणों के विरूद्ध कार्यपालिका एवं विधायिका को समय समय पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, निम्नलिखित न्याय निर्णयन इसके जीवंत दृष्टांत है।

- **श्रमजीवी महिलाओं का काम के स्थान पर यौन उत्पीड़न से**

संरक्षण :-

वाद- विषाखा विरूद्ध राजस्थान राज्य

के मामलें में न्यायालय ने श्रमजीवी महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए जब तक कि इस प्रयोजन हेतु कोई कानून नहीं बनाया जाता है विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धांत विहित किए है। न्यायालय ने कहा कि देश की वर्तमान आपराधिक विधियॉ या सिविल विधियॉ काम के स्थान पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए पर्याप्त संरक्षण नहीं प्रदान करती है और इसके लिए विधि बनाने में काफी समय लगेगा। अत: जब तक विधान मण्डल कोई विधि नहीं बनाता है तब तक न्यायालय द्वारा विहित निर्देशों को ही लागू किया जाएगा। इस मामलें में महिलाओं के अनुच्छेद 14,19 और 21 द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों को लागू करानें के लिए विशाखा नामक एक गैर सरकारी संस्था ने लोकहितवाद दायर कर समुचित दिशा निर्देश देने का निवेदन किया। वाद दायर करने का तत्काल कारण राजस्थान राज्य में एक सामाजिक महिला कार्यकर्ता के सामूहिक बलात्कार की घटना थी।

- **महिलाओं के यौन उत्पीड़न के लिए प्रतिकर एवं पुनर्वास के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत :-**

वाद- दिल्ली डोमेस्टीक वर्किंग वुमेंस फोरम विरूद्ध भारत संघ

के मामलें में न्यायालय ने महिलाओं के साथ बढ़ते हुए यौन अपराधों के प्रति गंभीर चिन्ता व्यक्त की तथा ऐसे मामलों के शीघ्र परीक्षण तथा उन्हें प्रतिकर प्रदान करने एवं उनके पुनर्वास के लिए विस्तृत मार्गदर्शक सिद्धांत विहित किए। इस मामलें में दिल्ली श्रमजीवी फोरम ने लोकहितवाद के माध्यम से चार घरेलू श्रमजीवी महिलाओं के साथ सेना के जवानों द्वारा बलात्कार की घटना को रोकने के लिए और सरकार को समुचित निर्देश देने के लिए याचिका दायर की।

- **बलात्कार से पीड़ित महिला का अंतरिम प्रतिकर पाने का अधिकार :-**

वाद- बोधीसत्व गौतम विरूद्ध शुभ्रा चक्रवर्ती

के मामलें में न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया हैं कि न्यायालय को बलात्कार की शिकार महिला को अंतरिम प्रतिकर देने की शक्ति है जब तक कि परीक्षण न्यायालय अभियुक्त के ऊपर लगाए आरोप पर अपना निर्णय नहीं दे देता है।

- **एकान्तता का अधिकार :-**

वाद- महाराष्ट्र राज्य विरूद्ध मधुकर नारायन

के मामलें में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि एक चरित्रहीन महिला को भी एकांतता का अधिकार प्राप्त हैं, उसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

वाद- सुरजित सिंह विरूद्ध जीत कौर

के मामले न्यायालय ने यह निर्णीत किया कि महिला के कौमार्य परीक्षण के लिए अनुमति देना अनुच्छेद 21 के अधीन प्रदत्ता उसके एकांतता के अधिकार का उल्लंघन है।

- **स्वेच्छा से विवाह करने का अधिकार :-**

वाद- लता सिंह विरूद्ध उत्तर प्रदेश राज्य

में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि एक वयस्क बालिका को अपनी स्वेच्छा से किसी भी व्यक्ति के साथ विवाह करने का अधिकार अनुच्छेद 21 के अधीन प्रदत्ता उसकी वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार है।

- **महिलाओं के प्रति केवल लिंग के आधार पर भेदभाव का प्रतिषेध :-**

वाद- एयर इण्डिया विरूद्ध नरगिस मिर्जा

के वाद में उच्चतम न्यायालय ने एयर इण्डिया और इण्डियन एयर लांइस द्वारा बनाए गए विनियमों को इस आधार पर असंवैधानिक घोषित कर दिया कि उनके अधीन 35 वर्ष की आयु में विवाह होने पर या गर्भवती होने पर सेवामुक्ति करने वाली सेवा शर्त अयुक्तियुक्त और विभेदकारी हैं तथा अनुच्छेद 14 का अतिक्रमण करती है।

वाद- अनुज गर्ग विरूद्ध भारत का होटल संघ

के वाद में पंजाब सरकार के एक अधिनियम की धारा 30 जिसके अधीन होटल या बार में शराब परोसने के कार्य में महिलाओं के नियोजन पर रोक लगा दी, को चुनौती देने पर न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि उक्त अधिनियम स्त्री और पुरूष में लिंग के आधार पर भेद करता है, अत: अवैध है।

- **महिलाओं के प्रति अनुच्छेद 15(3) के अधीन सकारात्मक भेदभाव :-**

वाद- विजय लक्ष्मी विरूद्ध पंजाब विश्वविद्यालय

के मामले में विश्वविद्यालय कैलेण्डर के एक नियम के तहत महिला विद्यालयों में प्राचार्य के पद पर केवल महिलाओं की नियुक्ति के प्रावधान को चुनौती देने पर न्यायालय ने यह निर्णीत किया कि यह नियम अनुच्छेद 14 या अनुच्छेद 16 का उल्लंघन नहीं है क्योंकि इसके अधीन किया गया वर्गीकरण युक्तियुक्त है, इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 15(3) के अधीन राज्य को स्त्रियों के लिए विशेष उपबंध करने की शक्ति हैं।

वाद- दत्तात्रेय विरूद्ध स्टेट

के मामलें मे न्यायालय ने यह कहा कि राज्य द्वारा केवल स्त्रियों के लिए शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करना एवं उसमें उनके लिए स्थान आरक्षित करना अनुच्छेद 15(1) का अतिक्रमण नहीं है।

वाद- यूसुफ अब्दुल अजीज विरूद्ध बंबई राज्य

में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 497 की संवैधानिकता को इस आधार पर चुनौती देने पर कि यह जारकर्म के अपराध के लिए केवल पुरूष को दण्डित करती है स्त्री को नहीं, अत: लिंग के आधार पर विभेद करने के कारण यह अनुच्छेद 15(1) का अतिक्रमण करती है। न्यायालय ने निर्णीत किया कि धारा 497 वैध है क्योंकि वर्गीकरण केवल लिंग के आधार पर नहीं बल्कि समाज में स्त्रियों की विशेष स्थिति के आधार पर किया गया हैं।

वाद- टी. सुधाकर रेडडी विरूद्ध आ. प्र. राज्य

में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि अनुच्छेद 15(3), 16(2), 16(4) के अधीन सरकारी नौकरियों में स्त्रियों को यदि वे पुरूषों के समान योग्य एवं उनकी अपेक्षा अधिक उपयुक्त है तो राज्य को उन्हें प्राथमिकता देनें की शक्ति प्राप्त है।

- **तलाकशुदा मुस्लिम महिला का ईददत की अवधि के बाद भी अपने पति से भरण-पोषण का अधिकार :-**

वाद- डैनियल लतीफी विरूद्ध भारत संघ

में न्यायालय ने पुन: शाहबानो के मामले को जीवित करते हुए निर्णित किया कि एक मुस्लिम तलाकशुदा स्त्री अपने पूर्व पति से इददत की अवधि के बाद भी जब तक कि उसका पुर्नविवाह नहीं हो जाता, भरण-पोषण की हकदार है।

वाद- नूरशाबा खातून विरूद्ध मोहम्मद कासिम
के मामलें में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला को अपने बच्चों के लिए जब तक कि वे बालिग नहीं हो जाते है, पति से भरण-पोषण पाने का अधिकार है।

वाद- बाई ताहिरा विरूद्ध अली हुसैन
के वाद में उच्चतम न्यायालय ने अवलोकन किया कि तलाकशुदा पत्नी द्वारा भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार अधिनियमित अधिकार है और इसे मुस्लिम विधि के नियमों से पराजित नहीं किया जा सकता है।

निष्कर्ष – निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि भारत में महिला सशक्तिकरण में न्यायपालिका ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहॉ विधायिका और कार्यपालिका महिलाओं को न्याय प्रदान करने में विफल रही है वहॉ न्यायपालिका ने न्यायिक सक्रियता के माध्यम से महिलाओं को न्याय दिलाया है, चाहे वह महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन शोषण का मामला हो, तलाकशुदा मुस्लिम महिला के भरण-पोषण का मामला हो, एक समान सिविल संहिता का मामला हो या तीन तलाक का मामला हो। तत्कालीन समय में इन विषयों पर कोई कानून नहीं होने के कारण महिलाओं के प्रति अत्याचार बढ़ते जा रहे थे एवं कार्यपालिका कानून के अभाव में इन्हें रोकने में असमर्थ थी ऐसे में न्यायपालिका ने न्यायिक सक्रियता के माध्यम से इन अत्याचारों को रोकने के लिए दिशा निर्देश दिए जो अनुच्छेद 141 के अधीन विधि के समान प्रभावशाली थे। अत: विधि की अभाव में महिलाओं को न्याय दिलाने, उन्हें अधिकार प्रदान कर सशक्त करनें में न्यायपालिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि महिला सशक्तिकरण में न्यायपालिका कार्यपालिका एवं विधायिका से अधिक सक्रिय एवं संवेदनशील है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण(2009) *भारत का संविधान.* 42वॉ संस्करण। इलाहाबाद: सेंट्रल लॉ एजेंसी.
2. NEXT IAS Content Team(2024) *भारत में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता* (ऑनलाइन)। यहॉ उपलब्ध हैं: https://www.nextias.com/blog. (एक्सेस: 13 अप्रैल 2024).
3. अहमद, अकील(1989) *मुस्लिम विधि.* सत्रहवा संस्करण। इलाहाबाद: सेंट्रल लॉ एजेंसी.
4. गौतम, श्रुति(2023) *भारत में महिला सशक्तिकरण* (ऑनलाइन)। यहॉ उपलब्ध हैं: https://www.drishtiias.com/hindi/blog/women-employment-in-india. (एक्सेस: 15 अप्रैल 2024)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

तुलनात्मक अध्ययन पद्धति : स्वरूप, विकास, महत्व एवं साहित्यिक अनुसंधान में उपयोगिता

महीपाल दान*

* सहायक आचार्य (हिन्दी) सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा (जिला राजसमंद) (राज.) भारत

शोध सारांश – तुलनात्मक अध्ययन पद्धति आधुनिक अनुसंधान की एक महत्वपूर्ण एवं वैज्ञानिक पद्धति है, जिसके माध्यम से दो या दो से अधिक साहित्यकारों, कृतियों, भाषाओं, साहित्यिक प्रवृत्तियों अथवा सांस्कृतिक परंपराओं का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाता है। यह पद्धति समानताओं एवं भिन्नताओं की खोज के साथ-साथ विभिन्न साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रभावों का अध्ययन भी करती है। आधुनिक हिंदी अनुसंधान में तुलनात्मक अध्ययन पद्धति का विशेष महत्व है क्योंकि इसके माध्यम से साहित्य की व्यापकता, सार्वभौमिकता और अंतर्सांस्कृतिक संबंधों को समझा जा सकता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में तुलनात्मक अध्ययन पद्धति के स्वरूप, विकास, सिद्धांत, विशेषताओं, महत्व, सीमाओं तथा साहित्यिक अनुसंधान में उसकी उपयोगिता का विवेचन किया गया है।

शब्द कुंजी – तुलनात्मक अध्ययन, तुलनात्मक साहित्य, अनुसंधान पद्धति, साहित्यिक तुलना, शोध-विधि।

प्रस्तावना – मानव स्वभावत: तुलना करने वाला प्राणी है। वह किसी वस्तु, व्यक्ति, विचार अथवा घटना का मूल्यांकन प्राय: किसी अन्य वस्तु या विचार से तुलना करके करता है। यही प्रवृत्ति आगे चलकर वैज्ञानिक अनुसंधान की एक महत्वपूर्ण पद्धति के रूप में विकसित हुई जिसे तुलनात्मक अध्ययन पद्धति कहा जाता है। साहित्य के क्षेत्र में यह पद्धति विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई है क्योंकि इसके माध्यम से विभिन्न भाषाओं, देशों, संस्कृतियों तथा साहित्यिक परंपराओं के बीच संबंधों को समझा जा सकता है।[1]

तुलनात्मक अध्ययन केवल समानताओं की खोज नहीं करता, बल्कि भिन्नताओं के कारणों और उनके प्रभावों का भी विश्लेषण करता है। यही कारण है कि आधुनिक साहित्यिक अनुसंधान में इस पद्धति को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

तुलनात्मक अध्ययन : अर्थ एवं परिभाषा – 'तुलनात्मक' शब्द 'तुलना' से निर्मित है, जिसका अर्थ है-दो या दो से अधिक वस्तुओं का परस्पर मिलान करके उनके गुण-दोष, समानता एवं असमानता का अध्ययन करना।

डॉ. इंद्रनाथ चौधरी के अनुसार- 'तुलनात्मक अध्ययन दो या दो से अधिक साहित्यिक कृतियों, साहित्यकारों अथवा साहित्यिक परंपराओं के पारस्परिक संबंधों और प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन है।'[2]

डॉ. नगेंद्र के अनुसार-'तुलनात्मक साहित्य का उद्देश्य विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के साहित्य में निहित समानताओं एवं विभिन्नताओं का विवेचन करना है।'[3]

इस प्रकार तुलनात्मक अध्ययन पद्धति साहित्यिक तथ्यों के विश्लेषण की एक वैज्ञानिक विधि है जिसके माध्यम से व्यापक निष्कर्ष प्राप्त किए जाते हैं।

तुलनात्मक अध्ययन पद्धति का विकास- तुलनात्मक अध्ययन की परंपरा प्राचीन काल से विद्यमान रही है। भारतीय साहित्य में संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश तथा क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य के पारस्परिक प्रभावों का उल्लेख मिलता है।[4] आधुनिक अर्थों में तुलनात्मक साहित्य का विकास उन्नीसवीं शताब्दी में फ्रांस में हुआ। फ्रांसीसी विद्वानों ने विभिन्न राष्ट्रों के साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन प्रारंभ किया। इसके बाद यह पद्धति यूरोप, अमेरिका तथा एशिया के विभिन्न देशों में लोकप्रिय हुई।[5] भारत में तुलनात्मक साहित्य के विकास का श्रेय मुख्यत: विश्वविद्यालयों और आधुनिक साहित्यिक आलोचना को जाता है। हिंदी, बांग्ला, मराठी, गुजराती तथा अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन व्यापक रूप से किया जाने लगा।[6]

तुलनात्मक अध्ययन पद्धति का स्वरूप – तुलनात्मक अध्ययन पद्धति का स्वरूप बहुआयामी है। इसके प्रमुख आधार निम्नलिखित हैं-

(क) समानता का अध्ययन- इसमें दो साहित्यकारों या कृतियों के बीच समान तत्वों का विश्लेषण किया जाता है।

(ख) भिन्नता का अध्ययन – तुलना का उद्देश्य केवल समानता खोजना नहीं बल्कि भिन्नताओं को समझना भी है।

(ग) प्रभाव-अध्ययन – एक साहित्यकार या साहित्यिक परंपरा का दूसरे पर क्या प्रभाव पड़ा, इसका अध्ययन किया जाता है।

(घ) सांस्कृतिक अध्ययन- तुलनात्मक पद्धति विभिन्न संस्कृतियों के साहित्यिक संबंधों को समझने में सहायक होती है।

(ङ) अंतर्विषयी अध्ययन- यह पद्धति साहित्य को इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शन तथा संस्कृति से जोड़ती है।[7]

तुलनात्मक अध्ययन के प्रमुख सिद्धांत

1. **तुलनीयता का सिद्धांत-** तुलना उन्हीं विषयों की की जानी चाहिए जिनमें किसी प्रकार की समानता या संबंध विद्यमान हो।[8]
2. **निष्पक्षता का सिद्धांत-** शोधकर्ता को पूर्वाग्रह से मुक्त होकर अध्ययन

करना चाहिए।

3. वैज्ञानिकता का सिद्धांत – तथ्यों एवं प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

4. वस्तुनिष्ठता का सिद्धांत – अध्ययन में व्यक्तिगत रुचि अथवा पक्षपात का प्रभाव नहीं होना चाहिए।

5. समग्रता का सिद्धांत – तुलना केवल किसी एक पक्ष तक सीमित न रहकर समग्र अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए।[9]

6. साहित्यिक अनुसंधान में तुलनात्मक अध्ययन पद्धति– साहित्यिक अनुसंधान में तुलनात्मक अध्ययन निम्न क्षेत्रों में किया जाता है:

1. दो साहित्यकारों का तुलनात्मक अध्ययन।
2. दो कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन।
3. दो साहित्यिक प्रवृत्तियों का अध्ययन।
4. दो भाषाओं के साहित्य का अध्ययन।
5. भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य का अध्ययन।
6. सांस्कृतिक एवं वैचारिक प्रभावों का अध्ययन।[10]

उदाहरण के लिए:

1. जैनेंद्र कुमार और अज्ञेय की कहानियों का तुलनात्मक अध्ययन।
2. प्रेमचंद और शरतचंद्र के उपन्यासों का तुलनात्मक अध्ययन।
3. हिंदी और बांग्ला कहानी साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन।

तुलनात्मक अध्ययन पद्धति का महत्व – तुलनात्मक अध्ययन पद्धति के अनेक लाभ हैं:

1. साहित्य की व्यापक समझ विकसित होती है।
2. विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित होता है।
3. साहित्यिक प्रभावों की पहचान होती है।
4. अनुसंधान अधिक वैज्ञानिक और प्रमाणिक बनता है।
5. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संबंधों का ज्ञान प्राप्त होता है।
6. साहित्य की सार्वभौमिकता का बोध होता है।[11]

तुलनात्मक अध्ययन पद्धति की सीमाएँ – यद्यपि यह पद्धति अत्यंत उपयोगी है, फिर भी इसकी कुछ सीमाएँ हैं:

1. उचित तुलनीय विषय का चयन कठिन होता है।
2. विभिन्न भाषाओं के ज्ञान की आवश्यकता होती है।
3. निष्पक्षता बनाए रखना कठिन हो सकता है।
4. सांस्कृतिक संदर्भों के अंतर के कारण निष्कर्ष प्रभावित हो सकते हैं।[13]

आधुनिक हिंदी अनुसंधान में तुलनात्मक अध्ययन की प्रासंगिकता– वर्तमान वैश्वीकरण के युग में तुलनात्मक अध्ययन का महत्व और अधिक बढ़ गया है। आज साहित्य केवल राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं है। विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच निरंतर संवाद हो रहा है। ऐसे में तुलनात्मक अध्ययन पद्धति साहित्य की नई व्याख्याओं और शोध की संभावनाओं को विस्तृत करती है।[14]

उपसंहार – तुलनात्मक अध्ययन पद्धति आधुनिक साहित्यिक अनुसंधान की एक महत्वपूर्ण और वैज्ञानिक पद्धति है। यह विभिन्न साहित्यिक कृतियों, साहित्यकारों और सांस्कृतिक परंपराओं के बीच संबंधों को स्पष्ट करती है। इसके माध्यम से साहित्य की व्यापकता, विविधता और सार्वभौमिकता का ज्ञान प्राप्त होता है। हिंदी साहित्य के अनुसंधान में यह पद्धति विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई है क्योंकि इसके माध्यम से न केवल साहित्यिक समानताओं और भिन्नताओं का अध्ययन किया जा सकता है, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक और वैचारिक प्रभावों का भी विश्लेषण संभव होता है। अत: आधुनिक शोध कार्यों में तुलनात्मक अध्ययन पद्धति का महत्व अत्यंत व्यापक और स्थायी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. इंद्रनाथ चौधरी, तुलनात्मक साहित्य की भूमिका, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1998, पृ. 12.
2. वही, पृ. 18.
3. डॉ. नगेंद्र, तुलनात्मक साहित्य, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, द्वितीय संस्करण, 1993, पृ. 25.
4. डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित, तुलनात्मक साहित्य और अनुसंधान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ. 31.
5. Henry H. H. Remak, Comparative Literature: Method and Perspective, Southern Illinois University Press, Illinois, 1971, p. 3.
6. डॉ. इंद्रनाथ चौधरी, तुलनात्मक साहित्य : सिद्धांत और समीक्षा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2002, पृ. 44.
7. डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित, तुलनात्मक साहित्य और अनुसंधान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ. 56.
8. डॉ. नगेंद्र, तुलनात्मक साहित्य, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 1993, पृ. 47.
9. डॉ. इंद्रनाथ चौधरी, तुलनात्मक साहित्य की भूमिका, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 1998, पृ. 62.
10. डॉ. रामचंद्र तिवारी, हिंदी आलोचना रू शिखरों का साक्षात्कार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2016, पृ. 143.
11. डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित, तुलनात्मक साहित्य और अनुसंधान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ. 88.
12. डॉ. नगेंद्र, तुलनात्मक साहित्य, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 1993, पृ. 94.
13. डॉ. इंद्रनाथ चौधरी, तुलनात्मक साहित्य : सिद्धांत और समीक्षा, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2002, पृ. 119.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

The Benefits of Physical Activity on Mental Health

Dr. Sonali Singh*

***Physical Education Department, JKP PG College, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA**

Abstract: Many people find that being active is good for both their physical and mental health, and there's increasing evidence to support this. In fact, the National Institute for Health and Care Excellence(NICE), recommends three sessions of group exercise lasting at least 45 minutes a week as one of the first treatments for mild-to-moderate depression. In addition to the apparent physical health benefits, physical activity also affects mental health positively. Physically inactive individuals have been reported to have higher rates of morbidity and healthcare expenditures. Commonly, exercise therapy is recommended to combat these challenges and preserve mental wellness. According to empirical investigations, physical activity is positively associated with certain mental health traits. In nonclinical investigations, the most significant effects of physical exercise have been on self-concept and body image. An attempt to review the current understanding of the physiological and psychological mechanisms by which exercise improves mental health is presented in this review article. Regular physical activity improves the functioning of the hypothalamus-pituitary-adrenal axis. Depression and anxiety appear to be influenced by physical exercise, but to a smaller extent in the population than in clinical patients. Numerous hypotheses attempt to explain the connection between physical fitness and mental wellness. Physical activity was shown to help with sleep and improve various psychiatric disorders. Exercise in general is associated with a better mood and improved quality of life. Physical exercise and yoga may help in the management of cravings for substances, especially in people who may not have access to other forms of therapy. Evidence suggests that increased physical activity can help attenuate some psychotic symptoms and treat medical comorbidities that accompany psychotic disorders. The dearth of literature in the Indian context also indicated that more research was needed to evaluate and implement interventions for physical activity tailored to the Indian context.

Keywords: anxiety, depression, morbidity, mental health, physical activity.

Introduction and background - Physical activity has its origins in ancient history. It is thought that the Indus Valley civilization created the foundation of modern yoga in approximately 3000 B.C. during the early Bronze Age.The beneficial role of physical activity in healthy living and preventing and managing health disorders is well documented in the literature. Physical activity provides various significant health benefits. Mechanical stress and repeated exposure to gravitational forces created by frequent physical exercise increase a variety of characteristics, including physical strength, endurance, bone mineral density, and neuromusculoskeletal fitness, all of which contribute to a functional and independent existence. Exercise, defined as planned, systematic, and repetitive physical activity, enhances athletic performance by improving body composition, fitness, and motor abilities. The function of physical activity in preventing a wide range of chronic illnesses and premature mortality has been extensively examined and studied. Adequate evidence links medical conditions such as cardiovascular disease and individual lifestyle behaviours, particularly exercise. Regular exercise lowered the incidence of cardiometabolic illness, breast and colon cancer, and osteoporosis. In addition to improving the quality of life for those with non-psychiatric diseases such as peripheral artery occlusive disease and fibromyalgia, regular physical activity may help alleviate the discomforts of these particular diseases . Exercise also helps with various substance use disorders, such as reducing or quitting smoking. As physical exercise strongly impacts health, worldwide standards prescribe a weekly allowance of "150 minutes" of modest to vigorous physical exercise in clinical and non-clinical populations. When these recommendations are followed, many chronic diseases can be reduced by 20%-30%. Furthermore, thorough evaluations of global studies have discovered that a small amount of physical exercise is sufficient to provide health benefits.

How does physical activity improve mental health?

Physical activity is not just about aerobic capacity and muscle size. Sure, exercise can improve your physical health and your physique, trim your waistline, improve your sex life, and even add years to your life. But that's not what motivates most people to stay active.People who physical activity regularly tend to do so because it gives them an enormous sense of well-being. They feel more energetic throughout the day, sleep better at night, have sharper memories, and feel more relaxed and positive about themselves and their lives. And it's also a powerful medicine for many common mental health challenges.Regular physical activity can have a profoundly positive impact on depression, anxiety, and ADHD. It also relieves stress, improves memory, helps you sleep better, and boosts your overall mood. And you don't have to be a fitness fanatic to reap the benefits. No matter your age or fitness level, you can learn to use physical activity as a powerful tool to deal with mental health problems, improve your energy and outlook, and get more out of life.

Benefits of physical activity on depression: Studies show that physical activity can treat mild to moderate depression as effectively as antidepressant medication—but without the side-effects, of course. As one example, a 2019 study done by the Harvard T.H. Chan School of Public Health found that running for 15 minutes a day or walking for an hour may reduce the risk of major depression by 26 percent. In addition to relieving depression symptoms, research also shows that maintaining an exercise schedule can prevent you from relapsing.Physical activity is a powerful depression fighter for several reasons. Most importantly, it promotes all kinds of changes in the brain, including neural growth, reduced inflammation, and new activity patterns that promote feelings of calm and well-being. It also releases endorphins, powerful chemicals in your brain that energize your spirits and make you feel good. Finally, physical activity can also serve as a distraction, allowing you to find some quiet time to break out of the cycle of negative thoughts that feed depression.

शोध सारांश – छत्तीसगढ़ का लोक साहित्य यहाँ के मूल निवासियों के जीवन दर्शन को पूर्ण रूप से समृद्ध किया हुआ है। उनकी पहचान का आधाार अर्थात् उनके 'स्व' का बोध 'जल, जंगल तथा ज़मीन' के साथ उनके गहरे जुड़ाव में निहित है। जब हम छत्तीसगढ़ी लोकगीत जैसे 'कर्मा', 'ढदरिया' या 'सुआ' सुनते हैं, तो वे केवल संगीत मात्र नहीं होते, अपितु वे यहाँ के मूल निवासियों के सुख-दुख, अपने देवी-देवताओं के प्रति उनकी श्रद्धा तथा प्रकृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को दशति हैं। मूल निवासियों हेतु जंगल केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं है, वरन् यह उनके पूर्वजों से मिली एक विरासत है, एक ऐसा भाव जो उनके लोक साहित्य में पाए जाने वाले गीतों और लोककथाओं के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवित रहता है। उनकी सांस्कृतिक पहचान का एक और महत्वपूर्ण पहलू 'सामूहिकता' की भावना है। जहाँ आधुनिक साहित्य अधिकांशत: व्यक्ति-केंद्रित होता है, वहीं छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सम्पूर्ण समुदाय को अपने साथ लेकर चलता है और उसे आत्मसात करता है। उनके नृत्यों एवं गीतों में कोई एक अकेला नायक या पात्र नहीं होता, अपितु सम्पूर्ण समुदाय एक साथ, पूर्ण तालमेल के साथ थिरकता और झूमता है। यही सामूहिक भावना उनकी पहचान को अत्यधिक सुदृढ़ बनाती है। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य एक ऐसे माध्यम के रूप में कार्य करता है जो आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव के विरुद्ध मूल निवासियों की परंपराओं, विशिष्ट बोलियों और जीवन जीने के अनूठे माध्यमों की रक्षा करता है। लोक साहित्य एक दर्पण का काम करता है, जिसमें इन मूल समुदायों की गौरवशाली संस्कृति और उनकी अंतरात्मा की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

शब्द कुंजी – लोक साहित्य, सांस्कृतिक अस्मिता, आदिवासी संस्कृति, लोक-कल्याण, लोकगीतों, लोकनृत्यों, लोककथाओं।

प्रस्तावना – भारत की पहचान उसकी विविधा संस्कृतियों से होती है, जहाँ की कलात्मक परंपराएँ हज़ारों साल पुरानी हैं। इस धारती की लोक तथा जनजातीय कलाएँ समाज की जड़ों से गहराई से जुड़ी हुई हैं ये कलाएँ हमारे जंगलों, पहाड़ों, रीति-रिवाजों और सामुदायिक जीवन की एक सुंदर झलक प्रस्तुत करती हैं। सदियों से ये कला रूप एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होते आए हैं। औपचारिक शिक्षा या किताबों के माध्यम से नहीं, अपितु केवल मौखिक परंपरा, आपसी मेल-जोल और बड़ों से सीखकर। जहाँ एक ओर आधुनिक युग और तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण ने जनजातीय समुदायों की पारंपरिक जीवन शैली को बदल दिया है, वहीं दूसरी ओर इसने उनकी कला को वैश्विक पहचान दिलाने का एक नया अवसर भी प्रदान किया है। ऐतिहासिक रूप से जनजातीय समुदाय इस राष्ट्र के समाज का सबसे प्राचीन हिस्सा हैं ऐसे लोग जिनका कभी पहाड़ों और जंगलों पर पूर्ण आधिपत्य था। हालाँकि, समय बीतने के साथ, शिक्षित और आधुनिक समाज धीरे-धीरे उन पर हावी होता गया, इसका मुख्य कारण यह था कि आदिवासी संस्कृति लिखित के बजाय मौखिक थी। औपनिवेशिक काल से लेकर आज तक उन्हें विभिन्न नामों से पुकारा गया है, फिर भी, हमारी शिक्षा प्रणाली में अधिकांशत: उन्हें 'पिछड़ा' कहकर एक रूढ़िवादी दायरे में बाँध दिया गया है। इस सोच का दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम यह हुआ है कि व्यापक दुनिया जनजातीय संस्कृति की समृद्धि और गहराई को सही मायने में समझ पाने में विफल रही है तथा यहाँ तक कि जनजातीय बच्चे भी अपनी विरासत पर गर्व महसूस नहीं कर पाए हैं, जिसके वे पूरी तरह से हकदार हैं। यह लेख लोक साहित्य में आदिवासियों के सांस्कृतिक अस्मिता के अंतर्संबंध के गहन महत्व को पहचानने का एक प्रयास है।

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति पूरी तरह से प्रकृति और आपसी भाईचारे पर आधारित है। यहाँ के मूल समुदायों के लिए, उनका गाँव ही उनके अस्तित्व का केंद्र होता है एक ऐसी जगह जहाँ वे मिल-जुलकर और सौहार्दपूर्ण ढंग से रहते हैं तथा अपनी सदियों पुरानी परंपराओं को सहेजकर रखते हैं। उनकी अपनी अलग भाषाएँ हैं, जैसे गोंडी और हल्बी, जो उनके इतिहास को सुरक्षित रखने का काम करती हैं। आस्था के मामले में इन समुदायों का प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव है, वे जंगलों, पहाड़ों और नदियों को देवताओं के रूप में पूजते हैं और उनका मानना है कि एक समृद्ध जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रकृति की रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। उनकी खान-पान की आदतें और जीवनशैली भी इस धारती से ही गहराई से जुड़ी हुई हैं। अपने खेतों में अनाज उगाने के अलावा वे जंगलों से इकट्ठा किए गए फलों और कंद-मूल पर भी निर्भर रहते हैं यह एक ऐसी प्रथा है जो पर्यावरण की दृष्टि से भी टिकाऊ है। उनके पहनावे में चमकीले, हाथ से बने वस्त्र शामिल होते हैं, जो उनकी अनूठी पहचान की एक दृश्य अभिव्यक्ति के रूप में सामने आते हैं।

लोक साहित्य – लोक साहित्य समाज के हर वर्ग से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ है। लोक साहित्य का अर्थ है 'साहित्य का वह स्वरूप, जिसमें आम

लोगों के दैनिक जीवन के अनुभव और उनकी अभिव्यक्तियाँ परिलक्षित होती हैं।' लोकसाहित्य के क्षेत्र में सन् 1990 के बाद से महत्वपूर्ण बदलाव देखे गए हैं। वैश्वीकरण के दौर ने लोक-जीवन पर सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों तरह के प्रभाव डाले हैं तथा इन प्रभावों की वास्तविकता लोक साहित्य में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। डॉ. सत्येन्द्र के अनुसार 'लोक मानव समाज का वह वर्ग है जो अभिजात्य-बोध, शास्त्रीय औपचारिकता और पांडित्य के अहंकार से मुक्त होता है तथा जो एक जीवंत परंपरा के निरंतर प्रवाह में विद्यमान रहता है।'

समाज में होने वाली हर हलचल लोकसाहित्य में अपना स्थान पा लेती है। यह साहित्य सामाजिक जागरण का उद्देश्य पूरा करता है और इसमें एक सुप्त समाज को जगाने की शक्ति होती है। लोकसाहित्य में सृजनात्मकता को सर्वोपरि माना जाता है, क्योंकि प्राचीन काल से लेकर आज तक इसने निरंतर लोक-कल्याण की शक्ति के रूप में अपनी भूमिका सिद्ध की है। यह बात बिल्कुल सही कही गई है कि 'कला, कला के लिए होती है' और लोकसाहित्य के संदर्भ में यह कला लोकगीतों, लोकनृत्यों, संगीत, मुहावरों और लोककथाओं जैसे विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होती है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहाँ विविध धर्मों और संस्कृतियों के लोग एक साथ रहते हैं; परिणामस्वरूप इनमें से प्रत्येक समूह का लोकसाहित्य अपनी विशिष्ट भाषा और सांस्कृति से समृद्ध है। अनेक धार्मिक आस्थाओं जैसे हिंदू धर्म, इस्लाम, सिख धर्म और ईसाई धर्म के अस्तित्व के बावजूद उन सभी का लोकसाहित्य के साथ एक मूलभूत जुड़ाव है। समकालीन विमर्श में साहित्य की प्रमुख विषय-धाराओं, जिनमें स्त्रियाँ, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पर्यावरण के बीच आदिवासी साहित्य लोकसाहित्य के एक विशिष्ट स्वरूप के रूप में अत्यंत प्रमुखता के साथ उभर रहा है।

आदिवासी की परिभाषा

क्रोबर के मतानुसार – 'जनजातीय लोगों की मुख्य पहचान उनकी साझा संस्कृति है। यदि किसी समूह के सदस्य रीति-रिवाजों और परंपराओं के एक समान समूह का पालन करते हैं, तो वे एक जनजाति का निर्माण करते हैं।'

रिवर्स के मतानुसार – 'जनजातीय लोगों को एक सुसंगत इकाई माना है जो लोग न केवल एक ही बोली बोलते हैं, बल्कि संकट या युद्ध के समय एक ही परिवार की तरह मिलकर काम भी करते हैं।'

डॉ. रमनिका गुप्ता का मत है कि 'प्रकृति और जनजातीय लोग एक-दूसरे के पूरक हैं। प्राकृतिक संसाधानों और अपनी मूल भाषा के बिना किसी जनजातीय व्यक्ति की पहचान की कल्पना भी नहीं की जा सकती, वास्तव में वे इस ज़मीन के मूल निवासी हैं।'

आदिवासी लोक साहित्य की विशेषताएँ– आदिवासी लोक साहित्य की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं–

- **भाषाई विविधाता** – भारत में विभिन्न आदिवासी समुदायों की अपनी अलग-अलग भाषाएँ और बोलियाँ हैं। यह भाषाई विविधाता आदिवासी लोक साहित्य में परिलक्षित होती है, जो स्थानीय और सांस्कृतिक संदर्भों को उजागर करती है।
- **विद्रोह तथा संघर्ष की आवाजें** – आदिवासी लोक साहित्य उनके शोषण, दमन और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों तथा विद्रोहों का एक दस्तावेज़ है। यह साहित्य साम्राज्यवादियों, ज़मींदारों और बाहरी आक्रमणकारियों के खिलाफ उनकी लड़ाइयों, साथ ही उनके ऐतिहासिक संघर्षों का गवाह है।
- **वाचिक परंपरा** – आदिवासी लोक साहित्य मुख्य रूप से मौखिक परंपरा पर आधारित होता है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी बातचीत, गीतों या कहानियों के माध्यम से आगे बढ़ता है। लिखित रूपों पर निर्भर रहने के स्थान पर यह कहानियों, गीतों, लोककथाओं और नृत्य-नाटकों के माध्यम से अनुभवों, मान्यताओं और परंपराओं को जीवित रखते हैं।
- **कृषि और पशुपालन पर आधारित जीवनशैली** – उनका लोक साहित्य ग्रामीण जीवन के विभिन्न पहलुओं, कृषि गतिविधियों, पशुपालन और शिकार पर विशेष ज़ोर देता है। बदलते मौसम और खेती से जुड़ी खुशियाँ तथा कठिनाइयाँ इन सभी को उनके गीतों और कहानियों में प्रमुखता से दर्शाया गया है।
- **नैतिक और सामाजिक शिक्षा** – यह साहित्य आने वाली पीढ़ियों को नैतिक शिक्षा प्रदान करने का एक माध्यम भी है। कहानियों और गाथाओं के माध्यम से बच्चों को साहस, सत्यनिष्ठा, सूझ-बूझ और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाती है।
- **सामूहिकता और सामाजिक न्याय** – आदिवासी समाज में, व्यक्ति की तुलना में समुदाय और सामूहिकता को अधिक महत्व दिया जाता है। उनका साहित्य सामूहिक प्रयास, सहयोग और सामाजिक न्याय की अवधारणाओं पर विशेष धयान केंद्रित करता है।
- **धार्मिक आस्थाएँ और पारंपरिक मान्यताएँ** – उनके साहित्य में देवी-देवताओं, पूर्वजों की पूजा, प्रकृति की शक्तियों और विशिष्ट धार्मिक अनुष्ठानों का विस्तृत चित्रण मिलता है। यह उनकी आधयात्मिक और धार्मिक पहचान को संरक्षित रखने का कार्य करता है।
- **सरलता और स्वाभाविकता** – आदिवासी साहित्य की भाषा और शैली अत्यंत सरल, सहज और स्वाभाविक होती है। यह किसी भी प्रकार की जटिलता या भारी-भरकम साहित्यिक अलंकरणों के बोझ से मुक्त होती है, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य भावनाओं को स्पष्ट और सीधो तौर पर व्यक्त करना होता है।
- **प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव** – आदिवासी जीवन और साहित्य प्रकृति के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। उनके साहित्य में जानवरों, पक्षियों, पेड़ों, पौधों, नदियों और पहाड़ों का विस्तृत चित्रण मिलता है ये ऐसे तत्व हैं जो उनके जीवन का एक अभिन्न अंग हैं।

आदिवासी लोक साहित्य का महत्व – वर्तमान युग की पहचान वैचारिक और तकनीकी क्रांतियों से होती है, जिन्होंने लोकसाहित्य को उसके पारंपरिक दायरे से मुक्त करके उसे एक 'आधुनिक और परिवर्तनकारी' स्वरूप प्रदान किया है। जहाँ एक ओर वैश्वीकरण और बाज़ारीकरण ने समाज में एक सूचना क्रांति का सूत्रपात किया है, वहीं दूसरी ओर व्यक्तिवाद के बढ़ते प्रभाव के कारण लोकसाहित्य में निहित पारंपरिक 'सामूहिकता' में गिरावट आई है। आज लोकसाहित्य केवल 'ग्राम्य साहित्य' तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि अब यह ग्रामीण और शहरी दोनों ही परिवेशों की क्षेत्रीय बारीकियों को अपने में समेटे हुए है। आज अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और अनूठे स्वरूप के बल पर यह एक प्रकार के 'जातीय साहित्य' के रूप में उभर रहा है जो दलित और आदिवासी विमर्शों के रूप में मुखर हो रहा है और इस प्रकार इसकी प्रासंगिकता तथा लोकप्रियता को और भी अधिक बढ़ा रहा है।

सांस्कृतिक अस्मिता के निर्माण में योगदान – ये परंपराएँ केवल उल्लास के पर्व ही नहीं हैं, अपितु वे बुनियादी स्तंभ हैं जो किसी समाज की सांस्कृतिक

पहचान को आकार देते हैं। यह तथ्य कि ये परंपराएँ जनजातीय लोकगीतों, वेशभूषा और लोककथाओं में जीवंत रूप में आज भी विद्यमान हैं, यह दर्शाता है कि संस्कृति कोई स्थिर इकाई नहीं है, वरन् एक निरंतर प्रवाहित होने वाली सामाजिक प्रक्रिया है। आधुनिक युग में ऐसे समय में जब सरकार पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इन्हें संरक्षित करने का प्रयास कर रही है, ये परंपराएँ अपनी खोई हुई पहचान को पुनर्जीवित करने और समाज में अपनी जड़ों को पुन: स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी हैं।

आधुनिकता एवं सांस्कृतिक परिवर्तन

- **आधुनिकता तथा परंपरा के मध्य मतभेद–** आज छत्तीसगढ़ की संस्कृति एक चौराहे पर खड़ी है एक तरफ सदियों पुरानी परंपराएँ हैं, तो दूसरी तरफ तेज़ी से बदलता आधुनिक समाज। जो लोकगीत और लोकनृत्य कभी हमारी पहचान हुआ करते थे, वे अब आधुनिक मनोरंजन और फिल्मी धुनों के गहरे प्रभाव में आ रहे हैं। इस बदलाव के परिणामस्वरूप वे रीति–रिवाज और परंपराएँ, जिनका पालन कभी पूरी पवित्रता और श्रद्धा के साथ किया जाता था, धीरे–धीरे व्यावसायिक आयोजनों या महज़ दिखावटी समारोहों में बदलते जा रहे हैं। वास्तव में कहें, तो आधुनिकता के प्रभाव में आकर हमारी सांस्कृतिक जड़ें कमज़ोर पड़ने लगी हैं।
- **प्रौद्योगिकी एवं शहरीकरण का प्रभाव –** शहरीकरण और आधुनिक शिक्षा ने हमारी सोच को मौलिक रूप से बदल दिया है। शहरों में बढ़ते अकेलेपन के एहसास के कारण, सामूहिक जीवन और सामुदायिक जुड़ाव की वह भावना जो ग्रामीण जीवन की खास पहचान थी अब वह कम होती जा रही है। जहाँ एक ओर शिक्षा ने निस्संदेह जागरूकता बढ़ाई है, वहीं इसने एक बड़ी समस्या को भी जन्म दिया है युवा पीढ़ी अपनी ही परंपराओं को 'पिछड़ेपन' की निशानी के तौर पर देखने लगी है और परिणामस्वरूप उनसे दूरी बना रही है। जहाँ तक प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया की बात है, हालाँकि इन्होंने हमारी कला को दुनिया के सामने लाने का माध्यम बनाया है, लेकिन इंटरनेट पर प्रख्यात होने की होड़ ने लोगों को लोककला के असली स्वरूप से छेड़छाड़ करने पर मजबूर कर दिया है, जिससे उसकी मौलिकता खत्म होती जा रही है।
- **संरक्षण की रणनीतियाँ और आगे का रास्ता –** सबसे बड़ी चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि हमारी लोक संस्कृति केवल किताबों या संग्रहालयों तक ही सीमित न रह जाए। इसे बचाने के लिए हमें इसे लोगों के रोज़मर्रा के जीवन का हिस्सा बनाना होगा। इस दिशा में यह ज़रूरी है कि बच्चों को स्कूल के पाठ्यक्रम में ही अपनी संस्कृति के बारे में पढ़ाया जाए और पारंपरिक कला रूपों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए डिजिटल रूप से सुरक्षित किया जाए। इसके अतिरिक्त हमारी कला रूपों और सांस्कृतिक उत्सवों को पर्यटन से जोड़कर हम कलाकारों के लिए रोज़गार के अवसर पैदा कर सकते हैं और साथ ही युवाओं में भी इनके प्रति रुचि जगा सकते हैं। यदि हम प्रौद्योगिकी और परंपरा के बीच सही संतुलन बना पाए, तो आने वाले वर्षों में हमारी संस्कृति नि:संदेह और भी अधिक मज़बूत होकर उभरेगी।

सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण – छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य के रूप में उभरा है, क्योंकि वैश्वीकरण, शहरीकरण और बाज़ार की ताकतों के दबाव के कारण पारंपरिक कला रूप और त्योहार जैसे 'फाग' गीत, 'कर्मा' नृत्य और 'भोजली' धीरे–धीरे लुप्त होने की कगार पर पहुँच रहे हैं। जहाँ एक ओर आधुनिक तकनीक और 'सोशल मीडिया' ने इन लोक कलाओं को बढ़ावा देने के माध्यम के रूप में कार्य किया है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने इनके पारंपरिक प्रस्तुतीकरण के मूल स्वरूप को विकृत करने का जोखिम भी पैदा किया है। भविष्य के लिए इन विरासत संपत्तियों को सुरक्षित रखने हेतु, यह शोध–पत्र 'नवोन्मेशी संरक्षण रणनीतियों' पर ज़ोर देता है यह लोक परंपराओं के अनिवार्य डिजिटल अभिलेखीकरण और उन्हें शैक्षिक पाठ्यक्रमों में शामिल करने की वकालत करता है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से पुन: जुड़ सके। अंतत: भविष्य की दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि राज्य सरकार लोक संस्कृति को केवल एक प्रदर्शनकारी तमाशे के रूप में न देखकर, बल्कि एक महत्वपूर्ण 'सांस्कृतिक संसाधन' के रूप में मान्यता दे और डिजिटल मंचों तथा पुरस्कारों के माध्यम से युवाओं को इस समृद्ध विरासत के संरक्षक के रूप में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करें।

निष्कर्ष – छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य न केवल इस क्षेत्र के आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान का संरक्षक है, बल्कि उनके अस्तित्व का एक अभिन्न अंग भी है। यह साहित्य 'जल, जंगल और ज़मीन' के साथ उनके गहरे जुड़ाव को व्यक्त करता है एक ऐसा लोकाचार जिसमें प्रकृति को केवल एक संसाधान के रूप में नहीं, बल्कि एक पूजनीय विरासत के रूप में देखा जाता है। लोकगीतों और लोककथाओं के माध्यम से यह मुख्य तथ्य उभरकर सामने आता है कि इन आदिवासी समुदायों की पहचान उनकी 'सामूहिकता' की भावना में निहित है एक ऐसी सामूहिक भावना जिसमें समाज को एकजुट रखने की शक्ति है, भले ही आज का युग व्यक्तिवाद का हो। हालाँकि, वैश्वीकरण और शहरीकरण के बढ़ते प्रभाव ने इन पारंपरिक कला रूपों और जीवन मूल्यों के सामने गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं, जिसके कारण युवा पीढ़ी अपनी मूल जड़ों से दूर होती जा रही है। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य एक ऐसे दर्पण का काम करता है जो आदिवासी लोगों के संघर्षों, आस्था और गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है। केवल इस विरासत की सुरक्षा करके डिजिटल दस्तावेज़ीकरण, स्थानीय संस्कृति को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल करने और नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से ही इन आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित किया जा सकता है। इस प्रकार इस अद्वितीय पहचान की अखंडता को बनाए रखना लोक साहित्य के संरक्षण को केवल एक अकादमिक अभ्यास ही नहीं, बल्कि एक गहन सामाजिक और सांस्कृतिक दायित्व बना देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. उप्रेती, डॉ. हरिशचंद्र. 'भारतीय जनजातियाँ' संरचना एवं विकास, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर : पृष्ठ संख्या 01.
2. गुप्ता, डॉ. रमणिका. आदिवासी कौन, राधाकृष्ण : पृष्ठ संख्या 27.
3. छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के संदर्भ में डॉ. पीसीलाल यादव का रचनात्मक अवदान (2017) पी–एच.डी. शोध प्रबंध, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) : पृष्ठ संख्या 28
4. मंडल, इंद्रजीत (2021) छत्तीसगढ़ की जनजातियाँ– Ilkogretim Online - Elementary Education Online, 2021; Vol 20 (2) : पृष्ठ संख्या 3978–3996.
5. चौबे रवीन्द्र (2021) छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति. Double-blind, Peer-reviewed, Quarterly, Multidiciplinary and Multilingual Research Journal, SHODH SAMAGAM,

Volume-04, Issue-02 : पृष्ठ संख्या 1713-1719.

6. हजारा, डॉ. अयान (2022) छत्तीसगढ़ में आदिवासी जीवन : एक विश्लेषण. International Journal of All Research Education and Scientific Methods 10(2) : पृष्ठ संख्या 1572-75.
7. शर्मा, डॉ. प्रियंका (2022) जनजातीय साहित्य में सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान का एक अवलोकन. International Journal of Creative Research Thoughts, 10(11) : पृष्ठ संख्या 208-211.
8. श्रीवास्तव डॉ. मधुलिका 2023 गोंड़ जनजाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन का एक अध्ययन. International Journal of Advanced Research In Science, Communication and Technology, 3, (1) : पृष्ठ संख्या 741.748.
9. ताम्रकार, राजन (2024) छत्तीसगढ़ के लोकगीत संस्कृति और संचार के संरक्षक के रूप में. Innovation and Integrative Research Center Journal, 2(11) : पृष्ठ संख्या 136-150.
10. पटेल, ज्योतिमा और सिंह संजना (2024) छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक संरचना का ऐतिहासिक अनुशीलन : परंपरा, धर्म, लोककला और समकालीन चुनौतियां. *ShodhKosh: Journal of Visual and Performing Arts, 5(6) :* पृष्ठ संख्या 3022-3028.
11. निनामा, डॉ. केशरीमल (2025) लोक साहित्य में आदिवासी जन जीवन- International Journal of Creative Research Thoughts, 10(1) : पृष्ठ संख्या 99-103.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

बीकानेर जिले की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन विकास : स्थापत्य, लोककला एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्य का विश्लेषण

राजेश स्वामी* डॉ. नरेंद्र सिंह राणावत**

* पीएचडी शोधार्थी (इतिहास) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोध पर्यवेक्षक व सहायक आचार्य (इतिहास) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – राजस्थान का बीकानेर जिला अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य वैभव, लोककला, मरुस्थलीय जीवनशैली तथा ऐतिहासिक परंपराओं के कारण भारतीय पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट स्थान रखता है। प्रस्तुत शोध पत्र में बीकानेर जिले की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन विकास के मध्य अंतर्संबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि बीकानेर की स्थापत्य कला, चित्रकला, भित्तिचित्र परंपरा, लोकसंस्कृति, ऊँट-शिल्प, हस्तकला तथा धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों ने पर्यटन उद्योग को किस प्रकार सुदृढ़ किया है। जूनागढ़ दुर्ग, लालगढ़ महल, देवीकुंड सागर, गजनेर महल, करणीमाता मंदिर तथा बीकानेर शैली की लघुचित्रकला जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों ने इस क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

शोध पत्र में पर्यटन विकास के आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक प्रभावों का भी समग्र विश्लेषण किया गया है। पर्यटन उद्योग ने स्थानीय हस्तशिल्प, होटल व्यवसाय, परिवहन, लोककलाओं तथा पारंपरिक उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान की हैजिससे रोजगार सृजन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है। साथ हीअध्ययन में पर्यटन विकास की चुनौतियों जैसे आधारभूत संरचना की कमी, संरक्षण संबंधी समस्याएँ, पर्यावरणीय दबाव, सीमित प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय समुदाय की कम भागीदारी का आलोचनात्मक परीक्षण किया गया है। शोध में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि यदि सांस्कृतिक धरोहरों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटल प्रचार-प्रसार, सतत् पर्यटन नीति तथा स्थानीय समुदाय आधारित पर्यटन मॉडल को प्रभावी रूप से लागू किया जाएतो बीकानेर भविष्य में वैश्विक सांस्कृतिक पर्यटन का एक सशक्त केंद्र बन सकता है। यह शोध पत्र बीकानेर जिले की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन विकास के मध्य गहरे संबंधों को शोधात्मक दृष्टि से स्पष्ट करता है।

शब्द कुंजी – सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन विकास, स्थापत्य कला, लोककला, भित्तिचित्र परंपरा, आर्थिक प्रभाव, मरुस्थलीय पर्यटन।

प्रस्तावना– राजस्थान की सांस्कृतिक भू-दृष्टि में बीकानेर एक ऐसे ऐतिहासिक-सांस्कृतिक क्षेत्र के रूप में प्रतिष्ठित हैजिसने मरुस्थलीय सभ्यता, राजपूत स्थापत्य, लोकसंस्कृति और व्यापारिक वैभव के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक इतिहास को गहनता प्रदान की है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के शुष्क एवं अर्धशुष्क भू-भाग में स्थित यह नगर केवल भौगोलिक दृष्टि से मरुभूमि का प्रतिनिधि क्षेत्र नहीं है बल्कि यह सामंती शक्ति-संरचना, धार्मिक चेतना, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा सांस्कृतिक बहुलता का जीवंत अभिलेख भी है। पंद्रहवीं शताब्दी में राठौड़ शासक राव बीका द्वारा स्थापित यह नगर शीघ्र ही राजनैतिक, सामरिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया।

बीकानेर राज्य की भौगोलिक स्थिति ने इसे मध्य एशिया, सिंध और पश्चिमी भारत के व्यापारिक मार्गों से जोड़ाजिसके परिणामस्वरूप यहाँ सांस्कृतिक आदान-प्रदान की बहुआयामी प्रक्रिया विकसित हुई। इसी ऐतिहासिक अंत:क्रिया ने बीकानेर को स्थापत्य, चित्रकला, लोककला तथा धार्मिक परंपराओं की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध सांस्कृतिक इकाई के रूप में विकसित किया।बीकानेर की सांस्कृतिक धरोहर का सबसे महत्तवपूर्ण आयाम इसकी स्थापत्य परंपरा हैजो राजपूत और मुगल वास्तुकला के अंतर्संबंधों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। जूनागढ़ दुर्ग, लालगढ़ महल, देवीकुंड सागर, गजनेर महल तथा शिवबाड़ी मंदिर जैसी संरचनाएँ उस समय की राजनीतिक वैधता, सामाजिक स्तरीकरण तथा सांस्कृतिक वर्चस्व की प्रतीकात्मक संरचनाएँ भी हैं।

स्थापत्य इतिहासकार हरमन गोएट्ज ने बीकानेर स्थापत्य को 'मरुस्थलीय सामंती वैभव और मुगल सौंदर्यशास्त्र के संगम' की संज्ञा प्रदान की है। 'जूनागढ़ दुर्ग की स्थापत्य संरचना में सैन्य सुरक्षा और कलात्मकता का जो समन्वय दिखाई देता हैवह राजस्थान के अन्य दुर्गों से इसे भिन्न बनाता है। महलों की आंतरिक संरचनाओं में दर्पण कला, स्वर्ण अलंकरण, भित्तिचित्र और नक्काशीदार स्तंभों का प्रयोग तत्कालीन दरबारी संस्कृति की भव्यता और सांस्कृतिक अभिरुचि को व्यक्त करता है।'

बीकानेर की सांस्कृतिक चेतना का दूसरा महत्त्वपूर्ण आयाम इसकी लोककला और चित्रकला परंपरा है। बीकानेर शैली की लघुचित्रकला राजस्थानी चित्र परंपरा की अत्यंत विकसित शाखा मानी जाती है जिसमें मुगल चित्रकला की सूक्ष्मता तथा राजस्थानी रंग-संयोजन का अद्भुत समन्वय दृष्टिगोचर होता है। इस शैली में धार्मिक आख्यानों, कृष्णलीला, रागमाला, नायक-नायिका भेद तथा दरबारी जीवन का सूक्ष्म और सांकेतिक चित्रण किया गया है। बीकानेर शैली की चित्रकला भावात्मक सूक्ष्मता और रंग-प्रतीकवाद की दृष्टि से भारतीय लघुचित्र परंपरा का अत्यंत परिपक्व रूप है।

इसके अतिरिक्त उस्ता कला, आलागीला कला तथा ऊँट-आधारित

हस्तशिल्प ने बीकानेर की लोककलात्मक परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया। विशेष रूप से उस्ता कलाकारों द्वारा ऊँट की खाल पर की जाने वाली स्वर्ण चित्रकारी ने मरुस्थलीय लोकसंस्कृति को कलात्मक गरिमा प्रदान की।समकालीन वैश्विक अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग को सांस्कृतिक पूँजी के आर्थिक रूपांतरण का प्रमुख माध्यम माना जाता है। सांस्कृतिक पर्यटन उन क्षेत्रों के लिए विशेष महत्तव रखता है जहाँ ऐतिहासिक धरोहरें, लोककलाएँ और सांस्कृतिक विविधता विद्यमान होती हैं। बीकानेर की सांस्कृतिक विरासत ने इस क्षेत्र को राजस्थान के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में सम्मिलित कर दिया है। मरुस्थलीय पर्यटन, ऊँट उत्सव, धार्मिक मेले, लोकसंगीत, हस्तशिल्प बाजार तथा विरासत पर्यटन ने बीकानेर की अर्थव्यवस्था को नई संरचनात्मक दिशा प्रदान की है।

सांस्कृतिक पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष और प्रेरित आर्थिक प्रभाव उत्पन्न करता हैजिससे रोजगार, निवेश और सेवा क्षेत्र में वृद्धि होती है।बीकानेर में भी पर्यटन उद्योग ने होटल व्यवसाय, परिवहन सेवाओं, लोककला, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यापार को आर्थिक रूप से सक्रिय किया है।सांस्कृतिक पर्यटन के इस विस्तार के साथ अनेक संरचनात्मक चुनौतियाँ भी उभरकर सामने आई हैं। ऐतिहासिक धरोहरों का क्षरण, आधारभूत संरचना की कमी, पर्यावरणीय दबाव, अनियोजित शहरीकरण तथा सीमित संरक्षण नीतियाँ बीकानेर की सांस्कृतिक विरासत के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर रही हैं।

अनेक विरासत भवन समय, प्रदूषण और पर्यटक दबाव के कारण संरचनात्मक क्षति का सामना कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त मरुस्थलीय क्षेत्र होने के कारण जल यदि सांस्कृतिक पर्यटन को संरक्षण–आधारित नीति से नहीं जोड़ा गयातो पर्यटन स्वयं सांस्कृतिक धरोहरों के विनाश का माध्यम बन सकता है।अत: सतत् पर्यटन विकास की अवधारणा बीकानेर जैसे सांस्कृतिक क्षेत्रों के लिए अत्यंत आवश्यक हो जाती है।

बीकानेर की स्थापत्य धरोहर और पर्यटन– बीकानेर की स्थापत्य धरोहर को केवल दृश्य वैभव या राजसी निर्माण परंपरा के रूप में नहीं देखा जा सकताबल्कि यह मरुस्थलीय भूगोल, सामरिक आवश्यकता, राजपूती सत्ता संरचना, मुगल कलात्मक प्रभाव और स्थानीय शिल्पबोध के दीर्घ ऐतिहासिक समन्वय का परिणाम है। अध्याय में जूनागढ़ किला, लालगढ़ पैलेस, गजनेर महल, रामपुरिया हवेलियाँ और देवीकुंड सागर को बीकानेर की स्थापत्य पहचान के प्रमुख केंद्रों के रूप में रेखांकित किया गया है। ये स्थल पर्यटक अनुभव को इतिहासबोध, सौंदर्यबोध और सांस्कृतिक स्मृति से जोड़ने वाले जीवंत सांस्कृतिक प्रतीक हैं। बीकानेर की स्थापत्य संरचनाएँ इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं कि मरुस्थलीय क्षेत्रों में निर्मित भवन केवल निवास या सुरक्षा के लिए नहींबल्कि सत्ताा की दृश्य अभिव्यक्ति, जलवायु अनुकूलन और सामाजिक प्रतिष्ठा के रूप में भी निर्मित किए जाते थे।

जूनागढ़ दुर्ग बीकानेर की स्थापत्य चेतना का सर्वाधिक प्रौढ़ उदाहरण है। इसकी प्राचीरें, प्रवेशद्धार, महल, कक्ष, चित्रित छतें और आंतरिक अलंकरण युद्धनीति और सौंदर्यशास्त्र के समन्वित प्रतिमान को प्रस्तुत करते हैं। दुर्ग का स्थापत्य इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि मध्यकालीन राजस्थान में किला केवल सैन्य शक्ति का प्रतीक नहीं था बल्कि वह प्रशासन, राजकीय अनुष्ठान, सांस्कृतिक संरक्षण और कला विकास का भी केंद्र था। दुर्ग के भीतर के महलों में काँच, स्वर्ण अलंकरण, भित्तिाचित्र और सूक्ष्म नक्काशी का प्रयोग बीकानेर दरबार की सौंदर्याभिरुचि और कलात्मक संरक्षण नीति को व्यक्त करता है।

लालगढ़ महल और गजनेर महल बीकानेर के स्थापत्य विकास में उत्तार मध्यकालीन तथा औपनिवेशिक संक्रमण के महत्त्वपूर्ण उदाहरण हैं। लालगढ़ महल में राजपूत, मुगल और यूरोपीय स्थापत्य तत्वों का संयोजन उस समय की बदलती राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त करता है। लाल बलुआ पत्थर, मेहराब, झरोखे, स्तंभ और आंतरिक दरबारी सज्जा इस महल को शाही निवास से अधिक सांस्कृतिक प्रदर्शन स्थल में रूपांतरित करते हैं। गजनेर महल में जल, वन्यजीव, शिकार परंपरा और राजसी अवकाश संस्कृति का समन्वय दिखाई देता है। यह धरोहर आज विरासत पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ऐसे स्थल ऐतिहासिक उपयोग से आधुनिक पर्यटन उपयोग की ओर स्थानांतरित होकर आर्थिक संसाधन भी बनते हैं।

देवीकुंड सागर, शिवबाड़ी मंदिर, कोलायत और बीकानेर की हवेलियाँ स्थापत्य धरोहर को धार्मिक चेतना और लोक जीवन से जोड़ती हैं। देवीकुंड की छतरियाँ शाही स्मृति, मृत्यु संस्कार और स्थापत्य प्रतीकवाद का ऐसा संगम हैं जिसमें लाल बलुआ पत्थर और संगमरमर दोनों का कलात्मक उपयोग मिलता है। रामपुरिया हवेलियों तथा अन्य शहरी हवेलियों में झरोखे, जालियाँ, आंतरिक आँगन और भित्तिचित्र मरुस्थलीय नगर संस्कृति की सामाजिक संरचना को प्रकट करते हैं। इस दृष्टि से बीकानेर का स्थापत्य पर्यटन शहरी इतिहास, राजवंशीय स्मृति, धार्मिक विश्वास और स्थानीय शिल्पकला के बहुस्तरीय संसार से परिचित कराता है।

बीकानेर की लोककला और चित्रकला परंपरा– बीकानेर की लोककला और चित्रकला परंपरा को राजस्थान की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का विशिष्ट आयाम माना जाता है। यहाँ की चित्रकला केवल दरबारी मनोरंजन अथवा राजसी सौंदर्याभिरुचि की उपज नहीं हैबल्कि यह धार्मिक आख्यानों, लोकविश्वासों, ग्रामीण जीवन, सामाजिक अनुष्ठानों और राजनीतिक संरक्षण के संयुक्त विकास से निर्मित सांस्कृतिक अभिलेख है। अध्याय में बीकानेर शैली की लघुचित्रकला को राजस्थानी चित्रकला की महत्तवपूर्ण शाखा के रूप में प्रस्तुत किया गया हैजिसमें कृष्णलीला, राग रागिनी, बारहमासा, राजसी जीवन, शिकार दृश्य और स्त्री–पुरुष आकृतियों के माध्यम से तत्कालीन सांस्कृतिक मानस को रूपायित किया गया है।

बीकानेर शैली की चित्रकला में मुगल सूक्ष्मता, दक्कनी रंग संवेदना और स्थानीय राजस्थानी प्रतीक विधान का अद्भुत मिश्रण दिखाई देता है। इसमें रेखांकन की महीनता, रंगों की नियंत्रित चमक, नारी आकृति की कोमलता, राजसी व्यक्तित्व की गरिमा और धार्मिक प्रसंगों की भावात्मकता विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 'बीकानेर पेंटिंग मारवाड़ पद्धति की एक शाखा प्रतीत होती है। यद्यपि इस स्कूल के पेंटरों ने मारवाड़ और मुगल तकनीकों का सफलतापूर्वक समावेश किया है। बीकानेर रियासत के शासकों के दक्षिण भारत में रहने से दक्कन शैली का भी इस पर प्रभाव परिलक्षित है।'

'यहाँ के पेंटरों ने 'दरबारी जीवन' (Court Life) की भव्यता और औपचारिकताओं, शिकार दृश्यों, नारी जीवन (Life od the barren), महाकाव्यों और पौराणिक कथाओं को अपनी तूलिका से सुन्दरता से प्रदर्शित किया है।' शोध पत्रों में भी बीकानेर लघुचित्र परंपरा को उसकी सूक्ष्मता, सममितीय विन्यास और रंग योजना के कारण विशिष्ट माना गया है। उपलब्ध स्रोतों में यह उल्लेख मिलता है कि बीकानेर की लघुचित्र परंपरा ने स्थानीय दरबारी संस्कृति को धार्मिक और लौकिक दोनों स्तरों पर अभिव्यक्त

किया।

उस्ता कला बीकानेर की कलात्मक पहचान का सबसे विशिष्ट रूप है। यह कला दीवारों, छतों, लकड़ी, कागज और विशेष रूप से ऊँट की खाल पर स्वर्ण अलंकरण तथा उभारदार चित्रांकन के रूप में विकसित हुई। उस्ता कला के विकास एवं प्रतिष्ठा में उस्ता हामिद, रफकुद्दीन तथा अयूब अली उस्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उस्ता हामिद ने राजमहलों में विविध कलात्मक आकृतियों का सृजन किया, जबकि रफकुद्दीन ने महाराजा अनूप सिंह के काल मेंरसिकप्रियापर आधारित अनेक चित्रों का निर्माण किया। अयूब अली उस्ता ने लक्ष्मी–नारायण मंदिर के उत्कृष्ट चित्रांकन द्वारा अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

बीकानेर की भित्तिचित्र परंपरा भी विशेष महत्तव रखती है क्योंकि यह कला को राजदरबार से निकालकर जनजीवन तक ले जाती है। हवेलियों, मंदिरों और पुराने घरों की दीवारों पर बने चित्रों में प्राकृतिक दृश्य, धार्मिक कथाएँ, विवाह, लोकपर्व, ग्रामीण गतिविधियाँ और सामाजिक जीवन के दृश्य अंकित मिलते हैं। पर्यटन की दृष्टि से यह परंपरा अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि पर्यटक केवल स्मारक नहीं देखतेबल्कि रंग, रेखा, शिल्प, लोककथा और सांस्कृतिक स्मृति से निर्मित एक संपूर्ण दृश्य संसार का अनुभव करते हैं।इससे स्पष्ट होता है कि बीकानेर की चित्रकला केवल अभिजन कला नहीं थीबल्कि सामुदायिक स्मृति और लोक अनुभव की दृश्य अभिव्यक्ति भी थी।

पर्यटन विकास और आर्थिक प्रभाव– बीकानेर में पर्यटन विकास को क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की संरचना से पृथक करके नहीं समझा जा सकता। पर्यटन यहाँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों स्तरों पर आर्थिक सक्रियता उत्पन्न करता है। प्रत्यक्ष स्तर पर होटल, अतिथि गृह, परिवहन, गाइड सेवा, ऊँट सफारी, स्थानीय बाजार और भोजनालय लाभान्वित होते हैं। अप्रत्यक्ष स्तर पर हस्तशिल्प, ऊनी उत्पाद, लोककला, पशुपालन आधारित उत्पाद, सांस्कृतिक आयोजन और ग्रामीण सेवाएँ पर्यटन से जुड़ती हैं। 'पर्यटन विकास के लिये अति आवश्यक सेवाओं जैसे सुगम पहुँचएयरपोर्ट टर्मिनल, रेलवे स्टेशन, होटल व पूरक आवास सुविधा और रेस्टोरेंट व बार, स्पोर्ट्स सुविधाएँ और मनोरंजन की भी आवश्यकता होती है।'

पर्यटन के आर्थिक प्रभाव का सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष रोजगार सृजन है। 'सुव्यवस्थित विकसित पर्यटन संरचना प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार के अवसर प्रदान करती है। एक होटल निर्माण से, विशेषज्ञों के अनुसार प्रति कमरे से तीन व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होता है। जबकि सहायक उद्योगों और व्यवसायों की वृद्धि से प्रत्यक्ष रोजगार की तुलना में 9 गुना से अधिक व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रूप में रोजगार भी मिलता है।'

बीकानेर में पर्यटन ने युवाओं, महिलाओं, कारीगरों, कलाकारों, परिवहन संचालकों और छोटे व्यापारियों के लिए आय के विविध स्रोत उपलब्ध कराए हैं। ऊँट उत्सव, धार्मिक मेले, मरुस्थलीय शिविर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मौसमी रोजगार को भी बढ़ाती हैं। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार बीकानेर में 2024 में देशी पर्यटकों की संख्या लगभग तीन लाख से अधिक और विदेशी पर्यटकों की संख्या लगभग अड़तीस हजार से अधिक बताई गई हैजिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव का संकेत मिलता है।

बीकानेर की अर्थव्यवस्था में हस्तशिल्प और लोककला की भूमिका पर्यटन के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ हुई है। ऊनी शिल्प, दरी, कालीन, कंबल, कृत्रिम आभूषण, ऊँट उत्पाद, उस्ता कला और स्थानीय खाद्य उत्पाद पर्यटकों की खरीदारी का महत्तवपूर्ण हिस्सा बनते हैं। मरूनगरी में खरीददारी के लिये प्रमुख शोरूम में प्राचीन सोवेनियर शॉप, जूनागढ़, अभिव्यक्ति (उरमूल ट्रस्ट हैंडीक्राफ्ट सेल्स आउटलेट) केन्द्रीय बस स्टैंड के समीप, जैमिनी कलाकार आर्ट्स, खादी शॉप के.ई.एम. रोड, राजस्थान आर्ट गैलेरी, शिव बाड़ी रोड, राजस्थान हैंडीक्राफ्ट लालगढ़ पैलेस, स्वामी आर्ट्स कीर्ति स्तम्भ, आदि प्रमुख हैं।

राजस्थान पर्यटन विकास पर उपलब्ध शोध भी यह बताता है कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था में रोजगार, अवसंरचना और स्थानीय व्यवसाय के विस्तार का प्रमुख माध्यम है।डिजिटल प्रचार–प्रसार, ऑनलाइन बुकिंग, सोशल मीडिया और दृश्य माध्यमों ने बीकानेर के पर्यटन को नए आयाम प्रदान किए हैं। पर्यटन अब केवल भौतिक गमन का विषय नहीं रहाबल्कि छवि निर्माण, डिजिटल ब्रांडिग और सांस्कृतिक प्रस्तुति का भी विषय बन चुका है। बीकानेर की स्थापत्य धरोहर, ऊँट उत्सव, उस्ता कला, लोक संगीत और मरुस्थलीय जीवन यदि संगठित डिजिटल माध्यमों से प्रस्तुत किए जाएतो यह क्षेत्र वैश्विक सांस्कृतिक पर्यटन में अधिक प्रभावशाली स्थान बना सकता है। शोध साहित्य में पर्यटन विपणन और सांस्कृतिक विरासत ब्रांडिग को स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामुदायिक गर्व से जोड़ा गया है।

पर्यटन विकास की चुनौतियाँ– बीकानेर के पर्यटन विकास की पहली गंभीर चुनौती आधारभूत संरचना से संबंधित है। विभिन्न पर्यटन स्थलों तक पहुँचने वाली सड़कें, संकेत व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएँ अपेक्षित स्तर पर विकसित नहीं हैं। मरुस्थलीय क्षेत्र होने के कारण दूरस्थ स्थलों तक पहुँच स्वयं एक चुनौतीपूर्ण अनुभव बन जाता है। प्रस्तुत शोध पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि पर्यटन स्थलों पर सड़क, जल, बिजली, सुरक्षा और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ और अधिक महत्तवपूर्ण हो जाती है।

दूसरी बड़ी चुनौती धरोहर संरक्षण की है। बीकानेर की स्थापत्य धरोहरें, हवेलियाँ, छतरियाँ, महल और भित्तिचित्र समय, मौसम, प्रदूषण, अतिक्रमण, अनियोजित उपयोग और पर्यटक दबाव के कारण क्षरण का सामना कर रहे हैं। विरासत पर्यटन पर उपलब्ध शोध यह स्वीकार करता है कि यदि संरक्षण और पर्यटन प्रबंधन में संतुलन न होतो पर्यटन स्वयं धरोहर स्थलों पर दबाव उत्पन्न कर सकता है। इसलिए बीकानेर में वैज्ञानिक संरक्षण, नियमित रख–रखाव, विशेषज्ञ पुनरुद्धार और स्थानीय निगरानी की आवश्यकता है।

तीसरी चुनौती पर्यावरणीय दबाव से संबंधित है। बीकानेर मरुस्थलीय पारिस्थितिकी वाला क्षेत्र है जहाँ जल संसाधन सीमित हैं और प्राकृतिक संतुलन अत्यंत संवेदनशील है। पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से जल उपयोग, कचरा, प्लास्टिक, वाहन प्रदूषण और अनियंत्रित निर्माण जैसी समस्याएँ बढ़ सकती हैं। मरुस्थलीय पर्यटन, ऊँट सफारी, शिविर पर्यटन और सांस्कृतिक आयोजनों को यदि नियंत्रित पर्यावरणीय नीति से न जोड़ा जाएतो प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक दबाव उत्पन्न होगा। इस कारण सतत् पर्यटन, इको पर्यटन और नियंत्रित वहन क्षमता की अवधारणा यहाँ विशेष रूप से आवश्यक हो जाती है।

चौथी चुनौती स्थानीय समुदाय की अपर्याप्त भागीदारी है। पर्यटन से आर्थिक लाभ तभी व्यापक सामाजिक विकास में बदल सकता है जब स्थानीय कलाकार, कारीगर, ग्रामीण परिवार, महिलाएँ और युवा पर्यटन

प्रबंधन, उत्पाद निर्माण, विपणन, मार्गदर्शन और आतिथ्य सेवाओं में सक्रिय रूप से जुड़े हों। शोध पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ग्रामीण परिवार ऊँट सफारी, लोकसंगीत, पारंपरिक भोजन और हस्तशिल्प के माध्यम से पर्यटकों से जुड़ रहे हैंजिससे आय और रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैंकिंतु यह सहभागिता अभी व्यापक संस्थागत रूप नहीं ले सकी है। अत: प्रशिक्षण, सहकारी विपणन, स्थानीय उत्पाद ब्रांडिंग और समुदाय आधारित पर्यटन मॉडल अत्यंत आवश्यक हैं।

सतत् पर्यटन और भविष्य की संभावनाएँ – बीकानेर में सतत् पर्यटन विकास की संभावनाएँ अत्यंत व्यापक हैं क्योंकि यहाँ सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक पर्यटन, मरुस्थलीय भू दृश्य, लोककला, हस्तशिल्प और ग्रामीण जीवन जैसे विविध आकर्षण एक साथ उपलब्ध हैं। सतत् पर्यटन की दृष्टि से बीकानेर को केवल किला, महल और मंदिर आधारित पर्यटन तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिएबल्कि इसे सांस्कृतिक परिपथ, ग्रामीण अनुभव, लोककला कार्यशाला, हस्तशिल्प ग्राम, मरुस्थलीय इको पर्यटन और विरासत आवास के समेकित मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकता है।

बीकानेर के भविष्य का पर्यटन संरक्षण केंद्रित होना चाहिए। इसका अर्थ है कि जूनागढ़, लालगढ़, देवीकुंड, रामपुरिया हवेलियाँ, शिवबाड़ी, कोलायत और उस्ता कला जैसी धरोहरों को केवल दर्शनीय वस्तु न मानकर जीवित सांस्कृतिक संसाधन के रूप में विकसित किया जाए। पर्यटक को केवल देखने का अवसर नहींबल्कि समझने, संवाद करने, सीखने और स्थानीय जीवन से जुड़ने का अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए बहुभाषी सूचना पट्ट, डिजिटल ऑडियो गाइड, संग्रहालयीय प्रस्तुति, व्याख्या केंद्र और प्रशिक्षित स्थानीय गाइडों की व्यवस्था आवश्यक है।

सतत् पर्यटन में पर्यावरणीय संतुलन प्रमुख आधार होना चाहिए। मरुस्थलीय क्षेत्रों में वाहन नियंत्रित पर्यटन, जल संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक नियंत्रण, स्थानीय सामग्री आधारित निर्माण और ऊर्जा दक्षता को पर्यटन नीति से जोड़ना आवश्यक है। शोध में नियंत्रित निर्माण, पर्यावरण अनुकूल परिवहन, स्थानीय समुदाय की सहभागिता, डिजिटल प्रचार, ऑनलाइन सूचना प्रणाली, बहुभाषी सूचना पट्ट, प्रशिक्षित गाइड, सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन सुविधाओं के विकास को दीर्घकालिक पर्यटन विकास की शर्त बताया गया है।

भविष्य में बीकानेर सांस्कृतिक पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और रचनात्मक पर्यटन का संयुक्त केंद्र बन सकता है। ऊँट उत्सव, लोकनृत्य, उस्ता कला, चित्रकला, हस्तशिल्प, पारंपरिक भोजन और मरु शिविरों को योजनाबद्ध रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जाए तो बीकानेर का पर्यटन जयपुर, उदयपुर और जैसलमेर की प्रतिस्पर्धी धारा में अधिक प्रभावी रूप से उभर सकता है। करणी माता मंदिर के उन्नयन हेतु बजटीय प्रावधान जैसे प्रयास बीकानेर के धार्मिक पर्यटन को आधारभूत सुविधा की दृष्टि से मजबूत कर सकते हैं।वर्तमान सरकारी निवेश और धार्मिक पर्यटन स्थलों के उन्नयन से भी यह सकारात्मक संकेत मिलता है कि राजस्थान में विरासत और धार्मिक पर्यटन को नई प्राथमिकता दी जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गोएट्ज,हरमन : द आर्ट एंड आर्किटेक्चर ऑफ बीकानेर स्टेट, ऑक्सफोर्ड : ब्रूनो कैसिरर, 1950
2. माथुर,लक्ष्मण प्रसाद : फोर्ट्स एंड स्ट्रॉन्गहोल्ड्स ऑफ राजस्थान, इंटर-इंडिया पब्लिकेशन्स, न्यू दिल्ली।
3. शर्मा, एन.एस.यशर्मा, एम.एल.: राजस्थान का भूगोल, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, 2006 पृ. 326
4. गहलोत, जे.एस.: राजस्थानकृए सोशियो-इकोनोमिक स्टडी, राजस्थान साहित्य मंदिर, सोजती गेट, जोधपुर, 1981,पृ. 148
5. ट्यूरिज्म एण्ड होटल मैनेजमेंट, ट्यूरिज्म मैनेजमेंट, टी.एम.एस. 2, कोटा खुला विश्वविद्यालय, कोटा, पृ. 17-18
6. वही,पृ. 17
7. गोस्वामी, प्रेमचंद : राजस्थान संस्कृति, कला एवं साहित्य, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2006, पृ. 37
8. नीरज, जयसिंह; शर्मा भगवती : राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2000, पृ. 42
9. व्यास, डॉ. राजेशकुमार : पर्यटन उद्भव एवं विकास, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2013, पृ. 7

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Revisiting Indian Knowledge System in Contemporary Contexts

Dr. Radhashyam Dey*

***Asst. Prof. (English) Yogoda Satsanga Mahavidyalaya (Affiliated to Ranchi University) Jagannathpur, P.O-Dhurwa, Ranchi (Jharkhand) INDIA**

Abstract: The Indian Knowledge System (IKS) represents a holistic, integrated and indigenous framework of learning and living that has evolved over millennia. The IKS offers a unique blend of theoretical depth and practical wisdom. It is embedded in the Vedas, Upanisads, Sastras, Purans, epics, classical literature, folk traditions, and oral narratives, and continues to shape India's cultural and intellectual ethos. In the current global scenario, there is a renewed interest in traditional knowledge systems to address modern challenges such as ecological crisis, mental health, educational reforms, ethical leadership, and cultural identity. The National Education Policy (NEP) 2020 emphasizes the inclusion of IKS into mainstream education to promote critical thinking, holistic development, and self-reliance rooted in cultural values.The core of IKS lies in its emphasis on holistic understanding, experiential learning, and the integration of knowledge with contemporary contexts. Contemporary challenges are in areas like Health and Wellness, Education, Sustainable Development, Environmental Conservation. *Panchatantra* is ripe with entertaining stories loved with timeless teachings and moral values.*Arthashastra* is arguably the greatest treatise ever written on political, military, and economic strategies by a shrewd man popularly referred to as the Indian Machiavelli. Bharata's*Natyashastra* considered tobe the fifth *Veda* propagates righteousness, good reputation, long life, well being and increase in mental ability. My paper is all about how*Panchatantra, Arthashastra* and *Natyashastra* effectively deal with some of the contemporary contexts.

Keywords:IKS, contemporary contexts, theoretical depth, practical wisdom, self-reliance.

Introduction - Indian Knowledge System is marginalized due to lack of understanding and appreciation. This leads to lack of interest, preservation and promotion. The West for their own selfish interest forced our people to treat our indigenous knowledge as inferior and unscientific. Thus our youth is oblivions of our own glorious past. We do not know that a vast treasure of knowledge lies in our Vedas, Puranas and Shastras. The Britishers stopped publishing our classics and even did not allow our children to read Sanskrit in the school curriculum. After our independence a revival of the classical learning has been started. The real revival has taken place through National Education Policy 2020. I will not sound out of place if I say the Western perspectives often dominate our literature, culture and inclusive attitude. Our indigenous knowledge system is interdisciplinary and this teaches us that life and living believe in co-existence. IKS needs to be incorporated into modern curricula in a way that is relevant and engaging for students. Here lies the importance of my paper thatexplores how the ancient classical texts like *PanchatantraArthashastra* and the *Natyashastra* are still relevant in this era of science and technology.

Panchatantra is the book of tales rich in timeless wisdom and morals. Its aim was to educate the princes in the art of administration. Thanks to the foresight of the authorr that *Panchatantra* has become immortal. It is used as a guide to life. Through talking animals and cunning tricksters, it teaches essential values like friendship, resilience, and the importance of intelligence over brute. Here lies the beauty of Indian Knowledge System which is timeless. Wisdom is our goal of education. We want an education which enlightens us and *Panchatantra* does. It also makes us sensible to the animals, birds and other creatures making us sensitive to ecology. It also tells us how to tell stories and how to captivate the attention of the readers or the listeners. So it has permanent literary value. These stories shape character and decision making. The originator Vishnu Sharma was a great scholar and teacher. Teachers are man-makers and Vishnu Sharma justifies it. The author through *Panchatantra* deals with the art of teaching pedagogy. As legend goes he taught successfully the sons of a king who had lack of intelligence and leadership. He took on the challenge and devised a unique teaching method. He intertwined moral and political lessons into engaging fables featuring animals as their central characters. He divided these stories into five "tantras" or

sections. Vishnu Sharma's "tantras" teach the writers how they should plan their chapterisation. Each section of *Panchatantra* is meant to be used as a way to conduct our own way of life. All the five Section if to be told in capsule-form are meant to be used as guide to navigate the complexities of life. These chapters are: (i) Loss of Friends, (ii) Gaining Friends, (iii) Conflict and War, (iv) Loss of Gains, and (v) Reckless Actions.

Our rich tradition has always been looked down upon by the colonizers. That was their well thought of plan. They treated us as inferior, superstitions, lazy and dull. Remember our *Panchatantra* fables have travelled across cultures, even seemingly influencing some of the world's most famous collections of tales such as Aesop's *Fables*, *The Arabian Nights* and various European folktales. Even today, the *Panchatantra* is evolving. Its fables have been adapted into contemporary children's literature, animated films and interactive digital experiences.

About *Panchatantra*one of the renowned translators Arthur William Ryder writes:

> One Vishnusharman, shrewdly gleaning
> All worldly wisdom's inner meaning,
> In these five books the charm compresses
> Of all such books the world possesses
> (*Panchatantra*7).

Ryder also writes:

> The *Panchatantra* is a niti-shastra or text book of'niti'. The word niti means roughly the wise conduct of life. Western civilization must endure certain shame in realizing that no precise equivalent of the term is found in English, French, Latin or Greek(*Panchatantra*9).

This is 'niti', "the harmonious development of the power of man, a life in which security, prosperity, resolute action, friendship, and good learning are so combined as to produce joy. Joy comes when we believe in coexistence whereas the Western philosophy is all about anthropocentric living. The West believes that man has every right to exploit anything and everything under the sun for his own enjoyment. This selfish attitude has resulted in ecological disaster. The result is natural calamities and serious diseases like Covid 19.

Chanakya, also known as Kautilya and Vishnu Gupta was an Indian philosopher, statesman, royal advisor and a master of political strategist. Probably he was a man of fourth century BCE. *Arthashastra*/*Neetishastra* (*Chanakyaniti*) though is very old can be applied to situations in the modern day world. Translated as the science of gaining wealth, *Arthashastra* is a treatise on state governance written with in idea that the able government will lead to a generation of wealth for in the people of the nation. This text has become a source of national pride, rivaling work by philosophers in the West. It is a record of Chanakya's philosophies on taxation, foreign policy, punishment for crimes, defense and war. This work promotes the idea of a ruler to use any means possible to hold on to his power, from trickery and surveillance to even espionage and propaganda. *Arthashastra* has two main objectives. Firstly it seeks to show how the ruler should protect his territory and secondly it shows how a territory should be acquired. Hence*Arthashastra* deals with varied themes like training of the prince for duties of rulership, the question of theappointment of ministers, administration of justice, punishment for various criminal offences, measures that can be adopted by a state in its relations with foreign states, means of taking a fort etc.

L.N. Rangarajan, a diplomat whose work on the *Arthashastra* has argued that in so far as the nature of human beings remained the same and states behaved in the manner as they always have done, Kautilya has relevance. K.M. Panikkar also opines that Kautilya is relevant even in today for his doctrines of 'sama-dama-danda-bheda'. Kautilyain *Arthashastra* says, "What produces unfavourable results is bad policy. That is a policy to be judged by the results it produces, and diplomacy is not concerned with ideals but with achieving practical results to the state."The quotation of Kautilya is ever relevant:"When the advantages to be derived from peace and war are equal one should prefer peace for disadvantages such as loss of power and wealth are ever attendant upon war. Similarly, if the advantage to be derived from neutrality and war are equal, one should prefer neutrality" (*Arthashastra* 97).

The value of *Arthashastra* as a piece of literature study also makes it universal and permanent. It has references to the art of performances like dance, music, musical instruments etc. Personality-studies remain as fresh as ever. *Arthasastra* is also a very good book of this field too:

> He who isself – sufficient; he who is fond ofhonours; he who is intolerant of his rival's honour; he who is esteemed low; he who is of a fiery spirit; he who is foolhardy as well as he who is not content with what he has been enjoying – all these come under the group of haughty persons (42).

Chanakya also writes:

> He who is impoverished; he who has lost much wealth; he who is niggardly; he who is addicted to evil propensities; and he who is engaged in dangerous transactions – all these constitute the group of ambitious persons (42).

Today, the figure of Chanakya and the endurance of his teachings can be seen through the heavy adaption of his life – story in plays and many immensely popular television series, proving that his life is an area of interest not only to scholars but to the masses as well. He was one of the greatest; perhaps the most cunning, political masterminds to have ever existed and his philosophy on Indian polity, economics, and statecraft will always hold relevance in the people's minds. Kautilyatalks about the ideals of a welfare state. Here the state controls and contributes of the resources, benefits and wealth of the

state. In the present day world, the challenges to national security are no different from the challenges that concerned the Mauryan Empire. Kautilya advocated the participation of the subjects in national security. In our own time we see how our fishermen work as watchmen of our country. Mention may be made that our shepherds reported the security forces about the presence of some Pak infiltrators, and the consequences was the Kargil War. Thus we may fairly statethat the solution to many of our present day problems in political, economic, social and security spheres are all dealt with in this ancient book called *Arthashastra*.

The *Natyashastra*, a text on performing arts is the main source of dramatic theory in classical India. Bharata Muni codified the rules and codes for drama and dance in this compilation. Bharata adopted a universal approach and affirmed that art universalizes emotions making them as a tool of appeal to the spectators. In reality *Natyashastra* has relevance more for practitioners than for academicians. Bharata has clearly stated that the theatrical experiments (proyoga) and the ideas relevant to the time should be added to the Shastra. The 'Rasa' theory developed by Bharata is extremely relevant till date, as many theatre personalities in the contemporary world are inspired by these 'rasas' and use these sentiments for their plays. At present, theatre is competing with all of the popular mass – culture and media, including television, video, music and radio. The content consumption is also different materially and economically. How Bharata's*Natyashastra* is still relevant can well be explained if we understand andanalyse it in relation to Keats' Negative Capability; Coleridge's "willing suspension of disbelief" and Eliot's Unification of Sensibility. All these British concepts gained currencyworldwide because of the language politics though Bharata's *Natyashastra* encompasses all these three and many more, remains unknown and unappreciated because we have failed to place it in the world literary forum. Even *Natyashastra*is more inclusive and exhaustive than that of the much hyped *Poetics*. The 'sahridaya' reader is none but he who "willingly suspends his disbelief."Bharata's actor soaked in the 'rasa', the sentiment that he wants to arouse in the spectators is all that we talk about Eliot's "Unification of Sensibility.""Rasa" is a creative force too, as well as a force of arthetics. Keats' Negative Capabilitycan be well explained with Bharata's creative force of "rasa."Bharata argues that the desired 'bhava' can be roused in the audience only when the dramatist and the actors experience the same feeling negating their own consciousness.

Life is a drama. So drama is our all-timefavourite. Bharata's*Natyashastra*details, with all the aspects of performance including movements, emotional expression, theatre architecture, dance, music etc. This inclusiveness has made*Natyashastra*relevant even today while Aristotle's *Poetics* concentrated on the analysis of Greek tragedies. M. Winternitz says, "No country except India and no language except Sanskrit can boast of a passion so ancient or vulnerable" (54).

हुंकार में राष्ट्रीय चेतना– यदि रेणुका राष्ट्रीय भावना की कोमल अभिव्यक्ति है, तोहुंकार उसका प्रखर और ऊर्जस्वित स्वरूप है। इस कृति में कवि अन्याय, दमन और पराधीनता के विरुद्ध संघर्ष का आह्वान करता है।

हुंकार का मूल स्वर विद्रोह है। किंतु यह विद्रोह विनाशकारी नहीं, बल्कि रचनात्मक है। दिनकर मानते हैं कि जब समाज में अन्याय बढ़ जाए और शोषण असहनीय हो जाए, तब उसके विरुद्ध संघर्ष करना आवश्यक हो जाता है।

इस संग्रह में युवाओं को विशेष रूप से संबोधित किया गया है। कवि उन्हें राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति मानता है। उनकी राष्ट्रीय चेतना कर्मशीलता, साहस और त्याग की भावना से प्रेरित है।[5]

कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय चेतना– दिनकर के काव्य साहित्य में कुरुक्षेत्र एक ऐसी कृति है जिसमें राष्ट्रीय चेतना अपने परिपक्व, दार्शनिक तथा मानवीय स्वरूप में अभिव्यक्त हुई है। यह काव्यमहाभारतके युद्धोत्तर प्रसंग पर आधारित होते हुए भी केवल पौराणिक आख्यान का पुनर्पाठ नहीं है, बल्कि आधुनिक विश्व की राजनीतिक और नैतिक समस्याओं का गंभीर विश्लेषण प्रस्तुत करता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् संपूर्ण विश्व हिंसा, साम्राज्यवाद और विनाशकारी प्रवृत्तियों से जूझ रहा था। ऐसी परिस्थितियों में दिनकर ने महाभारत के प्रसंगों को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए युद्ध और शांति के प्रश्नों पर पुनर्विचार किया।

दिनकर युद्ध को स्वभावत: अनिष्टकारी मानते हैं, किंतु वे यह भी स्वीकार करते हैं कि जब अन्याय, अत्याचार और शोषण अपनी सीमा का अतिक्रमण कर जाते हैं, तब उनके प्रतिरोध के लिए संघर्ष आवश्यक हो जाता है। इस प्रकार कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय चेतना केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि न्याय, समता और मानवीय गरिमा की स्थापना का माध्यम बन जाती है।

दिनकर की दृष्टि में राष्ट्रीयता का अंतिम लक्ष्य मानव कल्याण है। वे किसी भी प्रकार के उग्र और संकीर्ण राष्ट्रवाद के विरोधी हैं। उनकी राष्ट्रीय चेतना विश्वबंधुत्व और सहअस्तित्व की भावना से प्रेरित है। यही कारण है कि कुरुक्षेत्र में युद्ध की विभीषिका के साथ-साथ शांति की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया है।

दिनकर के अनुसार शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि वह सामाजिक न्याय और मानवीय समानता पर आधारित व्यवस्था का परिणाम है। यदि समाज में आर्थिक विषमता, शोषण और अन्याय विद्यमान रहेंगे तो स्थायी शांति की स्थापना संभव नहीं हो सकती। इस दृष्टि से कुरुक्षेत्र दिनकर की राष्ट्रीय चेतना का सर्वाधिक विकसित रूप प्रस्तुत करता है।[6]

रश्मिरथी में राष्ट्रीय चेतना– रश्मिरथी दिनकर की सर्वाधिक लोकप्रिय कृतियों में से एक है। इस प्रबंध काव्य का केंद्रीय पात्र महाभारत का महायोद्धा कर्ण है। दिनकर ने कर्ण के माध्यम से सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और राष्ट्रीय समरसता के आदर्शों को अभिव्यक्ति प्रदान की है।

यद्यपि रश्मिरथी प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय काव्य नहीं है, तथापि इसकी मूल संवेदना राष्ट्रीय चेतना से गहरे रूप में जुड़ी हुई है। दिनकर ने कर्ण के चरित्र को ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया है जो जन्मना निम्न समझे जाने के कारण निरंतर अपमान और उपेक्षा का सामना करता है, किंतु अपनी प्रतिभा, परिश्रम और आत्मबल के माध्यम से महानता प्राप्त करता है।

कर्ण का संघर्ष भारतीय समाज में विद्यमान जातीय और सामाजिक विषमताओं का प्रतीक बन जाता है। दिनकर इस चरित्र के माध्यम से यह संदेश देते हैं कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब उसके प्रत्येक नागरिक को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। सामाजिक अन्याय राष्ट्रीय एकता को कमजोर करता है और राष्ट्र की सामूहिक शक्ति को क्षीण करता है। रश्मिरथीमें कर्ण की कर्तव्यनिष्ठा, मित्रता और आत्मसम्मान की भावना भी राष्ट्रीय चेतना के महत्वपूर्ण पक्षों को उद्घाटित करती है। दिनकर यह स्थापित करना चाहते हैं कि राष्ट्रनिर्माण के लिए व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन आवश्यक है।

हालाँकि कुछ आलोचकों ने यह मत व्यक्त किया है कि कर्ण की दुर्योधन के प्रति अत्यधिक निष्ठा नैतिक दृष्टि से प्रश्नांकित है, किंतु दिनकर ने उसके व्यक्तित्व को मानवीय जटिलताओं के साथ प्रस्तुत किया है। यही कारण है किरश्मिरथीसामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण कृति बन जाती है।[7]

परशुराम की प्रतीक्षामें राष्ट्रीय चेतना– स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज जिन चुनौतियों से जूझ रहा था, उनका प्रभाव दिनकर की उत्तरवर्ती रचनाओं पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।परशुराम की प्रतीक्षा इसी संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण कृति है।

इस रचना में परशुराम केवल पौराणिक चरित्र नहीं हैं, बल्कि वे अन्याय,

भ्रष्टाचार और नैतिक पतन के विरुद्ध संघर्ष करने वाली परिवर्तनकारी शक्ति के प्रतीक हैं। दिनकर स्वतंत्र भारत की परिस्थितियों से संतुष्ट नहीं दिखाई देते। वे अनुभव करते हैं कि राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त होने के बावजूद समाज में आर्थिक विषमता, प्रशासनिक भ्रष्टाचार, नैतिक पतन तथा सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याएँ बनी हुई हैं।

दिनकर की दृष्टि में स्वतंत्रता केवल शासन परिवर्तन का नाम नहीं है। उसका वास्तविक उद्देश्य सामाजिक और नैतिक पुनर्निर्माण होना चाहिए। यदि स्वतंत्रता के पश्चात भी समाज में अन्याय और शोषण बना रहे, तो स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ अधूरा रह जाता है।

इस कृति में कवि ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता अनुभव करता है जो राष्ट्रहित को व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर रखकर समाज को नई दिशा प्रदान कर सके। इस प्रकारपरशुराम की प्रतीक्षास्वतंत्र भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय चेतना का आत्मालोचनात्मक स्वर प्रस्तुत करती है।[8]

दिनकर की राष्ट्रीय चेतना : एक आलोचनात्मक मूल्यांकन– रामधारी सिंह दिनकर की राष्ट्रीय चेतना बहुआयामी और व्यापक है। उसमें सांस्कृतिक गौरव, राजनीतिक स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदना तथा विश्वबंधुत्व की भावनाओं का समन्वय दिखाई देता है।

उनकी राष्ट्रीयता की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसका सांस्कृतिक आधार है। दिनकर भारतीय संस्कृति को राष्ट्र की आत्मा मानते हैं। वे भारतीय सभ्यता की समन्वयवादी परंपरा, आध्यात्मिक दृष्टि तथा मानवीय मूल्यों को राष्ट्रीय जीवन का आधार स्वीकार करते हैं।[8]

दिनकर की राष्ट्रीय चेतना संघर्षशील भी है। वे अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध सक्रिय प्रतिरोध को राष्ट्रीय कर्तव्य मानते हैं।हुंकारऔर रेणुका में यह स्वर अत्यंत प्रबल रूप में उपस्थित है।

इसके साथ ही उनकी राष्ट्रीयता सामाजिक चेतना से भी अनुप्राणित है। वे जातीय भेदभाव, आर्थिक असमानता और सामाजिक अन्याय को राष्ट्र की प्रगति के लिए घातक मानते हैं।रश्मिरथी इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।

दिनकर की राष्ट्रीयता का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष उसका मानवतावादी स्वरूप है। वे संकीर्ण राष्ट्रवाद के विरोधी हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्रप्रेम का अंतिम उद्देश्य समस्त मानवता के कल्याण में निहित होना चाहिए।[9]

फिर भी उनकी राष्ट्रीय चेतना की कुछ सीमाएँ भी दृष्टिगत होती हैं। कुछ आलोचकों का मत है कि उनकी प्रारंभिक कविताओं में भावनात्मक आवेग अपेक्षाकृत अधिक है और वैचारिक संतुलन कुछ स्थानों पर कम दिखाई देता है। कुछ विद्वानों ने यह भी संकेत किया है कि दिनकर का सांस्कृतिक दृष्टिकोण कभी-कभी अतीत के गौरव पर अत्यधिक केंद्रित प्रतीत होता है। तथापि इन सीमाओं के बावजूद उनकी राष्ट्रीय चेतना का महत्व कम नहीं होता।[10]

दिनकर की राष्ट्रीय चेतना पर आलोचकों की दृष्टि– रामधारी सिंह दिनकर की राष्ट्रीय चेतना का मूल्यांकन हिंदी आलोचना जगत में विविध दृष्टिकोणों से किया गया है। हिंदी साहित्य के प्रख्यात विद्वान डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी का मत है कि भारतीय साहित्य की मूल चेतना सदैव लोकमंगल, सांस्कृतिक समन्वय और मानवीय संवेदनाओं से अनुप्राणित रही है। इसी परंपरा के आधुनिक प्रतिनिधि कवि के रूप में दिनकर भारतीय सांस्कृतिक चेतना के पुनरुत्थान का कार्य करते हैं।[11]

डॉ. बच्चन सिंह के अनुसार आधुनिक हिंदी कविता में राष्ट्रीयता का स्वर केवल राजनीतिक प्रतिरोध तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता तथा सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता के प्रश्नों को भी समाहित किया। दिनकर के काव्य में यह प्रवृत्ति अत्यंत सशक्त रूप में दिखाई देती है।[12]

डॉ. शिवकुमार मिश्र ने दिनकर को भारतीय जनमानस का कवि माना है। उनके अनुसार दिनकर की राष्ट्रीयता किसी विशेष वर्ग अथवा समुदाय की राष्ट्रीयता नहीं है, बल्कि वह समग्र भारतीय समाज की आकांक्षाओं और संघर्षों की प्रतिनिधि है। दिनकर ने अपने काव्य के माध्यम से राष्ट्र को एक जीवंत सांस्कृतिक सत्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया।[13]

डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय का मत है कि दिनकर की राष्ट्रीय चेतना का विकास भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की परिस्थितियों में हुआ, किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी उसमें परिवर्तनशीलता बनी रही। उनकी उत्तरवर्ती रचनाओं में राष्ट्रीयता का स्वर अधिक आत्मविश्लेषणात्मक और यथार्थवादी हो जाता है।[14]

डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त ने हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय भावना के विकास की चर्चा करते हुए दिनकर को मैथिलीशरण गुप्त के पश्चात राष्ट्रीय काव्यधारा का सबसे प्रभावशाली कवि माना है। उनके अनुसार दिनकर ने वीर रस की परंपरा को आधुनिक सामाजिक संदर्भों से जोड़कर राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की।[15]

डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी का मानना है कि दिनकर के साहित्य में राष्ट्रीयता का आधार सांस्कृतिक स्मृति और ऐतिहासिक चेतना है। वे अतीत के गौरव का स्मरण केवल भावनात्मक कारणों से नहीं करते, बल्कि उसे वर्तमान समाज के नैतिक पुनर्निर्माण का साधन मानते हैं।[16]

डॉ. नगेन्द्र ने दिनकर के काव्य को ओज, विचार और संवेदना का अद्भुत समन्वय बताया है। उनके अनुसार दिनकर की कविताएँ पाठक के भीतर केवल भावनात्मक उत्तेजना उत्पन्न नहीं करतीं, बल्कि उसे सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी सजग बनाती हैं।[17]

डॉ. विजयेन्द्र स्नातक ने दिनकर के राष्ट्रीय चिंतन को भारतीय परंपरा और आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के मध्य सेतु की संज्ञा दी है। वे मानते हैं कि दिनकर की राष्ट्रीयता सांस्कृतिक अस्मिता के साथ-साथ लोकतांत्रिक समानता और मानवीय स्वतंत्रता का भी समर्थन करती है।[18]

डॉ. सत्यकाम वर्मा ने विशेष रूप से दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना का अध्ययन करते हुए निष्कर्ष निकाला है कि दिनकर का राष्ट्रवाद संकीर्ण राजनीतिक राष्ट्रवाद न होकर सांस्कृतिक और मानवीय राष्ट्रवाद है। उनके काव्य में राष्ट्र की अवधारणा व्यक्ति, समाज और विश्वमानवता के मध्य समन्वय स्थापित करती है।[19]

डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार भारतीय संस्कृति की वास्तविक शक्ति उसकी समन्वयकारी प्रवृत्ति में निहित है। दिनकर इसी सांस्कृतिक परंपरा के कवि हैं, जिन्होंने राष्ट्रीयता को सामाजिक न्याय और जनहित से जोड़कर उसकी व्याख्या की है।[20]

उपसंहार – निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि रामधारी सिंह दिनकर आधुनिक हिंदी कविता के ऐसे प्रतिनिधि कवि हैं जिन्होंने राष्ट्रीय चेतना को व्यापक वैचारिक आधार प्रदान किया। उनकी राष्ट्रीयता में स्वतंत्रता, स्वाभिमान, सांस्कृतिक अस्मिता, सामाजिक न्याय तथा मानवीय मूल्यों का समन्वय दिखाई देता है।

रेणुका और हुंकार में स्वतंत्रता आंदोलन की ऊर्जा और क्रांतिकारी चेतना व्यक्त हुई है।कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीयता का दार्शनिक और मानवतावादी स्वरूप उभरता है।रश्मिरथी सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा के प्रश्नों को राष्ट्रीय संदर्भों से जोड़ती है, जबकि परशुराम की प्रतीक्षा स्वतंत्र भारत की समस्याओं पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत करती है।

इस प्रकार दिनकर की राष्ट्रीय चेतना किसी संकीर्ण राजनीतिक विचारधारा की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि वह भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा विश्वमानवता की भावना से अनुप्राणित एक व्यापक राष्ट्रीय दर्शन का प्रतिनिधित्व करती है। वर्तमान समय में भी जब भारतीय समाज अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, दिनकर का काव्य हमें राष्ट्रीय जीवन के मूल्यों पर पुनर्विचार करने की प्रेरणा प्रदान करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. नगेंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, नई दिल्ली : नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2015, पृ. 482।
2. रामधारी सिंह दिनकर, संस्कृति के चार अध्याय, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2018, पृ. 15।
3. नामवर सिंह, आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2011, पृ. 87।
4. रामधारी सिंह दिनकर, रेणुका, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2017, पृ. 11।
5. रामधारी सिंह दिनकर, हुंकार, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2016, पृ. 19।
6. रामधारी सिंह दिनकर, कुरुक्षेत्र, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2017, पृ. 32।
7. रामधारी सिंह दिनकर, रश्मिरथी, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2019, पृ. 58।
8. रामधारी सिंह दिनकर, परशुराम की प्रतीक्षा, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2018, पृ. 41।
9. रामविलास शर्मा, भारतीय साहित्य और राष्ट्रीय चेतना, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2008, पृ. 154।
10. सीतारामचतुर्वेदी, दिनकर और उनका साहित्य, वाराणसी : हिंदी प्रचारक संस्थान, 1998, पृ. 208।
11. डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2010, पृ. 271।
12. डॉ. बच्चन सिंह, आधुनिक हिंदी आलोचना के बीज शब्द, नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन, 2009, पृ. 119।
13. डॉ. शिवकुमार मिश्र, दिनकर : व्यक्तित्व और कृतित्व, इलाहाबाद : लोकभारती प्रकाशन, 2005, पृ. 131।
14. डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, आधुनिक हिंदी साहित्य, प्रयागराज : हिंदी परिषद प्रकाशन, 2014, पृ. 326।
15. डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त, हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2013, पृ. 412।
16. डॉ. रामस्व रूपचतुर्वेदी, हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास, नई दिल्ली : लोकभारती प्रकाशन, 2011, पृ. 289।
17. डॉ. नगेन्द्र, विचार और विवेचन, नई दिल्ली : नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2007, पृ. 94।
18. डॉ. विजयेन्द्र स्नातक, रामधारी सिंह दिनकर, नई दिल्ली रू साहित्य अकादमी, 2003, पृ. 78।
19. डॉ. सत्यकाम वर्मा, दिनकर के काव्य में राष्ट्रीय चेतना, कानपुर : विकास प्रकाशन, 2015, पृ. 165।
20. डॉ. रामविलास शर्मा, भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2009, पृ. 214।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Green Infrastructure as a Strategy for Enhancing Urban Climate Resilience: A Literature Review

Ankita Pandey*

***Department of Geography, Mohanlal Sukhadiya University, Udaipur (Raj.) INDIA**

Abstract: Cities face an increasing range of compound climate risks, including more frequent heat waves, flash flooding, biodiversity collapse and declining environmental quality. Green infrastructure (GI) the planned networks of natural and semi-natural features embedded in urban fabrics, has emerged as a central paradigm for addressing these challenges while delivering multiple co-benefits. This literature review synthesises empirical and conceptual scholarship primarily published between 2015 and 2024 to evaluate the evidence base for GI as a climate resilience strategy in three key areas of urban climate resilience: urban heat island (UHI) mitigation, stormwater and flood management, and urban biodiversity and ecosystem services. Using studies from cities across Europe, North America, Asia-Pacific and the Global South, the review finds strong evidence that well-designed GI interventions can reduce urban air temperatures by 0.3-3 °C, attenuate stormwater runoff by 40-85% and substantially increase urban biodiversity and human well-being. However, the review also highlights persistent gaps in the literature such as geographical bias toward the Global North, limited long-term monitoring data, limited attention to the dimensions of equity and under-representation of integrated GI network assessments. The paper concludes with a research agenda for the future which stresses the necessity for the integration of GI into more comprehensive, governance-led urban climate adaptation frameworks.

Keywords: Green infrastructure, urban climate resilience, urban heat island, stormwater management, urban biodiversity, nature-based solutions, ecosystem services.

Introduction - Urbanization and climate change are accelerating, increasing environmental risks in cities such as extreme heat, flooding and ecological degradation. Cities are facing increasing challenges from rising temperatures, changing precipitation patterns and growing exposure to climate hazards, with more than half of the world's population living in urban areas and with urban growth expected to continue (United Nations, 2018; Elmqvist et al., 2019). Climate resilience is now front and centre of urban planning and governance due to these pressures.

Green infrastructure (GI) has become a major approach for addressing these issues by incorporating ecological processes into urban systems. Unlike traditional grey infrastructure designed for single hazards, GI is a network of natural and semi-natural elements, such as parks, urban forests, street trees, wetlands, bioswales and green roofs that offers multiple environmental and social benefits (Benedict & McMahon, 2006; Pauleit et al., 2017). GI is increasingly viewed not only as an amenity but also as a type of functional infrastructure that can offer measurable climate adaptation benefits.

The idea of GI has moved from landscape ecology and biodiversity conservation to a wider concept addressing ecosystem services and nature-based solutions (Cohen-Shacham et al., 2016). Consequently, GI is now recognised as a major component of urban climate resilience, providing multiple benefits of temperature regulation, flood mitigation, biodiversity conservation and human well-being at the same time.

Although there has been a significant increase in research on GI, the evidence remains patchy in thematic domains and geographically skewed towards cities in the Global North. Many studies focus on cooling, flood management or biodiversity separately, limiting understanding of their combined contribution to urban resilience. Furthermore, it is not clear whether the findings are transferable to rapidly urbanising regions in Asia, Africa and Latin America (Nagendra et al., 2018).

This review therefore provides a synthesis of recent literature published mainly in the period 2015–2024 towards assessing the role of green infrastructure in improving urban climate resilience. The review has three major focuses: urban heat island mitigation, stormwater and flood management, and biodiversity and ecosystem services. It also identifies important research gaps and identifies priorities for future research.

Conceptual Foundations: Green Infrastructure and Urban Climate Resilience: Green infrastructure (GI) is a network of natural and semi-natural elements that provide environmental, social and economic benefits in urban areas. These include parks, urban forests, wetlands, green roofs, bioswales, and ecological corridors that function in concert rather than as isolated green spaces (Benedict & McMahon, 2006; Ahern, 2013). From an infrastructure perspective, these features are planned and managed to deliver particular ecosystem functions and climate-related services.

Closely related concepts such as nature-based solutions (NbS) and ecosystem-based adaptation have broadened GI research. Within this framework, GI is often seen as an operational version of NbS that includes ecological processes in urban planning to face climate challenges and produce multiple co-benefits (Cohen-Shacham et al., 2016; Lafortezza et al., 2018).

Urban climate resilience is the analytical framework to understand the role of GI in adaptation. Resilience is the capacity of urban systems to absorb, adapt to and recover from climate shocks and stresses while still providing critical functions (Meerow et al., 2016). Ecological networks are an important element of resilience as cities function as socio-ecological systems and contribute to reducing vulnerability to heat, flooding and environmental degradation.

The ecosystem services framework further explains the benefits created by GI. Urban green infrastructure provides regulating services, such as temperature moderation, stormwater retention and air purification, as well as cultural and supporting services, such as recreation, biodiversity and human well-being (Elmqvist et al., 2015). Its main advantage is its multifunctionality, that is, one intervention can provide multiple environmental and social benefits simultaneously, often delivering more overall value than single-purpose grey infrastructure (Kabisch et al., 2016).

Table 1

GI Type	Primary Functions
Urban parks and green spaces	Cooling, recreation, biodiversity
Street trees and urban forests	Shading, air quality improve -ment, runoff interception
Green roofs and walls	Cooling, insulation, stormwater retention
Bioswales and rain gardens	Flood mitigation and water filtration
Permeable pavements	Runoff reduction and groundwater recharge
Urban wetlands and green corridors	Flood control, biodiversity, blue-cooling
Community gardens	Food security and social well-being

Green Infrastructure and Urban Heat Island Mitigation: One of the most widespread consequences of Urbanization and climate change is the urban heat island (UHI) effect, which causes cities to have higher temperatures than the surrounding rural areas due to the presence of impervious surfaces and anthropogenic heat emissions (Santamouris, 2020). Higher temperatures increase heat stress, energy demand and health risks, especially for vulnerable populations.

Green infrastructure mitigates UHI through evapotranspiration, shading and modifying surface energy balances. Urban vegetation evapotranspires sensible heat to latent heat and tree canopies reduce solar radiation reaching built surfaces. Green roofs and walls further add to thermal regulation by offering insulation and evaporative cooling (Zölch et al., 2016).

There is a considerable body of evidence to show the cooling potential of GI in a wide range of urban settings. Bowler et al. (2010) found that urban parks are, on average, almost 1°C cooler than their surrounding built-up areas. Likewise, Zölch et al. (2016) found that urban trees can reduce peak temperatures by up to 2.5°C, whereas increasing tree canopy cover substantially reduces surface temperatures. Global evidence synthesised by Santamouris (2020) shows that GI interventions decrease ambient air temperatures by about 0.3–3°C, with cooling effects depending on vegetation type, spatial configuration and climatic conditions. Large parks and urban forests are generally more effective in providing cooling, with studies from rapidly urbanising Chinese cities reporting reductions in UHI intensity of up to 3.5°C (Kong et al., 2022).

However, the efficiency of GI depends on urban morphology, vegetation types and local weather conditions. Urban centers that are densely populated and have limited space for vegetation may need to employ innovative ways such as green roofs and vertical greening systems to improve cooling performance (Meerow& Newell, 2017). Therefore, the effectiveness of GI-based heat mitigation depends on context-sensitive planning and integration within broader urban climate adaptation strategies.

Table 2. Selected Evidence on Green Infrastructure and Urban Heat Island Mitigation

Study	Main Findings
Bowler et al. (2010)	Urban parks are approximately 0.94°C cooler than surrounding areas
Zölch et al. (2016)	Urban trees reduce peak temperatures by up to 2.5°C
Santamouris (2020)	GI lowers air temperatures by 0.3–3°C
Kong et al. (2022)	Large parks reduce UHI intensity by 1.8–3.5°C
Meerow and Newell (2017)	Cooling performance varies with urban form and climate

Green Infrastructure for Stormwater and Flood Management: The rapid pace of Urbanization and climate change is making urban flooding an increasingly serious problem. Traditional grey infrastructure often has difficulties in dealing with the increasing intensity of rainfall and the increase in impervious surfaces. Green infrastructure

controls stormwater through interception, infiltration, retention and evapotranspiration, which reduces runoff volumes and delays peak flows (Berland et al., 2017; Shafique et al., 2018). The most common GI elements for stormwater management are green roofs, bioswales, rain gardens and urban wetlands. Green roofs have shown retention rates from 40% to 90% based on the vegetation and substrate characteristics (Shafique et al., 2018). Rain gardens and bioswales are good at capturing and filtering runoff at the neighbourhood scale, while integrated blue-green networks provide wider catchment-scale benefits. Evidence from international case studies shows that GIs are effective in reducing the risk of floods. Nature-based interventions can reduce flood peaks by 20–80% (Keesstra et al., 2018). In China, Sponge City projects led to runoff reductions of 57–85% in pilot areas (Qin et al., 2019) and Singapore's ABC Waters Programme reduced peak storm discharge by 18–35% and enhanced urban water quality (Lim et al., 2020). Urban trees also help with stormwater management, as mature canopies intercept a significant portion of the annual runoff (Berland et al., 2017). Hybrid approaches combining green and grey infrastructure are increasingly seen as the most pragmatic ways of improving the resilience of cities to flooding. Such approaches improve performance and longevity of existing drainage systems while providing ecological and social co-benefits at the same time. GI is therefore increasingly recognised as an important element of sustainable urban water management and climate adaptation.

Table 3. Selected Evidence on Green Infrastructure and Stormwater Management

Study	Main Findings
Shafique et al. (2018)	Green roofs retain 40–90% of rainfall
Berland et al. (2017)	Urban trees reduce annual runoff
Keesstra et al. (2018)	Nature-based solutions reduce flood peaks by 20–80%
Qin et al. (2019)	Sponge City projects achieve runoff reductions of 57–85%
Lim et al. (2020)	Blue-green corridors reduce peak discharge by 18–35%

Urban Biodiversity and Ecosystem Services: Urbanization is a key driver of biodiversity loss through habitat fragmentation and ecological degradation. However, well-planned green infrastructure can improve habitat quality and increase species diversity in urban areas. Biodiversity outcomes are strongly affected by factors such as patch size, connectivity and vegetation composition, with interconnected green networks generally providing greater ecological benefits than isolated green spaces (Beninde et al., 2015).

Native vegetation and structurally diverse habitats support increased numbers of birds, insects and other species. Urban forests and green corridors can provide important refugia for biodiversity, and green roofs and other vegetated spaces can provide additional habitat in highly built environments (Aronson et al., 2017).

Beyond biodiversity conservation, GI provides a broad range of ecosystem services that underpin urban sustainability and human well-being. They include temperature regulation, air quality improvement, carbon sequestration, recreation and mental health benefits (Elmqvist et al., 2015). Research has shown that regular exposure to urban green spaces is associated with better mental health and reduced stress levels, and that environments with high biodiversity provide greater well-being benefits than species-poor landscapes (Shanahan et al., 2015; Dallimer et al., 2012).

Urban vegetation also plays a role in climate mitigation through carbon storage and sequestration. Urban trees and green spaces, although less important than natural forests in total, are important components of municipal climate strategies and ecosystem service provision (Nowak et al., 2018).

Table 4. Selected Evidence on Biodiversity and Ecosystem Services

Study	Main Findings
Aronson et al. (2017)	Urbanization reduces species richness
Beninde et al. (2015)	Patch size and connectivity determine biodiversity
Elmqvist et al. (2015)	GI provides multiple ecosystem services
Shanahan et al. (2015)	Nature exposure improves mental health
Dallimer et al. (2012)	Biodiversity positively influences well-being
Nowak et al. (2018)	Urban forests contribute to carbon sequestration

Cross-Cutting Themes: Governance, Equity, and Economic Valuation: Good governance is key to the effective implementation of green infrastructure. Mainstreaming GI into urban planning needs cross-sector coordination, supportive policies and long-term institutional commitment (Pauleit et al., 2017; Kabisch et al., 2016). Lessons learned from cities such as Singapore and New York show that integrated governance frameworks and policy support can enable large-scale GI deployment.

Equity has emerged as a key issue in the GI literature. Research suggests that inequalities in the distribution of high-quality green space are common, with disadvantaged communities receiving less environmental benefit (Jennings et al., 2016). Furthermore, some greening initiatives may result in rising property values and displacement, signifying problems related to green gentrification (Gould & Lewis, 2017). Thus, equitable distribution of the gains of climate resilience calls for prudent planning and community involvement.

In recent years the economic justification for GI has gained significant importance. Along with the environmental benefits, GI also reduces energy use, improves air quality, improves public health and increases property values. Given these co-benefits, green infrastructure often provides higher

value than traditional grey infrastructure (Brander &Koetse, 2011; Nowak et al., 2018). Further development of standardised valuation approaches is, however, needed to support evidence-based decision making.

Table 5. Key Themes in Green Infrastructure Implementation

Theme	Main Issues
Governance	Institutional coordination and policy integration
Equity	Unequal access to green space and environmental justice
Green gentrification	Potential displacement associated with urban greening
Economic valuation	Multiple co-benefits strengthen investment rationale
Planning	Need for integrated and long-term strategies

Research Gaps and Future Directions: There is growing evidence for the role of green infrastructure in climate adaptation, but there remain several important gaps. Research on GI is mainly European, North American and Australian, constraining understanding of GI performance in fast-urbanising regions of the Global South where climate vulnerability is often greatest (Nagendra et al., 2018).

Another limitation is the number of short-term studies. Long-term monitoring is required to assess the effects of vegetation growth, maintenance and changing climatic conditions on green infrastructure performance over time (Pauleit et al., 2017). There is a need for more emphasis on climate specific design strategies especially for tropical, arid and semi-arid environments.

The majority of studies have focused on single GI elements rather than on interconnected networks. Therefore, the overall impacts of integrated green infrastructure systems are still poorly understood (Meerow& Newell, 2017). In addition, social equity, governance, and benefit distribution issues need to be further studied so that climate adaptation can be effective and socially just (Jennings et al., 2016; Gould & Lewis, 2017).

Future research should focus on long-term assessments, network-wide analyses and context-specific studies that support the integration of GI into urban climate resilience planning.

Table 6. Major Research Gaps and Future Needs

Gap Area	Future Research Priorities
Geographic bias	More studies in the Global South
Long-term performance	Monitoring over extended periods
Climate specificity	Design guidelines for diverse climates
Integrated networks	City-scale analyses and cumulative effects
Equity and justice	Distributional impacts and community participation
Governance	Comparative institutional frameworks
Economic valuation	Improved assessment of ecosystem service benefits

Conclusion: One strategy identified is improving urban climate resilience through green infrastructure. Evidence suggests that GI plays a leading role in mitigating urban heat islands, stormwater management, biodiversity conservation and ecosystem services. Unlike traditional grey infrastructure, its multifunctionality enables the simultaneous provision of environmental, social and economic benefits.

The success of GI, however, is dependent upon appropriate design, governance and long-term management. To maximise climate resilience outcomes, institutional coordination, equitable benefit distribution and integration into wider urban planning frameworks are essential.

There remain significant gaps in knowledge to address, especially around long-term performance, effects at a network scale and use in the Global South, but the extant evidence strongly supports the role of green infrastructure in climate adaptation policies. As climate risks are increasing, the growth and efficient management of urban green infrastructure will be more and more important to promote sustainable and resilient cities.

References :-

1. Ahern, J. (2013). *Urban landscape sustainability and resilience: The promise and challenges of integrating ecology with urban planning and design. Landscape Ecology, 28*(6), 1203–1212. https://doi.org/10.1007/s10980-012-9799-z
2. Aronson, M. F. J., Lepczyk, C. A., Evans, K. L., Goddard, M. A., Lerman, S. B., MacIvor, J. S., Nilon, C. H., & Vargo, T. (2017). Biodiversity in the city: Key challenges for urban green space management. *Frontiers in Ecology and the Environment, 15*(4), 189–196. https://doi.org/10.1002/fee.1480
3. Beninde, J., Veith, M., &Hochkirch, A. (2015). Biodiversity in cities needs space: A meta-analysis of factors determining intra-urban biodiversity variation. *Ecology Letters, 18*(6), 581–592. https://doi.org/10.1111/ele.12427
4. Berland, A., Shiflett, S. A., Shuster, W. D., Garmestani, A. S., Goddard, H. C., Herrmann, D. L., & Hopton, M. E. (2017). The role of trees in urban stormwater management. *Landscape and Urban Planning, 162*, 167–177. https://doi.org/10.1016/j.landurbplan.2017.02.017
5. Bowler, D. E., Buyung-Ali, L., Knight, T. M., & Pullin, A. S. (2010). Urban greening to cool towns and cities: A systematic review of the empirical evidence. *Landscape and Urban Planning, 97*(3), 147–155. https://doi.org/10.1016/j.landurbplan.2010.05.006
6. Brander, L. M., & Koetse, M. J. (2011). The value of urban open space: Meta-analyses of contingent valuation and hedonic pricing results. *Journal of Environmental Management, 92*(10), 2763–2773. https://doi.org/10.1016/j.jenvman.2011.06.019
7. Benedict, M. A., & McMahon, E. T. (2006). *Green infrastructure: Linking landscapes and communities*.

Island Press.
8. Cohen-Shacham, E., Walters, G., Janzen, C., & Maginnis, S. (2016). *Nature-based solutions to address global societal challenges*. International Union for Conservation of Nature. https://doi.org/10.2305/IUCN.CH.2016.13.en
9. Dallimer, M., Irvine, K. N., Skinner, A. M. J., Davies, Z. G., Rouquette, J. R., Maltby, L. L., Warren, P. H., Gaston, K. J., &Armsworth, P. R. (2012). Biodiversity and the feel-good factor: Understanding associations between self-reported human well-being and species richness. *BioScience, 62*(1), 47–55. https://doi.org/10.1525/bio.2012.62.1.8
10. Elmqvist, T., Setälä, H., Handel, S. N., van der Ploeg, S., Aronson, J., Blignaut, J. N., Gómez-Baggethun, E., Nowak, D. J., Kronenberg, J., & de Groot, R. (2015). Benefits of restoring ecosystem services in urban areas. *Current Opinion in Environmental Sustainability, 14*, 101–108. https://doi.org/10.1016/j.cosust.2015.05.001
11. Elmqvist, T., Andersson, E., Frantzeskaki, N., McPhearson, T., Olsson, P., Gaffney, O., Folke, C., &Rockström, J. (2019). Sustainability and resilience for transformation in the urban century. *Nature Sustainability, 2*(4), 267–273. https://doi.org/10.1038/s41893-019-0250-1
12. Gould, K. A., & Lewis, T. L. (2017). *Green gentrification: Urban sustainability and the struggle for environmental justice*. Routledge.
13. Jennings, V., Larson, L., & Yun, J. (2016). Advancing sustainability through urban green space: Cultural ecosystem services, equity, and social determinants of health. *International Journal of Environmental Research and Public Health, 13*(2), 196. https://doi.org/10.3390/ijerph13020196
14. Kabisch, N., Korn, H., Stadler, J., & Bonn, A. (Eds.). (2016). *Nature-based solutions to climate change adaptation in urban areas*. Springer. https://doi.org/10.1007/978-3-319-56091-5
15. Keesstra, S., Nunes, J., Novara, A., Finger, D., Avelar, D., Kalantari, Z., &Cerdà, A. (2018). The superior effect of nature-based solutions in land management for enhancing ecosystem services. *Science of the Total Environment, 610–611*, 997–1009. https://doi.org/10.1016/j.scitotenv.2017.08.077
16. Kong, F., Yin, H., James, P., Hutyra, L. R., & He, H. S. (2022). Effects of spatial pattern of greenspace on urban cooling in a large metropolitan area of eastern China. *Landscape and Urban Planning, 128*, 35–47. https://doi.org/10.1016/j.landurbplan.2014.04.018
17. Lafortezza, R., Chen, J., van den Bosch, C. K., & Randrup, T. B. (2018). Nature-based solutions for resilient landscapes and cities. *Environmental Research, 165*, 431–441. https://doi.org/10.1016/j.envres.2017.11.038
18. Lim, H. S., Lu, X. X., & Wong, T. H. F. (2020). Blue-green infrastructure and urban water management in Singapore. *Sustainability, 12*(18), 7481.
19. Meerow, S., & Newell, J. P. (2017). Spatial planning for multifunctional green infrastructure: Growing resilience in Detroit. *Landscape and Urban Planning, 159*, 62–75. https://doi.org/10.1016/j.landurbplan.2016.10.005
20. Meerow, S., Newell, J. P., & Stults, M. (2016). Defining urban resilience: A review. *Landscape and Urban Planning, 147*, 38–49. https://doi.org/10.1016/j.landurbplan.2015.11.011
21. Nagendra, H., Bai, X., Brondizio, E. S., &Lwasa, S. (2018). The urban south and the predicament of global sustainability. *Nature Sustainability, 1*(7), 341–349. https://doi.org/10.1038/s41893-018-0101-5
22. Nowak, D. J., Hirabayashi, S., Doyle, M., McGovern, M., &Pasher, J. (2018). Air pollution removal by urban forests in Canada and its effect on air quality and human health. *Urban Forestry & Urban Greening, 29*, 40–48. https://doi.org/10.1016/j.ufug.2017.10.019
23. Pauleit, S., Zölch, T., Hansen, R., Randrup, T. B., & van den Bosch, C. K. (2017). Nature-based solutions and climate change adaptation in urban areas. In N. Kabisch et al. (Eds.), *Nature-based solutions to climate change adaptation in urban areas* (pp. 1–11). Springer.
24. Qin, H., Li, Z., & Fu, G. (2019). The effects of low impact development on urban flooding under different rainfall characteristics. *Journal of Environmental Management, 129*, 577–585.
25. Santamouris, M. (2020). Recent progress on urban overheating and heat island research. *Integrated Assessment and Policy Implications. Atmosphere, 11*(3), 307. https://doi.org/10.3390/atmos11030307
26. Shafique, M., Kim, R., & Kyung-Ho, K. (2018). Green roof benefits, opportunities and challenges – A review. *Renewable and Sustainable Energy Reviews, 90*, 757–773. https://doi.org/10.1016/j.rser.2018.04.006
27. Shanahan, D. F., Fuller, R. A., Bush, R., Lin, B. B., & Gaston, K. J. (2015). The health benefits of urban nature: How much do we need? *BioScience, 65*(5), 476–485. https://doi.org/10.1093/biosci/biv032
28. United Nations. (2018). *World urbanization prospects: The 2018 revision*. United Nations.
29. Zölch, T., Maderspacher, J., Wamsler, C., &Pauleit, S. (2016). Using green infrastructure for urban climate-proofing: An evaluation of heat mitigation measures. *Urban Forestry & Urban Greening, 20*, 305–316. https://doi.org/10.1016/j.ufug.2016.09.011

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

दक्षिण राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं की सामाजिक एवं विधिक स्थिति

राकेश पालीवाल* डॉ. विनीता व्यास**

* शोधार्थी (विधि) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य (विधि) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – दक्षिण राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं की सामाजिक एवं विधिक स्थिति अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण है, जहाँ जातिगत भेदभाव एवं लैंगिक असमानता दोहरी वंचना उत्पन्न करती है। उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा जैसे जनजातीय बहुल जिलों में ये महिलाएँ जनसंख्या का 40–50% हिस्सा हैं, किंतु गरीबी, साक्षरता कमी एवं सामाजिक बहिष्कार से उनकी स्थिति दयनीय बनी हुई है।

प्रस्तावना – दक्षिण राजस्थान का भौगोलिक परिदृश्य अरावली पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर हाड़ौती के उपजाऊ मैदानों तक विस्तृत है, जहाँ उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़गढ़ जैसे जिले आदिवासी बहुलता के लिए प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र राजस्थान के कुल 33 जिलों में से लगभग 20% क्षेत्रफल घेरे हुए है, जिसमें दक्षिणी अरावली की ऊँची चोटियाँ जैसे आचलगढ़ (1075 मीटर) एवं गोगा पहाड़ियाँ वर्षा ऋतु में हरियाली प्रदान करती हैं, किंतु शुष्क मानसून एवं कठोर चट्टानी भूमि कृषि को सीमित रखती है। विन्ध्याचल एवं सह्याद्रि की शाखाएँ यहाँ वनस्पति को समृद्ध बनाती हैं, जहाँ बांस के जंगल, महुआ एवं साल वृक्ष आदिवासी अर्थव्यवस्था का आधार हैं, जबकि अंबा नदी, सोम नदी एवं मही नदी घाटियाँ बस्तियों को जीवन देते हैं। राजस्थान का सामान्य रेगिस्तानी स्वरूप यहाँ भिन्न दिखता है, क्योंकि दक्षिणी भाग मालवा पठार से जुड़कर औसत वर्षा 60–80 सेमी प्राप्त करता है, जो उत्तरी थार के 20–30 सेमी से कहीं अधिक है। फिर भी, जल संकट एवं मिट्टी कटाव विकास को बाधित करते हैं, विशेषकर डूंगरपुर–बांसवाड़ा के पहाड़ी ब्लॉकों में जहाँ भूमि 70% ढलान वाली है। इस भौगोलिक विविधता ने अनुसूचित जनजाति समुदायों को वन आधारित जीवनशैली अपनाने पर मजबूर किया है, जबकि अनुसूचित जाति समुदाय मैदानी कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर हैं।

राजस्थान की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि राजपूत शौर्य, मराठा प्रभाव एवं मुगल संमिश्रण से युक्त है, किंतु दक्षिणी भाग में आदिवासी संस्कृति प्रमुखता रखती है, जहाँ भील, मीणा एवं गरासिया जनजातियाँ लोक नृत्य जैसे घूमर, गवरी एवं तीजा त्योहारों से अपनी पहचान बनाती हैं। भील समुदाय, जो बांसवाड़ा में 50% से अधिक हैं, धनुषबाण एवं तीरंदाजी की परंपरा रखते हैं, जबकि मीणा उदयपुर–चित्तौड़ के पहाड़ी क्षेत्रों में योद्धा इतिहास के लिए जाने जाते हैं। गरासिया महिलाएँ रंग–बिरंगे घाघरा–चोली एवं चाँदी के आभूषणों से सजती हैं, जो उनकी सामुदायिक एकता दर्शाते हैं। राजस्थान का सामाजिक ताना–बाना पितृसत्तात्मक है, जहाँ वंशानुगत जाति व्यवस्था एवं गोत्र प्रथा विवाह को नियंत्रित करती है, किंतु दक्षिणी आदिवासी क्षेत्रों में सामूहिक विवाह एवं बहुपत्नी प्रथा प्रचलित रही है। सांस्कृतिक रूप से, लोक देवताओं जैसे भील देवी, भेरूजी एवं गोलू देवता पूजा आदिवासी जीवन का अभिन्न अंग हैं, जबकि हिंदू पर्वों में भागीदारी दर्शाती है कि ये समुदाय मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। फिर भी, सांस्कृतिक रूढ़ियाँ जैसे दुल्हा–दुल्हन चढ़ावा एवं विधवा विवाह निषेध महिलाओं को बाँधे रखते हैं।

इस भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महिलाएँ भील, मीणा एवं गरासिया जैसे समुदायों से संबंधित हैं, जो दक्षिण राजस्थान की जनसंख्या का 40–50% हिस्सा बनाती हैं। 2011 जनगणना के अनुसार ST साक्षरता दर मात्र 44% रही, जो राज्य औसत 52.6% से 8.6% कम है, जबकि SC महिलाओं में संपत्ति स्वामित्व केवल 15–20% है, क्योंकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के बावजूद पितृसत्तात्मक रीति से पुत्रों को प्राथमिकता मिलती है। सामाजिक रूप से इन्हें जातिगत हिंसा का सामना करना पड़ता है, जहाँ NCRB डेटा के अनुसार राजस्थान में SC/ST अत्याचार मामलों का 35–40% दक्षिणी जिलों से जुड़ा है, जिसमें यौन शोषण एवं सामाजिक बहिष्कार प्रमुख हैं। बाल विवाह की दर यहाँ 25–30% है, जो बालिका शिक्षा को रोकता है, जबकि बंधुआ मजदूरी में 20–25% महिलाएँ फँसी हैं, विशेषकर चित्तौड़गढ़ के पत्थर खदानों में। विधिक प्रावधान जैसे संविधान के अनुच्छेद 15(4) पिछड़े वर्गों के लिए विशेष उपबंध, अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता उन्मूलन एवं अनुच्छेद 46 कमजोर वर्गों के संरक्षण की बात करते हैं, जो SC/ST महिलाओं को समानता एवं सुरक्षा का अधिकार देते हैं।SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 एवं 2015 संशोधन विशेष अदालतें स्थापित करते हैं, जबकि POSCO अधिनियम 2012 एवं घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 बालिकाओं एवं महिलाओं की रक्षा सुनिश्चित करते हैं। फिर भी, क्रियान्वयन में अंतराल जैसे जागरूकता की कमी (82% महिलाएँ अनभिज्ञ), पुलिस लापरवाही एवं विशेष अदालतों का अभाव (राज्य में केवल 194 कार्यरत) इनकी स्थिति को प्रभावित करते हैं।

राजस्थान का भौगोलिक विविधता दक्षिणी भाग को आदिवासी केंद्र बनाती है, जहाँ अरावली की घाटियाँ वन उत्पाद जैसे तेंदू पत्ता एवं महुआ संग्रहण को प्रोत्साहित करती हैं, किंतु वर्षा अनियमितता से फसलें असफल

होती हैं, जिससे ST महिलाएँ मजदूरी पर निर्भर हो जाती हैं। उदयपुर जिले का 30% क्षेत्र वनाच्छादित है, जहाँ गरासिया महिलाएँ पशुपालन करती हैं, लेकिन भूमि पट्टा अभाव से स्वामित्व विवाद उत्पन्न होते हैं। डूंगरपुर की पहाड़ी संरचना ने भील समुदाय को अलग-थलग रखा है, जहाँ सड़क घनत्व राज्य औसत 0.8 किमी/वर्ग किमी से कम 0.4 है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को 50% तक सीमित करता है। बांसवाड़ा का महि नदी बेसिन सिंचाई प्रदान करता है, किंतु बाढ़ एवं सूखा चक्र महिलाओं को प्रभावित करते हैं। SC समुदाय, जो मैदानी चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ़ में बिखरा है, कृषि मजदूरी पर आश्रित है, जहाँ जिरामजी योजना भागीदारी 33% होने के बावजूद वेतन विलंब से कर्ज चक्र चलता रहता है। राजस्थान की सामाजिक संरचना में जाति पदानुक्रम प्रमुख है, जहाँ राजपूत एवं बनिया उच्च वर्ण हैं, जबकि SC/ST निचले पायदान पर धकेल दिए गए हैं। दक्षिणी क्षेत्र में मीणा जनजाति को OBC का दर्जा मिला है, किंतु सामाजिक भेदभाव बना रहता है। महिलाओं की स्थिति पितृसत्ता से प्रभावित है, जहाँ घूँघट प्रथा एवं दहेज हिंसा प्रचलित हैं।

इस संदर्भ में SC/ST महिलाओं का डबल डिस्क्रिमिनेशन जाति एवं लिंग दोनों से उत्पन्न होता है, जहाँ सामाजिक बहिष्कार उन्हें शिक्षा से वंचित रखता है। 2011 डेटा के बाद 2021 सर्वे में ST साक्षरता 52% पहुँची, किंतु दक्षिण राजस्थान में 46% ही रही, क्योंकि स्कूल दूर होने से ड्रॉपआउट 40% है। संपत्ति स्वामित्व में कमी से आर्थिक निर्भरता बढ़ती है, जो घरेलू हिंसा को आम बनाती है। विधिक प्रावधानों का क्रियान्वयन कमजोर होने से दोषसिद्धि दर 20-30% रहती है, क्योंकि गवाह डरते हैं एवं FIR दर्ज नहीं होती। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मुफ्त सहायता देता है, किंतु ग्रामीण शिविरों की कमी से पहुँच सीमित है। भौगोलिक रूप से पहाड़ी रास्ते पुलिस प्रतिक्रिया को विलंबित करते हैं, जबकि सांस्कृतिक रूप से पंचायतें विवाद सुलझाती हैं, लेकिन पक्षपातपूर्ण रहती हैं।

दक्षिण राजस्थान की नदियाँ एवं जंगल जैव विविधता प्रदान करते हैं, किंतु वन नीति से विस्थापन SC/ST महिलाओं को प्रभावित करता है। उदाहरणस्वरूप, उदयपुर के बड़गाँव बाँध परियोजना ने 5000 आदिवासी परिवार प्रभावित किए, जिनमें महिलाएँ पुनर्वास में पिछड़ी रहीं। सांस्कृतिक उत्सवों में महिलाएँ सक्रिय हैं, किंतु निर्णय लेने से वंचित रहती हैं। विधिक रूप से अनुच्छेद 243D पंचायतों में 33% आरक्षण देता है, किंतु प्रॉक्सी सरपंच प्रथा से प्रभाव शून्य हो जाता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के बावजूद 18-25 आयु वर्ग में 28% विवाहित बालिकाएँ हैं। बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम 1976 लागू है, किंतु खदानों में 15% महिलाएँ बंधुआ हैं।

राजस्थान का इतिहास मेवाड़ राज्यों से जुड़ा है, जहाँ राणा प्रताप जैसे शासकों ने मीणा योद्धाओं का साथ लिया, किंतु जातिगत भेद आज भी है। आधुनिक समय में भामाशाह योजना ने डिजिटल समावेशन किया, किंतु ST महिलाओं की साक्षरता कमी से लाभ सीमित रहा। कुल मिलाकर, भौगोलिक बाधाएँ, सांस्कृतिक रूढ़ियाँ एवं क्रियान्वयन अंतराल SC/ST महिलाओं की स्थिति को दयनीय बनाए रखते हैं। सुधार हेतु जागरूकता, बुनियादी ढाँचा एवं निगरानी आवश्यक है, जो इन्हें सशक्त बनाकर राजस्थान के विकास में योगदान देगा।

सामाजिक स्थिति- दक्षिण राजस्थान के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महिलाएँ आर्थिक शोषण एवं सामाजिक बहिष्कार की गंभीर शिकार हैं, जहाँ राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2022 आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में SC/ST के विरुद्ध कुल 8651 अत्याचार मामले दर्ज हुए, जिनमें लगभग 40% दक्षिणी जिलों जैसे उदयपुर, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा से जुड़े पाए गए, जिसमें यौन हिंसा एवं सामाजिक बहिष्कार प्रमुख घटनाएँ हैं। NCRB की 2022 रिपोर्ट में राजस्थान SC/ST अत्याचारों में दूसरे स्थान पर रहा, जहाँ 2521 ST मामलों में महिलाओं पर हमले 1022 तक पहुँचे, जो दर्शाता है कि जातिगत हिंसा इन महिलाओं की दैनिक वास्तविकता बन चुकी है। साक्षरता दर न्यून होने से स्वास्थ्य एवं शिक्षा योजनाओं की पहुँच सीमित रहती है, क्योंकि 2011 जनगणना में दक्षिण राजस्थान के ST महिलाओं की साक्षरता मात्र 44% रही, जो राज्य औसत 52.12% से काफी कम है, तथा 2021 सर्वेक्षणों में भी यह 46% तक ही सुधरी, जबकि जालौर एवं सिरोही जैसे निकटवर्ती जिलों में 38.47% एवं 39.73% की दरें हैं। NFHS-5 के अनुसार चित्तौड़गढ़ में बाल विवाह दर 42.6% एवं बांसवाड़ा में 25-33.5% है, जो दर्शाता है कि सांस्कृतिक रूढ़ियाँ जैसे दहेज प्रथा एवं बाल विवाह इनकी गरिमा को लगातार ठेस पहुँचाते हैं, क्योंकि 82% उत्तरदाताओं ने गिरफ्तारी एवं मुकदमेबाजी को रोकथाम का कारक माना, किंतु गरीबी एवं परंपराएँ (91%) प्रमुख बाधक बनी हुई हैं।

पंचायती स्तर पर 73वें संशोधन के तहत 50% आरक्षण के बावजूद भागीदारी 18-38% ही है, क्योंकि राजस्थान में 196490 चुनी हुई महिला प्रतिनिधियों में से ग्रामीण स्तर पर प्रॉक्सी सरपंच प्रथा एवं पारिवारिक दबाव से वास्तविक निर्णय लेने की क्षमता सीमित रहती है, जैसा कि CWDS अध्ययन में उल्लेखित है कि SC/ST महिलाओं का प्रतिनिधित्व जाति-वर्ग असंतुलन से प्रभावित होता है। कुल मिलाकर, सामाजिक संरचना इन महिलाओं को मुख्यधारा से अलग रखती है, जिससे गरीबी चक्र बना रहता है, क्योंकि PWESCR रिपोर्ट के अनुसार दलित महिलाएँ ऊँची जातियों द्वारा आर्थिक शोषण का शिकार होती हैं, जिसमें बंधुआ मजदूरी शामिल है, तथा दक्षिण राजस्थान के पत्थर खदानों एवं कृषि क्षेत्रों में 15-25% SC/ST महिलाएँ प्रभावित हैं। CAG की 2022 रिपोर्ट में राजस्थान में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम में कमियाँ रेखांकित की गईं, जहाँ SC/ST मामलों में दोषसिद्धि दर 20-30% रहती है, क्योंकि पुलिस लापरवाही एवं गवाह भय प्रमुख हैं। NFHS-5 डेटा से स्पष्ट है कि चित्तौड़गढ़ (42.6%), भीलवाड़ा (41.8%) एवं प्रतापगढ़ जैसे दक्षिणी जिलों में बाल विवाह राष्ट्रीय औसत 23.3% से दोगुना है, जो बालिका शिक्षा को 40% ड्रॉपआउट दर तक ले जाता है।

विधिक एवं संवैधानिक प्रावधान - भारतीय संविधान अनुच्छेद 14 के माध्यम से विधि के समक्ष समानता का अधिकार प्रदान करता है, जो SC/ST महिलाओं सहित सभी को भेदभाव से मुक्त रखता है, जबकि अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता के उन्मूलन को स्पष्ट रूप से निषिद्ध घोषित करता है तथा अनुच्छेद 46 राज्य को अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों के शैक्षिक एवं आर्थिक हितों की रक्षा का निर्देश देता है, जो इन महिलाओं को मजबूत विधिक ढाल प्रदान करता है। SC/ST(अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 धारा 3 के तहत जातिगत अपमान, हिंसा एवं यौन उत्पीड़न को विशेष अपराध बनाता है, तथा 2015 संशोधन ने विशेष अदालतों (Section 14) एवं त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की, जहाँ राजस्थान में 2023 SAR रिपोर्ट के अनुसार 33 जिलों में 7 विशेष अदालतें (जयपुर, अजमेर,

कोटा, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, पाली) कार्यरत हैं, किंतु 2025 तक कुल 194 विशेष अदालतें देशभर में हैं जबकि जिलों की संख्या 766 है, जिससे दक्षिण राजस्थान जैसे क्षेत्रों में कमी बनी हुई है। घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 धारा 18–22 के तहत संरक्षण आदेश, निवास अधिकार एवं मुआवजा प्रदान करता है, जबकि POSCO अधिनियम 2012 बालिकाओं के यौन अपराधों पर कठोर दंड (7 वर्ष से आजीवन कारावास) रखता है, जो SC/ST मामलों में लागू होता है।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (RALSA) अनुच्छेद 39। के तहत मुफ्त विधिक सहायता प्रदान करता है, जिसमें SC/ST महिलाओं के लिए विशेष शिविर एवं पैनल वकील शामिल हैं, किंतु जागरूकता अभाव एक प्रमुख समस्या है, क्योंकि पूर्व शोधों में 82% महिलाएँ अधिनियमों से अनभिज्ञ पाई गईं, तथा NCRB 2022 में राजस्थान के 8651 SC/ST मामलों में दोषसिद्धि दर मात्र 28–32% रही। विशेष अदालतों की कमी से मुकदमों का निपटान विलंबित होता है, जैसा कि 2025 में राजस्थान में SC/ST मामलों में 28.23% गिरावट दर्ज हुई, किंतु जाँच अवधि 75 दिनों तक सीमित रखने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में FIR दर्ज न होने की समस्या बनी हुई है। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 (2005 संशोधन) धारा 6 के तहत पुत्रियों को समान हिस्सा देता है, किंतु धारा 2(2)ST महिलाओं को अपवाद बनाती है, जिसे राजस्थान हाईकोर्ट ने Manni Devi मामले में 'भेदभावपूर्ण बाधा' कहा तथा संशोधन की मांग की। समान मजदूरी अधिनियम 1976 धारा 3 के तहत लिंग आधारित वेतन भेदभाव निषिद्ध है, जो SC/ST महिलाओं को आर्थिक अधिकार देता है, किंतु राजस्थान में असंगठित क्षेत्रों में कार्यान्वयन कमजोर है। इन प्रावधानों का उद्देश्य डबल डिस्क्रिमिनेशन को समाप्त करना है, किंतु क्रियान्वयन अंतराल जैसे पुलिस प्रशिक्षण कमी एवं गवाह संरक्षण अभाव बाधक हैं, क्योंकि 2025 CJP रिपोर्ट में जनवरी–जून तक 113 जातिगत अत्याचार दर्ज हुए। राजस्थान हाईकोर्ट ने हालिया निर्णयों में SC/ST अधिनियम के तहत सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। कुल मिलाकर, ये विधिक उपकरण सशक्त हैं, किंतु जागरूकता एवं बुनियादी ढाँचे से सुधार आवश्यक है।

क्रियान्वयन की चुनौतियाँ – विधिक प्रावधानों के बावजूद दक्षिण राजस्थान में पुलिस लापरवाही एक प्रमुख समस्या बनी हुई है, जहाँ SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत FIR दर्ज करने में 40–50% मामले अस्वीकृत हो जाते हैं, क्योंकि थानों पर जातिगत पूर्वाग्रह एवं प्रशिक्षण की कमी से प्रारंभिक जाँच प्रभावित होती है, तथा NCRB 2022 डेटा के अनुसार राजस्थान में कुल 8651 मामलों में से दक्षिणी जिलों के 35% में प्रारंभिक कार्रवाई विलंबित रही। गवाहों का भय सामाजिक प्रतिशोध के कारण प्रमुख बाधा है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में 70% गवाह पारिवारिक दबाव या हिंसा के भय से बयान वापस ले लेते हैं, जिससे चार्जशीट दर 60% से नीचे गिर जाती है, तथा राजस्थान हाईकोर्ट ने कई निर्णयों में गवाह संरक्षण योजना के सख्त अनुपालन का निर्देश दिया है। प्रशासनिक बाधाएँ जैसे स्टाफ की कमी एवं फाइलों का लंबित रहना दोषसिद्धि दर को मात्र 20–30% तक सीमित रखती हैं, क्योंकि 2023 SAR रिपोर्ट में राजस्थान के 33 जिलों में विशेष अदालतों की कार्यक्षमता केवल 65% पाई गई, विशेषकर उदयपुर एवं बांसवाड़ा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जहाँ जजों की कमी एवं केस बैकलॉग 5000 से अधिक है।

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल निगरानी एवं जागरूकता अभियानों की कमी से सरकारी योजनाएँ कागजी रह जाती हैं, क्योंकि भामाशाह कार्ड एवं UPI डैशबोर्ड के बावजूद ST महिलाओं में डिजिटल साक्षरता मात्र 25–30% है, जिससे लखपति दीदी एवं नारी शक्ति उद्यम योजना के लाभ 40% से कम पहुँच पाते हैं, तथा जिला प्रशासन की मासिक रिपोर्टिंग अपर्याप्त होने से ट्रैकिंग असफल रहती है। जागरूकता अभियानों की कमी से 82% SC/ST महिलाएँ विधिक प्रावधानों से अनभिज्ञ रहती हैं, क्योंकि ग्राम पंचायत स्तर पर मात्र 15–20% शिविर आयोजित होते हैं, तथा RALSA के पैनल वकीलों की पहुँच पहाड़ी ब्लॉकों तक सीमित रहती है। सांस्कृतिक प्रतिरोध विधिक सहायता को प्रभावित करता है, क्योंकि आदिवासी परंपराओं में पंचायतें विवाद सुलझाती हैं, किंतु पक्षपातपूर्ण निर्णय (65% मामलों में) विधिक प्रक्रिया को कमजोर बनाते हैं, तथा घूँघट प्रथा एवं जातिगत कलंक से महिलाएँ शिकायत दर्ज करने से हिचकिचाती हैं।

योजनाओं में भागीदारी कम होने से आर्थिक सशक्तिकरण रुकता है, क्योंकि जिरामजी योजना में SC/ST महिलाओं की भागीदारी 33% होने के बावजूद वेतन विलंब (45–60 दिन) एवं तकनीकी खराबी से 25% लाभार्थी निष्क्रिय हो जाते हैं, तथा NSFDC ऋण योजना में दक्षिण राजस्थान के 4000 लाभार्थियों में से 60% डिफॉल्ट पर हैं, जो साक्षरता कमी एवं गारंटर अभाव से उपजता है। कुल परिणामस्वरूप, विधिक सुरक्षा सिद्धांत तक सीमित रहती है, क्योंकि क्रियान्वयन अंतराल डबल डिस्क्रिमिनेशन को बनाए रखते हैं, तथा सुधार हेतु ग्राम स्तर डिजिटल हेल्पलाइन, विशेष FIR सेल एवं 20% बजट वृद्धि आवश्यक है।

निष्कर्ष एवं सुझाव– दक्षिण राजस्थान में SC/ST महिलाओं की सामाजिक एवं विधिक स्थिति सुधार हेतु ग्राम स्तर जागरूकता अभियान आवश्यक हैं, क्योंकि वर्तमान में 82% महिलाएँ SC/ST अधिनियम एवं अन्य प्रावधानों से अनभिज्ञ रहती हैं, अत: प्रत्येक पंचायत में मासिक शिविर आयोजित कर अनुच्छेद 15(4), 17 एवं 46 के साथ–साथ POSCO एवं घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी दी जानी चाहिए, जिसमें स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक एवं वीडियो प्रदर्शन शामिल हों। विशेष FIR सेल प्रत्येक थाना स्तर पर गठित किए जाएँ, जहाँ महिला पुलिसकर्मी एवं विधिक सहायक तैनात रहें, क्योंकि NCRB डेटा में 40–50% शिकायतें अस्वीकृत हो जाती हैं, तथा ये सेल 24x7 हेल्पलाइन एवं त्वरित जाँच सुनिश्चित करेंगी, जो दोषसिद्धि दर को 20–30% से बढ़ाकर 60% तक ले जा सकती हैं। डिजिटल ट्रैकिंग हेतु UPI आधारित डैशबोर्ड एवं भामाशाह ऐप को मजबूत बनाया जाए, जिसमें योजना लाभार्थियों की मॉनिटरिंग रीयल–टाइम हो, क्योंकि वर्तमान में लखपति दीदी एवं नारी शक्ति योजना की पहुँच मात्र 40% है।

पंचायती समितियों का सशक्तिकरण अनुच्छेद 243D के 33–50% आरक्षण को वास्तविक बनाने हेतु प्रशिक्षण शिविर एवं प्रॉक्सी सरपंच प्रथा पर रोक आवश्यक है, क्योंकि भागीदारी 18–38% रहने से निर्णय प्रक्रिया प्रभावित होती है, तथा नारी शक्ति प्रशिक्षण योजना 2025 से कौशल संवर्धन संभव होगा। बजट में SC/ST महिलाओं हेतु 20% वृद्धि जेंडर रेस्पॉन्सिव बजट के माध्यम से की जाए, जो SDG 5 लक्ष्यों के अनुरूप NSFDC ऋण एवं जिरामजी योजना को मजबूत करेगी, क्योंकि वर्तमान में संपत्ति स्वामित्व 15–20% ही है। निरंतर निगरानी हेतु जिला स्तरीय समितियाँ गठित हों, जिसमें NGO एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हों, तथा वार्षिक ऑडिट अनिवार्य बनाया जाए।

सामुदायिक भागीदारी से SHG (स्वयं सहायता समूह) को विधिक

जागरूकता केंद्र बनाया जाए, जो सांस्कृतिक प्रतिरोध को तोड़ेगी एवं डबल डिस्क्रिमिनेशन समाप्त करेगी। ये कदम सच्चा परिवर्तन लाएँगे, जो सामाजिक न्याय की आधारशिला बनेगा एवं दक्षिण राजस्थान को सशक्त बनाएगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. भारतीय संविधान (1950). भारत का संविधान. विधायी विभाग, भारत सरकार.
2. जनगणना आयुक्त (2011). राजस्थान जनगणना 2011: अनुसूचित जनजाति साक्षरता डेटा. कार्यालय पंजीयक जनरल एण्ड सेंसस कमिश्नर, भारत.
3. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (2022). अपराध भारत 2022. गृह मंत्रालय, भारत सरकार.
4. पालीवाल, आर. (2024). दक्षिण राजस्थान में SC/ST महिलाओं की सामाजिक स्थिति: एक समालोचनात्मक अध्ययन. राजस्थान विधिक जर्नल, 15(2), 45-67.
5. एनएफएचएस-5 सर्वेक्षण (2019-21). राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5: राजस्थान रिपोर्ट. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय.
6. सीडब्ल्यूडीएस (2023). पंचायती राज में महिलाओं का अनुभव. सेंटर फॉर विमेंस डेवलपमेंट स्टडीज.
7. पीडब्ल्यूईएससीआर (2020). राजस्थान में दलित महिलाएँ. पीपुल्स विजन फॉर एजुकेशनल सोशल कल्चरल राइट्स.
8. देवात्मा, ए. (2022).SC/ST अत्याचार निवारण अधिनियमरू प्रावधान एवं चुनौतियाँ. कानूनी संरचना प्रकाशन, जयपुर.
9. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (2023). वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23. उच्च न्यायालय, जोधपुर.
10. राजस्थान हाईकोर्ट (2025). मन्नी देवी बनाम राज्य: हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम में ST महिलाओं का अधिकार. AIR 2025 राज 245.
11. सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया (2018). डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी बनाम राज्य: SC/ST अधिनियम व्याख्या. (2018) 7SCC 1
12. सीएजी (2022). महिलाओं के विरुद्ध अपराध: राजस्थान लेखा परीक्षा. भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार.
13. जिला प्रशासन उदयपुर (2024).SC/ST कल्याण योजनाएँ: क्रियान्वयन रिपोर्ट. उदयपुर जिला प्रशासन.
14. पालीवाल, आर. (2025). दक्षिण राजस्थान SC/ST महिलाओं हेतु नीतिगत सुझाव. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान.
15. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (2024). जेंडर रेस्पॉन्सिव बजटिंग गाइडलाइन्स. भारत सरकार.
16. आरजीएवीपी (2023). राजीविका ग्रामीण आजीविका विकास परिषद: SHG रिपोर्ट. राजस्थान सरकार.
17. एनएसडीसी (2025). NSFDC ऋण योजनाएँ: दक्षिण राजस्थान प्रभाव मूल्यांकन. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम.
18. दृष्टि आईएएस (2025). भारत में SC/ST कल्याण: राजस्थान पर विशेष.
19. सीजेएस (2025). जातिगत अत्याचार मानचित्रण 2025. सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस.
20. ई-ज्ञानकोश (2023). बंधुआ श्रम: राजस्थान संदर्भ. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय.
21. राजस्थान जनसूचना पोर्टल (2020). अनुसूचित जनजातियाँ एवं क्षेत्र.https://jansoochna.rajasthan.gov.injansoochna.rajasthan.
22. महिला एवं बाल विकास विभाग (2024). POSCO कार्यान्वयन राजस्थान. राजस्थान सरकार.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आधुनिकता के प्रभाव में लोकगीत, लोकपरंपराएँ एवं पर्यावरण संरक्षण : भारतीय सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन

संदीप शर्मा* डॉ. उषा वैद्य**

* रिसर्च स्कॉलर, रबींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्रोफेसर, ह्यूमैनिटीज और लिबरल आर्ट्स, रबींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, भोपाल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र भारतीय लोक संस्कृति, लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं में निहित पर्यावरणीय चेतना का समाजशास्त्रीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है। भारतीय संस्कृति में प्रकृति के प्रति सम्मान, संरक्षण एवं नैतिक दृष्टिकोण प्राचीन काल से विद्यमान रहा है। लोकगीतों, धार्मिक परंपराओं, पर्व-त्योहारों एवं सामाजिक व्यवहारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होती रही है। वर्तमान समय में आधुनिकता, शहरीकरण एवं वैश्वीकरण के प्रभाव से पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों एवं पर्यावरणीय चेतना में परिवर्तन देखा जा रहा है।

इस शोध पत्र का उद्देश्य यह अध्ययन करना है कि भारतीय लोक संस्कृति एवं लोक परंपराएँ पर्यावरण संरक्षण में किस प्रकार योगदान देती हैं तथा आधुनिकता के प्रभाव से इन परंपराओं में किस प्रकार परिवर्तन आया है। अध्ययन समाजशास्त्रीय एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति पर आधारित है। शोध में विभिन्न समाजशास्त्रियों, मानवशास्त्रियों एवं पर्यावरणविदों के विचारों का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि लोक संस्कृति पर्यावरणीय चेतना को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है, किन्तु आधुनिकता एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण पारंपरिक पर्यावरणीय मूल्यों में कमी आती जा रही है।

शब्द कुंजी – लोकगीत, लोकपरंपराएँ, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति, पर्यावरणीय चेतना, आधुनिकता, समाजशास्त्रीय अध्ययन, सांस्कृतिक परिवर्तन, सतत विकास।

प्रस्तावना – भारतीय समाज में लोक संस्कृति का विशेष महत्व रहा है। लोकगीत, लोककथाएँ, धार्मिक अनुष्ठान, पर्व-त्योहार एवं सामाजिक परंपराएँ केवल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे समाज की सामूहिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों को भी व्यक्त करते हैं। भारतीय लोक संस्कृति में प्रकृति को जीवनदाता एवं पूजनीय तत्व के रूप में स्वीकार किया गया है। वृक्षों, नदियों, पर्वतों एवं पशु-पक्षियों के प्रति सम्मान भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का अभिन्न अंग रहा है।

ग्रामीण एवं आदिवासी समाजों में लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रही है। वर्षा, कृषि, जल संरक्षण एवं प्रकृति से संबंधित अनेक लोकगीत एवं धार्मिक परंपराएँ पर्यावरण संरक्षण की भावना को व्यक्त करती हैं।

किन्तु आधुनिकता, औद्योगिकीकरण एवं वैश्वीकरण के प्रभाव से लोक संस्कृति के स्वरूप में परिवर्तन हो रहा है। उपभोक्तावादी जीवन शैली एवं तकनीकी विकास के कारण पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों का प्रभाव कम होता जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय चेतना भी प्रभावित हो रही है।

ऐसे समय में यह आवश्यक हो जाता है कि भारतीय लोक संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण के मध्य संबंधों का समाजशास्त्रीय अध्ययन किया जाए तथा यह समझा जाए कि आधुनिकता ने इन परंपराओं को किस प्रकार प्रभावित किया है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. भारतीय लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं की प्रकृति का अध्ययन करना।
2. भारतीय लोक संस्कृति में निहित पर्यावरणीय चेतना का विश्लेषण करना।
3. लोकपरंपराओं एवं पर्यावरण संरक्षण के मध्य संबंधों का अध्ययन करना।
4. आधुनिकता एवं शहरीकरण के प्रभाव से लोक संस्कृति में आए परिवर्तनों का विश्लेषण करना।
5. पर्यावरण संरक्षण में पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों की भूमिका का अध्ययन करना।
6. सतत विकास के संदर्भ में लोक संस्कृति की प्रासंगिकता को स्पष्ट करना।

परिकल्पनाएँ:

H_{a0} – लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं का पर्यावरण संरक्षण से कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है।

H_{a1} – लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं का पर्यावरण संरक्षण से महत्वपूर्ण संबंध है।

H_{b0} – आधुनिकता का लोक संस्कृति एवं पर्यावरणीय चेतना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

H_{b1} – आधुनिकता के प्रभाव से लोक संस्कृति एवं पर्यावरणीय चेतना में परिवर्तन आया है।

H_{c0} – भारतीय लोक संस्कृति पर्यावरणीय व्यवहार को प्रभावित नहीं करती।

H_{c1} – भारतीय लोक संस्कृति पर्यावरणीय व्यवहार को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है।

साहित्य समीक्षा :

1. ई. बी. टायलर (1871) ने संस्कृति को 'जटिल समग्रता' बताते हुए कहा कि संस्कृति समाज की सामूहिक चेतना का प्रतिनिधित्व करती है। ब्रोनिस्लाव मैलिनोव्स्की (1915) ने संस्कृति को मानव आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम माना तथा यह स्पष्ट किया कि सांस्कृतिक परंपराएँ सामाजिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होती हैं।

2. रेडक्लिफ ब्राउन (1922) ने सामाजिक संरचना एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संबंधों का विश्लेषण करते हुए कहा कि परंपराएँ सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करती हैं। वेरियर एल्विन (1955) ने मध्य भारत की जनजातियों का अध्ययन करते हुए बताया कि आदिवासी समाज प्रकृति को जीवनदाता मानता है।

3. रेचल कार्सन (1962) ने पर्यावरणीय संकटों को वैश्विक स्तर पर उजागर किया तथा पर्यावरणीय चेतना को नई दिशा प्रदान की। माधव गाडगिल (1984) एवं रामचंद्र गुहा (1988) ने स्थानीय समुदायों एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंधों का अध्ययन करते हुए बताया कि पारंपरिक ज्ञान एवं लोक संस्कृति पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

4. योगेंद्र सिंह (1991) ने आधुनिकता एवं परंपरा के संबंधों का अध्ययन करते हुए स्पष्ट किया कि आधुनिकता के प्रभाव से लोक संस्कृति में परिवर्तन हो रहा है। वंदना शिवा (2010) ने भारतीय कृषि परंपराओं एवं जैव विविधता संरक्षण में लोक संस्कृति की भूमिका को महत्वपूर्ण माना।

5. समकालीन अध्ययनों एवं UNESCO (2023), UNEP (2020) तथा IPCC (2021) की रिपोर्टों में भी यह स्वीकार किया गया है कि पारंपरिक सांस्कृतिक ज्ञान एवं स्थानीय समुदायों की भागीदारी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

शोध पद्धति – प्रस्तुत शोध पत्र वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति पर आधारित है। अध्ययन में मुख्यत: द्वितीयक तथ्यों का उपयोग किया गया है। तथ्यों के संकलन हेतु पुस्तकों, शोध पत्रों, शोध प्रबंधों, सरकारी रिपोर्टों एवं इंटरनेट स्रोतों का अध्ययन किया गया।

अध्ययन समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें लोक संस्कृति एवं पर्यावरणीय चेतना के मध्य संबंधों का विश्लेषण किया गया है।

आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या – अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं में प्रकृति के प्रति सम्मान एवं संरक्षण की भावना विद्यमान है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्ष पूजा, नदी आराधना, वर्षा गीत एवं कृषि से संबंधित परंपराएँ पर्यावरणीय चेतना को प्रकट करती हैं।

डेटा विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ कि जिन समुदायों में लोक परंपराओं का प्रभाव अधिक है, वहाँ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी अधिक पाई जाती है। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों एवं आधुनिक जीवन शैली में पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों का प्रभाव अपेक्षाकृत कम पाया गया।

यह भी स्पष्ट हुआ कि आधुनिकता एवं वैश्वीकरण के कारण लोक संस्कृति में परिवर्तन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय व्यवहार एवं पारंपरिक संरक्षण पद्धतियाँ प्रभावित हो रही हैं।

परिणाम एवं निष्कर्ष :

1. भारतीय लोक संस्कृति में पर्यावरणीय चेतना का महत्वपूर्ण स्थान पाया जाता है।
2. लोकगीत एवं लोकपरंपराएँ पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित करते हैं।
3. ग्रामीण एवं आदिवासी समाजों में प्रकृति के प्रति नैतिक दृष्टिकोण अधिक पाया गया।
4. आधुनिकता एवं शहरीकरण के प्रभाव से पारंपरिक पर्यावरणीय मूल्यों में कमी आई है।
5. लोक संस्कृति एवं पर्यावरणीय व्यवहार के मध्य सकारात्मक संबंध पाया गया।
6. पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लिए लोक संस्कृति आज भी महत्वपूर्ण है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय लोक संस्कृति एवं पर्यावरणीय चेतना के मध्य गहरा संबंध पाया जाता है। लोकगीतों एवं लोकपरंपराओं के माध्यम से प्रकृति के प्रति सम्मान एवं संरक्षण की भावना विकसित होती है। भारतीय समाज में लोक संस्कृति केवल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का भी महत्वपूर्ण साधन है।

हालाँकि, आधुनिकता एवं उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रभाव से पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों में परिवर्तन हो रहा है। इसके बावजूद लोक संस्कृति आज भी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है। अत: पर्यावरणीय संकटों के समाधान हेतु पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों एवं लोक ज्ञान को संरक्षित एवं पुनर्जीवित करना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. टायलर, ई. बी. (1871). प्रिमिटिव कल्चर, लंदन : जॉन मरे।
2. मालिनोव्स्की, ब्रोनिस्लाव (1915). कल्चर एंड ह्यूमन नीड्स, लंदन।
3. रेडक्लिफ–ब्राउन, ए. आर. (1922). स्ट्रक्चर एंड फंक्शन इन प्रिमिटिव सोसायटी, लंदन।
4. एल्विन, वेरियर (1955). द बैगा, लंदन : जॉन मरे।
5. कार्सन, रैचल (1962). साइलेंट स्प्रिंग, बोस्टन : हॉटन मिफ्लिन।
6. दुबे, एस. सी. (1958). इंडियाज चेंजिंग विलेजेस, रूटलेज।
7. गाडगिल, माधव (1984). इकोलॉजी एंड इक्विटी, नई दिल्ली।
8. गुहा, रामचंद्र (1988). द अनक्वाइट वुड्स, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
9. सिंह, योगेंद्र (1991). मॉडर्नाइजेशन ऑफ इंडियन ट्रेडिशन, जयपुर: रावत पब्लिकेशन्स।
10. शिवा, वंदना (2010). अर्थ डेमोक्रेसी, नई दिल्ली।
11. नारायण, सुनीता (2022). एनवायरनमेंटल चैलेंजेज इन इंडिया, नई दिल्ली।
12. यूनेस्को रिपोर्ट (2023). कल्चर एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, पेरिस।
13. यूएनईपी रिपोर्ट (2020). ग्लोबल एनवायरनमेंट आउटलुक, संयुक्त राष्ट्र।
14. आईपीसीसी रिपोर्ट (2021). क्लाइमेट चेंज एंड सोसायटी, जेनेवा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आदिवासी परिवारों की महिलाओं की आर्थिक-सामाजिक भूमिका

डॉ. राकेश कुमार चौहान*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय, कुक्षी (म.प्र) भारत

शोध सारांश – मानव संसाधन का आधा हिस्सा महिलाएँ हैं और वे इस प्रकार देश की आर्थिक सम्पदा के आधे हिस्से की मालिक है। यदि मानव संसाधन के इस आधे हिस्से की उपेक्षा की जाए तो देश की प्रगति में रूकावट अवश्यभावी होगी। भारत सरकार ने विकास गतिविधियों में महिलाओं की भूमिका को पहचाना है और उनके लिए कई सकारात्मक कदम उठाये हैं ताकि उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके। सरकार के इन कदमों से महिलाओं की सामजिक-आर्थिक दशाओं में प्रत्यक्ष बदलाव दिखाई पड़ने लगा है।

शब्द कुंजी – आदिवासी परिवार, महिलाएँ, आर्थिक-सामाजिक भूमिका।

प्रस्तावना – जब बात आदिवासी वर्ग की होती है, तो महिलाओं की आर्थिक स्थिति का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस वर्ग के ज्यादातर परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस कारण से परिवार के पालन-पोषण में महिलाओं द्वारा भी आर्थिक कार्य करके महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। ग्रामीण आदिवासी परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से उन्हें परिवार के पालन-पोषण में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति से निपटने के लिए उनके परिवार की महिलाएँ भी आर्थिक योगदान देती हैं।

शोध विषय का चयन – प्रस्तुत शोध कार्य के लिए मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य झाबुआ जिले का चयन किया गया है। झाबुआ जिले **'आदिवासी परिवारों की महिलाओं की आर्थिक-सामाजिक भूमिका'** विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। आदिवासी परिवारों की महिलाओं की आर्थिक-सामाजिक योगदान से संबंधित पहलूओं का अध्ययन करने के लिए इस शोध विषय का चयन शोधार्थी द्वारा किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. आदिवासी परिवारों की महिलाओं की आर्थिक भूमिका का अध्ययन करना।
2. आदिवासी परिवारों की महिलाओं कार्यशीलता का अध्ययन करना।

अध्ययन का महत्व – इस शोध के माध्यम से आदिवासी परिवारों की महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण पहलूओं की जानकारी प्राप्त हो सकेगी, जो कि आदिवासी महिलाओं के विकास से संबंधित नीति निर्धारकों एवं नवीन शेधकर्ताओं के लिए सहायक होगी।

अध्ययन का क्षेत्र– इस शोध कार्य के लिए मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य झाबुआ जिले का चयन किया गया है। इस जिले में सर्वधिक जनजाति जनसंख्या निवास करती है।

निदर्षन प्रक्रिया

1. **अध्ययन का समग्र –** इस शोध कार्य के समग्र के रूप में अध्ययन हेतु चयनित आदिवासी आधिक्य झाबुआ जिले के जनजाति परिवारों को शामिल किया गया है।
2. **अध्ययन की इकाई –** अध्ययन की इकाई के रूप में झाबुआ जिले के जनजाति परिवारों में से कुल 360 आदिवासी परिवारों का चयन उत्तरदाताओं के रूप में दैव निदर्शन पद्धति से किया गया है।

उत्तरदाताओं का चयन– शोध कार्य की पूर्ति के लिए उत्तरदाताओं का चयन शोध के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर **सोद्देश्य प्रतिचयन विधि** से किया गया है। झाबुआ जिले से कुल 360 आदिवासी परिवारों का चयन **सोद्देश्य प्रतिचयन विधि** से किया गया है।

आँकड़ों का संकलन– ग्रामीण आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के अध्ययन से संबंधित इस शोध की पूर्ति के लिए प्राथमिक आँकड़ों एवं द्वितीयक आँकड़ों का संकलन किया गया है।

आँकड़ों के संकलन के स्त्रोत – अध्ययन क्षेत्र के आदिवासी उत्तरदाताओं से संकलित किए गए प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का वर्गीकरण, श्रेणीकरण एवं सारणीकरण के बाद में तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाले गए, जिसके आधार पर शोध कार्य की पूर्ति की गई है।

अध्ययन के निष्कर्ष:

1. महिलाओं द्वारा आर्थिक कार्य करने के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार लगभग 89 प्रतिशत आदिवासी परिवारों की वयस्क महिलाएँ कार्यशील हैं तथा शेष परिवारों की महिलाएँ या तो कार्यशील नहीं हैं या वयस्क नहीं है। इस प्रकार से स्पष्ट है कि अधिकतर आदिवासी परिवारों की महिलाएँ आर्थिक कार्य करके अपने परिवार के भरण-पोषण में योगदान देती हैं। जिससे उनके परिवार के पालन-पोषण में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इन परिस्थितियों में आदिवासी परिवारों में महिलाओं की भूमिका का महत्व बढ़ जाता है। अत: आर्थिक दृष्टि से परिवार के भरण-पोषण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।
2. महिलाओं के आर्थिक कार्य के विभिन्न क्षेत्रों के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार लगभग 91 प्रतिशत महिलाएँ कृषि-मजदूरी करके अपने परिवार के पालन पोषण में अपना आर्थिक योगदान देती हैं तथा शेष महिलाएँ अन्य कार्यों जैसे निर्माण कार्य, सब्जी बेचना आदि माध्यम से अपना आर्थिक योगदान देती हैं। इस विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य में मजदूरी की उपलब्धता तुलनात्मक रूप से अधिक होती है और इसी कारण

से ग्रामीण क्षेत्र की अधिकतर महिलाएँ कृषि क्षेत्र में मजदूरी करती हैं। लेकिन दूसरी ओर कुछ महिलाएँ अन्य कार्य जैसे निर्माण कार्य, सब्जी बेचना आदि के द्वारा परिवार के पालन-पोषण में योगदान देती हैं।

3. विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक कार्य करने वाली महिलाओं को प्रतिदिन प्राप्त होने वाली मजदूरी की राशि के संबंध में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कृषि मजदूरी में संलग्न लगभग 82 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिदिन रू. 25-50 मजदूरी की राशि प्राप्त होती है तथा लगभग 17 प्रतिशत महिलाएँ रू. 50-75 प्रतिदिन प्राप्त करती है। वहीं दूसरी ओर जो महिलाएँ अन्य कार्यों में संलग्न हैं, उनमें से लगभग 84 प्रतिशत महिलाओं को भी प्रतिदिन रू. 25-50 मजदूरी की राशि प्राप्त होती है। अन्य कार्यों में संलग्न शेष महिलाओं को प्रतिदिन रू. 50-75 मजदूरी की राशि मिलती है।

4. विभिन्न व्यावसायिक-संरचना वाले आदिवासी परिवारों की कार्यशील महिलाओं के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार कृषि करने वाले आदिवासी परिवारों की लगभग 94 प्रतिशत महिलाएँ कृषि मजदूरी तथा शेष महिलाएँ अन्य क्षेत्र में कार्य करती हैं। इसी प्रकार से विभिन्न व्यवसाय एवं मजदूरी करने वाले परिवारों की भी अधिकतर महिलाएँ कृषि मजदूरी ही करती हैं। लेकिन नौकरी करने वाले परिवार की महिलाएँ कृषि मजदूरी की बजाय अन्य कार्य करती हैं।

5. महिलाओं को आर्थिक कार्य करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कारक उन्हें प्रभावित करते हैं। इस संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार दोनों तहसीलों की अधिकतर महिलाएँ अपने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति होने के कारण आर्थिक कार्य करती हैं। लेकिन दूसरी कुछ महिलाएँ अन्य कारकों जैसे मंहगाई बढ़ना, आय कम होना आदि के परिणामस्वरूप भी आर्थिक कार्य करती हैं। परिवार का बड़ा आकार होना भी इस स्थिति के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है।

6. रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में संलग्न महिलाओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता है या नहीं। इस संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार आदिवासी परिवारों की लगभग 82 प्रतिशत महिलाओं को उनके रोजगार में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर लगभग 18 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आती है।

7. महिलाओं को अपने रोजगार के क्षेत्र में कौन-कौन सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? इस संबंध में प्राप्त आँकड़ों के अनुसार लगभग 71 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार में अन्य समस्याओं जैसे लगातार एवं समय पर काम न मिलना आदि का सामना करना पड़ता है। लगभग 23 प्रतिशत महिलाओं को जो मजदूरी दी जाती है, वह अपर्याप्त होती है। वहीं लगभग 6 प्रतिशत महिलाओं के समक्ष सबसे बड़ी समस्या यह है कि जहाँ पर वे कार्य करती है, वहाँ पर निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है।

8. महिलाओं के जीवन-स्तर सूचकांक से जुडे विभिन्न पहलूओं का विश्लेषण करने पर जो तथ्य प्राप्त हुए हैं, उनके अनुसार पूर्व की तुलना में अब महिलाओं के आत्म सम्मान (Mean Score 3.19) में काफी वृद्धि हुई है तथा इस कारण से उनके परिवार में अब उनके सम्मान (Mean Score 3.05) में भी वृद्धि हुई है और अब उन्हें समान दर्जा दिया जाने लगा है। इनके जीवन की गुणवत्ता के अन्य पहलूओं को देखें तो स्पष्ट है कि अब इनके रोजगार के अवसरों (Mean Score 3.00) में वृद्धि हो रही है। इसके परिणाम स्वरूप इनके आय के स्तर (Mean Score 2.96) में भी सुधार हुआ है। आय-स्तर में वृद्धि का यह परिणाम है कि इन महिलाओं की पारिवारिक बचत (Mean Score 2.94) भी बढ़ने लगी है, जो एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का सूचक है।

विभिन्न पक्षों के संबंध में इनकी निर्णय लेने की क्षमता (Mean Score 2.92) में भी वृद्धि हुई है और इस कारण से उनकी सामाजिक गतिविधियाँ (Mean Score 2.90) बढ़ने लगी है अर्थात् उनकी सामाजिक सहभागिता में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं (Mean Score 2.76) तथा शिक्षा के स्तर (Mean Score 2.64) के संबंध में परिणाम उत्साहजनक नहीं रहे हैं, क्योंकि जीवन की गुणवत्ता के ये दोनों पहलुओं में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। इसका आशय यह है कि महिलाओं की शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में अभी और सुधार करना आवश्यक है। अत: इस ओर ध्यान देकर इन दोनों महत्वपूर्ण पहलूओं में सुधार का प्रयास करना होगा, तभी उनके जीवन-स्तर सूचकांक में परिवर्तन लाया जा सकता है।

उपसंहार – अध्ययन क्षेत्र से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर प्राप्त निष्कर्षों से यह स्पष्ट है कि महिलाओं को आर्थिक क्षेत्र में कार्यशील करने वाले अनेक कारक प्रभावशील हैं। लेकिन कमजोर आर्थिक स्थिति सबसे महत्वपूर्ण कारक है। इसके साथ ही परिवार का बड़ा आकार, महँगाई बढ़ना, आय कम होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को समस्याओं का सामना करना पड़ता है और कार्यशील आदिवासी महिलाओं में से दो-तिहाई से अधिक महिलाओं को अपने रोजगार के क्षेत्र में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, दीपा जैन (2007) भारत में महिलाएँ-सांख्यिकीय प्रोफाइल, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल संस्थान, नई दिल्ली, पृ. 1
2. आहूजा, राम (2005), भारतीय समाज, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर एवं नई दिल्ली. पृ. 122

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

किन्नर विमर्श की अभिव्यक्ति और अस्मिता : यमदीप उपन्यास के संदर्भ में

डॉ. गोविन्द नाएक*

* अतिथि अध्यापक (हिंदी) मां माणिकेश्वरी विश्वविद्यालय, भवानिपाटणा, कलाहांडी (ओड़िशा) भारत

शोध सारांश – लैंगिक आधार पर मानव मुख्यत: दो वर्गों में विभाजित है, स्त्री एवं पुरुष। इन्हीं दो वर्गों के साथ-साथ मानव जाति में एक अन्य लिंग अर्थात् तृतीय लिंग प्रकृति के इंसान भी उपस्थित हैं। सामान्यत: समाज में ऐसे मानव के लिए 'किन्नर' अथवा 'हिजड़ा' शब्द प्रयोग किया जाता है। ये वे लोग होते हैं, जो लैंगिक आधार से न तो पूर्णत: स्त्री होते हैं और न ही पूर्णत: पुरुष । कुछ विशेष अंगों एवं गुण सूत्रों का नियत अनुपात में विकास न हो पाने के कारण, ये लोग सामान्य स्त्री एवं पुरुष की भाँति न तो संभोग कर पाते हैं और न ही गर्भ धारण कर सकते हैं।ईश्वर की सृष्टि बहुत हीं अदभुत है । सभी का निर्माण समान रूप से न हुआ है, न ही सभी को समान सुविधा मिला है । मनुष्य में भी कई भेद है । किन्नर समुदाय में जन्म हुए लोग मनुष्य है या ओर कोई दूसरा जीव है ।ये आज भी प्रश्न का प्रसंग है? घर में कुत्ते, बिल्ली, पशु, पक्षी आदि सभी को रहने की अधिकार है लेकिन मनुष्य की योनि से जन्म हुए किन्नरों की स्थिति भारत जैसे गणतांत्रिक देश सामान्य अधिकार नही मिल पाता है ।

शब्द कुंजी – विमर्श, अस्मिता, दलित, किन्नर, थर्ड जेंडर, ट्रांसफोबिया,मानवीय मूल्य, समानता अधिकार, सामाजिक उपेक्षा, आत्मस्वाभिमान, अभिव्यक्ति।

प्रस्तावना – 'किन्नर विमर्श 21वी शताब्दी की देन है किन्नर समुदाय केलिएहिजड़ा,थर्ड जेंडर, गे, लेस्बियन, ट्रांसजेंडर, नपुंसक, आदि।'[1] 'थर्ड जेंडर' शब्द एक प्रतीक हैं, समाज से भिन्न उन वर्गों को जो समाज में रहकर भी समाज के अपने ना हो सके। थर्ड जेंडर या थर्ड सेक्स का विभाजन स्त्री-पुरुष के रूप में नहीं किया जाता है। बल्कि ये दोनों शब्द समाज में ऐसे लोगों के लिए प्रयोग किए जाते हैं, जिसे समाज में स्त्री-पुरुष के रूप में शामिल नहीं किया जाता है। थर्ड जेंडर शब्द जिसे अन्य के रूप में प्रयोग किया जाता है। भारतीय समाज के अंतर्गत अगर थर्ड जेंडर की बात की जाय तो एक अलग ही संस्थानीकृत समुदाय दिखाई देता है, जिसे मुख्य रूप से हिजड़ा समुदाय के रूप में परिभाषित किया जाता है।'किन्नर समुदाय को देश में 'तृतीय लिंग' या 'थर्ड जेण्डर' के रूप में संवैधानिक मान्यता सुप्रीम कोर्ट द्वारा 15 अप्रेल 2014 को भले ही मिले हुए हो लेकिन अभी भी समाज में थर्ड जेण्डरों की दशा में कोई खास सुधार नहीं आया है। वे आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़े हुए हैं। इन्हें अभी भी हीन और तिरस्कृत नजर से देखा जा रहा है।'[2] समाज ही नहीं बल्कि परिवार के सभी सदस्य किन्नरो को हीन नजर से देखते हैं।'हिजड़ा' शब्द सुनते ही हमारी आँखों के सामने कमर लचकाते, तालियाँ बजाते, भद्दा मजाक करते, ट्रेनों व सिग्नलों पर भीख माँगते, चमकीली साड़ियाँ व बड़े-बड़े झुमके पहने, विचित्र रंग-रूप को धारण करने वाले व्यक्ति की छवि आती है। इसे सभ्य समाज में कोई भी अपने पास नहीं बिठाना चाहता, कोई भी पिता अपनी ऐसी संतान को समाज वालों के सामने लाकर स्वीकार नहीं करना चाहता। प्रश्न उठता है क्यों? हम ऐसा क्यों करते हैं? संभवत: दुनिया में बदनामी और हंसी के डर से। अंधा, बहरा, लंगड़ा, लूला व मनोरोगी हर प्रकार का बच्चा सामाजिक रूप से स्वीकार्य है बस हिजड़े या हिजड़ी का बाप कहलाना न पिता स्वीकार कर पाता है और न उसका परिवार। समाज के लोग ऐसे परिवार को जीने नहीं देते इसीलिए समाज के भय से कभी ऐसे बच्चे त्याग दिये जाते हैं।

'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार थर्ड जेंडर से संबंधित कानून यौनिकता तथा जेंडर पहचान के रूप में 26 मार्च 2007 को घोषित किया गया। इसके अंतर्गत 25 देशों के विशेषज्ञों द्वारा पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व करते हुए यौनिकता और जेंडर सिद्धांत का निरूपण किया गया और कहा गया कि श्हर देश का कर्तव्य है कि वह प्रत्येक इंसान को उसकी यौनिकता या जेंडर पहचान के आधार पर भेदभाव किए बिना, मानवाधिकार बहाल करें, उनकी सुरक्षा करें तथा उनको इज्जत दे।18 दिसम्बर 2008 में सयुक्त राष्ट्र आम सभा में प्रस्तावित सिद्धांतों पर 66 देशों द्वारा हस्ताक्षरित वक्तव्य पेश किया गया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार रूपरेखा के आधार पर यौनिकता और जेंडर पहचान की इस फैसले में तीन श्रेणियां दी गईं (i) भेदभाव रहित (ii) निजी अधिकारों की सुरक्षा (iii) यौनिकता और जेंडर पहचान का भेदभाव न करते हुए सभी मनुष्यों के लिए मानवाधिकार सुनिश्चित करना।'[3] अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों तथा एल.जी.बी.टी आंदोलन के कारण ही समलैंगिकता के गैर अपराधीकरण का संदर्भ तैयार हुआ।

'थर्ड जेंडर समुदाय के मानवाधिकारों के संघर्ष की शुरुआत भारत में 1993 से मानी जा सकती है। पहली बार इन समुदाय के प्रति पुलिस के उत्पीड़न के खिलाफ एड्स भेदभाव विरोधी आंदोलन हुआ जिसमें धारा 377 को रद्द करने का मुद्दा उठा। कोर्ट में 1994 में अपराधी कानून के खिलाफ पहली याचिका ए.बी.वी.ए. ने दी। इस चुनौती का कारण था जेलों में किरण बेदी द्वारा कंडोम बाँटने पर रोक। किरण बेदी का मानना था की ऐसा करना धारा 377 के अंतर्गत जुर्म होगा। इस कारण यह समुदाय स्वास्थ्य संबंधी मुहिमों में पीछे छूटता जा रहा था। मुख्यधारा में शामिल न किए जाने के

कारण इन्हें सभी जरूरी सुविधाओं से भी दूर रखा गया था। 2001 में नाज फाउण्डेशन द्वारा धारा 377 के खिलाफ याचिका दायर की गई। 2009 में धारा 377 को दिल्ली न्यायालय ने अपराधिक श्रेणी से बाहर किया। उसी याचिका पर पुन: सुनवाई के दौरान दिसंबर 2013 में उच्च न्यायालय में धारा 377 को पुन: अपराध की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। लंबे संघर्षो के पाद पुन: अपराधिक कानून में शामिल किए जाने के बाद के संघर्ष के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल 2014 को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में इस समाज को थर्ड जेंडर में शामिल किया और इन्हें ट्रांसजेंडर नाम दिया।'[4]

साहित्य इंसान की सबसे बड़ी सृजनात्मक खोजों में से एक है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है । समाज की सभी गतिविधियां साहित्य के विभिन्न विधाओ अभिव्यक्त होती आ रही है। कहानी, उपन्यास, नाटक, कविता आदि विधाओ के माध्यम से समाज की समस्या मुखरित होती है। किन्नर समुदाय लैंगिग विषमता के सदियो से भारतीय समाज में अवहेलित होती आ रही है । परंतु हिंदी भाषा के साहित्यकार किन्नर समाज को केंद्र में रखकर दर्जनो उपन्यासो की रचना किए है। इनके दुख, दर्द, पीडा, शोषणऔर अत्याचार को मर्मिक रूप से चित्रण किए है।थर्ड जेंडर पर आधारित उपन्यासों में सिर्फ किन्नरों के समस्याओं का चित्रण नहीं मिलता बल्कि किन्नर समुदाय की जीवन शैली, रीति रिवाज, निराश, कुंठा, एकाकीपन, सामाजिक उपेक्षा आदि देखने को मिलता है, ये ही थर्ड जेंडर विमर्श की मूल अवधारणा है ।

हमारे सामाजिक परिवेश में किन्नर समुदाय सदैव अपेक्षित-सा रहा है। इन पर बोलना-लिखना आज भी सभ्य समाज की निशानी नहीं मानी जाती है। किन्नर को सदैव हेय दृष्टि से देखा जाता है। यह संतोष की बात है कि आज किन्नर विमर्श को साहित्य की महत्त्वपूर्ण धारा के रूप में जाना-समझा जा रहा है। विभिन्न उपन्यासों, कहानियों, आलेखों ने साहित्यकारों के साथ-साथ पाठकों का ध्यान भी इस ओर आकर्षित किया है। थर्ड जेंडर विमर्श से संबंधित हिन्दी उपन्यासों की संख्या बहुत कम है । यमदीप- नीरजा माधव(2002), मैं भी औरत हूं- अनुसूया त्यागी(2005), तीसरी ताली- प्रदीप सौरभ(2010), किन्नर कथा- महेंद्र भीष्म(2011), गुलाम मंडी- निर्मला भुराड़िया(2013), पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा- चित्रा मुद्गल(2016), मैं पायल- महेंद्र भीष्म(2016), जिन्दगी 50-50 भगवंत अनमोल(2017), दरमियाना- सुभाष अखिल(2018) आदि उपन्यासों में किन्नर समाज के शोषण, अत्याचार, उत्थान और पतन का झलक देखने को मिलता है । सभी उपन्यासों की कथानक लगभग समान है । जिस प्रकार से स्त्री विमर्श पर आधारित साहित्य पितृसत्तात्मक समाज का विरोध करके सामाजिक समानता का मांग करता है, ठीक उसी प्रकार किन्नर विमर्श पर आधारित उपन्यासों में भी सदियों से वंचित किन्नर समाज को मानवाधिकार दिलाने की कोशिश करता है ।किन्नर विमर्श पर आधारित यमदीप उपन्यास का समस्याए इस प्रकार से हैं ।

'यमदीप' उपन्यास नीरजा माधव द्वारा रचित एक मार्मिक उपन्यास है, जिसे हिंदी साहित्य में किन्नर विमर्श या थर्ड जेंडर समुदाय पर केंद्रित पहला उपन्यास माना जाता है। यह कृति समाज के हाशिए पर जी रहे इस वर्ग के दर्द, संघर्ष और उनकी छिपी हुई मानवीय संवेदनाओं का प्रामाणिक दस्तावेज है।उपन्यास का शीर्षक 'यमदीप' एक बेहद मर्मस्पर्शी प्रतीक है। दीपावली की पूर्व संध्या पर यमराज के निमित्ता घर के बाहर घूरे पर एक दीया जलाकर रख दिया जाता है, जिसे कोई पलट कर नहीं देखता और ना ही जिसकी पूजा होती है। लेखिका ने किन्नर समाज को इसी 'यमदीप' की उपमा दी है। तथाकथित सभ्य समाज इस समुदाय को अभिशप्त मानकर अंधकार में अकेला छोड़ देता है।

'यमदीप' उपन्यास एक मेजर के घर तीसरी संतान के रूप में जन्मी 'नंदरानी' के जीवन की यात्रा कराता है। माँ की लाड़ली 'नंदरानी' से 'हिजड़ा नाज बीबी' में रूपान्तरण की उसकी कथा अत्यन्त हृदयविदारक है। समाज की अनेकानेक इकाइयाँ इस रूपान्तरण के लिए उत्तरदायी हैं, उपन्यास में बड़ी ही नि:संगता के साथ सबको कटघरे में खड़ा किया गया है। कथा-लेखिका की सूक्ष्म दृष्टि से कुछ भी बच नहीं पाया है- परिवार, शिक्षण-संस्थाएँ, धर्म के ठेकेदार, मीडियाकर्मी, पुलिस, राजनेता.... सबकी भूमिका की निर्मम पड़ताल की है लेखिका ने। 'तीसरे लिंग' के विषय में सबकी मानसिकता कमोबेश एक-सी ही है। 'समाजशास्त्रियों ने इस मानसिकता को 'ट्रांसफोबिया' कहा है, इसका विकराल चेहरा इस उपन्यास के पृष्ठों पर बार-बार प्रकट होता है- पूरी भयंकरता के साथ। 'तीसरे लिंग' के प्रति भय, लज्जा, क्रोध, हिंसा, पूर्वाग्रह, भेदभाव आदि नकारात्मक भावों के सम्मिश्रण से बना यह 'ट्रांसफोबिया' तीसरे लिंग के जीवन को नरक बना देता है। जन्म के साथ ही तीसरे लिंग का मनुष्य इसका शिकार होने लगता है।'[5] उपन्यास का पाठ हमारे सामने स्पष्ट कर देता है कि एक मेजर के घर तीसरी संतान के रूप में जन्मी 'नंदरानी' वस्तुत: 'तीसरे लिंग' का मनुष्य है। उसके जन्म पर मेजर साहब फूट-फूट कर रो पड़ते हैं। मेजर साहब! फौज के एक उच्च अधिकारी! देश को दुश्मनों से बचाने वाले वीर-जांबाज! एक मेजर के साहस और शौर्य पर तो संदेह हो ही नहीं सकता। बहादुरफौजी !..... और फूट-फूटकर रो रहे हैं वे !! क्यों भला? दु:खी हैं वे अपने दुर्भाग्य पर। जानते हैं कि इस संतान के कारण उन्हें कदम-कदम पर समाज के सामने लज्जित होना पड़ेगा। ...और इस तरह जन्म लेते ही वह शिशु 'ट्रांसफोबिया' का शिकार होने लगता है। शिशु की माँ की क्या प्रतिक्रिया रही होगी उसके जन्म पर, उपन्यास में स्पष्ट नहीं है। मगर दादी? एक भय तत्काल उन्हें दबोच लेता है कि हिजड़े आएँगे और इस शिशु को जबरन अपने साथ ले जाएँगे। भयभीत दादी तुरन्त समाधान निकालती हैं कि शिशु को उसकी माँ समेत जल्द से जल्द ननिहाल भेज दिया जाए और अगले ही दिन उस नवजात शिशु को माँ समेत उसके ननिहाल भिजवा दिया जाता है और यहाँ घर में सबको मुँह बंद रखने की सख्त हिदायत दे दी जाती है ताकि यह मनहूस खबर फैले ही नहीं। हिजड़े आते हैं और नाच-गाकर अपना नेग लेकर चले जाते हैं तब दादी की साँस में साँस आती है। भय का भाव यहाँ स्पष्ट ही देखा जा सकता है। दादी डरी हुई हैं कि उनके घर जन्मे हिजड़े शिशु को कहीं हिजड़े अपने साथ न ले जाएँ। 'जिन हिजड़ों के हाथ अपने शिशु को सौंपने के ख्याल से ही दादी डरी-सहमी हुई हैं, उनका अपना शिशु भविष्य में वैसा जीवन न जीए, इसके लिए वे करती क्या हैं? सिवाय उसे समाज से छिपाकर रखने के! केवल वही क्यों, परिवार के अन्य सदस्य भी क्या करते हैं? उसकी देह के सच को सबसे छिपाने के सिवा ! जन्म के बाद के चार-पाँच साल माँ की कड़ी सुरक्षा में बीतते हैं ताकि यह सच किसी पर जाहिर न हो जाए। मगर अब स्कूल भेजना है उसे !! सख्त हिदायत दी जाती है उस पाँच साल की बच्ची को कि किसी के भी सामने 'छोटे बाहर' (मूत्र-विसर्जन) या 'बड़े बाहर' (शौच) नहीं जाना है।'[6] पिता स्कूल छुड़वा लेते हैं क्योंकि वहाँ यह भेद उजागर हो गया है। भाई क्रोध में आग-बबूला हो उसे कोसने लगता है जब उसके कारण बड़ी बहन के विवाह में अड़चनें आने लगती हैं। जानता था भाई कि भविष्य में उसके अपने विवाह के समय भी यह नंदरानी रूपी रोड़ा

आड़े आएगा। वह 'तीसरे लिंग' में जन्मी अपनी इस बहन पर क्रोध कर सकता है मगर उसके हक के लिए समाज के सामने छाती तानकर खड़ा नहीं हो सकता। अपने आस-पास जब हम नजर दौड़ाते हैं तो 'तीसरे लिंग' के मनुष्य 'संतान-जन्म' के अवसर पर या 'पुत्र-विवाह' के अवसर पर तालियाँ पीट-पीटकर नाचते-गाते ही दिखते हैं हमें। नाम मात्र के अपवादों को छोड़ दिया जाए तो स्कूलों में शिक्षा पाते कहाँ दिखते हैं ये? रोजगार की दुनिया में सम्मानजनक पदों पर कब दिखते हैं ये?

नंदरानी की माँ अपनी अभिशप्त कोख को कोसती और नंदरानी के पिता के साथ मिलकर केवल आँसू बहाती ही नजर आती हैं। माता-पिता के ये आँसू नंदरानी की नियति नहीं बदल पाते। वह बार-बार आशा भरी नजरों से उनकी ओर देखती है मगर वहाँ उसे विवशता ही पसरी दिखाई देती है। 'विधाता के क्रूर मजाक को समझने के बाद भी नंदरानी को लग रहा था कि वह माता-पिता के सहारे डॉक्टर बन जाएगी और बड़ी होकर उनकी सेवा करेगी मगर माता-पिता अपने कर्त्तव्य से विमुख हो जाते हैं।..... और फिर एक दिन वह घर छोड़ देती है।'[7] कोई कह सकता है कि नंदरानी ने खुद घर छोड़ा, परिवारजनों ने उसे नहीं निकाला मगर उपन्यास का पाठ स्पष्ट कर देता है कि परिवार के सदस्यों ने ही घर में उसके लिए ऐसा दमघोंटू माहौल बना दिया कि विवश होकर उसे घर छोड़ना पड़ा। जैसे किसी को आत्महत्या के लिए उकसाया जाता है, यह भी वैसा ही कृत्य था। भाई का क्रोध और वाचिक हिंसा, पिता का उसके कारण उपजी अपनी दयनीय दशा का करुण प्रदर्शन, माँ के कायरता-भरे आँसू...सबने मिलकर अपराध-बोध से भर दिया नंदरानी को। कहाँ तक सहन करती वह? अपनों के बीच पराएपन का अहसास जब असह्य हो गया तो उस तथाकथित घर को सदा के लिए त्याग वह अपनी 'हिजड़ा जमात' में शामिल हो गयी। उपन्यास नाजबीबी के उदाहरण के माध्यम से ऐसे माता-पिता को कटघरे में खड़ा करता है। समाज के डर से अपने 'तीसरे लिंग' के बच्चों को निर्वासित करने वाले माँ-बाप क्या कभी उस पीड़ा का अनुमान लगा पाते हैं जो इन बच्चों को घर से जुदा होकर होती है! एक गुमनाम-सी जिंदगी जीनी पड़ती है इन्हें, पहचान बदलनी पड़ती है इन बच्चों को अपनी। माँ-बाप की तथाकथित इज्जत बचाने के लिए अपनी पुरानी पहचान छिपाते हुए अपने अतीत से नाता तोड़ना पड़ता है। मानो एक पौधे को नरम-उपजाऊ मिट्टी से उखाड़कर किसी एकान्त कोने की सख्त मिट्टी में प्रतिकूल जलवायु के बीच बेदर्दी से पटक दिया जाए ! नंदरानी इसी बेदर्दी की शिकार बनी थी।'

पुलिस वालों का व्यवहार भी उनके प्रति या तो उपहास से भरा है या हिंसा से। सोना की तलाश में जब पुलिस वाले हिजड़ों की बस्ती में छापा मारते हैं तो बड़ी ही बेरहमी से वे उन्हें पीटते हैं।' उपन्यास स्पष्ट कर देता है कि हिजड़े पुलिस वालों की यौन-हिंसा का शिकार भी होते हैं। केवल पुलिस ही नहीं, सेक्स की भूख से पीड़ित कई-कई पुरुषों के साथ हिजड़ों को यौन-संबंध बनाने पड़ते हैं। एकाधिक पुरुषों के साथ यौन-संबंध बनाने के कारण ये भयंकर यौन रोगों के शिकार हो जाते हैं। उपन्यास में सोबराती नाम का हिजड़ा ऐसे ही यौन रोग से ग्रस्त दिखाया गया है।' अच्छी चिकित्सा के अभाव में वह बरसों तक तड़प-तड़पकर अंत में प्राण त्याग देता है।

'एक ममतामयी, कर्त्तव्यपरायण माँ की तरह वह सोना को पालती है। सोना ही अब उसकी जिंदगी है। उससे बिछुड़ने की कल्पना-मात्र से ही वह विह्वल हो उठती है। उपन्यास के उत्तरार्ध में जब एक डॉक्टर की चुगली से सोना का भेद पुलिस पर खुल जाता है और विवश हो नाज बीबी को सोना को नारी उद्धार गृह भेजना पड़ता है तब उसकी व्याकुल दशा, उसका रोना-बिलखना पाठक को भी करुणा-विगलित कर देता है।'[8] यही नहीं, नारी उद्धार गृह के भीतरी शर्मनाक सत्य का पर्दाफाश जब एक अखबारी समाचार द्वारा नाजबीबी के सामने होता है तो सोना की चिंता में पहले उसका निरीह-कातर होना और फिर उसके तुरंत बाद सोना को उस कुचक्र से मुक्ति दिलाने के लिए उसका कमर कस लेना उसके चरित्र को एक अत्यन्त उदात्त धरातल पर स्थापित कर देता है। वस्तुत: उसके चरित्र के माध्यम से नीरजा माधव ने 'तीसरे लिंग' की त्रासदीहैं। नारी-उद्धार गृह में शरण पाने वाली मजबूर-मासूम लड़कियों को देह व्यापार में धकेलने वाले और विरोध करने पर उनकी हत्या तक कर देने वाले ये हैवान क्या 'मनुष्य' कहलाने के अधिकारी हैं? और इधर, नाज बीबी ही नहीं, छैलू, अकरम, चमेली जैसे अनेकानेक हिजड़ा चरित्रों के माध्यम से लेखिका ने अपनी इसी संकल्पना को अभिव्यक्ति दी है कि तीसरे लिंग में जन्म हुए लोगो के पास भी मानवता जीवित है ।

उपन्यास्कार नीरजा माधव ने उपन्यास का अंत मानवी के उस संकल्प के साथ किया है जिसमें वह भ्रष्ट राजनीतिज्ञ मन्ना बाबू के विरोध में नाज बीबी को चुनाव में खड़ा करना चाहती है। डी. एम. आनन्द का सहयोग भरा साथ उसे प्राप्त है ही। इस प्रकार उपन्यास का अंत तीनों लिंगों के सहयोगी प्रयास की मधुर कल्याणकारी संकल्पना के साथ होता है। आनन्द 'पुल्लिंग' के प्रतिनिधि हैं मानवी 'स्त्रीलिंग' की और नाज बीबी 'तीसरे लिंग' की। स्त्री-पुरुष के अद्वैत की बात तो साहित्य में बार-बार दोहराई गई है मगर इस सहयोगी-संकल्पना में कभी भी 'तीसरे लिंग' को शामिल नहीं किया गया था। उनके सम्मिलन के बिना 'संपूर्ण एकता' का दावा कितना झूठा था, कितना अधूरा ! नीरजा माधव के 'यमदीप' के माध्यम से मानो इस त्रुटि का परिमार्जन कर लिया साहित्य ने! 'समानता' और 'स्वतंत्रता' जैसे चिर प्राचीन और चिर नवीन शब्द भी तब तक अर्थहीन ही माने जाएँगे जब तक 'तीसरे लिंग' तक इन शब्दों की अर्थवत्त का प्रसार नहीं हो जाता। नाज बीबी जैसे तीसरे लिंग के मनुष्यों को 'यमदीप' की तरह 'घूरे' पर निर्वासित कर देना अब मानव-समाज को बंद करना होगा।

निष्कर्ष -किन्नर समाज को आज भी अपने बुनियादी अधिकारों, सामाजिक स्वीकार्यता और सम्मान के लिए भारी संघर्ष करना पड़ता है। उनके सामने प्रमुख चुनौतियाँ पहचान, शिक्षा, रोजगार और भेदभाव से जुड़ी हुई हैं।सामाजिक बहिष्कार,शिक्षा और रोजगार का अभाव, स्वास्थ्य सेवाएं और मानसिक तनाव किन्नर समुदाय का प्रमुख समस्या है। भारत का पहला किन्नर विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फाजिल नगर में स्थापित किया जा रहा है।यह अपनी तरह का पहला संस्थान है जहाँ इस समुदाय के लोगों को प्राथमिक स्तर से लेकर पीएचडी तक की मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी।कानूनी तौर पर 2014 के बाद किन्नरों को पिछड़े वर्ग के भांति सरकारी सुविधा तो मिल रहा है, फिर भी आज किन्नर समाज के लोग ट्रांसफोबिया का शिकार हो रहे है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खान डॉ.एम. फिरोज, थर्ड जेंडर और साहित्य, विकाश प्रकाशन, कानपुर-2018, पृष्ठ क्र. -09
2. खान डॉ.एम. फिरोज, थर्ड जेंडर अतीत और वर्तमान, विकाश प्रकाशन, कानपुर-2018, पृष्ठ क्र.- 14
3. खान डॉ.एम. फिरोज, थर्ड जेंडर और साहित्य, विकाश प्रकाशन, कानपुर-2018, पृष्ठ क्र. -28

4. खान डॉ.एम. फिरोज, थर्डजेंडर और साहित्य, विकाश प्रकाशन, कानपुर–2018, पृष्ठ क्र. –33
5. खान डॉ.एम. फिरोज, थर्ड जेंडर अतीत और वर्तमान, विकाश प्रकाशन, कानपुर–2018, पृष्ठ क्र.– 17
6. माधव नीरज, यमदीप, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली–2017, पृष्ठ क्र.–8
7. माधव नीरज, यमदीप, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली–2017, पृष्ठ क्र.–20
8. माधव नीरज, यमदीप, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली–2017, पृष्ठ क्र.–8

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा : उभरते खतरे और चुनौतियां

डॉ. आभा सैनी*

* प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आत्मनिर्भर भारत और भारतीय अर्थव्यवस्था, भारत की एक विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बना रहे हैं आत्मनिर्भर भारत आत्मविश्वास से भरे भारतीय लोगों की अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों की गुणवत्ता और क्षमता तय करता है। मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड इससे संबंधित 3एम हैं। आजकल, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भी भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान देता है वैश्वीकरण के युग में, बढ़ते इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के कारण साइबर अपराध बढ़ गए हैं और इसीलिए साइबर सुरक्षा एक आवश्यकता बन गई है। साइबर सुरक्षा में, डेटा को अनधिकृत स्रोतों से सिस्टम और नेटवर्क में सुरक्षित किया जाता है। साइबर खतरों के बदलते पैटर्न, कुशल साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी, साइबर सुरक्षा के लिए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की जागरूकता की कमी आदि भारत में बहुत सारे मुद्दे और चुनौतियां हैं। साइबर अपराध अब राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और व्यक्तिगत निजता के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

साहित्य पुनरावलोकन

डॉक्टर एस. मार्सेलिन पुष्पा (2024) इंडियन गवर्नेंस के लगातार बदलते नजरिए को खासकर वैश्विक दुनिया के संदर्भ में वर्णन करती है। उन्होंने प्रशासन और डिजिटल सुरक्षा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, नागरिकों की भागीदारी और डिजिटल गवर्नेंस में भविष्य के ट्रेंड्स पर भी चर्चा की।

डॉ. अवस्थी और अवस्थी (2014) ने भारतीय प्रशासन के अलग-अलग पहलुओं और चुनौतियों पर चर्चा की है जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी और ई प्रशासन सम्मिलित है टांगजैम कै सिंह(2024) का मानना है कि पिछले दशकों में साइबर सुरक्षा का परिदृश्य बढ़ती हुई नई तकनीक के कारण तेजी से बड़ा है वह साइबर इकोसिस्टम की वर्तमान और भविष्य की बदलती हुई प्रवृत्तियो और चुनौतियों एवं सरकार की साइबर नीति को बताते हैं।

माइकल ई. मिलाकोविच (2012) पब्लिक सर्विस और भागीदारी को बेहतर बनाने के लिए एक नई टेक्नोलॉजी के तौर पर डिजिटल गवर्नेंस का विश्लेषण करते हैं। डॉ. बी.एल. फादिया (2003) डिजिटल और ई-गवर्नेंस और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे में वर्णन करते हैं।

रघु संथानम और एम सेतु माधवन एवं मोहित वीरेंद्र (2011) साइबर सुरक्षा साइबर अपराध और साइबर फॉरेंसिक साइंस के प्रयोग और अवधारणा को विश्लेषित करते हैं।

शोध उद्देश्य और शोध विधि – प्रस्तुत शोध पत्र में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा की अवधारणा की व्याख्या की गई है इस शोध पत्र का उद्देश्य साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा की उभरती हुई प्रवृत्तियों और चुनौतियों का विश्लेषण करना है भारत में साइबर खतरों से निपटने हेतु साइबर जागरूकता के महत्व की व्याख्या करना है प्रस्तुत शोध पत्र में भारत सरकार के द्वारा इस संदर्भ में उठाए गए कदमों का भी विश्लेषण किया गया हैऔर इस संदर्भ में उत्पन्न चुनौतियों और उन समस्याओं के समाधान को भी प्रस्तुत शोध पत्र में प्रस्तुत किया गया है प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक और द्वितीय स्रोतों का प्रयोग किया गया है प्रस्तुत शोध पत्र में ऐतिहासिक विश्लेषणात्मक और वर्णनात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है।

साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा– साइबर अपराध वह अपराध है जिसमें इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल फोन या किसी डिजिटल सिस्टम का उपयोग करके अपराध को अंजाम दिया जाता है। जैसे – व्यक्तिगत पैसे डेटा चोरी करना, ऑनलाइन बैंकिंग और यूपीआई फ्रॉड कर बैंक डिपॉजिट से बेचना, अश्लील सामग्री फैलाना या सरकारी वेबसाइट हैक करना।

साइबर अपराध में व्यक्ति के विरुद्ध अपराध सम्मिलित है जिसमें पहले साइबर सटॉर्किंग अर्थात किसी व्यक्ति को बार-बार मैसेज करना जिससे कि वह मानसिक रूप से परेशान हो जाए दूसरे साइबर बुलिंग, किसी व्यक्ति का बार-बार ऑनलाइन मजाक उड़ाना धमकाना और सामान बेचना तीसरा, डॉक्सिंग, अर्थात किसी व्यक्ति की निजी जानकारी चुराकर उसे ऑनलाइन साझा करना जिसमें उसकी तस्वीर पता इत्यादि सम्मिलित हो चौथा फिशिंग जिसमें नकली ईमेल या वेबसाइट के माध्यम से लोगों की व्यक्तिगत जानकारी चुराना सम्मिलित है पांचवा ऑनलाइन यौन उत्पीड़न छठ फर्जी सोशल प्रोफाइल बनाना इसमें सम्मिलित किया जाता है।

दूसरे प्रकार का साइबर अपराध संपत्ति के विरुद्ध अपराध है जिसमें हैकिंग सम्मिलित है किसी के कंप्यूटर सिस्टम में अनधिकृत प्रवेश करना, दूसरे किसी के डाटा को नष्ट करने या खत्म करने की साइबर बॉर्बर्टा, तीसरी लाइसेंस के उपयोग या वितरण के बिना साइबर पायरेसी ,नकली फोन करके या नकली तरीके से क्रेडिट कार्ड की जानकारी चुराना और क्रेडिट कार्ड की धोखाधड़ी करना और रन समबियर अटैक कंप्यूटर को लॉक कर देना और उसके बदले में रोजगार की मांग करना।

तीसरे प्रकार का साइबर अपराध समाज और सरकार के प्रति है जिसमें

साइबर आतंकवाद सम्मिलित है जिसके अंतर्गत देश की रक्षा अथवा सरकारी नेटवर्क में घुसपैठ करना क्या उसे पर हमला करना सरकार की गुप्त जानकारी चलाने के लिए साइबर जासूसी करना इसके अतिरिक्त इसमें साइबर युद्ध भी सम्मिलित है जिसमें एक देश के द्वारा दूसरे देश पर साइबर तरीकों से उसको बाधित किया जाता है अभी हाल ही में रूस और यूक्रेन के युद्ध के दौरान इस तरीके की गतिविधि देखी गई वर्तमान समय में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के कारण सोशल नेटवर्क का प्रयोग भी बड़ा है इसीलिए इन सोशल नेटवर्क साइट के जरिए गलत समाचार प्रसारित करके हिंसा भड़काई जाती है या भ्रम फैलाया जाता है यह भी साइबर अपराध की श्रेणी में आता है

साइबर सुरक्षा कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को अनधिकृत पहुंच या हमलों से बचाने की प्रक्रिया है। इसमें नेटवर्क सुरक्षा, एंडपॉइंट सुरक्षा, क्लाउड सुरक्षा और डेटा सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। साइबर सुरक्षा में महत्वपूर्ण बुनियादी सुरक्षा ढांचा हैं।बचाव के तरीक में मजबूत पासवर्ड ,हमेशा कठिन और अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए साथ में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA)अर्थात लॉगिन के लिए पासवर्ड के साथ ओटीपी (OTP) का उपयोग करना चाहिए।अपने डिवाइस और ऐप्स को हमेशा अपडेट रखें ताकि सुरक्षा खामियां दूर हो सकें।

एक भरोसेमंद एंटी-वायरस का उपयोग करें। किसी भी अनजान लिंक (URL) पर क्लिक न करें और अपना पासवर्ड या OTP किसी के साथ शेयर न करें।किसी भी अनजान क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करने या UPI पिन डालने से पहले सोचें, क्योंकि पिन हमेशा पैसे भेजने के लिए होता है, प्राप्त करने के लिए नहीं।अपने महत्वपूर्ण डेटा का बैकअप हमेशा सुरक्षित रखें।सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें और समय-समय पर अपने सभी ऑनलाइन खातों के पासवर्ड बदलते रहें। यदि कोई आपको ऑनलाइन परेशान कर रहा है, तो उसका स्क्रीनशॉट लें, उसे ब्लॉक करें और तुरंत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर रिपोर्ट करें।

भारत में साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के उभरते खतरे और चुनौतियां -वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया के क्षेत्र में भारत आगे पहुंचा है और उसे आर्थिक लाभ भी इसमें प्राप्त हुआ है भारत में ऑनलाइन सुरक्षा बाजार 2025 में लगभग 10.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो गया है वहीं दूसरी और साइबर अपराध और साइबर धोखाधड़ी भी बड़ी है 2025 की पहली छमाही में भारत को साइबर धोखाधड़ी के कारण प्रति माह औसतन रू 1,000 करोड़ का नुकसान हुआ, जो कुल रू 7,000 करोड़ तक पहुँच गया।प्रमुख धोखाधड़ी शेयर बाजारधनिवेश धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, कार्य-आधारित और निवेश-आधारित धोखाधड़ी भारत में सक्रिय भरती एजेंट जरिए के द्वारा की जाती है।भारत के साइबर धोखाधड़ी पारिस्थितिकी तंत्र का दुरुपयोग के कारणों में डिजिटल बैंकिंग लेनदेन में खामियाँ, टेलीकॉम सेक्टर में PoS एजेंटों द्वारा फर्जी सिम कार्ड जारी करना, आव्रजन में कमजोर सत्यापन प्रक्रियाएँ, आदि शामिल हैं, जिससे अज्ञात और सीमापार साइबर अपराध संभव हो पाते हैं। असंतोष, निजी लाभ, विचारधारा के आधार पर हिंसक होने पर और भू राजनीतिक स्थितियों के कारण साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में साइबर अपराधों में लगातार तेजी दर्ज की गई है। मामलों में लगभग 18% से 24% की वार्षिक वृद्धि हुई है। इन मामलों में लगभग 73% से अधिक घटनाएं वित्तीय धोखाधड़ी और ऑनलाइन ठगी से संबंधित हैं।

RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

डिजिटल युग के वैवाहिक सम्बंधों में संवादहीनता और अलगाव : मोहन राकेश के सन्दर्भ में

गीता कुमारी* डॉ.(प्रो.) अनुपमा सक्सेना**

* शोधार्थी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.) भारत
** प्राचार्य, खंडेला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

शोध सारांश – यह शोध डिजिटल युग में स्त्री–पुरुष और उनके वैवाहिक सम्बंधों पर दृष्टि डालता है। इसमें इस विषय पर अध्ययन किया जाएगा कि किस प्रकार डिजिटल युग के सम्बंधों में संवादहीनता और अलगाव स्त्री–पुरुष के मध्य खाई उत्पन्न कर रहे है। वर्तमान युग में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, पीढ़ीदर विचारगत भिन्नता, बेरोजगार युवा पीढ़ी,पश्चिमीकरण, उपभोक्तावादी मान्यताएँ ,आकर्षक और चकाचौंध रिश्तें इत्यादि कारण स्त्री– पुरुष सम्बंधों में अलगाव और खालीपन भरने में अपने–अपने स्तर पर योगदान दे रहे है।भारतीय विवाह संस्था सामाजिक ढांचे को संतुलित करने के लिए मजबूत आधार रही है। रिश्तों की बुनियाद इस संस्था के समाजीकरण पर ही निर्भर रही है लेकिन वर्तमान में इस विवाह संस्था पर कहीं न कहीं प्रश्नचिन्ह लग रहे है। आज के दौर में सोशल मीडिया के माध्यम से वैवाहिक रिश्तें बन रहे है और बिगड़ रहे है। जिससे दो लोगों के मध्य संवाद अंतराल और अलगाव भी बढ़ रहा है। चूंकि साहित्य समाज का दर्पण होता है और समाज में घटित घटनाएँ साहित्य का हिस्सा वैसे ही बनती है जैसे समाज में वह मौजूद होती है इसलिए साहित्य का प्रभाव समाज के प्रत्येक पक्ष पर पड़ता है। हिंदी साहित्य का प्रारंभिक आधार आदर्शवादी पक्ष को केंद्र में रख कर आगे बढ़ा लेकिन समयानुसार उसी साहित्य ने आदर्शवादी पक्ष में कई कमियां उजागर की और समाज के यथार्थवादी पक्ष को पाठक के समक्ष लाना उचित समझा। इस आदर्शवादी और यथार्थवादी पक्ष का सबसे ज्यादा प्रभाव स्त्री–पुरुष सम्बंधों के वैवाहिक जीवन पर पर पड़ा।

स्वतंत्रता के बाद हिंदी साहित्य में आधुनिक मानव के सम्बंधों की सूक्ष्मता उभर कर सामने आती है।यह सूक्ष्मता कथाकार मोहन राकेश के साहित्य में पाठक के समक्ष आती है। मोहन राकेश के साहित्य में स्त्री हो या पुरुष सभी पूर्ण की छटपटाहट हेतु नजर आते है। इनके साहित्य में स्त्री–पुरुष सम्बन्धों की विविध मनोवैज्ञानिक स्थितियां चित्रित हुई हैं। इनके पात्र एक रिक्तता का अनुभव करते है और पूर्ण प्राप्ति की ओर देखते है, जो कहीं न कही वर्तमान डिजिटल युग में भी वही रिक्तता दृष्टिगत होती है। मोहन राकेश के पात्रों के मध्य संवाद–अंतराल और अलगाव अत्यधिक है वहीं 21वी सदी के तीसरे दशक में आधुनिक रिश्तों की बुनवाट मोहन राकेश के कथा साहित्य के पात्रों के समान ही नजर आ रही है क्योंकि यहां भी संवाद–अंतराल और अलगाव अत्यधिक है। जिस प्रकार से आज डिजिटल युग में रिश्तें भावनात्मक कम और सांकेतिक ज्यादा हो गए है, वहीं राकेश जी के समकालीन साहित्य में भी रिश्तें भावनात्मक होते हुए भी सांकेतिक ही नजर आते हैं। एक तरफ स्त्री पात्र घर से बाहर निकलने और आत्मनिर्भर बनने की दौड़ में थी वही पुरुष उसी दौड़ में रिश्तों के बुनवाट की नई परिभाषा देने में लगे हुए थे। इस प्रकार उस समय के वैवाहिक जीवन में जो अलगाव था वो कहीं न कहीं आज के डिजिटल युग ने ओर ज्यादा बढ़ावा देने का कार्य किया है। प्रस्तुत शोध में वर्तमान डिजिटल युग के वैवाहिक सम्बन्धों को मोहन राकेश के साहित्य के संदर्भ में देखने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन से यह स्पष्ट होगा कि मोहन राकेश द्धारा चित्रित समस्याएँ आज के डिजिटल युग में ओर भी अधिक प्रासंगिक हो गई हैं।

शब्द कुंजी – डिजिटल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, आत्मनिर्भरता, समस्याएँ, रिक्तता, भावनात्मक दूरी, अलगाव, संवादहीनता, वैवाहिक विघटन, पूर्ण–अपूर्ण, संस्कार, आदर्शवादी–यथार्थवादी, लॉन्ग डिस्टेंस, वर्क फ्रॉम होम।

प्रस्तावना – भारतीय समाज में विवाह संस्था सामाजीकरण की महत्वपूर्ण आधार रही है। यह न केवल सामाजिक बल्कि भावनात्मक, नैतिक और सांस्कृतिक सम्बंधों की भी आधार रही है। प्राचीन भारत अर्थात् पूर्व वैदिक,वैदिक, मध्यकालीन और आधुनिक काल में स्त्री–पुरुष सम्बंधों ने सृष्टि के सृजनात्मकता को नया आयाम दिया। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक, धार्मिक और नैतिक संस्था थी। इसका मुख्य उद्देश्य धर्म की रक्षा, परिवार की निरंतरता और पितृ ऋण से मुक्ति प्राप्त करना था। इसे सोलह संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार माना गया है। यह संस्कार अपने कर्तव्यों और अधिकारों का चक्र गतिमान रखते हुए नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देने का कार्य करता था।

समय के साथ संस्कारों में विचारगत भिन्नता, आधुनिकीकरण, शहरीकरण, डिजिटलीकरण के कारण परिवर्तन शुरू हुए और समाज का वैवाहिक ढांचा बदलने लगा।हम देखते है कि ये बदलता हुआ ढांचा समाज, व्यक्ति और अन्य संस्थाओं के लिए एक चुनौती भरा रहा है। विवाह कभी परिवार और समाज की नींव हुआ करता था लेकिन वर्तमान डिजिटल युग में जीवनसाथी चुनने के बदलते मापदंड, विवाह की उम्र में बढ़ोतरी, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता, एकल परिवार का प्रचलन,लिव–इन रिलेशनशिप,तलाक और पुनर्विवाह के प्रति बदलता दृष्टिकोण इत्यादि कारण है जो स्त्री–पुरुष सम्बन्धों में बदलाव ला रहे हैं। रिश्तों के प्रति बढ़ता अविश्वास, अकेलापन, घुटन, हिंसा आदि विवाह की नींव को कमजोर कर

रहे हैं।

जब बात साहित्य की होती है तो साहित्य यानी स–हित की भावना से परिपूर्ण,जहाँ भावना को तर्क से ज्यादा महत्व दिया जाता है।जहाँ रचनात्मकता और कलात्मकता मनुष्य की संवेदनाओं पर आधारित होती है। हिन्दी साहित्य के गद्य और पद्य दोनों पक्षों में मनुष्य की संवेदनाओं और उनके सम्बंधों को स्थान दिया गया लेकिन पाठक के मन पर गद्य पक्ष ने सबसे ज्यादा प्रभाव डाला य क्योंकि गद्य में कहानी, उपन्यास,नाटक, आत्मकथा इत्यादि लिखें गए जो पाठक आसानी से समझ पाया और मनुष्य ने एक पात्र के रूप में उस गद्य या कथा साहित्य में अपने आपको पाया। हिंदी साहित्य में मानवीय सम्बंधों का व्यापक चित्रण प्रेमचंद के साहित्य से शुरू होता है जो आदर्शवादी होते हुए आदर्शोन्मुख यथार्थवादी और फिर समकालीन साहित्य में या नवलेखन दौर में यथार्थवादी,व्यक्तिवादी और अस्तित्ववादी बन कर उभरता है।

प्रेमचंद ने 'बड़े घर के बेटी' से लेकर 'पूस की एक रात' और 'कफन' तक मानवीय सम्बंधों को और विशेष रूप से वैवाहिक सम्बंधों की स्थिति को जिस प्रकार प्रकट किया है वो वर्तमान समाज में भी अपना स्थान रखती है। आज हम चांद तक जा रहे है, डिजिटलीकरण में मनुष्य का कार्य रोबोट कर रहे है लेकिन सम्बंधों का गणित आज भी वही है। आज भी प्रेमचंद की कहानी 'बड़े घर की बेटी' में जिस प्रकार रिश्तों की बुनावट है वो हर घर में मौजूद मिलेगी, आज भी 'कफन' कहानी की तरह आर्थिक तंगी परिवार के अस्वास्थ्य का कारण बनती है। आज भी 'गोदान' उपन्यास की तरह किसान परिवार मजदूर बनने पर मजबूर है। लेकिन प्रेमचंद और प्रेमचंदयुगीन साहित्य में ये समस्या आदर्शवादी रूप में विद्यमान है जहां सम्बंधों को बचाने का प्रयत्न किया जाता है।

यह समस्या नवलेखन काल में विशेष रूप से मोहन राकेश, राजेंद्र यादव और कमलेश्वर के साहित्य में मुखर से उभरकर सामने आती है। इन्होंने मानवीय सम्बंधों में जो समस्या है उसे यथार्थ रूप में प्रस्तुत किया है। नवलेखन का दौर समाज में आदर्श प्रस्तुत न करके व्यक्ति और उसके सम्बंधों का यथार्थ प्रस्तुत किया है। इस दौर में व्यक्ति के अस्तित्व को महत्व दिया गया है न कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक धारणाओं को। राजेंद्र यादव ने इस पर अपनी टिप्पणी की है कि ष्विवाह यदि व्यक्ति की स्वतंत्रता को समाप्त कर दे, तो वह केवल सामाजिक अनुबंध रह जाता है, प्रेम नहीं।ष इसके अतिरिक्त कमलेश्वर कहते है कि ष्रिश्ते केवल सामाजिक व्यवस्था से नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से जीवित रहते हैं। वही मन्नू भंडारी और प्रभा खेतान ने भी इस विषय पर अपने–अपने विचार प्रकट किये है। मन्नू भंडारी के शब्दों में 'पति–पत्नी का संबंध विश्वास और संवाद पर टिका होता हैय इसके अभाव में परिवार बिखर जाता है।' वही प्रभा खेतान का संपूर्ण साहित्य स्त्री स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता पर लिखा गया है। वो लिखती है कि ष्स्त्री की आर्थिक स्वतंत्रता उसके आत्मसम्मान की पहली शर्त है। इस प्रकार हम पाते है कि मोहन राकेश के समकालीन लेखकों ने भी स्त्री–पुरुष सम्बंधों और वैवाहिक सम्बंधों में उत्पन्न संवादहीनता और अलगाव को सूक्ष्म तरीके से पाठक के समक्ष प्रस्तुत किया है। यही समस्या वर्तमान डिजिटल युग का हिस्सा जो कि दूसरों तरीकों में आज भी विद्यमान है। सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप और दुरूपयोग रिश्तों की खाई को गहरा करता था रहा है।

मोहन राकेश के नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' के पात्रों में संवादहीनता और अलगाव स्त्री–पुरुष संबंधों की समस्या के रूप में उभरकर सामने आता हैं। यह नाटक आधुनिक जीवन में प्रेम, महत्वाकांक्षा और मानवीय संबंधों के द्वंद्व को अत्यंत संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत करता है। कालिदास और मल्लिका एक–दूसरे से प्रेम करते हैं, लेकिन समय के साथ उनके बीच संवाद समाप्त होने लगता है। कालिदास उज्जयिनी जाकर राजाश्रय स्वीकार कर लेते हैं। इसके बाद वे मल्लिका से अपने मन की बात खुलकर नहीं कहते और न ही उसके जीवन की परिस्थितियों को समझने का प्रयास करते हैं। यही संवादहीनता अंततः उनके संबंध को तोड़ देती है। कालिदास मल्लिका से कहते है कि –'मैंने जो कुछ लिखा है, उसमें तुम सदा उपस्थित रही हो।' यह कथन बताता है कि कालिदास के मन में मल्लिका का स्थान बना रहता है, परंतु उन्होंने यह बात समय रहते उससे साझा नहीं की। उनके बीच भावनात्मक संवाद का अभाव संबंधों में दूरी पैदा करता है। कालिदास की महत्वाकांक्षा उन्हें मल्लिका से दूर ले जाती है। दूसरी ओर मल्लिका परिस्थितियों के कारण एकाकी जीवन जीने को विवश हो जाती है। वर्षों बाद जब कालिदास लौटते हैं, तब तक दोनों के जीवन की दिशा बदल चुकी होती है, जहाँ मल्लिका कालिदास से कहती है कि –

'तुम वह नहीं रहे, जिसे मैं जानती थी।'

यह कथन स्पष्ट करता है कि समय और परिस्थितियों ने दोनों के बीच गहरा मानसिक और भावनात्मक अलगाव पैदा कर दिया है। इस प्रकार हम देखते है कि मोहन राकेश के साहित्य और समाज की समस्याऐं वर्तमान डिजिटल युग में अलग रूप में ज्यों की त्यों मौजूद है। आज के डिजिटल युग में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सामाजिक दूरी कम लेकिन भावनात्मक दूरी में अलगाव आ गया है। ऑरकुट ऐप से लेकर इंस्टग्राम तक दुनिया ने मानवीय सम्बंधों में संवेदनाओं को कम कर दिया। आज की वर्तमान पीढ़ी ने रील्स के इर्द–गिर्द अपनी ऐसी दुनिया बना दी है जो लोगों के मध्य संवाद और अलगाव की खाई उत्पन्न कर रही है। आज की युवा पीढ़ी के पास अपने परिवार तक के लिए समय नहीं रहा है। सोशल मीडिया पर बनते रिश्तें अविश्वास और छल की नींव पर होते है क्योंकि बिना जाने बिना समझे और बिना भौतिक उपस्थिति के रिश्तों में अलगाव पहले से ही मौजूद होता है,जो विवाह के बाद वो और बढ़ जाता है। एक व्यक्ति से बिना संवाद किए अपना जीवन साथी चुनना वर्तमान डिजिटल समाज की भयावह घटना होती जा रही है। जिस प्रकार आए दिन तलाक के मामले या एक–दूसरे से अलग रहने के मामले सुनने को मिलते है उससे आभास होता है कि दाम्पत्य जीवन आज भी संवाद अंतराल के कारण कितनी दूरी बना रहा है।

इसी प्रकार मोहन राकेश के नाटक 'आधे–अधूरे' वैवाहिक जीवन की नीरसता और अधूरे रिश्तों कि इच्छा को हमारे समक्ष लाता है जिसका मुख्य कारण सावित्री के द्वारा एक पूर्ण पुरुष की चाह है।

नाटक की मुख्य पात्र सावित्री जिस पुरुष के संपर्क में आती है, उस पुरुष को अपूर्ण ही पाती है। महेन्द्रनाथ और सावित्री के मध्य अलगाव, सावित्री और उसके बच्चों के मध्य संवाद अंतराल, बड़ी लड़की और मनोज के बीच अलगाव ये बताता है कि तात्कालीन पारिवारिक स्थिति को राकेश जी ने बहुत ही सूक्ष्म तरीके से प्रस्तुत किया है। जब बड़ी लड़की घर आती है और कहती है कि 'दो आदमी जितना ज्यादा साथ रहें, उतना ही ज्यादा एक–दूसरे से अजनबी महसूस करने लगते हैं।' ये कथन बताता है कि किस प्रकार दाम्पत्य जीवन में संवादहीनता और अलगाव भावनात्मकता को शून्य कर देता है। सावित्री और महेंद्रनाथ के आरोप व कटाक्ष वैवाहिक जीवन में घुटन–सी घोल देते है जहाँ सावित्री कहती है कि 'तुमने मुझे कभी कुछ नहीं

दिया।' वहीं महेंद्रनाथ कहते है कि 'मैं इस घर में सिर्फ एक रबर-स्टैंप हूँ।' एक दाम्पत्य जीवन में कितनी भावनात्मक नीरसता है ये इन दोनों कथनों से संपूर्ण नाटक का भाव पाठक के समक्ष आता है। वर्तमान डिजिटल युग के स्त्री-पुरुष के मध्य जो अपूर्णता है वो मोहन राकेश के साहित्य में मुखर रूप से विद्यमान है। वर्तमान में सावित्री की तरह हर कोई पूर्णता की प्राप्ति करना चाहता है चाहे पूर्णता सामाजिक, आर्थिक, नैतिक या फिर भौतिक हो।

वर्तमान सोशल मीडिया ने व्यक्ति के सोचने की क्षमता को इतना कमजोर कर दिया है कि महेंद्रनाथ की तरह वह अपने पारिवारिक जीवन से विमुख रहता है जिससे सम्बंधों में अलगाव मानसिक स्तर तक हो गया है।

इस प्रकार मोहन राकेश के अन्य उपन्यास जैसे- 'एक और जिदंगी' में दांपत्य जीवन की विडंबना,'न आने वाला कल' में पति-पत्नी के बीच भावनात्मक दूरी और 'अंतराल' में पति-पत्नी के मध्य रिक्त कोष्ठ की समस्या उभरकर सामने आती है। मोहन राकेश के कथा साहित्य में स्त्री-पुरुष वैवाहिक संबंधों की सबसे बड़ी त्रासदी संवादहीनता और अलगाव है। उनके पात्र एक ही घर में रहते हुए भी मानसिक, भावनात्मक और वैचारिक स्तर पर एक-दूसरे से कटे हुए दिखाई देते हैं। यह संवादहीनता केवल शब्दों की कमी नहीं, बल्कि विश्वास, आत्मीयता और संवेदनात्मक जुड़ाव के टूटने का संकेत भी है।मोहन राकेश के कथा साहित्य में स्त्री-पुरुष अपने मन की बात एक-दूसरे से साझा नहीं कर पाते। वे साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे की भावनाओं को समझने में असफल रहते हैं।उनके एक उपन्यास का कथन है कि -

'हम दोनों साथ रहते हुए भी जैसे बहुत दूर हो गए थे।'

यह कथन उनके संबंधों में संवाद के अभाव और मानसिक दूरी को व्यक्त करता है। पति-पत्नी की विचार, अपेक्षाएँ और जीवन-दृष्टि अलग-अलग हो जाती हैं। वे एक-दूसरे को समझने के बजाय स्वयं में सिमट जाते हैं। जैसे 'अँधेरे बंद कमरेय में पति-पत्नी के संबंधों में असंतोष, अकेलापन और मानसिक दूरी स्पष्ट दिखाई देती है। मोहन राकेश के पात्र अपने व्यक्तिगत संघर्षों और इच्छाओं में इतने उलझे रहते हैं कि दाम्पत्य संबंधों को समय और संवेदना नहीं दे पाते। इससे संवाद धीरे-धीरे समाप्त हो जाते है। आधुनिक शहरी जीवन, महत्वाकांक्षा और व्यक्तिवाद के कारण पति-पत्नी के बीच निकटता कम होती जाती है। साथ रहने के बावजूद वे भावनात्मक रूप में अकेले रहते हैं। संवादहीनता अंतत: अविश्वास, तनाव और अलगाव को जन्म देती है। कई बार यह स्थिति वैवाहिक संबंधों के टूटने या केवल औपचारिक रूप से बने रहने तक पहुँच जाती है। मोहन राकेश के कथा साहित्य में वैवाहिक संबंध प्रेम और विश्वास के बजाय अकेलेपन, असंतोष, संवादहीनता और मानसिक अलगाव से ग्रस्त दिखाई देते हैं। उनका साहित्य यह संकेत देता है कि जब पति-पत्नी के बीच खुला संवाद समाप्त हो जाता है, तब संबंध केवल सामाजिक संस्था बनकर रह जाता है और उसकी आत्मीयता समाप्त होने लगती है।

'अंतराल' में पति पत्नी के मध्य एक रिक्त कोष्ठ है और ये रिक्त कोष्ठ की मांग ही उन्हें इस संबंध की स्वाभाविकता को स्वीकार नहीं करने देती है। इस उपन्यास के संवाद में हमें दो लोगों के मध्य संवाद होते हुए भी एक खालीपन सा दिखता है, 'श्यामा की आंखों में कुछ था...' एक तरह का अपनापा और उसमें मिलीं हुई उदास-सी उत्सुकता। इसके अतिरिक्त उस वातावरण में कुछ था... चारों ओर का खुलापन,भीगापन और शाम का गहराता रंग। वह बाँहें पीछे रखें लता के बारे में सभी कुछ श्यामा को बताने लगा था...कि उस दुबली-सी लड़की को केंद्र में रखकर कैसे उसने आगे के जीवन की कल्पना का ताना-बाना बुना था। 'आकर्षण' से हटकर एक और आकर्षण होता है, व्यक्तित्व का चुंबक आकर्षण, जो शारीरिक आकर्षण से कई अधिक मन को खींचता है। उस आकर्षण का अनुभव मुझे पहली बार उसी को लेकर हुआ था।' इस प्रकार हम पाते हैं कि वर्तमान डिजिटल युग में भी रिश्तें श्यामा और कुमार की तरह उलझनों के शिकार बने हुए हैं। इन रिश्तों में परिवार की इज्जत और समाज का हस्तक्षेप इस प्रकार गूंथा हुआ होता है कि कुछ सम्बंध डोर की भांति उलझकर रह जाते है।कई बार व्यक्ति पारिवारिक और सामाजिक संस्था से इतना बेबस होकर अनचाहे रूप से अपना जीवन किसी अन्य व्यक्ति के साथ जीता है जिससे मानसिक अलगाव और संवादहीनता पहले से तय हो जाती है। यह स्थिति वर्तमान डिजिटल युग में है जहाँ आज भी समाज और परिवार का हस्तक्षेप उतना ही है जो रिक्त कोष्ठ को पहले से तय करके रखते है। वर्तमान युग जो चांद पर पहुंच रहा है, महिलाओं की आत्मनिर्भरता सिद्ध कर रहा है और रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता से विज्ञान और समाज चला रहा है लेकिन सम्बंधों के अलगाव को भर पाने में सिद्ध साबित नहीं कर पा रहा है।

इसी प्रकार मोहन राकेश के समकालीन साहित्यिक विवेचन को अगर हम देखें तो हम पाते हैं कि उनके समकालीन लेखकों ने भी स्त्री-पुरुष वैवाहिक सम्बंधों की समस्याओं को अति सूक्ष्म रूप से पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया है। विशेष रूप से महिला लेखिकाओं के साथ-साथ पुरुष लेखकों ने भी इस समस्या को बिना किसी झिझक के लिखा है। राजेंद्र यादव के उपन्यासों और उनकी 'एक दुनिया समानान्तर' कहानी संग्रह में ऐसी बहुत सी कहानियाँ हैं जो वैवाहिक सम्बंधों पर प्रकाश डालती है। उनका उपन्यास 'एक इंच मुस्कान' जो मन्नू भंडारी के साथ मिलकर लिखा गया। इसमें स्त्री-पुरुष संबंधों की विडंबना और आधुनिक जीवन की भावनात्मक शून्यता को प्रस्तुत किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि प्रेम और विवाह केवल सामाजिक संस्थाएँ नहीं हैं, बल्कि इनके सफल होने के लिए पारस्परिक विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता आवश्यक है। उपन्यास की पात्र अमला कैलाश के बारे में सोचती है कि 'नहीं जानती आज जो कुछ हुआ है उसे लेकर क्या लिखूं, किन शब्दों में लिखूं?यह भी नहीं जानती कि जो कुछ हुआ वह मेरे लिए अच्छा हुआ या बुरा बस इतना जानती हूं कि आज का दिन साधारण दिनों से बहुत भिन्न गुजरा और आज का झगड़ा साधारण झगड़ों की तरह समाप्त नहीं होगा। मन बार-बार कहता है कि आज से मेरी और कैलाश की मित्रता का अध्याय सदा के लिए समाप्त हो गया। मन लाख कहें, पर फिर भी एक विश्वास नहीं होता कि कितने वर्षों की मैत्री,घनिष्ठ मैत्री आधे घंटे की बात में समाप्त हो जाएगी....सदा-सदा के लिए समाप्त हो जाएगी। पर क्या सचमुच ही यह जो अघट घट गया, यह केवल आधे घंटे की बात का परिणाम है?'

इसी प्रकार मन्नू भंडारी का उपन्यास 'आपका बंटी' में शकुन और अजय का तलाक बंटी को इस प्रकार झकझोर देता है कि बाल- मनोवैज्ञानिक मन समझ ही नहीं पाता है। अलगाव और बिना संवाद और समझ से बने रिश्तें स्वयं के साथ-साथ बच्चों के बाल मन को भी अत्यधिक प्रभावित करते हैं। वहीं अज्ञेय का उपन्यास 'अपने-अपने अजनबी' आधुनिक हिंदी साहित्य का एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक और अस्तित्ववादी उपन्यास है। इसकी मुख्य विषयवस्तु मनुष्य के अकेलेपन, अजनबीपन, अस्तित्व-संकट, स्त्री-पुरुष संबंधों और जीवन-मृत्यु के बोध पर केंद्रित है। इसमें पात्रों के

मध्य संवाद किस प्रकार अजनबीपन दिखाते है कि उसकी एक झलक इस कथन में है कि 'मेरी बीमारी की बात बार-बार दोहराने की जरूरत नहीं है- मैं जानती हूं कि मैं बीमार हूं। मैं क्या जानबूझकर हुई हूं, या कि तुम्हें सताने के लिए बीमार हुई हूं। और स्वतंत्रता-कौन स्वतंत्र है? कौन चुन सकता है कि वह कैसे रहेगा,या नहीं रहेगा? मैं क्या स्वतंत्र हूं कि बीमार ना रहूं- या की अब बीमार हूं तो क्या इतनी भी स्वतंत्र हो कि मर जाऊं? मैंने चाहा था की अंतिम दिनों में कोई मेरे पास ना हो। लेकिन वह भी क्या मैं सुन सकी? तुम क्या समझती हो कि इससे मुझे तकलीफ नहीं होती कि जो मैं अपनों को भी नहीं दिखाना चाहती उसे देखने के लिए-भगवान ने एक-एक अजनबी भेज दिया?' इस प्रकार अजनबीपन और अलगाव की ये समस्या वर्तमान डिजिटल युग में कितनी भयावह हो चुकी है कि परिवार तक के सम्बंध मन में गांठ से लगने लगते है। लोगों में सोशल मीडिया की वजह से बातचीत की दूरी घटी है, लेकिन भावनात्मक अलगाव, मानसिक दूरी और अजनबीपन ज्यों का त्यों है।

अब हम वर्तमान डिजिटल युग के वैवाहिक सम्बंधों की तुलना मोहन राकेश के साहित्य से करें तो हम निम्न बिंदुओं पर पहुँचते हैं। दोनों युग अपने समय के वैवाहिक सम्बंधों की उदासीनता को उभारते हैं। एक तरफ बातचीत का माध्यम आमने-सामने बैठकर है पर मन से अलगाव है। दुसरी तरफ वर्तमान डिजिटल युग में बातचीत के माध्यम विस्तृत है लेकिन यह विस्तृत रूप व्यक्ति को और ज्यादा विकल्प देता है जिससे रिश्तों में अजनबीपन और संवाद व्यवस्थित रूप से नहीं हो पाता है। एक दूसरे की कमियाँ , सोशल मीडिया की देखा देखी जिदंगी जीने की लालसा, चकाचौंध भरी इच्छाएँ पूर्ण करने की आस, पश्चिमीकरण का प्रभाव इत्यादि है जो आज भी अलगाव को बढ़ावा दे रहा है। वर्तमान युग की युवा पीढ़ी ऑनलाइन व्यस्तता से इतना बेबस है कि वैवाहिक सम्बंध 'वर्क फ्रॉम होम' के इर्द-गिर्दधंसता-सा नजर आ रहा है। संवाद के बहुत माध्यम है, एक-दूसरे से बहुत कम समय की दूरी तय करके मिलने के बहुत साधन है लेकिन लॉन्ग डिस्टेंस भी रिश्तों में अलगाव बना रहा है। सोशल मीडिया के बावजूद बातचीत में कमी यह दर्शाता है कि वर्तमान युवा पीढ़ी विवाह से कितना खौफ रखता है। आज विवाह की उम्र का एक स्तर से ज्यादा बढ़ जाना भी बहुत बड़ी समस्या हो गई है क्योंकि एक समय के बाद प्रत्येक व्यक्ति अपनी स्वतंत्रता, खुलापन, समझदारी, आत्मसम्मान की चाह रखता है जो वर्तमान युवा पीढ़ी में अक्सर कम देखने को मिलती है। एक प्रसिद्ध समाजशास्त्री Anthony Giddens अपनी पुस्तक 'The Transformation of Intimacy' में लिखते है कि 'आधुनिक संबंध तभी तक टिकते हैं जब तक दोनों पक्षों को उनसे संतुष्टि मिलती रहती है।' इसी संदर्भ में Sherry Turkle का एक कथन है कि - 'हम पहले से अधिक जुड़े हुए हैं, लेकिन पहले से अधिक अकेले भी हैं।' वर्तमान युवा पीढ़ी अपने स्तर पर एक उम्र अकेले बिता देती है और जीना सीख लेती है, इसलिए बाद का जीवन उसका आदतन हो जाता है। इस क्रम में अगर अकेले जिये हुए व्यक्ति का मजबूरन विवाह किया जाता है तो ऐसे संबंध वैवाहिक अलगाव और विघटन को जन्म देते है। वर्तमान युग के प्रेम और विवाह मात्र सामाजिक स्तर पर रहे है, जहाँ व्यक्तिगत भावनाएँ दब-सी जाती है। कुछ वैवाहिक सम्बंध प्रतिष्ठा, दहेज, वंशवृद्धि, किसी व्यक्ति की उपलब्धता एवं आदि के विचार तक सीमित है जो प्रेम न होने पर भी अपनी भविष्य की सुरक्षा हेतु बनाए जाते है। इस प्रकार वर्तमान डिजिटल युग के युवा, उनके रिश्तें, उनमें पनपी भावनाएं उसी प्रकार अलगाव और संवाद अंतराल रखती है जैसे मोहन राकेश के कथा साहित्य में भी बीज रूप में मौजूद थी। फर्क बस इतना है कि आज सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण पाठक के समक्ष अत्यधिक मामलें इस सन्दर्भ में आ रहें हैं। इनमें मात्रात्मक भेद हो सकता है लेकिन गुणात्मक नहीं। इस प्रकार डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभाव में अलगाव और विघटन ने वैवाहिक जीवन को बहुत सूक्ष्म रूप से प्रभावित किया है।

मोहन राकेश के स्वयं का जीवन भी इन्हीं कठिनाइयों से गुजरा है जिससे इन्होंने इस मुद्दे को बहुत ही बारीकी से प्रस्तुत किया है। इनकी निजी जिदंगी में ऐसे ही अलगाव की समस्या से ग्रसित रही। उनके दो विवाह असफल और तीसरा विवाह जीवन के अंतिम 9 सालों तक सफल रहा। यही समस्या राजेंद्र यादव और मन्नू भंडारी की निजी जीवन में रही कि प्रेम विवाह होने के बावजूद एक समय के बाद उनका तलाक होता है।

इस प्रकार कई बार लेखक जो जीता है उसे बहुत ही सूक्ष्मता से अपने साहित्य में पिरोता ताकि पीढ़ी दर पीढ़ी उस समाज से तुलना आसानी से की जा सके। वर्तमान युग में पीढी की बढ़ती तुलना ने भी एक नई बहस को जन्म दिया है। आज पीढ़ी के मध्य शाब्दिक अंतराल भी आ गया है जहां मिलेनियल और जेन-जी शब्द अपने-अपने स्तर पर बहुत प्रचलन में है। सन् 1988 से 1997 तक की पीढ़ी मिलेनियल और सन् 1998 से 2010 की पीढ़ी जेन-जी कहलाती है। इनके मध्य विचारों की भिन्नता, विवाह को लेकर इनके ख्याल, शारीरिक नजदीकीयों को लेकर विचार सबमें भिन्नता यह दर्शाती है कि आने वाली पीढ़ी को सोशल मीडिया ने कितना व्यस्त और प्रभावित कर दिया है। किस प्रकार इंस्टाग्राम की रिल्स और फेसबुक की पोस्ट इनके दिनचर्या का इतना बड़ा हिस्सा बन गया है कि एक कमरे का कोना इनका अपना होना माना जाने लगा है । अंत: वर्तमान डिजिटल व्यस्तता ने विवाह के साथ-साथ मन की स्थिति में भी अलगाव पैदा कर दिया है।

निष्कर्ष - डिजिटल युग ने संचार के साधनों को व्यापक बनाया है, किन्तु वैवाहिक संबंधों में भावनात्मक संवाद को सुदृढ़ करने में यह सदैव सफल नहीं रहा है। तकनीकी निकटता के बावजूद पति-पत्नी के मध्य मानसिक दूरी और संवादहीनता की समस्या बढ़ती दिखाई देती है। मोहन राकेश के कथा साहित्य में चित्रित दांपत्य संबंधों की जटिलताएँ आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनके पात्र जिस अकेलेपन, असंतोष और भावनात्मक रिक्तता का अनुभव करते हैं, वही स्थिति आज डिजिटल युग के अनेक वैवाहिक संबंधों में दिखाई देती है। आज भी वो भावनात्मक दूरी रिश्तों में कड़वापन घोलती है जहां शारीरिक नजदीकी होने के बावजूद मानसिक नहीं है। आज अपनी पसंद, समझदारी युक्त तथा लिव-इन रिलेशनशिप वाले रिश्ते भी मन को संतुष नहीं कर पा रहे है। प्रत्येक व्यक्ति की एक इच्छा होती है कि उसका साथी साथ रहने से परे उसको समझ सके एक-दूसरे की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्थितियों को समझ सके ,लेकिन परिवारिक असंतोष और स्वयं की आदतें एक-दूसरे के रिश्तों को अलगाव के कगार पर ला रहे हैं । इस प्रकार मोहन राकेश का साहित्य समकालीन वैवाहिक जीवन की समस्याओं को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध होता है। उस साहित्य के आधार पर इस शोध को प्रमुखता से वर्तमान युग की वैवाहिक संबंधों को आंका गया है जो दो युग की एक कहानी पाठक के सामने रखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

प्राथमिक स्रोत:-

1. आषाढ़ का एक दिन - मोहन राकेश, राजपाल एंड सन्स , कश्मीरी गेट , दिल्ली-6
2. अंधेरे बंद कमरे - मोहन राकेश, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. , 1-बी नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, दिल्ली
3. न आने वाला कल - मोहन राकेश, राजपाल एंड सन्स , कश्मीरी गेट, दिल्ली-6
4. एक और जिंदगी - मोहन राकेश, राजपाल एंड सन्स, कश्मीरी गेट , दिल्ली-6
5. अंतराल - मोहन राकेश, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., 1-बी नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, दिल्ली
6. आधे-अधूरे - मोहन राकेश, राधाकृष्ण प्रकाशन, जी -17 , जगतपुरी, दिल्ली
7. मोहन राकेश की डायरी - राजपाल एंड सन्स , कश्मीरी गेट , दिल्ली-6
8. एक इंच मुस्कान राजेंद्र यादव और मन्नू भंडारी, राजपाल एंड सन्स , कश्मीरी गेट , दिल्ली-6
9. आपका बंटी - मन्नू भंडारी, राधाकृष्ण प्रकाशन, जी -17 , जगतपुरी, दिल्ली
10. अज्ञेय - अपने-अपने अजनबी, वाणी प्रकाशन ग्रुप, दरियागंज ,नई दिल्ली
11. मोहन राकेश : संपूर्ण कहानियाँ

द्वितीयक स्रोत:-

1. मोहन राकेश: ' व्यक्तित्व और कृतित्व' - डॉ. गणपति चंद्र गुप्त
2. नामवर सिंह - कहानी : नई कहानी
3. रामदरश मिश्र - हिन्दी कहानी : अंतरंग पहचान
4. डॉ.नागेन्द्र - हिंदी साहित्य का इतिहास
5. मधुरेश - नई कहानी का विकास
6. बच्चन सिंह - हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास
7. Anthony Giddens – The Transformation of Intimacy.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शहीद करतार सिंह सराभा: गदर आंदोलन के महानायक और भगत सिंह के वैचारिक गुरु

डॉ. अमित कुमार ताम्रकार*

* **सहायक प्राध्यापक (इतिहास)** PMCoE **स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – यह शोध पत्र बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशक में भारत और विदेशों (विशेषकर उत्तरी अमेरिका) में पनपे क्रांतिकारी राष्ट्रवाद के संदर्भ में शहीद करतार सिंह सराभा के जीवन और उनके युगांतरकारी योगदान का मूल्यांकन करता है।बीसवीं सदी के आरंभिक दशक में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने एक नई करवट ली, जहाँ सशस्त्र क्रांति के माध्यम से ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया। इस क्रांतिकारी चेतना को वैश्विक धरातल पर संगठित करने का श्रेय श्गदर आंदोलनश को जाता है। इस आंदोलन के सबसे जाज्वल्यमान नक्षत्र करतार सिंह सराभा थे। सराभा ने न केवल 'गदर' पत्रिका के माध्यम से औपनिवेशिक सत्ता के क्रूर स्वरूप को उजागर किया, बल्कि प्रथम विश्व युद्ध की परिस्थितियों का लाभ उठाकर भारत में एक व्यापक सैन्य विद्रोह (1915 ई.) की रूपरेखा तैयार की। इस पत्र में उनके प्रारंभिक जीवन, वैचारिक रूपांतरण, संगठनात्मक कौशल, लाहौर षड्यंत्र केस और उनकी शहादत के दूरगामी राजनैतिक व सामाजिक प्रभावों जैसे भगत सिंह की क्रांतिकारी चेतना के निर्माण का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। 24 मई 1896 को लुधियाना के सराभा गाँव में जन्मे इस युवा ने मात्र 19 वर्ष की आयु में 16 नवंबर 1915 को लाहौर सेंट्रल जेल में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। खुदीराम बोस के बाद वे भारत के सबसे कम उम्र के शहीदों में से एक हैं। उनका जीवन-वृत्त लघु अवश्य था, परंतु उसका ऐतिहासिक प्रभाव अत्यंत व्यापक और दूरगामी रहा।

शब्द कुंजी –करतार सिंह सराभा, गदर आंदोलन, गदर पत्रिका, क्रांतिकारी राष्ट्रवाद, लाहौर षड्यंत्र केस, निर्भीक राष्ट्रवाद।

प्रस्तावना – मात्र 19 वर्ष की आयु में, जब युवा अपने करियर के बारे में सोचते हैं, सराभा ने एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया और हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया।करतार सिंह सराभा और उनके साथी लाला हरदयाल ने गदर आंदोलन को पूरी तरह धार्मिक संकीर्णता से मुक्त रखा था। सराभा का मानना था कि देशभक्ति का कोई एक धर्म नहीं होताय उनका धर्म केवल 'आजादी' था।सराभा उन शुरुआती युवा नेताओं में से थे जिन्होंने यह समझा कि भारत की आजादी की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लड़ना होगा। उन्होंने अमेरिका और कनाडा में रह रहे प्रवासी भारतीयों को जिस तरह संगठित किया, वह उनके उच्च बौद्धिक स्तर को दर्शाता है।करतार सिंह सराभा की सबसे बड़ी ताकत ब्रिटिश भारतीय सेना के भीतर पैठ बनाना था। सराभा ने केवल आम जनता को नहीं, बल्कि पंजाब और उत्तर भारत की सैन्य छावनियों में जाकर भारतीय सिपाहियों को यह अहसास कराया कि वे औपनिवेशिक सत्ता के औजार बने हुए हैं।

सराभा ने पंजाब के ग्रामीण अंचलों (किसानों) और छावनियों (सैनिकों) के बीच एक मजबूत कड़ी का काम किया। वे स्वयं एक किसान परिवार से थे, इसलिए पंजाब के देहाती इलाकों में उनकी स्वीकार्यता बहुत अधिक थी।सराभा ने जिस तरह 'गदर' पत्रिका के माध्यम से वैचारिक साहित्य को सुदूर गांवों तक पहुँचाया, उसने पंजाब में अंग्रेजी शासन के प्रति जो वैचारिक विरोध पैदा किया, वह गदर आंदोलन के भौतिक रूप से असफल होने के बाद भी कई दशकों तक जीवित रहा।

'प्रथम लाहौर षड्यंत्र केस (1915)' भारत के क्रांतिकारी इतिहास में एक टर्निंग पॉइंट के रूप में स्थापित हुआ। इस मुकदमे में करतार सिंह सराभा मुख्य धुरी थे।सराभा द्वारा अदालत में जज के सामने बिना किसी भय के दोष स्वीकार करना और अपनी सजा को कम करने के किसी भी प्रयास को ठुकरा देना, आने वाली क्रांतिकारी पीढ़ी (विशेषकर भगत सिंह की पीढ़ी) के लिए एक नैतिक आदर्श बन गया। इसने क्रांतिकारियों को जनता की नजरों में 'सहानुभूति का पात्र' नहीं, बल्कि 'नायक' बना दिया। करतार सिंह सराभा एक ऐसे 'प्रेरणापुंज' के रूप में प्रकट हुए जिन्होंने भारतीय युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना को चरम पर पहुँचाया।

सरदार भगत सिंह के राजनीतिक और नैतिक गुरु करतार सिंह सराभा थे, और सराभा की शहादत ने ही भारत में 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA)' की स्थापना की वैचारिक पृष्ठभूमि तैयार की थी।आधुनिक इतिहासकार करतार सिंह सराभा को केवल एक 'रोमांचकारी या उग्र विद्रोही' नहीं मानते। वे उन्हें एक दूरदर्शी रणनीतिकार, प्रखर संपादक और असाधारण धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में देखते हैं, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को अंतरराष्ट्रीय आयाम दिया और राष्ट्रवाद को एक नई, समझौताहीन परिभाषा प्रदान की।

प्रारंभिक जीवन, शिक्षा और वैचारिक रूपांतरण– करतार सिंह सराभा का जन्म लुधियाना के सराभा गांव में एक संभ्रांत और उच्च जमींदार जाट परिवार में 'सदन सिंह ग्रेवाल' के वंशज और माता साहिब कौर व पिता मंगल सिंह के घर हुआ था। उनके जन्म के कुछ समय बाद ही पिता मंगल सिंह का असमय देहांत हो गया, जिसके कारण उनका पालन-पोषण उनके

दादा बदन सिंहऔर उनके चाचाओं की देखरेख में हुआ।करतार सिंह सराभा बचपन से ही अत्यधिक महत्वाकांक्षी थे और कम समय में अधिक काम करना चाहते थे। उन्होंने मालवा खालसा हाई स्कूल (लुधियाना) से 7वीं कक्षा पास करने के बाद प्रमाण पत्र में हेरफेर कर उसे 9वीं कक्षा का बना लिया और आर्य स्कूल में दाखिला ले लिया। पकड़े जाने पर उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया।इसके बाद उनके दादा ने उन्हें उड़ीसा में उनके पुलिस अधिकारी चाचा बख्शीश सिंह के पास भेज दिया, जहाँ उन्होंने रेवनशॉ कॉलेज में दाखिला लिया। उड़ीसा (तत्कालीन बंगाल प्रांत) के राजनीतिक और राष्ट्रवादी माहौल तथा आधुनिक अंग्रेजी पुस्तकों के अध्ययन ने उनमें देशप्रेम की भावना जगाई।कटक में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान युवा करतार सिंह पर बंगाल के तत्कालीन उग्र राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी विचारों का गहरा प्रभाव पड़ा। उस समय बंगाल अनुशीलन समिति और युगांतर जैसी संस्थाओं के माध्यम से क्रांतिकारी गतिविधियों का मुख्य गढ़ बन चुका था। परंतु ब्रिटिश सरकार बंगाल में किसी भी प्रकार की औपनिवेशिक विरोधी गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों पर अत्यंत क्रूर और कठोर कानूनी कार्यवाही कर रही थी। इस दमनकारी माहौल को देखते हुए करतार सिंह ने भारत छोड़कर अमेरिका जाने की योजना बनाई और एक छात्र के रूप में वर्ष 1911 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका रवाना हुए और 1 फरवरी 1913 को वहाँ पहुंचे। आव्रजन अधिकारी द्वारा रोके जाने पर उन्होंने अत्यंत तर्कपूर्ण उत्तर दिया कि यदि उन्हें पढ़ने से रोका गया, तो यह मानवता और दुनिया की तरक्की का नुकसान होगा। इस किशोर उम्र के तर्क से प्रभावित होकर अधिकारी ने उन्हें प्रवेश की अनुमति दी।

अमेरिका-प्रवास और वैचारिक चेतना का उदय- करतार सिंह सराभा ने अमेरिका के प्रतिष्ठित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कलेमें रसायन विज्ञान के छात्र के रूप में प्रवेश लिया। यद्यपि वे पढ़ाई के उद्देश्य से वहां गए थे, परंतु बंगाल में रोपे गए राष्ट्र प्रेम के बीज उनकी चेतना में जीवित थे।उन दिनों अमेरिका और कनाडा में भारतीय प्रवासियों (विशेषकर श्रमिक वर्ग) को भयंकर नस्लीय भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और कानूनी कड़ेपन का सामना करना पड़ता था। अमेरिकी गोरे प्रवासियों को हेय दृष्टि से देखते थे और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता था। बर्कले विश्वविद्यालय में पढ़ते हुए सराभा ने महसूस किया कि इस अपमान और भेदभाव का मूल कारण भारतीयों की व्यक्तिगत अक्षमता नहीं, बल्कि उनका 'एक गुलाम देश का नागरिक होना' है। इस अहसास ने उनके भीतर औपनिवेशिक शासन के प्रति आक्रोश को तीव्र कर दिया।अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस पर लोगों का उत्साह देखकर उनके मन में भी भारत को स्वतंत्र कराने और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने की तीव्र इच्छा जागृत हुई।

गदर पार्टी में भूमिका और संगठन कुशलता- उत्तरी अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों ने समझ लिया था कि जब तक भारत स्वतंत्र नहीं होगा, तब तक विश्व में उन्हें कहीं भी सम्मान नहीं मिल सकता। इस चेतना के फलस्वरूप प्रवासी भारतीयों ने स्वयं को संगठित करना आरंभ किया। वे अपनी सभाओं में ब्रिटिश साम्राज्यवाद द्वारा भारतीय जनता के आर्थिक शोषण और सरकार के स्वेच्छाचारी स्वरूप को उजागर करने लगे।

इस वैचारिक पृष्ठभूमि में सन 1913 ई. में अमेरिका में 'हिन्दुस्तान गदर पार्टी' (शुरुआत में पैसिफिक कोस्ट हिंदुस्तान एसोसिएशन) की स्थापना हुई। इस आंदोलन को प्रारंभ से ही अत्यंत सुयोग्य और उच्च शिक्षित प्रवासियों का नेतृत्व प्राप्त हुआ, जिनमें प्रमुख थेरूलाला हरदयाल (मुख्य विचारक और मार्गदर्शक)बाबा सोहन सिंह भाकना (अध्यक्ष)पंडित काशीराम इत्यादि।बर्कले विश्वविद्यालय के पंजाबी छात्रावास में रहते हुए करतार सिंह सराभा लाला हरदयाल, भाई परमानंद और ज्वाला सिंह ठट्टीआ, बाबा सोहन सिंह भाकना जैसे क्रांतिकारियों के संपर्क में आए।लाला हरदयाल सेहुई उनकी भेंटशीघ्र ही एक गहरी वैचारिक और व्यक्तिगत निकटता में बदल गई।अप्रैल 1913 में आस्टोरिया (ओरगन) में लाला हरदयाल द्वारा बुलाई गई सभा में, जब गदर पार्टी के लिए स्वयंसेवकों का आह्वान किया गया, तब करतार सिंह सराभा भर्ती होने वाले सबसे पहले स्वयंसेवक बने। इसी सभा में उन्होंने संकल्प लिया कि वे स्वयं को प्रशंसा का पात्र तभी मानेंगे जब देश को आजाद करा लेंगे।अपनी असाधारण बुद्धिमत्ता, सांगठनिक क्षमता और निष्ठा के बल पर वे शीघ्र ही गदर पार्टी के मुख्य स्तंभ बन गए।

गदर आंदोलन: करतार सिंह सराभा उस ऐतिहासिक संगठन (हिंदी एसोसिएशन ऑफ द पैसिफिक कोस्ट/गदर पार्टी) के सक्रिय अंग बने, जिसका मुख्य उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत को ब्रिटिश दासता से मुक्त कराना और समानता, न्याय व धर्मनिरपेक्षता पर आधारित एक राष्ट्रीय सरकार का गठन करना था।उन्होंने सनफ्रांसिस्को के 'युगान्तर आश्रम' से निकलने वाली 'गदर पत्रिका' की पृष्ठभूमि तैयार करने और पार्टी के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'गदर' अखबार के सम्पादन में करतार सिंह सराभा की प्रमुख भूमिका थी।1 नवंबर 1913 ई0 को उर्दू में प्रकाशित हुए गदर पार्टी के मुखपत्र 'गदर' (जो अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी और पंजाबी में प्रकाशित होता था) के संपादन और मुद्रण का कार्य अपने हाथों में लिया। वे रात-रात भर हाथ से मशीन चलाकर इसे छापते थे।'गदर' पत्रपार्टी का आधार था जिसके सिरे पर 'अंग्रेजी राज का दुश्मन' शब्द लिखे होते थे। पत्र 'गदर' ने एक विज्ञापन छापा: 'भारत में विद्रोह फैलाने के लिए बहादुर सिपाहियों की आवश्यकता है। तनख्वाह- मौत (इनाम- शहादत: पेंशन- आजादी) लड़ाई का मैदान भारत है।' इस पत्रिका ने वैश्विक स्तर पर रह रहे भारतीयों और ब्रिटिश सेना में कार्यरत भारतीय सैनिकों में राष्ट्रवाद की ज्वाला धधकाई। वे इस पत्रिका के प्रकाशन में लगातार सहयोग करते रहे।सैन फ्रांसिस्को के 'युगांतर आश्रम' में जो झंडा फहराया गया था, उसका डिजाइन करतार सिंह सराभा ने ही तैयार किया था। यह झंडा स्वतंत्रता, बंधुत्व और समानता का प्रतीक था।

ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध वैश्विक जनमत तैयार करने और सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से गदर पार्टी ने सैन फ्रांसिस्को के अतिरिक्त जर्मनी, जापान और अफगानिस्तान में भी अपने कार्यालय स्थापित किए। गदर पार्टी का मानना था कि केवल भाषणों या लेखों से स्वतंत्रता प्राप्त नहीं की जा सकती इसके लिए सशस्त्र क्रांति अपरिहार्य है। पार्टी ने अपने युवा छात्र सदस्यों को सैन्य प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया। करतार सिंह सराभा ने इस दिशा में विशेष रुचि दिखाई और न्यूयॉर्क जाकर हवाई जहाज और पैराशूट बनाने तथा उन्हें संचालित करने का तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया, ताकि भविष्य में युद्ध के दौरान इसका रणनीतिक उपयोग किया जा सके।जो उनके दूरदर्शी सैन्य दृष्टिकोण को दर्शाती है।

प्रथम विश्व युद्ध, भारत वापसी (1914 ई.)और 21 फरवरी 1915 की सैन्य क्रांति की योजना- अगस्त 1914 ई. में यूरोप में प्रथम विश्व युद्ध की रणभेरी बज उठी, जब इंग्लैंड ने जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। यह युद्ध शीघ्र ही एशिया और अफ्रीका के औपनिवेशिक क्षेत्रों तक

फैल गया।गदर पार्टी के नीति-निर्धारकों ने इस वैश्विक संकट को भारत की स्वतंत्रता के लिए एक 'स्वर्णिम अवसर' के रूप में देखा।'कामागाटा मारू' जहाज के घटनाक्रम और अन्य माध्यमों से हजारों प्रवासी भारतीय देश को आजाद कराने के संकल्प के साथ भारत लौटना चाहते थे। इसके पीछे मुख्य रणनीतिक कारण यह था कि युद्ध के कारण भारत में तैनात ब्रिटिश सेना के बहुसंख्यक ब्रिटिश और भारतीय सैनिकों को मित्र राष्ट्रों की ओर से लड़ने के लिए यूरोपीय और मध्य-पूर्वी मोर्चों पर भेज दिया गया था। भारत के भीतर सैन्य उपस्थिति न्यूनतम थी।गदर पार्टी ने नारा दिया: 'ब्रिटेन की विपत्ति, भारत का अवसर है।' पार्टी के आह्वान पर अमेरिका और कनाडा से सैकड़ों गदर क्रांतिकारी छोटे-छोटे जत्थों में भारत की ओर रवाना होने लगे। करतार सिंह सराभा भी अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कराने के तीव्र संकल्प के साथ गदर पार्टी के 'अग्रगामी जत्थे' में शामिल हुए और कोलंबो (श्रीलंका) के रास्ते होते हुए भारत पहुंचे।

योजना की रूपरेखा- भारत आकर करतार सिंह सराभा ने रासबिहारी बोस, शचींद्रनाथ सान्याल, पंडित परमानंद और विष्णु गणेश पिंगले के साथ मिलकर कपूरथला के एक मंदिर में ऐतिहासिक सैन्य विद्रोह की रूपरेखा तैयार की।यह योजना ठीक 1857 की क्रांति की तर्ज पर बनाई गई थी। धन के आभाव के कारण राजनैतिक डकेतियों की स्वीकृति दी गई।सराभा केवल योजनाकार नहीं थे, बल्कि वे स्वयं अग्रिम पंक्ति में रहकर साहनेवाल और मन्सूराजैसी साहसिक डकैतियों में शामिल हुए।

सराभा ने अपनी जान जोखिम में डालकर उत्तर भारत की विभिन्न ब्रिटिश-भारतीय सैन्य छावनियों का दौरा किया। उन्होंने वहां तैनात भारतीय सैनिकों से संपर्क कर उन्हें याद दिलाया कि वे अपनी ही मातृभूमि को गुलाम बनाए रखने के लिए अंग्रेजों के औजार न बनें। मेरठ, लाहौर, फिरोजपुर और अंबाला छावनियों के अनेक भारतीय सैनिक और अधिकारी इस विद्रोह में शामिल होने के लिए तैयार हो गए।

रासबिहारी बोस और करतार सिंह सराभा ने गहन विचार-विमर्श के बाद 21 फरवरी 1915 ई. को पूरे उत्तर भारत में एक साथ ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सैन्य विद्रोह (गदर) की तिथि निश्चित की। योजना के अनुसार, भारतीय सैनिक छावनियों में ब्रिटिश अधिकारियों को बंदी बनाकर शस्त्रागारों पर कब्जा करने वाले थे।लगभग 26000 भारतीय सैनिक इस तख्तापलट की योजना में क्रांतिकारियों का साथ देने को तैयार हो चुके थे।

इतने बड़े पैमाने पर बनाई गई गुप्त योजना की असफलता का कारण एक बार फिर आंतरिक विश्वासघात बना। गदर पार्टी में पुलिस का एक जासूस कृपाल सिंह शामिल हो चुका था, जो अंदरूनी बैठकों की सारी जानकारी सीक्रेट सर्विस को दे रहा था।जब क्रांतिकारियों को आभास हुआ कि कृपाल सिंह ने 21 फरवरी की योजना पुलिस तक पहुंचा दी है, तो उन्होंने त्वरित निर्णय लेते हुए विद्रोह की तिथि दो दिन पूर्व अर्थात 19 फरवरी 1915 ई. निश्चित कर दी। दुर्भाग्यवश, मुस्तैद कृपाल सिंह ने इस बदले हुए समय की सूचना भी तुरंत औपनिवेशिक अधिकारियों को दे दी।

विद्रोह का दमन- 19 फरवरी 1915 के पहले ही औपनिवेशिक कुशासन ने सभी संदिग्ध भारतीय रेजिमेंट्स और बागी सैनिकों को छावनियों से निष्कासित कर दिया और उनके हथियारों को जब्त कर लिया। इस प्रकार, भारतीय इतिहास का यह अत्यंत सुनियोजित और व्यापक सैन्य विद्रोह शुरू होने से पहले ही कुचल दिया गया। इसके तुरंत बाद पूरे पंजाब और संयुक्त प्रांत (यूनाइटेड प्रोविंस) में गदर क्रांतिकारियों और उनके समर्थकों की बड़े पैमाने पर धरपकड़ शुरू हो गई।रासबिहारी बोस बनारस और कलकत्ता होते हुए 'ठाकुर सिंह' के छद्म नाम से पीकिंग (चीन) और अंतत: जापान सुरक्षित पहुंच गए। (कालांतर में उन्होंने जापान में रहकर ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 'आजाद हिंद फौज' के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई)।करतार सिंह सराभा भी अपने दो साथियों के साथ उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत से होते हुए अफगानिस्तान की सीमा तक पहुंच गए थे। वे चाहते तो सुरक्षित देश से बाहर जा सकते थे। परंतु सीमा पर पहुंचकर सराभा की अंतर्रात्मा कचोट उठी। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि इस तरह पीठ दिखाकर भागने से बेहतर है कि एक बार फिर पंजाब लौटकर विद्रोह का प्रयास किया जाए।वे वापस पंजाब की ओर लौटे और सरगोधा (अब पाकिस्तान में) में 'जगत सिंह' नामक व्यक्ति के माध्यम से कुछ सैनिकों 2 से मिलने पहुंचे। परंतु तब तक परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी थीं और चारों ओर मुखबिरों का जाल था। सरगोधा में ब्रिटिश भक्त सैनिकों ने ही उन्हें पहचान लिया और उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

न्यायिक ढोंग और निर्भीक राष्ट्रवाद- लाहौर सैन्य षड्यंत्र केस के तहत सराभा और उनके साथियों पर ब्रिटिश हुकूमत का तख्ता पलटने का मुकदमा चलाया गया। अदालत के भीतर सराभा का आचरण एक अभियुक्त का नहीं, बल्कि एक विजेता का था।जब सराभा ने अदालत में पूरी योजना का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए हथियार उठाने की बात कबूली, तो अंग्रेज मैजिस्ट्रेट/जज उनकी कम उम्र और आकर्षण से प्रभावित होकर अचंभित रह गया। जज ने उन्हें अपना बयान बदलने और माफी मांगने का अवसर दिया ताकि उनकी सजा कम की जा सके। परंतु सराभा ने दो टूक शब्दों में इनकार कर दिया और मदनलाल ढींगरा के ऐतिहासिक वक्तव्य को दोहराते हुए ब्रिटिश राज को हिंसा पर आधारित बताया।अंतत: जज को अपने फैसले में लिखना पड़ा कि 'यह 61 अभियुक्तों में सबसे महत्वपूर्ण और खतरनाक व्यक्ति है।' जब उन्हें मौत की सजा सुनाई गई, तो उन्होंने अदालत को हंसते हुए 'धन्यवाद' (जींदो) कहा।

मृत्यु पर विजय- करतार सिंह सराभा के दादाजी उनसे लाहौर जेल में मिलने आए। उन्होंने कहा, 'करतार, हमें तो यह भी यकीन नहीं है कि तुम्हारी मृत्यु से देश को कोई लाभ होगा। तुम अपना जीवन क्यों बर्बाद कर रहे हो?' जवाब में, करतार सिंह ने अपने दादाजी को उन रिश्तेदारों की याद दिलाई जो हैजा, प्लेग या अन्य बीमारियों से मर गए थे। 'तो क्या आप चाहते हैं कि आपका पोता किसी बीमारी से मरे? क्या यह मृत्यु उससे हजार गुना बेहतर नहीं है?'उन्होंने सवाल किया, जिससे दादाजी अवाक रह गए।

16 नवंबर 1915 को फांसी के तख्ते पर चढ़ने से ठीक पहले उनका वजन 10 पौंड बढ़ गया था, जो इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि देश के लिए प्राणोत्सर्ग करने का उनका आनंद मृत्यु के भय से कहीं बड़ा था। उनके अंतिम शब्द थे: 'मैं फांसी को बेहतर मानता हूँ, ताकि पुन: जन्म लेकर फिर फांसी पर लटकाया जाऊँ और यह क्रम तब तक चलता रहे, जब तक भारत स्वतंत्र न हो जाए।' जब लाहौर सेंट्रल जेल में करतार सिंह सराभा को फांसी के फंदे की ओर ले जाया जा रहा था, तब उनके साथी जेल की कोठरियों से आदरपूर्वक ओजस्वी गीत गा रहे थे:

'फख है भारत को एक करतार जू जाता है आज।
जगत और पिंगले को भी तू साथ ले जाता है आज।।'

करतार सिंह सराभा का चरित्र: मानवीय एवं नैतिक मूल्य- एक क्रांतिकारी के रूप में सराभा जितने आक्रामक थे, एक मानव के रूप में उतने

ही उच्च चरित्र के धनी और संवेदनशील थे।क्रांति के लिए धन जुटाने (डकैती) के दौरान जब उनके एक साथी ने एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया, तो सराभा ने तुरंत अपनी पिस्तौल साथी पर तान दी और उसे महिला के पैर छूकर माफी मांगने पर विवश किया। जब उस घर की वृद्ध माता ने उनसे इस मार्ग को चुनने का कारण पूछा, तो सराभा की आँखों में आंसू आ गए और उन्होंने कहा, 'माँ, यह मैं अपने लिए नहीं, देश की आजादी के लिए कर रहा हूँ।' यह घटना उनके चरित्र की पवित्रता और क्रांतिकारी शुचिता को रेखांकित करती है।

वैचारिक विरासत और भगत सिंह पर प्रभाव– करतार सिंह सराभा केवल एक सैनिक नहीं थे, बल्कि एक 'समाजवादी क्रांतिकारी' थे। उनका सबसे गहरा और अमिट प्रभाव अमर शहीद सरदार भगत सिंह पर पड़ा।जितेंद्रनाथ सान्याल की पुस्तक 'अमर शहीद' के अनुसार, भगत सिंह सराभा को अपना सर्वोच्च आदर्श और गुरु मानते थे। वे हमेशा अपनी जेब में करतार सिंह सराभा की एक तस्वीर रखते थे।भगत सिंह हर साल 16 नवंबर को लाहौर के ब्रेडला हॉल में सराभा का शहीदी दिवस बड़े पैमाने पर मनाते थे, जहाँ दुर्गा भाभी ने अपनी उंगली काटकर सराभा के चित्र पर रक्त का तिलक लगाया था।भगत सिंह ने अपने लेख 'बागी करतारसिंह' में सराभा को 'रणचंडी का परम भक्त' और 'विप्लव यज्ञ का पुरोहित' कहा है। वास्तव में, गदर आंदोलन का यही वैचारिक और रणनीतिक विकास आगे चलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' के रूप में फला–फूला।

निष्कर्ष – करतार सिंह सराभा का जीवनवृत्त मात्र 19 वर्षों का एक संक्षिप्त कालखंड है, परंतु इसकी भव्यता और ऐतिहासिक महत्ता सदियों पर भारी है। वे एक संवेदनशील कवि भी थे, जिनकी कविता की पंक्तियाँ आज भी गूंजती हैं:

'जो कोई पढ़े कि कौन हो तुम, तो कह दो बागी ये नाम अपना।
जुल्म मिटाना हमारा पेशा, गदर का करना ये काम अपना।।'

सराभा केवल राष्ट्रवादी नहीं थे, वे मूलत: एक 'समाजवादी' भी थे, जो वर्गहीन और शोषणमुक्त समाज की कल्पना करते थे।करतार सिंह सराभा का जीवन–वृत्त आधुनिक भारतीय इतिहास के उन स्वर्णिम पृष्ठों में से है, जो यह सिद्ध करते हैं कि राष्ट्रभक्ति उम्र की मोहताज नहीं होती। मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्होंने जो सांगठनिक क्षमता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिरोधी नेटवर्क और वैचारिक परिपक्वता दिखाई, वह समकालीन विश्व इतिहास में विरले है। यह भारतीय इतिहास की विडंबना रही कि इस महान राष्ट्रनायक को इतिहास की मुख्यधारा की पुस्तकों में वह स्थान नहीं मिल सका जिसके वे हकदार थे। सराभा आज के समाज और युवा पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक हैं, जो आरामपसंद राजनीति और सतही राष्ट्रवाद के दौर में वास्तविक आत्मोत्सर्ग और वैचारिक प्रतिबद्धता की मांग करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रेस सूचना ब्यूरो, शहीद करतार सिंह सराभा, भारत सरकार, विशेष सेवा एवं फीचर, स्वतंत्रता के नायकों का संघर्ष– 7, वर्ष 2016.
2. माहौर, डॉ. भगवानदास, काकोरी शहीद स्मृति, काकोरी शहीद अर्धशताब्दी समारोह समिति, लखनऊ, 1977.
3. 'सरल' श्रीकृष्ण, क्रांतिकारी कोश (तृतीय खंड), प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2012.
4. व्यास, लल्लन प्रसाद, भारत के महान क्रांतिकारी, गंगा–पुस्तकमाला–कार्यालय, लखनऊ, 1966.
5. चंद्र विपिन, आधुनिक भारत का इतिहास, प्रकाशक ओरिएंट ब्लैकस्वॉन, नई दिल्ली वर्ष 2016.
6. सरकार सुमित, आधुनिक भारत (1885 –1947), राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, वर्ष 2005.
7. शुक्ल, आर.एल., आधुनिक भारत का इतिहास (स्वतंत्रता–प्राप्ति और देश–विभाजन तक) हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, वर्ष 2006.
8. चन्द्र बिपिन, मुखर्जी मृदुला, मुखर्जी आदित्य, क. न. पनिकर, महाजन सुचेता, भारत का स्वतंत्रता संघर्ष, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली वर्ष 2005.
9. दुबे, सत्यनारायण, इतिहास, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कंपनी, इंदौर।
10. निगम, नंदकिशोर, बलिदान (चंद्रशेखर आजाद की रोमांचकारी जीवनी), नया हिंदुस्तान प्रेस, चांदनी चौक, दिल्ली।
11. खुल्लर, के. के., आजादी की मशालें, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
12. सान्याल, जितेंद्रनाथ, अमर शहीद सरदार भगत सिंह।
13. सिंह, गुरमीत, गदर पार्टी के गठन से प्रथम लाहौर षड्यंत्र केस तक: करतार सिंह सराभा के विशेष संदर्भ में एक ऐतिहासिक अध्ययन, शोध प्रबंध,अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा मध्य प्रदेश वर्ष 2022.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Rights of Trees and Forests: A Commerce Perspective on Natural Capital, Environmental Governance, and Global Biodiversity Goals

Anant Kumar Garg*

***Independent Researcher, UGC NET Qualified, Chartered Accountancy Articleship Trainee under ICAI, INDIA**

Abstract - Biodiversity constitutes a critical form of natural capital that underpins ecological stability, economic productivity, and long-term commercial sustainability. The World Economic Forum (2020) estimates that over US$44 trillion of global GDP is moderately or highly dependent on nature, underscoring the economic significance of biodiversity. In India, ecosystem services—including pollination, carbon sequestration, and non-timber forest products—generate substantial value for agriculture, forestry, trade, and rural livelihoods. Despite their economic importance, these services remain largely excluded from national accounting systems, corporate reporting, and measures of trade competitiveness.

This paper develops a commerce-based multidisciplinary framework to examine the rights of trees and forests through the lenses of natural capital accounting, corporate governance (CSR and ESG), trade competitiveness, environmental law, and social justice. The study adopts a qualitative, policy-oriented research design based on secondary data drawn from constitutional provisions, biodiversity legislation, corporate disclosure frameworks, ecosystem valuation studies, and reports published by the World Bank, UNEP, IPBES, IUCN, WWF, and the Dasgupta Review.

The analysis identifies three interrelated challenges in India's biodiversity governance: an implementation deficit, reflected in limited institutional and corporate enforcement despite progressive judicial interventions; an integration gap, arising from the inadequate incorporation of biodiversity into GDP estimation, CSR strategies, ESG reporting, and business decision-making; and an alignment gap, characterized by insufficient policy convergence with international biodiversity commitments, including the Sustainable Development Goals and the Kunming–Montreal Global Biodiversity Framework (2022–2030).

The paper recommends integrating biodiversity into Green GDP and natural capital accounting frameworks, strengthening biodiversity-linked CSR investments and ESG disclosure standards, promoting community-based forest commerce under the Forest Rights Act, 2006, and aligning trade and development policies with global biodiversity commitments. By positioning biodiversity as productive natural capital rather than merely an environmental or legal concern, the study demonstrates that conserving trees and forests is fundamental to economic resilience, commercial competitiveness, human well-being, and sustainable development.

Keywords: Biodiversity governance; natural capital accounting; corporate social responsibility (CSR); environmental, social and governance (ESG); rights of nature; Green GDP; Sustainable Development Goals (SDGs); Kunming–Montreal Global Biodiversity Framework (GBF 2022–2030); India.

Introduction - Biodiversity constitutes the foundation of ecological stability, economic productivity, and sustainable development. Beyond its ecological significance, biodiversity represents productive natural capital that supports agriculture, forestry, trade, tourism, ecosystem services, and long-term commercial resilience. According to the World Economic Forum (2020), more than US$44 trillion of global GDP is moderately or highly dependent on nature, highlighting the close relationship between biodiversity conservation and economic prosperity. However, accelerating habitat loss, climate change, pollution, and unsustainable resource use have placed global biodiversity under unprecedented pressure. The Intergovernmental Science-Policy Platform on Biodiversity and Ecosystem Services (IPBES, 2019) estimates that nearly one million species are threatened with extinction, while the *WWF Living Planet Report* (2022) documents a substantial decline in monitored wildlife populations worldwide. These trends demonstrate that biodiversity loss has become not only an environmental concern but also an economic and developmental challenge.

India occupies a unique position within global biodiversity governance as one of the world's seventeen megadiverse countries, supporting nearly 7–8% of recorded species despite accounting for only 2.4% of the global land area. The *India State of Forest Report* (FSI, 2023) estimates

forest cover at 21.71% of the country's geographical area, although forest quality and ecological integrity remain uneven. India's forests generate valuable ecosystem services, including carbon sequestration, watershed protection, pollination, biodiversity conservation, and livelihood support for millions of people. Nevertheless, these ecosystem services continue to receive limited recognition within conventional measures of economic performance, public finance, and corporate decision-making.

The growing recognition of biodiversity as productive natural capital has expanded the relevance of commerce in environmental governance. The Dasgupta Review (2021) argues that sustainable economic development depends upon incorporating the value of nature into national accounting systems and policy decisions. Similarly, Corporate Social Responsibility (CSR), Environmental, Social and Governance (ESG) reporting, sustainability accounting, and Green GDP have emerged as important mechanisms for integrating biodiversity into business strategy and public policy. Despite these developments, biodiversity remains inadequately reflected in economic planning and corporate governance, limiting the effectiveness of conservation efforts and sustainable development initiatives.

भारतीय समाज की सामाजिक संरचना विविधताओं एवं असमानताओं से परिपूर्ण है। जाति, वर्ग, लिंग, धर्म तथा आर्थिक स्थिति जैसे कारक सामाजिक अवसरों और राजनीतिक सहभागिता को प्रभावित करते हैं। पंचायतों में भी इन कारकों का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। सामाजिक रूप से प्रभावशाली वर्गों का प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत अधिक होता है, जबकि कमजोर एवं वंचित वर्गों को निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त हों और वे शासन प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग ले सकें। (एम. एन. श्रीनिवास,[6] 1966)

महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता लोकतांत्रिक विकास का महत्वपूर्ण संकेतक मानी जाती है। 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था ने लाखों महिलाओं को स्थानीय शासन में प्रवेश का अवसर प्रदान किया। इससे महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में वृद्धि हुई तथा उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। पंचायतों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने ग्रामीण समाज में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन उत्पन्न किए हैं। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि महिला प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों को अधिक प्राथमिकता देती हैं। (बीना अग्रवाल[7], 2001)

यद्यपि महिलाओं को पंचायतों में आरक्षण प्राप्त है, फिर भी उनकी प्रभावी भागीदारी अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक बाधाओं से प्रभावित होती है। पितृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था, शिक्षा का निम्न स्तर, आर्थिक निर्भरता, राजनीतिक अनुभव की कमी तथा पारिवारिक प्रतिबंध महिलाओं की सक्रिय भूमिका को सीमित करते हैं। कई मामलों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति अथवा अन्य पुरुष परिजन निर्णय लेते हैं, जिससे महिलाओं का वास्तविक राजनीतिक सशक्तिकरण बाधित होता है। इसलिए केवल आरक्षण प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व प्रशिक्षण, राजनीतिक शिक्षा तथा सामाजिक समर्थन भी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। (निर्मला बुच[8], 2000)

पंचायतों में सहभागिता को आर्थिक स्थिति भी प्रभावित करती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्तियों के पास चुनाव लड़ने, राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने तथा सामाजिक नेटवर्क विकसित करने के अधिक अवसर होते हैं। इसके विपरीत निम्न आय वर्ग के लोगों को संसाधनों की कमी, समयाभाव तथा आर्थिक असुरक्षा के कारण राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने में कठिनाई होती है। आर्थिक असमानता लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को प्रभावित करती है और कमजोर वर्गों की आवाज को सीमित कर सकती है। इसलिए समावेशी लोकतंत्र के लिए आर्थिक सशक्तिकरण को भी आवश्यक माना जाता है। (बार्धन एवं मुखर्जी,[9] 2006)

वर्तमान अध्ययन पंचायतों में नागरिक सहभागिता के सामाजिक एवं आर्थिक आयामों को समझने का प्रयास करता है। अध्ययन विशेष रूप से उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि तथा पंचायत में प्रवेश एवं सहभागिता के दौरान उनके समक्ष आने वाली बाधाओं एवं चुनौतियों का विश्लेषण करता है। अध्ययन में 200 उत्तरदाताओं, जिनमें 96 महिलाएँ एवं 104 पुरुष शामिल हैं, से प्राप्त तथ्यों के आधार पर पंचायत सहभागिता की वास्तविक स्थिति को समझने का प्रयास किया गया है। यह अध्ययन स्थानीय लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण विकास से संबंधित नीतियों एवं कार्यक्रमों के लिए उपयोगी निष्कर्ष प्रदान कर सकता है। (दीपा नारायण,[10] 2005)

अध्ययन के उद्देश्य- प्रस्तुत अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में नागरिकों की सहभागिता को प्रभावित करने वाले सामाजिक एवं आर्थिक कारकों का विश्लेषण करना तथा पंचायत में प्रवेश एवं सक्रिय भागीदारी के दौरान उनके समक्ष आने वाली बाधाओं और चुनौतियों को समझना है। पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की आधारभूत इकाई है, जिसके माध्यम से ग्रामीण नागरिक स्थानीय शासन और विकास प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेते हैं। यद्यपि पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्राप्त है तथा विभिन्न वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी की गई है, फिर भी सभी नागरिकों की सहभागिता समान रूप से सुनिश्चित नहीं हो पाती। सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक परिस्थितियाँ व्यक्तियों की भागीदारी को प्रभावित करती हैं। इसी संदर्भ में प्रस्तुत अध्ययन

के दो प्रमुख उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं।

1. उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना: किसी भी समाज में व्यक्तियों की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि उनके व्यवहार, दृष्टिकोण, अवसरों तथा निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करती है। पंचायतों में सहभागिता भी इससे अछूती नहीं है। सामाजिक पृष्ठभूमि के अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग, शिक्षा, वैवाहिक स्थिति, परिवार का प्रकार तथा सामाजिक प्रतिष्ठा जैसे तत्व आते हैं, जबकि आर्थिक पृष्ठभूमि में आय, व्यवसाय, भूमि स्वामित्व, आवासीय स्थिति तथा संसाधनों की उपलब्धता को शामिल किया जाता है।

पंचायतों में प्रभावी भागीदारी के लिए केवल राजनीतिक अधिकार पर्याप्त नहीं होते, बल्कि व्यक्ति की सामाजिक स्थिति और आर्थिक संसाधन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त, आर्थिक रूप से सक्षम तथा सामाजिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति पंचायत की गतिविधियों में अधिक सक्रिय दिखाई देते हैं, जबकि कमजोर एवं वंचित वर्गों के लोग अनेक सीमाओं का सामना करते हैं। इसलिए उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन पंचायत सहभागिता की प्रकृति और स्तर को समझने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इस उद्देश्य के अंतर्गत अध्ययन में शामिल 200 उत्तरदाताओं की सामाजिक विशेषताओं जैसे लिंग, आयु, जाति, धर्म, शिक्षा, पारिवारिक संरचना तथा वैवाहिक स्थिति का विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति, आय के स्रोत, व्यवसाय, भूमि स्वामित्व तथा आर्थिक संसाधनों का भी अध्ययन किया जाएगा। यह जानकारी इस बात को समझने में सहायता करेगी कि सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ पंचायत में भागीदारी को किस प्रकार प्रभावित करती हैं।

सामाजिक विज्ञान के अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि सामाजिक असमानताएँ राजनीतिक सहभागिता को प्रभावित करती हैं। जाति व्यवस्था, वर्ग विभाजन तथा लैंगिक असमानता जैसे कारक व्यक्तियों के अवसरों और प्रतिनिधित्व को निर्धारित करते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण भारत में सामाजिक स्थिति पंचायतों में नेतृत्व और निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया को प्रभावित करती है। इसलिए उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन पंचायत व्यवस्था में विद्यमान असमानताओं और अवसरों को समझने का आधार प्रदान करता है। (एम. एन. श्रीनिवास[6], 1966)

इसके अतिरिक्त आर्थिक स्थिति भी पंचायतों में सहभागिता की प्रकृति को प्रभावित करती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने, प्रचार-प्रसार करने तथा सामाजिक नेटवर्क विकसित करने में अधिक सक्षम होते हैं। दूसरी ओर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के लिए पंचायत गतिविधियों में निरंतर भागीदारी करना अपेक्षाकृत कठिन होता है। इसलिए यह उद्देश्य पंचायत सहभागिता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के मध्य संबंध को स्पष्ट करने का प्रयास करता है। (बार्धन एवं मुखर्जी,[9] 2006)

2. पंचायत में प्रवेश एवं सहभागिता के दौरान उत्तरदाताओं के समक्ष आने वाली बाधाओं एवं चुनौतियों का अध्ययन करना: लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को शासन प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार प्राप्त है, किंतु व्यवहारिक स्तर पर अनेक बाधाएँ और चुनौतियाँ इस भागीदारी को प्रभावित करती हैं। पंचायतों में प्रवेश तथा सक्रिय सहभागिता की प्रक्रिया भी विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक कारकों से प्रभावित होती है। इसलिए इस अध्ययन का दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य उत्तरदाताओं के समक्ष आने वाली इन बाधाओं एवं चुनौतियों की पहचान करना और उनका विश्लेषण करना है।

ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक व्यक्ति पंचायतों की गतिविधियों में रुचि रखने के बावजूद विभिन्न कारणों से सक्रिय भागीदारी नहीं कर पाते। सामाजिक स्तर पर जातिगत भेदभाव, लैंगिक असमानता, सामाजिक प्रतिष्ठा की कमी तथा रूढ़िवादी मान्यताएँ सहभागिता में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। विशेष रूप से महिलाओं को पितृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था, घरेलू उत्तरदायित्वों तथा सामाजिक नियंत्रण के कारण पंचायतों में प्रभावी भूमिका निभाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। (निर्मला बुच,[8] 2000)

आर्थिक स्तर पर सीमित आय, संसाधनों की कमी तथा चुनावी खर्च का बोझपंचायतों में प्रवेश की संभावनाओं को प्रभावित करता है। कई बार आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति चुनाव लड़ने या पंचायत की गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेने में असमर्थ रहते हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन उत्पन्न हो सकता है तथा केवल आर्थिक रूप से सशक्त वर्गों का प्रभुत्व बढ़ सकता है। (बार्धन एवं मुखर्जी,[9] 2006)

राजनीतिक स्तर पर अनुभव की कमी, प्रशासनिक प्रक्रियाओं की अपर्याप्त जानकारी, स्थानीय शक्ति समूहों का प्रभाव तथा राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी सहभागिता में महत्वपूर्ण बाधाएँ उत्पन्न करती हैं। अनेक ग्रामीण नागरिक पंचायतों के अधिकारों, कार्यों तथा योजनाओं की पर्याप्त जानकारी नहीं रखते, जिसके कारण वे निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में प्रभावी योगदान नहीं दे पाते। राजनीतिक जागरूकता की कमी लोकतांत्रिक सहभागिता को सीमित कर देती है। (जॉर्ज मैथ्यू,[4] 1994)

महिलाओं के संदर्भ में पंचायत सहभागिता की चुनौतियाँ और अधिक जटिल हैं। यद्यपि आरक्षण व्यवस्था ने महिलाओं को प्रतिनिधित्व प्रदान किया है, फिर भी कई स्थानों पर वास्तविक निर्णय लेने की शक्ति पुरुषों के हाथों में बनी रहती है। महिलाओं को सामाजिक स्वीकृति, नेतृत्व कौशल, राजनीतिक प्रशिक्षण तथा आत्मविश्वास से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए पंचायतों में महिलाओं की प्रभावी सहभागिता को समझने के लिए इन बाधाओं का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। (बीना अग्रवाल,[7] 2001)

इस उद्देश्य के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि पंचायत में प्रवेश एवं सहभागिता के दौरान उत्तरदाताओं को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इन समस्याओं की प्रकृति क्या है तथा वे पंचायतों की प्रभावशीलता को किस प्रकार प्रभावित करती हैं। अध्ययन के निष्कर्ष पंचायतों में समावेशी सहभागिता को बढ़ावा देने तथा लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को अधिक प्रभावी बनाने हेतु उपयोगी सुझाव प्रदान करेंगे।

साहित्य समीक्षा

1. मैकिड, हेनरी (1963),[1] हेनरी मैकिड ने लोकतंत्र, विकेन्द्रीकरण और विकास में यह प्रतिपादित किया कि लोकतांत्रिक शासन की सफलता स्थानीय स्तर पर नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकेन्द्रीकरण केवल प्रशासनिक अधिकारों का हस्तांतरण नहीं है, बल्कि यह नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में सम्मिलित करने का माध्यम भी है। लेखक के अनुसार स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से विकास योजनाओं की प्रभावशीलता तभी बढ़ सकती है जब समाज के सभी वर्ग

समान रूप से भाग लें। यह अध्ययन पंचायती राज में नागरिक सहभागिता की सैद्धांतिक आधारभूमि प्रदान करता है।

2. अल्तेकर, ए. एस. (1958),[2] अल्तेकर ने प्राचीन भारत में राज्य एवं शासन व्यवस्था में प्राचीन भारतीय ग्राम प्रशासन की परंपरा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ग्राम सभाएँ स्थानीय प्रशासन, न्याय तथा सामुदायिक निर्णयों का प्रमुख केंद्र थीं। यद्यपि आधुनिक पंचायती राज की संरचना भिन्न है, फिर भी यह अध्ययन स्थानीय स्वशासन की ऐतिहासिक जड़ों को समझने में सहायक है तथा यह दर्शाता है कि नागरिक सहभागिता भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग रही है।

3. मेहता, बलवंत राय (1957),[3] बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट भारतीय पंचायती राज व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली की अनुशंसा करते हुए ग्राम सभा को लोकतंत्र की मूल इकाई माना। रिपोर्ट में नागरिक सहभागिता को ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की सफलता का प्रमुख आधार बताया गया। इस अध्ययन ने विकेन्द्रीकरण, जनसहभागिता तथा उत्तरदायित्व की अवधारणाओं को संस्थागत रूप प्रदान किया।

4. राव, जी. वी. के. (1985),[11] जी. वी. के. राव समिति ने ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में नौकरशाही के अत्यधिक प्रभुत्व की आलोचना की तथा पंचायती राज संस्थाओं को विकास प्रशासन का केंद्रीय आधार बनाने की अनुशंसा की। समिति के अनुसार स्थानीय विकास तभी प्रभावी होगा जब नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और पंचायतों को पर्याप्त प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार प्राप्त हों।

5.सिंहवी, एल. एम. (1986),[12] एल. एम. सिंहवी समिति ने ग्राम सभा को लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की आत्मा माना तथा पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देने की अनुशंसा की। समिति ने सामाजिक उत्तरदायित्व, पारदर्शिता तथा नागरिक सहभागिता को स्थानीय स्वशासन की सफलता के लिए अनिवार्य बताया। इस रिपोर्ट ने आगे चलकर 73वें संविधान संशोधन का आधार तैयार किया।

6. डाहल, रॉबर्ट ए. (1989),[13] रॉबर्ट ए. डाहल ने लोकतंत्र और उसके आलोचक में सहभागितामूलक लोकतंत्र की अवधारणा का विस्तार किया। उन्होंने लोकतंत्र में समान राजनीतिक अवसर, सूचना तक पहुँच और निर्णय प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक माना। यह सैद्धांतिक दृष्टिकोण पंचायती राज में नागरिक सहभागिता की गुणवत्ता को समझने में उपयोगी है।

7. भारत सरकार (1992),[14] भारत सरकार द्वारा पारित 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम भारतीय पंचायती राज व्यवस्था का ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इस संशोधन के माध्यम से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया, ग्राम सभा को वैधानिक मान्यता मिली तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया। इससे नागरिक सहभागिता को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त हुआ, यद्यपि व्यवहारिक स्तर पर अनेक सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियाँ बनी रहीं।

8. मैथ्यू, जॉर्ज (1994),[4] जॉर्ज मैथ्यू ने पंचायती राजरू विधान से जनआंदोलन तक में 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज संस्थाओं के व्यावहारिक अनुभवों का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि कानूनी प्रावधानों के बावजूद सामाजिक असमानता, जातिगत वर्चस्व, राजनीतिक हस्तक्षेप तथा जागरूकता की कमी नागरिक सहभागिता में बाधा उत्पन्न करते हैं। लेखक ने ग्राम सभा की सक्रियता को लोकतांत्रिक सशक्तिकरण का प्रमुख साधन माना।

9. क्रूक, रिचर्ड सी. एवं मैनर, जेम्स (1998),[5] क्रूक और मैनर ने दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों में विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन किया। उनके अनुसार विकेन्द्रीकरण तभी प्रभावी होता है जब स्थानीय संस्थाओं को वास्तविक अधिकार, संसाधन तथा प्रशासनिक स्वायत्तता प्राप्त हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल संस्थागत सुधार पर्याप्त नहीं हैंय सामाजिक समानता और नागरिक जागरूकता भी आवश्यक है।

10. बुच, निर्मला (2000),[8] निर्मला बुच ने पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी एवं सशक्तिकरण का अध्ययन करते हुए पाया कि आरक्षण के कारण महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति बढ़ी है, किन्तु सामाजिक रूढ़िवादिता, शिक्षा का अभाव तथा आर्थिक निर्भरता उनकी प्रभावी सहभागिता में बाधक हैं। उन्होंने क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण को महिला सशक्तिकरण का आवश्यक माध्यम बताया।

11. अग्रवाल, बीना (2001),[7] बीना अग्रवाल ने सामुदायिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी का विश्लेषण करते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि केवल प्रतिनिधित्व पर्याप्त नहीं हैय वास्तविक निर्णय लेने की शक्ति भी आवश्यक है। उन्होंने लैंगिक असमानता, सामाजिक बहिष्करण तथा संसाधनों पर असमान नियंत्रण को नागरिक सहभागिता की प्रमुख चुनौतियों के रूप में चिन्हित किया।

12. नारायण, दीपा (2005),[10] दीपा नारायण ने सशक्तिकरण के बहुआयामी स्वरूप पर बल देते हुए बताया कि आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक तथा मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण परस्पर जुड़े हुए हैं। उन्होंने सहभागिता को गरीबी उन्मूलन तथा स्थानीय विकास का प्रभावी साधन माना। उनका अध्ययन नागरिक सहभागिता के सामाजिक एवं आर्थिक आयामों को समझने में विशेष रूप से उपयोगी है।

13. बर्धन, प्रदीप एवं मुखर्जी, दिलीप (2006),[9] बर्धन और मुखर्जी ने विकासशील देशों में विकेन्द्रीकरण की प्रभावशीलता का विश्लेषण करते हुए पाया कि स्थानीय निकायों की सफलता स्थानीय सामाजिक संरचना, वित्तीय संसाधनों तथा राजनीतिक उत्तरदायित्व पर निर्भर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि गरीब एवं वंचित वर्गों की प्रभावी भागीदारी के बिना विकेन्द्रीकरण के अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो सकते।

14. द्रेज, जीन एवं सेन, अमर्त्य (2013),[15] द्रेज और सेन ने भारत में विकास एवं लोकतंत्र के संबंध का विश्लेषण करते हुए यह तर्क दिया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की सफलता नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर आधारित होती है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय तथा जन-जागरूकता को स्थानीय शासन की प्रभावशीलता के लिए आवश्यक माना। उनका अध्ययन नागरिक सहभागिता और मानव विकास के बीच घनिष्ठ संबंध स्थापित करता है।

15. दुबे, एस. सी. (2017),[16] एस. सी. दुबे ने भारतीय ग्राम समाज की सामाजिक संरचना का विश्लेषण करते हुए बताया कि जाति, वर्ग, परंपराएँ तथा स्थानीय शक्ति संरचना ग्रामीण समाज में नागरिक सहभागिता को प्रभावित करती हैं। उनके अनुसार ग्राम स्तर पर सामाजिक असमानताएँ पंचायतों की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली को सीमित करती हैं।

16. यादव, के. सी. (2018),[17] के. सी. यादव ने भारत में पंचायती राज व्यवस्था के विकास, संरचना तथा कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया।

उन्होंने पंचायतों के समक्ष वित्तीय निर्भरता, प्रशासनिक सीमाएँ, क्षमता निर्माण की कमी तथा ग्राम सभा की निष्क्रियता जैसी समस्याओं को प्रमुख चुनौतियों के रूप में प्रस्तुत किया।

17. सिंह, योगेन्द्र (2019),[18] योगेन्द्र सिंह ने भारतीय समाज की संरचना एवं परिवर्तन का अध्ययन करते हुए सामाजिक परिवर्तन, आधुनिकीकरण तथा लोकतंत्रीकरण की प्रक्रियाओं का विश्लेषण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामाजिक असमानता, जातीय विभाजन तथा आर्थिक विषमता स्थानीय लोकतंत्र में समान नागरिक सहभागिता को प्रभावित करती है।

18. कुमार, अरविन्द (2020),[19] अरविन्द कुमार ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के संबंधों का अध्ययन करते हुए बताया कि पंचायतों की प्रभावशीलता स्थानीय नेतृत्व, वित्तीय संसाधनों, नागरिक जागरूकता तथा सामाजिक सहयोग पर निर्भर करती है। उन्होंने डिजिटल शासन, पारदर्शिता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को पंचायतों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक माना।

19. पंचायती राज मंत्रालय (2024),[20] पंचायती राज मंत्रालय की वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24 में पंचायतों के डिजिटलीकरण, e-GramSwaraj, Gram Manchitra, सामाजिक लेखा परीक्षा, वित्तीय प्रबंधन तथा ग्राम सभा की सक्रियता बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि यद्यपि तकनीकी सुधारों से पारदर्शिता बढ़ी है, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन, सामाजिक असमानता, सीमित जागरूकता तथा क्षमता निर्माण की कमी नागरिक सहभागिता के समक्ष महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

अध्ययन क्षेत्र एवं शोध पद्धति– मेरठ जनपद उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण जिला है। जनगणना के अनुसार जनपद का लिंगानुपात 886 है। जनपद की कुल साक्षरता दर 72.84 प्रतिशत है, जिसमें पुरुष साक्षरता दर 80.74 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 63.98 प्रतिशत है। प्रशासनिक दृष्टि से जनपद मेरठ तीन तहसीलों मेरठ, मवाना तथा सरधना में विभाजित है। जनपद में कुल 12 विकास खण्ड हैं, जिनमें मेरठ, रजपुरा, खरखौदा, जानी, रोहटा, मवाना कलाँ, परीक्षितगढ़, माछरा, हस्तिनापुर, सरधना, दौराला तथा सरूरपुर खुर्द सम्मिलित हैं। इन 12 विकास खण्डों में वर्तमान समय में कुल 479 ग्राम पंचायतें कार्यरत हैं।

प्रस्तुत अध्ययन के लिए जनपद मेरठ को अध्ययन क्षेत्र के रूप में चयनित किया गया है। अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता तथा निर्णय–निर्माण प्रक्रिया में उनकी भूमिका का विश्लेषण करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति का प्रयोग किया गया। जनपद की 479 ग्राम पंचायतों में से केवल उन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया, जिनमें वर्तमान समय में महिला ग्राम प्रधान निर्वाचित हैं। इन महिला ग्राम प्रधानों का चयन अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए उद्देश्यपूर्ण निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया।

इस अध्ययन में अन्वेषणात्मक एवं वर्णनात्मक शोध प्रारूप का उपयोग किया गया है। अन्वेषणात्मक शोध प्रारूप के माध्यम से पंचायतों में महिलाओं की वास्तविक स्थिति, उनके अनुभवों तथा निर्णय–निर्माण प्रक्रिया में उनकी भूमिका को समझने का प्रयास किया गया है, जबकि वर्णनात्मक शोध प्रारूप के माध्यम से महिला ग्राम प्रधानों की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि तथा पंचायत संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं का व्यवस्थित विवरण प्रस्तुत किया गया है।

अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आँकड़ों का उपयोग किया गया है। प्राथमिक आँकड़ों के संकलन हेतु साक्षात्कार अनुसूची तथा अवलोकन प्रविधि का प्रयोग किया गया। साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से महिला ग्राम प्रधानों से प्रत्यक्ष रूप से जानकारी प्राप्त की गई, जबकि अवलोकन प्रविधि के माध्यम से पंचायत की कार्यप्रणाली, बैठकों, निर्णय–निर्माण प्रक्रिया तथा स्थानीय परिस्थितियों का अध्ययन किया गया।

द्वितीयक आँकड़ों के लिए पुस्तकों, शोध–पत्रों, सरकारी प्रतिवेदनों, जनगणना रिपोर्टों, पंचायती राज विभाग के प्रकाशनों तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों का उपयोग किया गया। इन स्रोतों से प्राप्त जानकारी ने अध्ययन की सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अध्ययन के सभी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक प्राथमिक आँकड़ों का संकलन शोधकर्ता द्वारा स्वयं किया गया। एकत्रित आँकड़ों का वर्गीकरण, सारणीकरण तथा विश्लेषण सांख्यिकीय विधियों की सहायता से किया गया। आँकड़ों को विभिन्न तालिकाओं एवं प्रतिशतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे अध्ययन के निष्कर्षों को अधिक स्पष्ट एवं वैज्ञानिक रूप से समझा जा सके। आवश्यकता पड़ने पर आँकड़ों के विश्लेषण में संगणकीय सहायता का भी उपयोग किया गया।

संकलित आँकड़ों के व्यवस्थित विश्लेषण एवं व्याख्या के उपरांत ही निष्कर्षों का निर्माण किया गया है। प्रस्तुत निष्कर्ष पंचायतों में महिलाओं की भूमिका, उनकी सहभागिता, निर्णय–निर्माण प्रक्रिया तथा उनके समक्ष उपस्थित चुनौतियों को समझने में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।

समाजशास्त्रीय सैद्धान्तिक आधार

संरचनात्मक–प्रकार्यात्मक सिद्धान्त –संरचनात्मक–प्रकार्यात्मक सिद्धान्त के अनुसार समाज विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से मिलकर बना एक संगठित तंत्र है, जिसमें प्रत्येक संस्था समाज की स्थिरता एवं संतुलन बनाए रखने का कार्य करती है। एमिल दुर्खीम (1893)[21] ने समाज को एक नैतिक व्यवस्था के रूप में देखते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया, जबकि टालकॉट पार्सन्स (1951)[22] ने समाज को परस्पर निर्भर संस्थाओं की व्यवस्था बताया। रॉबर्ट के. मर्टन (1968)[23] ने यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक सामाजिक संस्था के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रकार्य होते हैं। पंचायती राज व्यवस्था भी एक महत्तवपूर्ण सामाजिक संस्था है, जो स्थानीय प्रशासन, विकास तथा नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करती है। इसलिए यह सिद्धान्त वर्तमान अध्ययन में नागरिक सहभागिता तथा पंचायतों की कार्यप्रणाली को समझने का आधार प्रदान करता है।

संघर्ष सिद्धान्त–संघर्ष सिद्धान्त के अनुसार समाज में शक्ति, संसाधनों तथा अवसरों का असमान वितरण सामाजिक असमानता और संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स (1867)[24] ने स्पष्ट किया कि समाज में आर्थिक संसाधनों पर नियंत्रण रखने वाला वर्ग सत्ता पर भी प्रभुत्व स्थापित करता है। इसी प्रकार राल्फ डाहरेनडॉर्फ (1959)[25] ने अधिकार एवं सत्ता के असमान वितरण को सामाजिक संघर्ष का प्रमुख कारण माना। पंचायती राज व्यवस्था में भी जाति, वर्ग, लिंग तथा आर्थिक असमानताएँ नागरिक सहभागिता को प्रभावित करती हैं, जिससे वंचित वर्गों की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सीमित हो जाती है। अत: यह सिद्धान्त नागरिक सहभागिता की सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों के विश्लेषण में उपयोगी है।

प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद सिद्धान्त–प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद के

अनुसार समाज का निर्माण व्यक्तियों के बीच होने वाली सामाजिक अंत:क्रियाओं एवं संचार के माध्यम से होता है। जॉर्ज हरबर्ट मीड (1934)[26] ने बताया कि व्यक्ति सामाजिक संपर्क के माध्यम से अपने व्यवहार एवं दृष्टिकोण का निर्माण करता है। आगे हरबर्ट ब्लूमर (1969)[27] ने इस विचार को विकसित करते हुए कहा कि सामाजिक व्यवहार का आधार व्यक्ति द्वारा परिस्थितियों को दिए गए अर्थ होते हैं। पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम सभा, बैठकों तथा सामुदायिक संवाद के माध्यम से नागरिक विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और स्थानीय निर्णयों में भाग लेते हैं। इसलिए यह सिद्धान्त नागरिक सहभागिता में संवाद, विश्वास तथा सामाजिक संबंधों की भूमिका को स्पष्ट करता है।

सामाजिक विनिमय सिद्धान्त–सामाजिक विनिमय सिद्धान्त के अनुसार व्यक्ति किसी सामाजिक गतिविधि में तभी भाग लेता है, जब उसे उससे लाभ, सम्मान अथवा संतुष्टि प्राप्त होने की संभावना होती है। जॉर्ज सी. होमन्स (1961)[28] ने सामाजिक व्यवहार को पुरस्कार एवं लागत के आधार पर समझाया, जबकि पीटर ब्लाउ (1964)[29] ने सामाजिक संबंधों में पारस्परिक लाभ एवं विश्वास के महत्व पर बल दिया। पंचायती राज व्यवस्था के संदर्भ में यदि नागरिकों को विश्वास होता है कि उनकी भागीदारी से विकास कार्यों में सुधार होगा तथा उनकी समस्याओं का समाधान होगा, तो वे पंचायत की गतिविधियों में अधिक सक्रिय रहते हैं। इस प्रकार यह सिद्धान्त नागरिक सहभागिता के व्यवहारगत पक्ष को समझने में सहायक है।

सशक्तिकरण सिद्धान्त–सशक्तिकरण सिद्धान्त का उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को निर्णय लेने, संसाधनों तक पहुँच प्राप्त करने तथा अपने अधिकारों का प्रभावी उपयोग करने में सक्षम बनाना है। पाउलो फ्रेरे (1970)[30] ने शिक्षा एवं चेतना के माध्यम से वंचित वर्गों को सशक्त बनाने पर बल दिया। इसी क्रम में दीपा नारायण (2005)[31] ने सशक्तिकरण को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी से जोड़ा तथा इसे विकास का आधार माना। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य वंचित वर्गों को संवैधानिक अवसर प्रदान किए गए हैं। यह सिद्धान्त स्पष्ट करता है कि शिक्षा, जागरूकता, आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक समर्थन के बिना प्रभावी नागरिक सहभागिता संभव नहीं है।

सारणी 1:उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि

क्र.	चर (Variable)	श्रेणी	आवृत्ति (f)	प्रतिशत (%)
1	लिंग	पुरुष	104	52.0
		महिला	96	48.0
		कुल	200	100.0
2	आयु	18–30 वर्ष	38	19.0
		31–45 वर्ष	74	37.0
		46–60 वर्ष	58	29.0
		60 वर्ष से अधिक	30	15.0
3	वैवाहिक स्थिति	विवाहित	162	81.0
		अविवाहित	24	12.0
		विधवा/विधुर	14	7.0
4	शिक्षा	अशिक्षित	32	16.0
		प्राथमिक	48	24.0
		माध्यमिक	72	36.0
		स्नातक एवं अधिक	48	24.0
5	जाति	अनुसूचित जाति	42	21.0
		अन्य पिछड़ा वर्ग	96	48.0
		सामान्य	62	31.0
6	परिवार का प्रकार	एकल परिवार	88	44.0
		संयुक्त परिवार	112	56.0
7	मुख्य व्यवसाय	कृषि	78	39.0
		मजदूरी	52	26.0
		व्यवसाय	34	17.0
		सेवा	36	18.0
8	मासिक पारिवारिक आय	रू15,000	72	36.0
		रू15,001–30,000	68	34.0
		रू30,001–50,000	42	21.0
		रू50,000 से अधिक	18	9.0
9	भूमि स्वामित्व	भूमिहीन	44	22.0
		1 एकड़ तक	78	39.0
		1–3 एकड़	52	26.0
		3 एकड़ से अधिक	26	13.0
10	पंचायत गतिविधियों में सहभागिता	नियमित	84	42.0
		कभी-कभी	76	38.0
		बहुत कम	40	20.0

अध्ययन में कुल 200 उत्तरदाताओं को सम्मिलित किया गया, जिनमें 104 (52.0%) पुरुष तथा 96 (48.0%) महिलाएँ थीं। अधिकांश उत्तरदाता 31–45 वर्ष आयु वर्ग से संबंधित थे। शिक्षा के स्तर पर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या सर्वाधिक पाई गई। जातिगत आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग (48.0%) का प्रतिनिधित्व अधिक था। अधिकांश उत्तरदाता संयुक्त परिवारों से संबंधित थे तथा कृषि उनका प्रमुख व्यवसाय था। आर्थिक दृष्टि से अधिकांश परिवारों की मासिक आय रू30,000 से कम पाई गई। पंचायत गतिविधियों में 42 प्रतिशत उत्तरदाता नियमित रूप से भाग लेते थे, जबकि 38 प्रतिशत कभी-कभी सहभागिता करते थे। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षा, आय तथा भूमि स्वामित्व जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक पंचायत सहभागिता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं।

सारणी 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सारणी 2 से स्पष्ट होता है कि पंचायत में प्रवेश एवं सहभागिता के दौरान उत्तरदाताओं को अनेक प्रकार की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। सर्वाधिक 68 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आर्थिक संसाधनों की कमी को प्रमुख बाधा बताया, जबकि 64 प्रतिशत ने चुनावी खर्च वहन करने में कठिनाई व्यक्त की। 61 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने राजनीतिक अनुभव के अभाव को महत्वपूर्ण चुनौती माना। इसके अतिरिक्त 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पंचायत कार्यों की जानकारी के अभाव तथा 57 प्रतिशत ने सरकारी योजनाओं एवं नियमों की अपर्याप्त जानकारी को सहभागिता में बाधक बताया। महिलाओं के प्रति सामाजिक पूर्वाग्रह (56%), स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का दबाव (53%) तथा पंचायत बैठकों में अपनी बात रखने में कठिनाई (48%) भी महत्वपूर्ण चुनौतियों के रूप में सामने आईं। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि पंचायतों में

प्रभावी एवं समावेशी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सशक्तिकरण, राजनीतिक प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम तथा सामाजिक समर्थन की आवश्यकता है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना तथा पंचायत में प्रवेश एवं सहभागिता के दौरान उनके समक्ष आने वाली बाधाओं एवं चुनौतियों का विश्लेषण करना था। अध्ययन में कुल 200 उत्तरदाताओं को सम्मिलित किया गया, जिनमें 96 महिलाएँ तथा 104 पुरुष शामिल थे। अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि पंचायतों में सहभागिता केवल संवैधानिक अधिकारों का परिणाम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों से भी गहराई से प्रभावित होती है।

अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश उत्तरदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से संबंधित थे तथा उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पंचायत गतिविधियों में उनकी भागीदारी को प्रभावित करती थी। शिक्षा, आय, व्यवसाय, भूमि स्वामित्व तथा पारिवारिक संरचना जैसे कारकों का पंचायत सहभागिता से प्रत्यक्ष संबंध पाया गया। अपेक्षाकृत अधिक शिक्षित तथा आर्थिक रूप से सशक्त उत्तरदाता पंचायत की बैठकों, विकास योजनाओं एवं निर्णय–निर्माण प्रक्रियाओं में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेते पाए गए। इसके विपरीत निम्न आय वर्ग तथा कम शिक्षित उत्तरदाताओं की सहभागिता अपेक्षाकृत कम देखी गई।

अध्ययन से यह भी ज्ञात हुआ कि पंचायत में प्रवेश एवं प्रभावी सहभागिता के मार्ग में अनेक बाधाएँ विद्यमान हैं। आर्थिक संसाधनों की कमी, चुनावी व्यय का दबाव, राजनीतिक अनुभव का अभाव तथा सरकारी योजनाओं एवं पंचायत कार्यप्रणाली के संबंध में अपर्याप्त जानकारी प्रमुख चुनौतियों के रूप में सामने आईं। इसके अतिरिक्त सामाजिक पूर्वाग्रह, जातिगत असमानता, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का दबाव तथा पारिवारिक सहयोग की कमी भी पंचायत सहभागिता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक पाए गए।

महिला उत्तरदाताओं के संदर्भ में स्थिति और अधिक चुनौतीपूर्ण दिखाई दी। यद्यपि पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण के माध्यम से प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है, फिर भी उन्हें सामाजिक रूढ़ियों, पारिवारिक नियंत्रण, सीमित राजनीतिक अनुभव तथा निर्णय–निर्माण प्रक्रिया में कम स्वीकार्यता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे स्पष्ट होता है कि केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं की वास्तविक एवं प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक एवं संस्थागत समर्थन भी आवश्यक है।

अध्ययन के निष्कर्ष यह संकेत देते हैं कि पंचायतों को अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाने के लिए नागरिकों में राजनीतिक जागरूकता, प्रशासनिक जानकारी तथा नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा सामाजिक रूप से वंचित समूहों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है। इससे न केवल पंचायतों में उनकी सहभागिता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोकतंत्र भी अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बन सकेगा।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि पंचायतें ग्रामीण लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संस्थाएँ हैं, किंतु उनकी प्रभावशीलता नागरिकों की सक्रिय एवं समान भागीदारी पर निर्भर करती है। सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को कम करके तथा सहभागिता में आने वाली बाधाओं को दूर करके ही पंचायती राज व्यवस्था के मूल उद्देश्य लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण, सामाजिक न्याय एवं समावेशी ग्रामीण विकास को पूर्ण रूप से प्राप्त किया जा सकता है।प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम तथा सामाजिक समर्थन की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मैडिक, हेनरी (1963). 'लोकतंत्र, विकेन्द्रीकरण और विकास' लंदन एशिया पब्लिशिंग हाउस।
2. अल्तेकर, ए. एस. (1958). 'प्राचीन भारत में राज्य एवं शासन व्यवस्था' दिल्ली मोतीलाल बनारसीदास।
3. मेहता, बलवंत राय (1957). 'सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय विस्तार सेवा अध्ययन दल की रिपोर्ट' नई दिल्ली भारत सरकार।
4. मैथ्यू, जॉर्ज (1994). 'पंचायती राज : विधान से जनआंदोलन तक' नई दिल्ली कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग कम्पनी।
5. क्रूक, रिचर्ड सी. एवं मैनर, जेम्स (1998). 'दक्षिण एशिया में लोकतंत्र एवं विकेन्द्रीकरण' कैम्ब्रिज कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय प्रेस।
6. श्रीनिवास, एम. एन. (1966). 'आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन' नई दिल्ली ओरिएंट लॉन्गमैन।
7. अग्रवाल, बीना (2001). 'सामुदायिक वानिकी, सहभागिता एवं लैंगिक असमानता का अध्ययन' नई दिल्ली ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
8. बुच, निर्मला (2000). 'पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी एवं सशक्तिकरण का अध्ययन' नई दिल्ली महिला विकास अध्ययन केन्द्र।
9. बार्धन, प्रदीप एवं मुखर्जी, दिलीप (2006). 'विकासशील देशों में विकेन्द्रीकरण एवं स्थानीय शासन' कैम्ब्रिज एम.आई.टी. प्रेस।
10. नारायण, दीपा (2005). 'सशक्तिकरण का मापन बहुविषयक दृष्टिकोण' वाशिंगटन डी.सी. विश्व बैंक प्रकाशन।
11. राव, जी. वी. के. (1985). 'ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर समिति प्रतिवेदन' नई दिल्ली भारत सरकार।
12. सिंहवी, एल. एम. (1986). 'लोकतंत्र एवं विकास हेतु पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्जीवन संबंधी समिति प्रतिवेदन' नई दिल्ली भारत सरकार।
13. डाहल, रॉबर्ट ए. (1989). 'लोकतंत्र और उसके आलोचक' न्यू हेवन येल विश्वविद्यालय प्रेस।
14. भारत सरकार (1992). 'भारतीय संविधान का 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम' नई दिल्ली भारत सरकार प्रकाशन विभाग।
15. द्रेज, जीन एवं सेन, अमर्त्य (2013). 'भारत की चुनौतियाँ एवं विकास की दिशा' नई दिल्ली पेंगुइन प्रकाशन।
16. दुबे, एस. सी. (2017). 'भारतीय ग्राम' नई दिल्ली राष्ट्रीय पुस्तक न्यास।
17. यादव, के. सी. (2018). 'भारत में पंचायती राज व्यवस्था' नई दिल्ली रावत पब्लिकेशन्स।
18. सिंह, योगेन्द्र (2019). 'भारतीय समाज : संरचना एवं परिवर्तन' नई दिल्ली रावत पब्लिकेशन्स।
19. कुमार, अरविन्द (2020). 'ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज' नई दिल्ली ओरिएंट ब्लैकस्वान।

20. पंचायती राज मंत्रालय (2024). 'वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24' नई दिल्ली भारत सरकार।
21. दुर्खीम, एमिल. (1893). 'समाज में श्रम विभाजन' पेरिस फेलिक्स अल्कान।
22. पार्सन्स, टालकॉट. (1951). 'सामाजिक व्यवस्था' न्यूयॉर्क द फ्री प्रेस।
23. मर्टन, रॉबर्ट के. (1968). 'सामाजिक सिद्धान्त एवं सामाजिक संरचना' न्यूयॉर्क द फ्री प्रेस।
24. मार्क्स, कार्ल. (1867). 'दास कैपिटल (प्रथम खण्ड)' हैम्बर्ग ओटो माइसनर प्रकाशन।
25. डाहरेनडॉर्फ, राल्फ. (1959). 'औद्योगिक समाज में वर्ग और वर्ग संघर्ष' लंदन रूटलेज एंड केगन पॉल।
26. मीड, जॉर्ज हरबर्ट. (1934). 'मन, आत्म और समाज' शिकागो शिकागो विश्वविद्यालय प्रेस।
27. ब्लूमर, हरबर्ट. (1969). 'प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद दृष्टिकोण और पद्धति' एंगलवुड क्लिफ्स प्रेंटिस–हॉल।
28. होमन्स, जॉर्ज सी. (1961). 'सामाजिक व्यवहाररू इसके प्रारम्भिक रूप' न्यूयॉर्क हार्कोर्ट, ब्रेस एंड वर्ल्ड।
29. ब्लाउ, पीटर एम. (1964). 'विनिमय और सामाजिक जीवन में शक्ति' न्यूयॉर्क जॉन वाइली एंड संस।
30. फ्रेरे, पाउलो. (1970). 'पीड़ितों की शिक्षाशास्त्र' न्यूयॉर्क कंटिन्यूअम पब्लिशिंग।
31. नारायण, दीपा. (2005). 'सशक्तिकरण का मापन: अंत:विषयक दृष्टिकोण' वाशिंगटन, डी.सी. विश्व बैंक।

सारणी 2: पंचायत में प्रवेश एवं सहभागिता के दौरान आने वाली प्रमुख बाधाएँ

क्र.	बाधा/चुनौती	हाँ (f)	प्रतिशत (%)	नहीं (f)	प्रतिशत (%)
1	पंचायत कार्यों की जानकारी का अभाव	118	59.0	82	41.0
2	आर्थिक संसाधनों की कमी	136	68.0	64	32.0
3	चुनावी खर्च वहन करने में कठिनाई	128	64.0	72	36.0
4	परिवार का अपर्याप्त सहयोग	92	46.0	108	54.0
5	जातिगत भेदभाव का अनुभव	84	42.0	116	58.0
6	महिलाओं के प्रति सामाजिक पूर्वाग्रह	112	56.0	88	44.0
7	राजनीतिक अनुभव का अभाव	122	61.0	78	39.0
8	स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का दबाव	106	53.0	94	47.0
9	पंचायत बैठकों में अपनी बात रखने में कठिनाई	96	48.0	104	52.0
10	सरकारी योजनाओं एवं नियमों की जानकारी का अभाव	114	57.0	86	43.0

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का अध्ययन

डॉ. रश्मि शर्मा* पवन कुमार सोपरा**

* प्राचार्य, राष्ट्र भारती शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र) सतत् शिक्षा अध्ययनशाला,सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का अध्ययन किया गया है। शोध शिक्षकों की व्यवसाय के प्रति पूर्ण समर्पण भावना एवं अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा को व्यवसाय में समर्पित कर देने की तत्परता ही व्यावसायिक प्रतिबद्धता कहलाती है। प्रतिबद्ध व्यक्ति अपना कार्य करके संतोष का अनुभव करते है। यह अध्ययन सर्वेक्षण विधि पर आधारित है। इसमें मुख्य चर व्यावसायिक प्रतिबद्धता एवं जननांकीय चर विद्यालय के प्रकार, लिंग (महिला एवं पुरूष शिक्षक) संकाय(कला और विज्ञान) शोध का सीमांकन मंदसौर, नीमच, रतलाम एवं शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तक सीमित रखा है। शोध उपकरण में मानकीकृत उपकरण डॉ. रविन्दर कौर, डॉ. सरबजीत कौर 'रानू' एवं श्रीमती सरबजीत कौर 'बरार' का उपकरण 600 महिला पुरूष शिक्षकों के न्यादर्श पर किया गया है। शोध में सांख्यिकीय प्रविधि प्रतिशत,माध्य/मध्यमान, मानक विचलन, टी परीक्षण सहसंबंध से शोध परिणाम प्राप्त किये है। विद्यालय, लिंग, संकाय के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों मे सार्थक अंतर हैं, परंतु यह सार्थक अंतर नहीं है, अत: अधिकांश शिक्षक/ शिक्षिकाओं की व्यावसायिक प्रतिबद्धता उनके कार्य के प्रति सजगता दर्शाती हैं । तथा कुछ शिक्षक/शिक्षिका अपने कार्य के प्रति सजग नहीं है, अत: कार्य कौशल को उत्साह पूर्ण बनाकर प्रतिबद्धता में सजगता को बढ़ाया जा सकता है।

प्रस्तावना – शिक्षा मनुष्य की अंतर्निहित शक्तियों का विकास है। शिक्षा द्वारा ही मनुष्य अपनी शक्तियों को व्यवहार में लाता है। जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य निरंतर सीखता रहता है। सीखने की इस प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप उसे अनुभव प्राप्त होता है। इन अनुभवों को व्यवहार में लाने का कार्य शिक्षा करती है। शिक्षा मनुष्य व समाज का दर्पण है। शिक्षा के द्वारा ही समाज अपनी सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा करता है और शिक्षा सभ्यता के रूप में इस संसार की उन्नति करने में सहायता करती है।

शिक्षा के मुख्य स्तर है– प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्च व उच्चतर शिक्षा है। शिक्षा में इन सभी स्तरों का विशेष स्थान है। शिक्षा का प्रथम पायदान प्राथमिक स्तर व द्वितीय पायदान उच्च प्राथमिक स्तर है। बालक प्राथमिक स्तर पर आधारभूत ज्ञान प्राप्त करके उच्च प्राथमिक स्तर में प्रवेश करता है। शिक्षा एक विकासशील प्रक्रिया है जो अनवरत एवं हर जगह चलती है। व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त तक कुछ ना कुछ अवश्य सीखता है। इस प्रकार शिक्षा परस्पर सीखने–सिखाने की सतत् एवं अनवरत प्रक्रिया है एवं इसका मुख्य उद्देश्य जीवन का सर्वांगीण विकास करना है। शिक्षा कोई पदार्थ नहीं है एवं शिक्षा स्थिर भी नहीं यह एक गतिशील प्रक्रिया है। शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। शिक्षा के प्रकाश से व्यक्ति के सभी प्रकार के संदेह दूर हो जाते हैं । शिक्षा व्यक्ति की बुद्धि विवेक और कुशलता में वृद्धि करती है तथा जीवन को समझने की क्षमता प्रदान करती है।

यह अनुभव किया जा रहा है कि अगर शिक्षक में व्यवसायिक योग्यता है एवं वह प्रतिबद्ध है तथा उसे शैक्षिक संस्थान और समाज में कार्य करने की शक्ति एवं आज्ञा प्रदान की जाती है तो एक ऐसी श्रृंखलाबद्ध प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकती है जिसके द्वारा अधिक से अधिक विद्यार्थियों के विकास में उच्च कोटि का अधिगम बहुत ही प्रभावशाली ढंग से देखा जा सकता है इस प्रकार शिक्षा के गुणात्मक उन्नयन में शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षकों की प्रतिबद्धता एक अलग प्रकार की होती है यद्यपि वह एक व्यावसायिक व्यक्ति होता है किन्तु डाक्टरों एवं वकीलों की भांति वह स्वतन्त्र परिस्थितियों में कार्य नहीं कर सकता अपनी कक्षा में स्वामित्व तथा उस पर पूर्ण नियंत्रण होते हुए भी उसे आस–पास के वातावरण एवं सम्पूर्ण समाज पर निर्भर होना पड़ता है। इसलिए उसमें धर्मात्मा की लगन, अभिभावक की चिन्ता एवं एक सुधारक का समर्पण आवश्यक है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का स्तर ज्ञात करना।
2. विद्यालय के प्रकार के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का अध्ययन करना।
3. लिंग के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का अध्ययन करना।
4. संकाय के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का अध्ययन करना।

परिकल्पना–प्रस्तुत शोध हेतु शुन्यपरिकल्पनाओं का निर्माण किया गया

1. विद्यालय के प्रकार के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय

के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. लिंग के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. संकाय के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अध्ययन के चर

मुख्य चर –व्यावसायिक प्रतिबद्धता

जननांकीय चर

1. विद्यालय के प्रकार (शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षक)
2. लिंग (महिला एवं पुरूष शिक्षक)
3. संकाय (कला और विज्ञान)

शोध सीमांकन:

1. प्रस्तुत शोध कार्य कों मध्यप्रदेश के रतलाम, मंदसौर एवं नीमच जिले तक सीमित रखा गया।
2. प्रस्तुत शोध कार्य केवल माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों तक सीमित रखा गया।
3. शोध कों शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों तक ही सीमित रखा गया।
4. प्रस्तुत शोध कों कला एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों तक ही सीमित रखा गया।
5. प्रस्तुत शोध महिला शिक्षक एवं पुरूष शिक्षकों तक ही सीमित रखा गया।

शोध प्रविधि एवं प्रक्रिया

शोध विधि – प्रस्तुत शोध में शोधार्थी ने अपने अनुसंधान हेतु सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया है।

शोध उपकरण – प्रयुक्त शोध में व्यावसायिक प्रतिबद्धता के मापन हेतु मानकीकृत उपकरण को लिया गया है जो निम्न है

01	**व्यावसायिक प्रतिबद्धता**	डॉ0 रविन्दर कौर, डॉ0 सरबजीत कौर 'रानू' एवं श्रीमती सरवजीत कौर 'बरार'	प्रामाणिक

शोध जनसंख्या – मंदसौर जिले के लगभग 85 शासकीय विद्यालय एवं 99 अशासकीय विद्यालय, रतलाम जिले के लगभग 92 शासकीय विद्यालय एवं 92 अशासकीय विद्यालय एवं नीमच जिले के लगभग 68 शासकीय विद्यालय एवं 61 अशासकीय विद्यालयों को जनसंख्या के रूप में लिया गया। इनमें अध्यापनरत उच्चतर माध्यमिक स्तर के महिला एवं पुरूष शिक्षकों को लिया गया। इनको भी लिंगगत भिन्नता के आधार पर दो वर्गों–पुरूष शिक्षक एवं महिला शिक्षक के रूप में वर्गीकृत किया गया एवं संकाय के आधार पर दो वर्गो कला एवं विज्ञान के रूप में वर्गीकृत किया गया।

शोध न्यादर्श – प्रस्तुत शोध सर्वेक्षण शोध है। प्रस्तुत अनुसंधान समस्या के शोध के लिए रतलाम, मंदसौर एवं नीमच जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को न्यादर्श के रूप में चयनित किया गया।

प्रत्येक जिले से 10 शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय एवं 10 अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के महिला एवं पुरूष शिक्षकों को न्यादर्श के रूप में लिया गया। प्रत्येक विद्यालय से 05 महिला शिक्षक एवं 05 पुरूष शिक्षकों को यादृच्छिक विधि द्वारा चयनित किया गया। इस प्रकार कुल 600 (प्रत्येक जिले से 200– 200–200) शिक्षकों का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया।

सांख्यिकीय प्रविधियां– प्रस्तुत शोधकार्य हेतु प्राप्त प्रदत्तों का सारणीयन कर निम्नांकित सांख्यिकीय प्रविधि का उपयोग किया गया।

1. प्रतिशत 2. माध्य/ मध्यमान 3. मानक विचलन
4. टी–परीक्षण 5. सहसंबंध (Corelation)

शोध परिणाम – इस शोध में सांख्यिकीय विधि,प्रतिशत,माध्य/ मध्यमान,मानक विचलन,टी– परीक्षण एवं सहसंबध का उपयोग कर परिणामों को प्राप्त किया गया है जो इस प्रकार है–

- उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का स्तर पर अध्ययन करने पर यह ज्ञात हुआ कि शिक्षक शिक्षिकाओं की राय के अनुसार अधिकांश 63 प्रतिशत शिक्षक शिक्षिकाओं की व्यावसायिक प्रतिबद्धता उच्च पाई गई 35 प्रतिशत की मध्यम तथा 02 प्रतिशत शिक्षक /शिक्षिकाओं की व्यावसायिक प्रतिबद्धता निम्न पाई गई।

परिकल्पना के आधार पर :

1. विद्यालय के प्रकार के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं हैं। निरस्त की जाती है, की जाँच में अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का मध्यमान शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों से अधिक है। दोनो में सार्थक अंतर है, परंतु यह अतंर सार्थक नहीं है। अत: यह परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

2. लिंग (पुरूष/ महिला) के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं हैं। निरस्त की जाती है, की जाँच में अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का मध्यमान शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों से अधिक है। दोनो में सार्थक अंतर है, परंतु यह अतंर सार्थक नहीं है। अत: यह परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

3. संकाय के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं हैं। निरस्त की जाती है, की जाँच में अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता का मध्यमान शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों से अधिक है। दोनो में सार्थक अंतर है, परंतु यह अतंर सार्थक नहीं है। अत: यह परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

अध्यापक व्यावसायिक प्रतिबद्धता को पांच भागों में विभक्त किया गया

(अ) अधिगमकर्ता के प्रति व्यावसायिक प्रतिबद्धता :

1. सकारात्मक दृष्टीकोंण :–विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टीकोण विकसित करने के प्रयास पर 48 प्रतिशत शिक्षक 'पूर्णत: सहमत',22 प्रतिशत 'सहमत', 01 प्रतिशत 'अनिश्चित', 09 प्रतिशत 'असहमत', एवं 20 प्रतिशत 'पूर्णत: असहमत', पाए गए। अत: अधिकांश(48 प्रतिशत) शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की राय 'पूर्णत: सहमत' के पक्ष में पाई गई। अर्थात् शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की राय में समानता पाई गई।

2. विद्यार्थियों की अनुपस्थिति :–शिक्षण को रूचिकर बनाकर अनुपस्थिति की समस्या को हल करने पर 69 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ 'पूर्णत: सहमत', और 21 प्रतिशत 'सहमत' एवं इसके विपरित 03 प्रतिशत 'अनिश्चत' ,10 प्रतिशत 'असहमत', और 07 प्रतिशत 'पूर्णत असहमत' रहे।

3. समान ध्यान देना : सभी विद्यार्थियों पर समान ध्यान देना असंभव है के कथन पर 51 प्रतिशत शिक्षक एव शिक्षिकाएँ 'पूर्णत: सहमत' और 21 प्रतिशत 'सहमत', जबकि 11 प्रतिशत 'असहमत' और 09 प्रतिशत 'पूर्णत: असहमत' पाए गए।

4. मनोवैज्ञानिक समस्याएँ : विद्यार्थियों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं से सरोकार न होने के नकारात्मक कथन पर 38 प्रतिशत शिक्षक एव शिक्षिकाएँ 'पूर्णत: सहमत' और 19 प्रतिशत ने 'सहमत' एवं वही 12 प्रतिशत 'असहमत' और 25 प्रतिशत 'पूर्णत: असहमत' थे।

5. सर्वांगीण कथन : विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कर्तव्य-बद्ध होने पर 78 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ 'पूर्णत: सहमत'और 34 प्रतिशत 'असहमत' पाए गए, जो कि शिक्षकों की भारी निष्ठा को दर्शाता है।

6. प्रखर विद्यार्थियों पर ध्यान : प्रखर विद्यार्थियों पर सबसे कम ध्यान देने की बात पर 42 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ 'पूर्णत: सहमत' और 34 प्रतिशत 'सहमत' पाए गए।

7. शिक्षण पूर्व नियोजन : पूर्व तैयारी की आवश्यकता न होने की बात पर 40 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ 'पूर्णत: सहमत' और 20 प्रतिशत 'सहमत' पाए गए।

8. गृह कार्य और योग्यता :गृह कार्य देते समय योग्यताओं पर ध्यान न देने के संदर्भ में अधिकांश 35 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ 'असहमत' पाए गए।

9. विद्यार्थियों को अनदेखा करना : उत्तर ने दे पाने पर विद्यार्थी को अनदेखा करने के कथन से अधिकांश 52 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा 'असहमती' प्रदान की गई।

(ब) समाज के प्रति व्यावसायिक प्रतिबद्धता :

1. अच्छे नागरिक निर्माण : 'विद्यार्थियों अच्छे नागरिक तभी बन सकते है जब अध्यापक अच्छे हो' इस कथन पर शिक्षक एव शिक्षिकाओं की 89 प्रतिशत 'पूर्णत: सहमती' पाई गई।

2. सामाजिक दृष्टिकोण : समाज के दृष्टिकोण के प्रति संवेदनशीलता पर 60 प्रतिशत 'पूर्णत: सहमत' और 20 प्रतिशत 'सहमती' प्राप्त हुई।

3. सामाजिक गतिविधियाँ : सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना जिम्मेदारी न मानने के कथन पर 57 प्रतिशत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की 'पूर्णत सहमत' पाई गई।

4. सामाजिक समस्याओं पर चर्चा : सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करने को समय की बबार्दी मानने पर 72 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की राय 'पूर्णत: सहमत' के पक्ष मे रही।

5. जाति या धर्म पर भेदभाव : 'मै जाति या धर्म के आधार पर भेद-भाव नहीं करता' के मानवीय और संवैधानिक मूल्य पर 82 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

6. आस- पड़ोस की घटनाएँ : आस - पड़ोस की घटनाओं के प्रति सचेत रहने पर 52 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

7. सामाजिक परिवर्तन के माध्यम : अध्यापक को सामजिक परिवर्तन का माध्यम मानने पर 78 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

8. सामाजिक उत्थान : सामाजिक उत्थान को केवल सामाजिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी मानने पर अधिकांश 60 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'सहमत' पाए गए।

9. शिक्षक बनाम अन्य व्यवसाय : अन्य व्यवसायों को समाज के लिए अधिक महत्वपूर्ण मानने पर 52 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

(स) स्वयं के व्यवसाय के प्रति व्यावसायिक प्रतिबद्धता :

1. व्यावसायिक कार्यो को प्राथमिकता : अपने कार्यो को हार्दिक प्राथमिकता देने के पक्ष मे 48 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

2. प्रारंभिक अवस्था में रूचि : शिक्षण व्यवसाय केवल शुरूआत में रूचिकर लगने की बात पर 36 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

3. व्यवसाय की आलोचना पर तनाव : व्यवसाय को बुरा भला कहे जाने पर 60 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' होकर तनावग्रस्त होने की बात स्वीकार की गई।

4. अवकाश काल में कार्य : छुट्टी के दिनों में कार्य के लिए तत्पर रहने पर 57 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

5. कार्य अति भार : नौकरी को थकान भरी मानने के संदर्भ में अधिकांश 52 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'असहमत' पाए गए।

6. संसाधनों का अभाव : आवश्यक संसाधनों के बिना कार्य करना नापसंद होने पर 52 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

7. अधिक वेतन पर व्यवसाय परिवर्तन : अधिक वेतन मिलने पर व्यवसाय बदलने में संकोच ने होने की बात पर 52 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

8. लाभ की अपेक्षा हानियाँ : इस नकारात्मक सोच से अधिकांश 54 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'असहमत' पाए गए।

9. कर्तव्यबद्ध रहने मे कठिनाई : वर्तमान परिस्थितियों में कर्तव्यबद्ध रहने को कठिन मानने पर अधिकाश 57 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'असहमत' पाए गए।

(द) उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रति व्यावसायिक प्रतिबद्धता :

1. सेमीनार/सभाओं में भागीदारी : इसे समय की बबार्दी मानने से अधिकांश 56 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'असहमत' पाए गए।

2. उत्कृष्टता एक निरंतर यात्रा : उत्कृष्टता की प्राप्ति को कभी न समाप्त होने वाली यात्रा मानने पर 62 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

3. निरंतर सीखने की आवश्यकता : शिक्षण में निरंतर सीखने की अनिवार्यता पर 89 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

4. शैक्षणिक पत्र-पत्रिकाएँ : पढ़ने के लिए समय न बचने की समस्या पर 42 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

5. तौर तरीकों में कमी का अनुभव : अपने तौर तरीकों में कोई कमी न महसूस न होने पर 38 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

6. पुरातन बनाम आधुनिक पद्धतियों : पुरानी पद्धतियों को बेहतर मानने न होने पर 26 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत'

एवं 25 प्रतिशत 'सहमत' पाए गए।

7. शिक्षण और आलस्य : शिक्षण व्यवसाय लोगों को आलसी बनाता है, इस बात से अधिकांश 58प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'असहमत' पाए गए।

8. कमियों के प्रति समालोचनात्मक सचेत : अपनी कमियों के प्रतिसजग रहने पर 36 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

9. उत्कृष्टता का सीमित क्षेत्र : शिक्षण में उत्कृष्टता का क्षेत्र सीमित होने के विचार पर 56 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

(ज) मानवीय मूल्यों के प्रति व्यावसायिक प्रतिबद्धता :

1. नैतिक मूल्यों पर मुखरता: दूसरों की उपस्थिति में भी नैतिक मूल्यों पर विचार मुखरता से रखने पर 36 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

2. ट्यूशनप्रथा : जीवन स्तर सुधारने के लिए ट्यूशन लेने से परहेज ने होने पर 39 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' एवं 33 प्रतिशत 'असहमत' पाए गए।

3. नैतिक विद्यार्थियों की प्रशंसा: नैतिक मूल्यों का पालन करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा करने पर 44 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

4. अभद्र भाषा पर रोष : लोगों द्वारा अभद्र भाषा के प्रयोग पर रोष प्रकट करने के संबंध में 88 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

5. आदर्श बनने की प्रतिबद्धता : विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनने की कर्तव्यबद्धता पर 87 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

6. ईमानदारी का स्तर : किसी भी परिस्थिति में ईमानदारी बनाए रखने के उच्च मूल्य पर 88 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

7. राष्ट्र के नैतिक मानक : अध्यापक द्वारा राष्ट्र के नैतिक मानक कदाचित ही निर्धारित होने के कथन पर 33 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ' असहमत' पाए गए।

8. विद्यार्थियों के अभद्र व्यवहार पर शर्म : छात्रों के गलत व्यवहार पर स्वयं शर्म महसूस करने के संदर्भ में अधिकांश 28 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ' असहमत' पाए गए।

9. व्यावसायिक अवमूल्यों का पालन : व्यावसायिक आचार संहिता का पालन करने पर समाज में आदर मिलने के विश्वास पर 80 प्रतिशत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने 'पूर्णत: सहमत' पाए गए।

शैक्षिक निहितार्थ – उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय के शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता शिक्षण–अधिगम की गुणवत्ता को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है, अत: शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नवीन शिक्षण विधियों, कक्षा प्रबंधन कौशल, सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग तथा विद्यार्थी–केंद्रित शिक्षण पर विशेष बल दिया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, यह निहितार्थ उभरता है कि यदि शिक्षकों को अनुकूल कार्य वातावरण, पर्याप्त शैक्षिक संसाधन तथा प्रशासनिक सहयोग प्राप्त हो, तो उनकी प्रतिबद्धता में वृद्धि होती है और शिक्षण संबंधी समस्याएँ स्वत: कम होती हैं।

शिक्षकों के लिये:

1 व्यावसायिक प्रतिबद्धता के अंतर्गत शिक्षकों को अपने पेशे के प्रति निष्ठा, उत्तरदायित्व–बोध तथा नैतिक मूल्यों का पालन करना आवश्यक है।

2. नवीन शिक्षण विधियों, गतिविधि–आधारित शिक्षण तथा सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी के प्रयोग से शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार संभव है।

सुझाव :

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन छोटे न्यादर्श पर किया है अत: बड़े न्यादर्श पर भी किया जा सकता था।
2. शिक्षकों के कार्य कौशल विकास में प्रतिबद्धता अपने आप में जटिल समस्याओं को हल करने में सहायक होती है अत: कला एवं विज्ञान के शिक्षक विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए परिक्षा परिणाम उच्च देते है।
3. व्यावसायिक प्रतिबद्धता में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य तकनिकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य शिक्षा में भी शिक्षकों का योगदान महत्वपुर्ण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कुलश्रेष्ठ, एम. पी. (2005), शिक्षा मनोविज्ञान आर. लाल बुक डिपो मेरठ।
2. भटनागर, ए. बी. एवं भटनागर, मीनाक्षी (2005); 'मापन में सांख्यिकी'; विनय रखेजा, मेरठ।
3. कौल लोकेश (2005), शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली, मेरठ, आर. लाल. बुक डिपो।
4. शर्मा, आर. ए (2006)., शिक्षा अनुसंधान आर.लाल बुक डिपो मेरठ।
5. मीणा, ललिता कुमारी (2012), 'माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता पर बुद्धि के प्रभाव का अध्ययन', पीएचडी शिक्षाशास्त्र रिजनल इस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, मैसूर।
6. राज तिलक (2012), 'माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता का अध्ययन'।
7. अर्चना (2020), 'शिक्षण प्रभावोत्पादकता एवं कक्षा–कक्ष अशाब्दिक सम्प्रेषण के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन',अनपब्लिशड डॉक्टोरल थिसिस, भोपाल यूनिवर्सिटी।
8. गंगवार (2020), 'वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत् प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण प्रभावशीलता का शिक्षण अभिवृत्ति एवं दायित्वबोध के परिप्रेक्ष्य में अध्ययन', अप्रकाशित लघु शोध अध्ययन भुवनेश्वर विश्वविद्यालय।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

The Role of Circular Business Models in Promoting Green Economic Growth in India : A Commerce Perspective

Dr. Anjana Gorani*

***Assistant Professor, R.P.L. Maheshwari College, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract: The increasing pressure on natural resources, rapid industrialization, and environmental degradation have compelled economies to shift from the traditional linear model of production and consumption to a more sustainable circular economy. Circular Business Models (**CBMs**) focus on minimizing waste by promoting the reuse, repair, refurbishment, remanufacturing, and recycling of products and materials. In India, the adoption of circular business models has gained momentum due to supportive government initiatives, growing environmental awareness, and corporate sustainability commitments. This paper examines the role of circular business models in promoting green economic growth from a commerce perspective. It explores how businesses create economic value while reducing environmental impacts through resource efficiency and sustainable production practices. The study also discusses India's policy initiatives, corporate examples, challenges, and opportunities associated with the transition towards a circular economy. The paper concludes that circular business models can significantly contribute to sustainable economic development by improving competitiveness, generating employment, reducing production costs, and fostering responsible consumption.

Keywords: Circular Economy, Circular Business Models, Green Growth, Sustainability, Commerce, India.

Introduction - Economic development has traditionally followed a linear model of "take, make, use, and dispose," which relies heavily on extracting natural resources and generating large amounts of waste. While this model has contributed to industrial growth, it has also resulted in resource depletion, pollution, and climate change. As environmental concerns continue to grow, businesses are increasingly adopting sustainable practices that balance profitability with environmental responsibility.

A circular economy offers an alternative approach by keeping products, materials, and resources in use for as long as possible through reuse, repair, recycling, and remanufacturing. Circular Business Models (CBMs) enable firms to implement these principles while creating economic value. Unlike conventional business models that focus primarily on product sales, CBMs emphasize resource efficiency, product life extension, and waste reduction.

For India, which is one of the world's fastest-growing economies, adopting circular business models presents an opportunity to achieve economic growth without placing excessive pressure on natural resources. From a commerce perspective, CBMs not only improve environmental sustainability but also enhance operational efficiency, reduce costs, create new markets, and generate employment opportunities.

Research Objective: The study aims to:

1. Examine the concept of Circular Business Models.
2. Analyse the role of CBMs in promoting green economic growth in India.
3. Evaluate the importance of CBMs from a commerce perspective.
4. Identify the challenges and opportunities associated with implementing circular business models.
5. Suggest measures to strengthen the adoption of circular business practices in India.

Circular Business Models and Green Economic Growth: Circular Business Models are business strategies designed to maximize the value of products and materials by extending their lifecycle. Instead of treating waste as an inevitable outcome of production, CBMs view waste as a valuable resource that can be reused within the production cycle.

Common circular business models include:

1. Product life extension through repair and refurbishment.
2. Product-as-a-Service (leasing instead of ownership).
3. Recycling and remanufacturing.
4. Resource recovery from industrial waste.
5. Sharing platforms that maximize product utilization.

Green economic growth refers to economic development that promotes environmental sustainability while ensuring social welfare and efficient resource

utilization. Circular business models support green growth by reducing resource extraction, minimizing waste generation, lowering carbon emissions, and encouraging innovation.

Circular Business Models from a Commerce Perspective: From the perspective of commerce and business management, circular business models provide several economic advantages.

1. First, they reduce production costs by minimizing raw material consumption and promoting efficient resource utilization. Recycled materials often cost less than newly extracted resources, allowing firms to improve profitability.
2. Second, CBMs create new revenue streams. Businesses can generate income through repair services, recycling operations, remanufacturing activities, product leasing, and resale of refurbished goods.
3. Third, circular practices enhance supply chain resilience. By reducing dependence on imported raw materials and utilizing locally available recyclable resources, businesses become less vulnerable to price fluctuations and supply disruptions.
4. Fourth, consumers increasingly prefer environmentally responsible brands. Companies adopting circular practices improve their corporate image, strengthen customer loyalty, and gain a competitive advantage in domestic and international markets.
5. Finally, circular business models encourage innovation by promoting eco-design, sustainable packaging, and resource-efficient technologies. Such innovation enhances long-term business sustainability while contributing to national economic development.

Circular Economy Initiatives in India: India has recognized the importance of transitioning towards a circular economy. Various government initiatives encourage sustainable production and responsible consumption.

The **National Resource Efficiency Policy** aims to improve resource productivity and reduce waste across industries.

The **Extended Producer Responsibility (EPR)** framework requires producers of electronic waste, plastic waste, batteries, and tyres to take responsibility for collecting and recycling products after their use.

The Government has also launched **Mission LiFE (Lifestyle for Environment)** to encourage sustainable consumer behaviour and promote environmentally responsible lifestyles.

In addition, the **Business Responsibility and Sustainability Reporting (BRSR)** framework introduced by the Securities and Exchange Board of India (SEBI) requires large listed companies to disclose their environmental, social, and governance (ESG) performance, encouraging businesses to adopt sustainable practices.

These initiatives demonstrate India's commitment to integrating sustainability into economic development and commercial activities.

Indian Business Examples: Several Indian companies have successfully adopted circular business models.

1. **Tata Steel** utilizes industrial waste such as slag for cement manufacturing and road construction, reducing waste disposal while generating additional revenue.
2. **ITC Limited** has implemented sustainable packaging, waste recycling, and renewable energy initiatives, making several of its manufacturing units water-positive and carbon-positive.
3. **Mahindra & Mahindra** promotes remanufacturing of automobile components, extending product life while reducing manufacturing costs and environmental impacts.
4. **Attero Recycling**, an Indian clean-technology company, specializes in recycling electronic waste and recovering valuable metals such as lithium, cobalt, and gold. Its business model demonstrates how waste can become an economically valuable resource.

These examples show that circular business models can help achieve environmental sustainability and commercial success.

Challenges in Implementing Circular Business Models: Despite their benefits, the adoption of circular business models in India faces several challenges.

1. Many businesses, particularly small and medium enterprises (SMEs), lack awareness regarding circular economy principles. High initial investment requirements for recycling infrastructure and clean technologies discourage adoption.
2. India also faces inadequate waste segregation and collection systems, reducing the availability of quality recyclable materials. Consumer preference for low-cost new products over refurbished goods further limits market demand.
3. Additionally, fragmented regulatory implementation and limited collaboration among industries, government agencies, and consumers slow the transition toward a circular economy.

Addressing these challenges requires coordinated efforts from policymakers, businesses, educational institutions, and civil society.

Recommendations: To accelerate the adoption of circular business models in India, the following measures are recommended:

1. The government should provide tax incentives, subsidies, and low-interest financing for businesses investing in circular technologies.
2. Awareness programmes should educate businesses and consumers about the economic and environmental benefits of circular practices.
3. Educational institutions should incorporate circular economy and sustainability into commerce and management curricula.
4. Public-private partnerships should strengthen waste collection, recycling infrastructure, and reverse logistics

systems.

5. Companies should integrate circular principles into product design, supply chain management, and ESG reporting.
6. Digital technologies such as Artificial Intelligence (AI), the Internet of Things (IoT), and blockchain should be used to improve resource tracking, waste management, and supply chain transparency.

Conclusion: Circular Business Models have emerged as an effective strategy for achieving green economic growth while maintaining business profitability. From a commerce perspective, these models enable firms to reduce production costs, improve operational efficiency, create new business opportunities, and enhance competitiveness through sustainable innovation.

India's growing policy support, increasing corporate sustainability initiatives, and expanding consumer awareness provide a favourable environment for the adoption of circular business practices. Nevertheless, challenges relating to infrastructure, awareness, investment, and regulatory implementation continue to hinder widespread adoption.

A collaborative approach involving government, industry, academia, and consumers is essential for building a robust circular economy. By integrating circular business models into mainstream commercial activities, India can achieve inclusive economic growth while protecting the environment and ensuring sustainable development for future generations.

References:-

1. Bocken, N. M. P., de Pauw, I., Bakker, C., & van der Grinten, B. (2016). *Product design and business model strategies for a circular economy*. Journal of Industrial and Production Engineering, 33(5), 308–320.
2. Ellen MacArthur Foundation. (2015). *Towards the Circular Economy: Economic and Business Rationale for an Accelerated Transition*.
3. Geissdoerfer, M., Savaget, P., Bocken, N. M. P., & Hultink, E. J. (2017). *The Circular Economy – A New Sustainability Paradigm?* Journal of Cleaner Production, 143, 757–768.
4. Ghisellini, P., Cialani, C., &Ulgiati, S. (2016). *A Review on Circular Economy: The Expected Transition to a Balanced Interplay of Environmental and Economic Systems*. Journal of Cleaner Production, 114, 11–32.
5. Kirchherr, J., Reike, D., &Hekkert, M. (2017). *Conceptualizing the Circular Economy: An Analysis of 114 Definitions*. Resources, Conservation and Recycling, 127, 221–232.
6. NITI Aayog. (2021). *Resource Efficiency and Circular Economy in India*.
7. Ministry of Environment, Forest and Climate Change. (2022). *Extended Producer Responsibility Guidelines*.
8. SEBI. (2021). *Business Responsibility and Sustainability Reporting (BRSR) Framework*.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शीलांमाऊ का जमर : सत्य और स्वाभिमान की अमर गाथा

अशोक दान*

* शोधार्थी (इतिहास) ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – चारण परंपरा में सत्य और स्वमान (स्वाभिमान) की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने का इतिहास बहुत पुराना रहा है। जब जब धर्म और सत्य पर संकट आया, इस समाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। ऐसी ही एक ओजस्वी गाथा जैसलमेर रियासत के झणकली गाँव की है, जहाँ शीलांमाऊ ने अपनी जागीर और स्वाभिमान के लिए जमर (अग्नि स्नान) किया।

विवाद की जड:ढाकणिया की जमीन – झणकली (जैसलमेर) के भादावतचारणों को ढाकणिया गाँव में एक 'खड़ीन' (खेती योग्य भूमि) जागीर में मिली हुई थी। लेकिन जैसलमेर के तत्कालीन हाकम (प्रशासक) और मेहता दीवान की कुदृष्टि उस जमीन पर थी। उन्होंने उस जमीन का पट्टा 'खोखर' मुसलमानों के नाम कर दिया। यह खबर जब झणकली पहुंची तो चारणों के स्वाभिमान को ठेस लगी। उन्होंने साफ कहा, 'ढाकणिया में जैसलमेर की एक इंच भी जमीन नहीं है'। पर 'गुणचोर' (एहसान फरामोश) खोखर अपनी हठ पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि हम वर्षों से यह खड़ीन खड़ रहे हैं, यह हमारा है। चारणों ने समझाया कि हमने तुम्हें पेट भरने को जमीन दी और तुम मालिक बन कर बैठ गए? लेकिन सत्ता के नशे में चूर हाकम और लालची खोखर नहीं माने।

जमर का निर्णय और शीला माऊ का रौद्र रूप – अन्याय को सिर पर खड़ा देख झनकली के चारणों ने तय किया कि अब 'जमर' या 'तेलिया' (आत्मदाह/त्रागा) के अलावा कोई चारा नहीं है। पर सवाल था कि जमर करेगा कौन? अंत में निर्णय हुआ कि भाडली में बैठीं जोगराज जी की विधवा शीलांमाऊ से सलाह ली जाए। उनके पुत्र सारंगधर जी को भाडली भेजा गया। बेटे ने जाकर माँ को पूरी व्यथा सुनाई कि कैसे खोखर जमीन दबा रहे हैं और समाज संकट में है। यह सुनते ही शीलांमाऊ का रूप बदल गया। वे तमतमा उठीं और बोलीं–'दीकरा ! तेरे पिता का स्वर्गवास हुआ है मैं तो अभी जिंदा हूँ ना जमीन के लिए जमर मैं करूंगी'। उनकी आंखों में अंगारे देख भाटी महिलाओं ने रोकना चाहा, पर शीलां ने कहा, 'मुझे अब किसी के साथ की जरूरत नहीं, मुझे तो नौ–लाख (शक्तियों) का बुलावा आ गया है'।

ढाकणिया में अग्नि परीक्षा – शीलांमाऊ सीधे ढाकणिया पहुंचीं और ललकारा 'अरे खोखरों ! खज (हक का) खाने से पेट भरता है, अखज (हराम) का खाने से नहीं'। खोखरों ने उपहास उड़ाते हुए कहा कि हम गीदड़ भभकियों से नहीं डरते। यह सुनते ही माऊ ने जमर की तैयारी का आदेश दिया। गोमजी नामक एक व्यक्ति ने शंका जताई कि 'जीते जी जलना आसान नहीं है माऊ'। इस पर शीलांमाऊ ने अपनी सत्यता का प्रमाण (परचा) दिया। उन्होंने खौलते हुए घी की कड़ाही में नंगे हाथ डालकर 'सीरा' (हलवा) बनाया और सबको जिमाया। उनकी हथेली ऐसे चल रही थी मानो ठंडे पानी में हो। फिर भी जब गोमजी ने संदेह किया, तो माऊ ने कटार निकाली और अपने दोनों स्तन काटकर अग्नि को समर्पित कर दिए

दोहा:

थण काट होमिया अगन, आपरा निज हथाळ। भरैथाळ में, देख
अनोपदानजीबीठू ।।

भावार्थ: उन्होंने अपने हाथों से अपने शरीर के अंग काटकर अग्नि देव को भोग लगा दिया, यह दृश्य देख सबकी रूह कांप गई। गोमजी चरणों में गिरकर माफी मांगने लगा।

देव योग और हाकम का विनाश– चिता सजाई गई। हाकम ने अपने सिपाहियों को चिता बिखेरने का आदेश दिया, लेकिन चिता के पास जाते ही सिपाही माऊ के तेज से मूर्छित होकर गिर पड़े। फिर हाकम ने मेहर मुसलमानों को हुक्म दिया लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया कि 'हम जतियों सतियों के तेज से लड़ नहीं सकते, हम यह नीच कर्म नहीं करेंगे'। जैसे ही शीलांमाऊ चिता पर बैठीं, बिना माचिस के ही अग्नि स्वत: प्रज्वलित हो गई। यह सत्य का चमत्कार था। तिथि: विक्रम संवत 1920, कार्तिक शुक्ला चतुर्दशी।

श्राप और परिणाम– माऊ तो ज्योति में विलीन हो गई, लेकिन उनके कोप की आग ने जैसलमेर को जला दिया। जो 'लाय' (आग) लगी, उसने हाकम, मेहता और खोखरों के वंश को नहीं छोड़ा। हाकम का बेटा उसी दिन कुएं में गिरकर मरा, और मेहता भी नहीं बचा। सबसे बड़ा वज्रपात जैसलमेर राजघराने पर हुआ। महारावलरणजीत सिंह का इकलौता बेटा लालसिंह उसी रात पलंग से गिरकर मर गया और राजा रणजीत सिंह निर्वंश ही सिधार गए।

छंद:

शीलां सुख करणी आयांसरणी, दे धन धरणी दुख हरणी।
खोखर सब खाया दुष्ट दबाया, गांमझिणकलीजस गाया।।
भावार्थ:शीलांमाऊ शरण में आए लोगों का दुख हरने वाली देवी बनीं।
दुष्ट खोखरों का नाश हुआ और झणकली गांव का यश अमर हो गया।

आज भी शीलांमाऊ देवी रूप में पूजी जाती हैं और उस दिन चारणों ने वह 600 बीघा जमीन गायों के लिए 'गोचर' (पुण्यार्थ) छोड़ दी, जहां आज भी गाएं चरती हैं। यह घटना सिखाती है कि 'प्राणादपिप्रत्ययोरक्षितव्य' प्राण देकर भी विश्वास और सत्य की रक्षा करनी चाहिए।

श्री सीलां माँ रो छंद

रचना,कविराजस्व श्री भंवरदान जी विठू (मधुकर)झणकली

साल अठ दस सत अठसमे मास घटा प्रिय मात।
दनुज गुरु दीप्त चहुदसउदेभयाअखियात। 1
पात हंस पी धर भूत पत गढ़ सरवर सुत गाम।
शुभ मुहूर्त सज द्विज सुत निरख्योसीलां नाम। 2
धन रतनु धन माड़ धर धन धन कोड़ा धाम।
धन शंकर तुझ धीवड़ीनवखण्डराखण नाम ।।3
विठू घर तोरण वांदयो मात वधारण मान।
जगत सुचावोझणकलीसांसणगामसुथान । 4
(छंद त्रिभंगी 18जोड़14तीन वृत्यनुप्रास)
शंकर घर स्याणी कन्या कहाणी वेद वखाणीब्रह्माणी
विमल सुरवाणी व्योम वचाणीउमा निज धर उतराणी।
इल पर आखाणी जगत सुजाणी घर जोगराजतणी धरणी।
सीलां सुख करणी आयांशरणी दे धन धरणी दु:ख हरणी माँ दे धन धरणी दु:ख हरणी। 1
धोखो नृप धारे बुरी विचारे लश्कर सारे ललकारे।
मोहता मणकारे तुरंग तैयारे हे संग खोखरहथियारे।
पूगाइणपारेसीम सहारे ध्वंश करण सांसण धरणी।
सीलां सुख करणी...2
चारण चळचळीयासामसुजळीयाकाळावासंगकळकलियां।
डगमगडोकरिया कसे कटरियाढिबढाकणियेआढलिया।
वेरीदळअळीयासामांवलियाउमेद गलिया अणिअरणी।
सीलां सुख करणी...3
साहलांसुण सारंग पड़ी पुकारंगजमरधारंगजणवारंग।
सीलां सत सारंग चिता प्रसारँग वचन उचारंग वृत्त धारंग।
मेटा अरि मारंग साज सवारंगजैजैकारंगजै करणी ।
सीलां सुख करणी...4
खोखर सब खाया दुष्ट दबाया गाँव झणकलीजस गाया।
रणजीतरूळाया गर्व गळाया गढ़ सूना कर गणणाया।
चारण हरषाया परचा पाया वंश वधायाजसवरणी।
सीलां सुख करणी ...5
समरेजस गावे अवर सुणावे परम सरग सा सुख पावे।
अन्न धन्नउपजावेविदयावधावे उमर अंग रति आवे।
भोजन मन भावे भूत भजावेअणदउपावेअवतरणी।
सीलां सुख करणी...6
सीता खुद सैणीगवरसिवाणी कमला करनल महाकाली।
विरवड़ धन वाली वीसभुजालीहिंगळ ज्वाला हाथाली।
विरदालीवांकल दुर्गा देवलदेंमांलाछलदिवतरणी।
सीलां सुख करणी ...7

छप्पय

धीणो धर धन धान मान दहे मातेश्वरी।
भीरकरे भय भांज समरयांवेळा साँझ री।
चारण वर्ण चकार भरी सभा मोभूपरी।
भणे जात त्रिभंग संग रहे नित शंकरी।
विठूआं वंश वाहरुवणेसिह चढ़े कारज सरे।
कर जोड़ अर्ज भँवरूकरे धन्य कवि जो इष्ट धरे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. के सी श्रीवास्तव, प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति, यूनाइटेड बुक डिपो इलाहाबाद, 2009-10
2. सौरभ चौबे, प्राचीन भारत, यूनिवर्सलबुक्स 2020
3. उपिंद्र सिंह, प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन।
4. हरिश्चंद्र वर्मा, मध्यकालीन भारत भाग 1, पृष्ट संख्या 54 हिंदी माध्यम कार्यान्वन निदेशालय नई दिल्ली 2006
5. मोहनलाल जिज्ञासु, चारण साहित्य का इतिहास, जैन प्रकाशन, जोधपुर।
6. भंवरसिंह सामौर, राजस्थानी शक्ति काव्य, साहित्य एकेडमी, नई दिल्ली।
7. मोहन दान, शोध पत्र, जमर: चारण जाति की स्त्रियों में प्रतिकार की परम्परा, Ansh - Journal of History.
8. नाहर सिंह जसोल, चारणांरीबातां पुस्तक।
9. गिरधर दान दासोड़ी , लेख charan.org
10. जमर विषय पर, मोहन दान जी झीबाझाँफली से हुई वार्ता, 3-4-2024
11. बोड़ानातंवर विषय पर, मुल्तान सिंह तंवरबिशाला, से हुई वार्ता, 3-4-2024
12. श्री शिला माता मंदिर की यात्रा और, 7-3-2024
13. 13 वीठू परिवार झणकली से शीला माँ जमर विषय पर, वार्ता 1-4-2026
14. दीप सिंह भाटी, शिला माता का जमर, डिंगलर सावल यूट्यूब।
15. भंवर दान जी के साहित्य की प्राप्ति, जयपाल बारहठ झनकली से।
16. charan.org,charan Shakti
17. डॉक्टर गोपाल दान देथा मौसेरी से शीला माँ जमर पर चर्चा

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

किशोरावस्था की समस्याएं व समाधान

डॉ. बबीता*

* सहायक आचार्य (समाजशास्त्र)श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

शोध सारांश – किशोरावस्था मनुष्य के जीवन के विकास क्रम में बचपन से वयस्क जीवन के मध्य की अवस्था है। इस अवस्था में किशोर तीव्र गति से शारीरिक, मनोवैज्ञानिक व संज्ञानात्मक विकास का अनुभव करता है। यह मनुष्य के जीवन में परेशानी, तनाव, तूफान व सघंर्ष की अवस्था है। यह अदृश्य यौन लक्षणों से प्रजनन परिपक्वता के स्वरूप द्वारा परिवर्तन एवं विकास की अवस्था है, जो कि संम्पूर्ण सामाजिक, आर्थिक तथा भावनात्मक व सापेक्ष रूप से स्वतंत्रता का परिवर्तन काल है। परिवर्तन की इस अवस्था के दौरान किशोर वर्ग कई प्रकार के जटिल मुद्दों, लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, गर्भ धारण, प्रजनन व प्रसव के दौरान अनेक प्रकार की कठिनाइयों का अनुभव करते हैं। तथा प्रजनन व यौन स्वास्थ्य की समस्याओं को बढावा देते हैं। किशोरियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाला सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक कुपोषण है।

शब्द कुंजी –किशोरावस्था, स्वास्थ्य, कुपोषण, किशोरियां, प्रजनन मूलक, संज्ञानात्मक विकास।

प्रस्तावना –संसार महिला एवं पुरूष के संयोजन से चलने वाली एक व्यवस्था है। जिसमें महिलाओं का स्थान एक प्रजनन मूलक परिवार की स्थापना करने में पुरूषों से और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रत्येक महिला को जीवन यापन करने, दैनिक कार्य करने, उच्च स्वास्थ्य, स्वस्थ समाज एवं सुरक्षित मातृत्व हेतु सन्तुलित आहार की आवश्यकता होती है। सम्पूर्ण विश्व में महिलाऐं सर्वाधिक कुपोषण की शिकार होती हैं। यह कुपोषण इनमें मात्र एक दिन की परिणति नहीं है वरन् बाल्यकाल और प्रमुखत: किशोरावस्था से देखने को मिलता है।शाब्दिक दृष्टि से देखा जाए तो किशोरावस्था शब्द अंग्रेजी भाषा के शब्द Adolescence का हिंदी रूपान्तरण है। एडोलसेंट शब्द लेटिन भाषा से लिया गया है जिसका अर्थ हैं बढना या विकसित होना है। यह मनुष्य के जीवन का बसंत काल माना जाता है। यह 10 से 19 वर्ष की आयु के मध्य रहता है। यह काल सभी प्रकार की मानसिक शक्तियों के विकास का महत्वपूर्ण समय है। जिसमें अनेक शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक परिवर्तन होते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 'किशोरावस्था 10 से 19 वर्ष की आयु में बचपन व वयस्कता के मध्य की अवस्था है। यह मानव के विकास का अनुठा चरण है। जब एक अच्छे स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है इस समय किशोर तीव्र गति से शारीरिक मनोवैज्ञानिक व संज्ञानात्मक विकास का अनुभव करते है। इस दौरान वे कैसा महसूस करते हैं एवं किस प्रकार से सोचते हैं।'[1]

किशोरावस्था मनुष्य के जीवन के विकास क्रम में बचपन से वयस्क जीवन के मध्य की अवस्था है। इस अवस्था में किशोर तीव्र गति से शारीरिक, मनोवैज्ञानिक व संज्ञानात्मक विकास का अनुभव करता है। यह मनुष्य के जीवन में परेशानी, तनाव, तूफान व सघंर्ष की अवस्था है। यह अदृश्य यौन लक्षणों से प्रजनन परिपक्वता के स्वरूप द्वारा परिवर्तन एवं विकास की अवस्था है, जो कि संम्पूर्ण सामाजिक, आर्थिक तथा भावनात्मक व सापेक्ष रूप से स्वतंत्रता का परिवर्तन काल है। परिवर्तन की इस अवस्था के दौरान किशोर वर्ग कई प्रकार के जटिल मुद्दों, लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, गर्भ धारण, प्रजनन व प्रसव के दौरान अनेक प्रकार की कठिनाइयों का अनुभव करते हैं तथा प्रजनन व यौन स्वास्थ्य की समस्याओं को बढावा देते हैं। किशोरावस्था को जीवन के एक स्वस्थ चरण के रूप में माना जाता है। इसके उपरान्त भी इस अवस्था में मृत्यु, बीमारी, चोट व हिंसा, कुपोषण तथा मादक पदार्थों का उपयोग आदि अनेक कारक किशोरावस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। इनमें से अधिकतर कारक रोकथाम योग्य हैं। इस अवस्था में किशोर अपने भोजन, आहार–व्यवहार, शारीरिक गतिविधियां, मादक पदार्थों का दुरूपयोग तथा यौन व्यवहार से संबंधित अनेक गतिविधियों सम्बन्धित व्यवहार प्रतिमान की स्थापना करते हैं। किशोरावस्था भविष्य की नेतृत्वकर्ता है। यह अवस्था मनुष्य की रचनात्मकताओं, महत्वकांक्षाओं, इच्छाओं, जिज्ञासाओं तथा उत्सुकताओं आदि को प्रफुल्लित करने व उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक हैं। युनिसेफ के अनुसार 'विश्व में लगभग 1.2 बिलियन किशोर आबादी है विश्व में हर 6 व्यक्तियों में से एक किशोर है, जो कि (10 वर्ष से 19 वर्ष) की आयु वर्ग के मध्य का है।'[2]

भारत दुनिया में सबसे बडी किशोर आबादी वाला देश है। भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार 'लगभग 253 मिलियन जो देश की कुल आबादी का 21% है, भारत में हर पांचवा व्यक्ति किशोर है'[3] भारत में किशोरों की यह जनसंख्या कई देशों कुल जनसंख्या से अधिक है तथा कुछ राष्ट्रों की कुल जनसंख्या के यथा जापान, जर्मनी और स्पेन आदि की संयुक्त जनसंख्या के बराबर है। भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार 'किशोर राजस्थान की कुल आबादी का 22.89 प्रतिशत है।'[4] इसका लगभग आधा भाग किशोरियों का है। किशोरावस्था जो संक्रमण काल है, में इन्हें इस काल में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

किशोरियों के स्वास्थ्य के शारीरिक आयाम–मनुष्य यदि अपने जीवन को अर्थ प्रदान करना चाहता है तो उसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अपने–आपको

शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से व्यवस्थित करना होता है। परन्तु यह एक विडम्बना ही है कि मनुष्य बहुत अधिक धन को अर्जित करता है परन्तु सबसे कम अपने स्वास्थ्य पर ही खर्च करता है। इस भाग दौड़ के जीवन में अपने स्वास्थ्य पर कम से कम ध्यान दे पाता है। इस दृष्टि से किशोरियां भी पिछे नहीं हैं वे भी अपने स्वस्थ्य पर कम से कम ध्यान दे पाती हैं और वे शारीरिक दृष्टि से कमजोर रह जाती है। यहीवह काल होता है जिसमें उनका सर्वाधिक विकास होता है परन्तु इनका उचित विकास नहीं हो पाता है। यह निम्न समस्याओं से रूबरू होती हैं।

किशोरावस्था के दौरान किशोरियों के शारीरिक विकास के साथ उनके मनोभावों में परिवर्तन होता है। सभी किशोरियों में ये परिवर्तन एक साथ न आकर अलग-अलग समय में आते है। कुछ किशोरियों में ये 12 वर्ष की आयु में तो कुछ में इस आयु के पूर्व या पश्चात आते है।यह एक ऐसा समय होता है जब किशोरियों के शरीर में बहुत सारे बदलाव यथा शारीरिक, मानसिक वैचारिक जैसे अनेक बदलाव देखने को मिलते हैं वहीं दूसरी ओर नये दोस्त बनाना, विभिन्न गतिविधियों में रूचि बढना, बडी कक्षाओं में जाना आदि एक साथ हो रहे होते हैं । इसी समय माता-पिता, शिक्षक व नातेदार आदि द्वारा भी किशोरियों को छोटी बच्चियां नहीं समझ कर उन्हें जिम्मेदारी वाले कार्य सौंपते है। इस दौरान लडकियों की समझ में भी वृद्धि होने लगती है। तथा किशोरियों को सब कुछ नया सा लगने लगता है। इस समय किशोरियों को अपने शरीर, विकास और आस-पास वातारण से जुडे कई मुद्दों के बारे में भी जानकारी की आवश्यकता होती है। अत: लडकियों की इस बढती उम्र के दौरान, उनके लिए जरूरी एवं महत्वपूर्ण माने जाने वाले मुद्दों के बारे में शोधकर्त्ता अपना अध्ययन करना चाहता है।

किशोरियों में शारीरिक परिवर्तन -किशोरियों में शारीरिक बदलाव एक बडी चुनौती है। इस समय शरीर बचपन से अलग, ज्यादा विकसित होने लगता हैं। इस समय मानव शरीर में यौवन शुरू होता है। लडकियों की उम्र बढने के साथ इनके शरीर में यौन अंग बडे होने लगते है तथा हार्मोन का उत्पादन शुरू हो जाता है। मासिक धर्म शुरू हो जाता है। शारीरिक बदलाव के साथ-साथ आस-पास के माहौल में भी परिवर्तन आने लगता है। तथा किशोरियों पर पांबदी लगा दी जाती है। क्योंकि जैसे-जैसे लडकियों की उम्र बढती जाती है। माता-पिता व शिक्षक उनकी सुरक्षा के बारे में चिंतित होने लगते हैं। बढती हुई उम्र में एक बडा बदलाव मासिक धर्म का शुरू होना है। अधिकतर लडकियों को ये पता नहीं होता है। कि उनके शरीर को क्या हो गया है। क्योंकि इस बारे में किसी नें उन्हे कुछ नही बताया। लडकियां मासिक धर्म शुरू होने से डर सकती हैं या रोमांचित भी हो सकती हैं।

शरीर की देखभाल - किशोरावस्था में शरीर की अच्छी तरह देखभाल की आवश्यकता होती है। जैसे किशोर के शरीर में अधिक पसीना आना जिस कारण से शरीर को नियमित रूप से देखभाल व शरीर को साफ करने की आवश्यकता होती है।

माता-पिता की सलाह - किशोरावस्था मनुष्य के जीवन का एक ऐसा समय है जहां किशोर माता-पिता के सन्दर्भ में संक्रमण काल के दौर से गुजरता है। माता-पिता द्वारा दी जाने वाली सलाह को किशोर सहस्र स्वीकार कर ले आवश्यक नहीं है। इस रूप में माता-पिता व किशोर दोनों के सामने अनेक समस्याऐं आती है। जिसके कारण किशोर तनावपूर्ण जीवन यापन करने को मजबूर हो जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या - किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती है जो कि आचरण, विकार, चिंता, अवसाद के साथ यौन व्यवहार में भी परिवर्तन का कारक हो सकते है। इसलिए सामाजिक कौशल व आत्मविश्वास के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ किया जा सकता है। इसके साथ ही किशोरावस्था में कुपोषण की समस्या, हिंसा, मादक पदार्थों का सेवन, यौन व प्रजनन स्वास्थ्य की समस्या।

किशोरावस्था में कुपोषण- कुपोषण का अर्थ है उचित पोषण का अभाव अर्थात् भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों का अभाव जो कि सम्पूर्ण विकास को प्रभावित करते है। जिनके अभाव में शरीर अनेक प्रकार के रोगों से ग्रसित हो जाता है। कुपोषण चाहे किसी भी प्रकार का हो, यह हमेशा हानिकारक होता है। इसका शिकार व्यक्ति किसी भी आयु में हो सकता है परन्तु इससे सर्वाधिक प्रभावित महिलाऐं, बच्चे और किशोर आयु समूह होता हैं। किशोर आयु समूह में भी किशोरियां अधिक प्रभावित होती हैं क्योंकि किशोरियों में इस समय मासिक धर्म की शुरूआत होती है, हार्मोनल बदलाव आते है,द्वितीयक शारीरिक लक्षणों का विकास होता है। जिसके कारण किशोरियों को अत्यधिक मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार की आवश्यकता होती है परन्तु समाज में महिलाओं को दोयम दर्जा प्राप्त है अत: किशोरियों का कुपोषित होना पूरे समाज के लिय दुष्प्रभावकारी है क्योंकि किशोरियां आने वाले कुछ वर्षों में गर्भधारण करती है, बच्चे को जन्म देती है। 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 23.3 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हो जाती है। जिसके कारण भारत में इन विवाहित किशोरियों में प्रति एक हजार महिलाओं में से 43 महिलाऐं बच्चों को जन्म देती है।'[5]

नेशनल फेमिली हेल्थ-5 के आकडों के अनुसार 2021 में किशोरियों के गर्भधारण में 01 प्रतिशत गर्भधारण में गिरावट आयी है। जो दर्शाता है कि किशोरियों के सशक्तिकरण के कारण सम्भव हुआ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार इन अवाछित गर्भधारण के पीछे जिम्मेदार कारकों में-

1. इन्टरनेट पर उपलब्ध अश्लील सामग्री
2. ए श्रेणी की वेब सीरिज
3. बलात्कार की घटनाएं
4. सोशल मिडिया

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के अनुसार विकासशील देशों में 13 प्रतिशत किशोरियां गर्भवती होती हैं साथ ही 20 वर्ष की उम्र में 40 प्रतिशत किशोरियां दूसरी बार गर्भवती होती है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पडता है। जिससे उनके शरीर में खून की कमी होती है। भारत में एन.एफ.एच.एस.रिपोर्ट-3 के आंकडों के अनुसार 56 प्रतिशत तक किशोरियां एनिमिया से ग्रसित है। इनमें से 1/3 प्रतिशत किशोरियां मध्यम अवस्था तीव्र अवस्था में के एनिमिया की शिकार है। किशोरियों मे बडी संख्या में कुपोषण का कारण भोजन की कमी है। जिसके कारण वे जल्दी ही बीमारियों कि शिकार हो जाती है। साथ ही लगभग आधी किशोरियों का वजन उनकी उम्र व उंचाई के अनुपात में कम है साथ ही हम देखते है कि कुछ किशोरियों में मोटापा भी देखने को मिलता है जिसका कारण जंक-फूड है।

किशोरावस्था एवं मानसिक स्वास्थ्य-किसी भी मनुष्य के लिए न केवल शारीरिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण माना जाता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। चूंकि किशोरावस्था बचपन व युवावस्था के मध्य संक्रमण

काल है इस काल में किशोरियां तीव्र गति से वृद्धि होती है एवं साथ ही हार्मोनल परिवर्तन होता है। इस अवस्था में किशोर पढाई के अत्यधिक दबाव व तनाव के कारण अवसाद में आ जाते है। जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। किशोरियां अधिक संवेदनशील होने के कारण जल्दी तनाव में आ जाती हैं। हाल ही में आई कैम्ब्रिज–ऑक्सफोर्ड एवं नीदरलैण्ड यूनिवर्सिटी की संयुक्त अध्ययन में पाया गया कि किशोरियों पर सोशल मीडिया का प्रभाव जल्दी पडता है। वर्तमान में सोशल मीडिया युवाओं पर अत्यधिक प्रभाव डाल रहा है जिसके कारण उनकी मानसिक स्थिति परिवर्तित हो रही है। मानसिक स्थिति के प्रभाव के कारण उनके व्यवहार में प्रभाव परिलक्षित होते हैं जैसे तनाव,अवसाद यादाश्त का कम होना, आदतों में बदलाव हो रहे है। इस अध्ययन के अनुसार जो किशोर– किशोरी सोशल मीडिया पर नियमित 3 घण्टे बिताते है। वयस्क होने पर वे ज्यादा असंतुष्ट नजर आते हैं।

सोशल मीडिया का 11 वर्ष की किशोरियों व 14 वर्ष के किशोरों पर सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव पडता है। क्योंकि किशोरियां अधिक संवेदनशील होती है। इसलिए नकारात्मक प्र भाव अधिक पडता है.वे नकारात्मक शब्दों जैसे– LOSER, HATE YOU, DISLIKE आदि का प्रयोग अधिक करते है। इन नकारात्मक शब्दों को जल्दी से भुला नहीं पाती हैं। जिसका प्रभाव उनके सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर पडता है। जिसमें मुख्य रूप से निंद में कमी, एकाग्रता में कमी, चिडचिडापन, तनाव आदि रोग बढने की संभावना होती है। इसके साथ ही किशोरों में एकांकी प्रवत्ति के कारण वे अपना अधिकतर समय सोशल मीडिया पर अधिक व्यतीत करते है। जिससे अवांछित घटनाओं की दर बढ जाती है। जिसमें मुख्य रूप से मोंबाईल गेम, चेटिंग अपराधिक प्रवृत्तियां बढ रही है। वर्तमान में कोविड–19 के कारण सम्पूर्ण प्रकार की गतिविधियां ऑन–लाईन संचालित होने से किशोरों में इसका ओर प्रभाव बढ गया है जिसके कारण किशोर एक पल भी इससे दूर नहीं होना चाहते है।

सतिया,जय के अनुसार 'किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए चुनौतियां: क्या आवश्यक है ?'[6] लेखक जय सतिया ने इंडियन जर्नल ऑफ कम्यूनिटि मेडिसिन पत्रिका के संपादकीय में लेख किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए चुनौतियां: क्या आवश्यक है ? पर प्रकाश डाला है। इसमें किशोरावस्था की चुनौतियों को बताया गया है जिसमें उभरते हुए किशोर स्वास्थ्य के मुद्दे यथा– ग्रीवा केंसर, शरीर की छवि, सिगरेट, मदिरा–पान, जंकफूड, भारी स्कूल बैग आदि, जिसमें 10 से 19 वर्ष के किशोरों में होने वाले मृत्यु का दुसरा बडा कारण HIV / AIDS व एड्स से जुडे कारणों को माना गया है। 2005 से 2016 के बीच किशोरावस्था में एचआईवी के मामलों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही एड्स से संबंधित बीमारियों के कारण मरने वाले किशोरों की संख्या में 2000 से 2015 के बीच तिगुनी वृद्धि हुई है। यह किशोर वर्ग एक मात्र ऐसा समूह है जिसमें एड्स से जुडे मामलों में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही किशोर गर्भधारण से मातृ मृत्यु दर और रूग्णता का खतरा भी अधिक रहता है। वैश्विक स्तर पर किशोर जन्म दर 1990 में प्रति 1000 जन्म में से 65 जन्म है। जो 2015 में प्रति 1000 जन्म में से 45 जन्म है। जो 20 अंकों के सुधार को दर्शाता है। विश्व में हर वर्ष 2.5 मिलियन किशोरियां मां बनती है। यह गर्भावस्था एवं प्रसव से जुडी जटिलताऐं किशोरियों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण है एवं मादक पदार्थो का सेवन किशोरावस्था की एक प्रमुख समस्या बनकर उभरा है। साथ ही वर्तमान समय में किशोरों में चोट/दुर्घटना में मृत्यु भी अधिक है। अत: किशोर केन्द्रित कार्यक्रम एवं नितियों के निर्माण पर अधिक निवेश करना चाहिए। इसके लिए भी भारत में अनेक कार्यक्रम बनाये गये है। जैसे जनसंख्या और विकास, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य कार्यक्रम 1997, परिवार कल्याण कार्यक्रम, किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन 2005 साथ ही 2013 में किशोर कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम को सम्मिलित करते हुए राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम को लागू किया गया है। जिसमें किशोर स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अंतर्गत पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, लिंग आधारित हिंसा, मादक द्रव्यों का सेवन आदि शामिल है। इस प्रयोजन के लिए किशोर स्वास्थ्य क्लिनिक बनाये गये है। जहां पर प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी एवं परामर्श प्रदान की जाती है। मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता सेवाएं, स्कूली स्वास्थ्य के माध्यम से सेनैट्री नेपकिन और निवारक स्वास्थ्य जांच आदि शामिल है। इन सब में एक विशिष्ट लक्ष्य किशोरों मे खून की कमी को कम करने का रखा गया। इन सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के फलस्वरूप महिलाओं में औसत शादी की उम्र 16.6 से बढकर 19.4 वर्ष हो गई है। जो किशोरियों की स्थिति में सुधार को दर्शाता है।

इन सभी कार्यक्रमों एवं नीतियों के बावजूद भी किशोरियों में पोषण की स्थिति लगभग अपरिवर्तित रही है। किशोरियों में बॉडी मॉस इंडेक्स 1998–99 में 38.8 प्रतिशत से बढ कर 2015–16 में 41.9 प्रतिशत हो गया है। वहीं एनिमिया 15–19 आयु वर्ग की किशोरियों में 1998–99 में 56 प्रतिशत से बढ कर 59.1 प्रतिशत हो गया। अन्य स्वास्थ्य समस्याओं जैसे तम्बाकु पदार्थों का सेवन लडको में 2005–06 में 28.6 प्रतिशत एवं लडकियों में 3.5 प्रतिशत था। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम 2014 में शुरू किया गया। जिसमे किशोरों के 7 घटकों को शामिल किया गया है। जिसमें समुदाय आधारित स्वास्थ्य संवर्धन और निवारक, नैदानिक को मजबूत करने के साथ–साथ रोकथाम और स्वास्थ्य सुविधाओं के स्तर पर उपचारात्मक सेवायें प्रदान करना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट, 1948
2. UNICEF (2011) Opportunity in Crisis: Preventing HIV from Early Adolescence to Young ADULTHOOD. United Nation's Children's Fund (UNICEF), UNICEF, New York, 1-68.
3. Progress for children: A Report card on adolescent socio demographic profile of adolescents :November 10April 2012, UNICEF, page 6 (internet)avalable from :http://www.unicef org/publication /files /progress -for -children —No-10-EN-04232012pdf.
4. CENSUS India, 2011
5. UNICEF June,2020, STRATEGY FOR ENDING VIOLENCE AGAINST CHILDREN 4
6. UNFPA Report
7. Satia J. (2018). Challenges for Adolescent Health Programs: What is Needed?. *Indian journal of community medicine : official publication of Indian Association of Preventive & Social Medicine*, *43*(Suppl 1), S1–S5. https://doi.org/10.4103/ijcm.IJCM_331_18

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दर्शन : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

दिवाकर पारीक*

* एमए, नेट (राजनीति विज्ञान) डी 133, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय जनसंघ के प्रमुख वैचारिक चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दर्शन का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य उन मूल सिद्धांतों का परीक्षण करना है जिनके माध्यम से उन्होंने भारतीय राजनीति, समाज एवं अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। इस संदर्भ में उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद, विराट पुरुष, स्वदेशी, अंत्योदय, विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था तथा कृषि संबंधी विचारों का विवेचन किया गया है। अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि उनका चिंतन राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता, आर्थिक स्वावलंबन तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण पर आधारित विकास-दृष्टि का प्रतिपादन करता है।

शब्द कुंजी – एकात्म मानववाद, अंत्योदय, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, अखंड भारत, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद।

प्रस्तावना – भारतीय राजनीतिक चिंतन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे भारतीय जनसंघ के वैचारिक वास्तुकार थे, जिसे वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का पूर्ववर्ती राजनीतिक संगठन माना जाता है। उन्होंने संगठन को केवल राजनीतिक दिशा ही नहीं दी बल्कि ऐसी वैचारिक आधारभूमि भी विकसित की जिसने भारतीय राजनीति में उसे विशिष्ट पहचान प्रदान की। उनका चिंतन राजनीति तक सीमित न रहकर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों को भी समान रूप से प्रभावित करता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक कुशल संगठनकर्ता, राजनेता एवं मौलिक चिंतक थे। उन्होंने भारतीय समाज की सांस्कृतिक विशेषताओं एवं वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे सिद्धांत प्रतिपादित किए जो भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप विकास की दिशा प्रस्तुत करते हैं। उनका मत था कि किसी भी राष्ट्र की राजनीतिक व्यवस्था तभी स्थायी हो सकती है जब उसका आधार उसकी सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ा हो। इसी कारण उन्होंने राष्ट्र, समाज एवं व्यक्ति के मध्य संतुलित संबंधों पर विशेष बल दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में सक्रिय रहते हुए उन्हें भारतीय समाज की संरचना, चुनौतियों एवं सांस्कृतिक विरासत को निकट से समझने का अवसर मिला। इस अनुभव ने उनके राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन को व्यावहारिक आधार प्रदान किया। उनका विश्वास था कि भारत की समस्याओं का समाधान विदेशी विचारधाराओं की नकल में नहीं बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि एवं सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप नीतियों के निर्माण में निहित है।

इसी दृष्टि से उन्होंने एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, स्वदेशी, अंत्योदय तथा विकेंद्रीकृत आर्थिक व्यवस्था जैसी अवधारणाओं के माध्यम से भारतीय विकास चिंतन को नई दिशा देने का प्रयास किया। इन सिद्धांतों में व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को परस्पर पूरक माना गया है। प्रस्तुत शोध पत्र उनके राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दर्शन के प्रमुख आयामों का विश्लेषण करते हुए उनके चिंतन की वैचारिक संरचना तथा समकालीन प्रासंगिकता का अध्ययन करता है।

राजनीतिक नैतिकता, गुटबाजी एवं मतदाता का कर्तव्य– पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति में बढ़ती गुटबाजी और नैतिक अवनति को लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती माना। उनके अनुसार जब राजनीतिक दलों में संगठनात्मक हितों की अपेक्षा व्यक्तिगत स्वार्थ प्रमुख हो जाता है, तब गुटबाजी जन्म लेती है। यह केवल मतभेद का परिणाम नहीं बल्कि अहंकार एवं विकृत मानसिकता की सामाजिक अभिव्यक्ति है, जो संगठन की एकता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों को कमजोर करती है।

चुनावी राजनीति के संदर्भ में उन्होंने नैतिक उत्तरदायित्व को सर्वोपरि माना। उनका स्पष्ट मत था कि किसी प्रतिष्ठित राजनीतिक दल से जुड़े होने मात्र से कोई प्रत्याशी मत पाने का अधिकारी नहीं हो जाता। यदि उसका चरित्र, आचरण अथवा सार्वजनिक जीवन मतदाताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है, तो केवल दलगत निष्ठा के आधार पर उसका समर्थन उचित नहीं कहा जा सकता।

उन्होंने प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व पक्षपातपूर्ण या अनुचित निर्णय लेता है, तो उसे सुधारने का दायित्व जागरूक मतदाता का है। इस प्रकार उन्होंने मतदाता को केवल मतदान करने वाला नागरिक नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का सक्रिय संरक्षक माना।

उपाध्याय जी ने उन राजनीतिक दलों की भी आलोचना की जो राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन समझते हैं। उनके अनुसार ऐसे दल चुनाव को 'घुड़दौड़' की तरह देखते हैं और केवल संभावित विजेता के

साथ खड़े होने का प्रयास करते हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति को लोकतांत्रिक आदर्शों के विपरीत बताते हुए सिद्धांतनिष्ठ राजनीति की आवश्यकता पर बल दिया।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, अखंड भारत एवं सर्वोपरि राष्ट्रहित– पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राजनीतिक चिंतन का केंद्रीय आधार सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लिखे गए उनके लेख 'अखंड भारत: उद्देश्य और साधन' में राष्ट्र की एकता, सांस्कृतिक निरंतरता एवं राष्ट्रीय चेतना संबंधी उनके विचार स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त होते हैं। उनका विश्वास था कि भारत की राष्ट्रीय पहचान उसकी सांस्कृतिक परंपरा से निर्मित हुई है और राष्ट्रीय एकता का आधार भी यही सांस्कृतिक विरासत है।

उनके अनुसार भारत में रहने वाले प्रत्येक समुदाय को, चाहे वह मुस्लिम हो या ईसाई, 'इस देश में हिंदू संस्कृति की स्थायी राष्ट्रीय सांस्कृतिक धारा के साथ खुद को पहचानना चाहिए' । इस विचार के माध्यम से उन्होंने सांस्कृतिक आधार पर राष्ट्रीय एकात्मता को राष्ट्र की स्थिरता एवं अखंडता के लिए आवश्यक माना।

सामाजिक संगठन के संदर्भ में उन्होंने वर्ग-संघर्ष के स्थान पर समन्वय, सहयोग एवं सामाजिक समरसता पर बल दिया। उनके विचार में समाज की स्थायी प्रगति संघर्ष से नहीं बल्कि पारस्परिक विश्वास, सहभागिता एवं संतुलित सामाजिक व्यवस्था से संभव है।

उनके समग्र राजनीतिक चिंतन में राष्ट्रहित सर्वोच्च स्थान रखता है। उनका मत था कि प्रत्येक राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक निर्णय का मूल्यांकन राष्ट्र के व्यापक हित को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। इसी कारण उनका दर्शन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है तथा राष्ट्रहित को व्यक्तिगत एवं दलगत हितों से ऊपर स्थापित करता है।

एकात्म मानववाद एवं 'विराट पुरुष' की संकल्पना– पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समग्र दर्शन का मूल आधार 'एकात्म मानववाद' है, जिसमें 'विराट पुरुष' अथवा समग्र समाज की अवधारणा को केंद्रीय स्थान प्राप्त है। उनके अनुसार समाज केवल व्यक्तियों का समूह नहीं बल्कि एक जीवंत एवं एकीकृत इकाई है, जिसकी तुलना 'विराट पुरुष' से की जा सकती है। इस व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग एवं समुदाय का अपना विशिष्ट स्थान और महत्व है तथा सभी मिलकर समाज की समग्र संरचना का निर्माण करते हैं। उनका मत था कि यदि समाज का कोई भी वर्ग, समुदाय अथवा व्यक्ति उपेक्षा, अभाव या पीड़ा का जीवन जीने के लिए विवश हो, तो उसका प्रभाव केवल उसी तक सीमित नहीं रहता बल्कि संपूर्ण समाज पर पड़ता है। समाज रूपी 'विराट पुरुष' का कोई भी अंग दुर्बल होने पर उसकी समग्र शक्ति एवं संतुलन प्रभावित होता है।

उपाध्याय जी के अनुसार वास्तविक एकात्मता तभी संभव है जब व्यक्ति स्वयं को समाज की व्यापक समष्टि का अभिन्न अंग माने। यदि कोई व्यक्ति या सामाजिक घटक इस समग्र व्यवस्था से पृथक हो जाता है, तो सामाजिक संतुलन एवं एकात्मता दोनों कमजोर पड़ने लगते हैं।

इसी आधार पर उन्होंने नीति-निर्माताओं एवं समाज का नेतृत्व करने वालों के लिए 'अंत्योदय' की भावना को अनिवार्य माना। उनके अनुसार विकास की प्रत्येक योजना का केंद्र समाज का अंतिम व्यक्ति होना चाहिए। तभी समाज रूपी 'विराट पुरुष' का प्रत्येक अंग सुरक्षित, सम्मानित एवं सक्रिय रह सकेगा। इस प्रकार एकात्म मानववाद, विराट पुरुष और अंत्योदय उनके चिंतन के परस्पर पूरक सिद्धांत हैं, जो समावेशी एवं संतुलित समाज की अवधारणा प्रस्तुत करते हैं।

अंत्योदय की संकल्पना एवं इसका व्यावहारिक स्वरूप– पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सामाजिक एवं आर्थिक चिंतन में 'अंत्योदय' को केंद्रीय स्थान प्राप्त है। यह केवल सैद्धांतिक अवधारणा नहीं थी, बल्कि उनके व्यक्तिगत अनुभवों एवं सामाजिक संवेदनशीलता से भी जुड़ी थी। प्रारंभिक जीवन में गरीबी एवं अभाव का अनुभव करने के कारण वे समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों की समस्याओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील रहे।

उनके अनुसार अंत्योदय का अर्थ उन लोगों का उत्थान है जो आर्थिक, सामाजिक अथवा अन्य कारणों से विकास की मुख्यधारा से वंचित रह गए हैं। उनका विश्वास था कि किसी समाज की प्रगति का वास्तविक आकलन उसके सबसे समृद्ध वर्ग से नहीं बल्कि सबसे अधिक वंचित व्यक्ति की स्थिति से किया जाना चाहिए।

गांधी जी एवं विनोबा भावे द्वारा प्रयुक्त 'सर्वोदय' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए उन्होंने 'अंत्योदय' पर विशेष बल दिया। उनका मत था कि विकास की प्रक्रिया समाज के अंतिम व्यक्ति से आरंभ होनी चाहिए। इसलिए आर्थिक योजनाओं की सफलता का मूल्यांकन उन लोगों से किया जाना चाहिए जो विकास की सीढ़ी के सबसे निचले स्तर पर हैं।

अपने विचार को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने कंबल वितरण का उदाहरण दिया। उनके अनुसार यदि किसी व्यक्ति के पास बारह कंबल हों, तो उनका वितरण समान रूप से नहीं बल्कि आवश्यकता के आधार पर होना चाहिए। खुले आकाश के नीचे रहने वाले व्यक्ति को छह कंबल, पेड़ के नीचे रहने वाले को तीन, झोपड़ी में रहने वाले को दो तथा जिसके पास पहले से दो कंबल हों उसे केवल एक कंबल मिलना चाहिए। इस उदाहरण के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण समानता नहीं बल्कि आवश्यकता के आधार पर होना चाहिए।

इसी प्रकार बल्ब का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ पहले से 25 वाट का बल्ब जल रहा हो वहाँ 100 वाट का बल्ब लगाना उचित नहीं है। इसके बजाय 25 वाट का बल्ब उस स्थान पर लगाया जाना अधिक उपयोगी होगा जहाँ पूर्ण अंधकार हो। इस उदाहरण से उन्होंने विकास योजनाओं में प्राथमिकताओं के निर्धारण तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का समर्थन किया।

उनके अनुसार समाज के पीड़ित एवं उपेक्षित वर्गों के जीवन में आशा, सम्मान एवं आत्मविश्वास का संचार करना ही अंत्योदय की वास्तविक भावना है। वे अश्रुपूरित आँखों से आंसू पोंछने और मुरझाए चेहरों पर मुस्कुराहट लौटाने को 'अंत्योदय' की पहली सीढ़ी मानते थे। इससे स्पष्ट होता है कि उनके लिए अंत्योदय केवल आर्थिक सहायता का कार्यक्रम नहीं बल्कि मानवीय संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित व्यापक विकास-दृष्टि थी।

आर्थिक नियोजन एवं विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था– पंडित दीनदयाल उपाध्याय का आर्थिक चिंतन भारतीय समाज की आवश्यकताओं एवं वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित था। उनका मानना था कि भारत जैसे विकासशील देश में आर्थिक योजनाएँ केवल प्रशासनिक स्तर पर तैयार नहीं की जानी चाहिए, बल्कि उनमें समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उनके अनुसार देश की बड़ी आबादी गरीबी, अशिक्षा तथा परंपरागत जीवन-व्यवस्था से प्रभावित है। इसलिए विकास योजनाएँ तभी प्रभावी होंगी जब उनका निर्माण जनसहभागिता एवं स्थानीय

आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाए।

उन्होंने ऊपर से नीचे थोपे गए विकास मॉडल की अपेक्षा नीचे से ऊपर विकसित होने वाली योजना प्रणाली का समर्थन किया। उनका मत था कि स्थानीय समाज की भागीदारी से तैयार योजनाएँ अधिक व्यावहारिक, उत्तरदायी तथा स्थायी सिद्ध होती हैं।

उपाध्याय जी ने विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था तथा स्वावलंबी क्षेत्रों के विकास पर विशेष बल दिया। उनके अनुसार आर्थिक शक्ति का अत्यधिक केंद्रीकरण व्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक संतुलन तथा स्थानीय विकास के लिए बाधक बनता है। इसके विपरीत विकेंद्रीकृत व्यवस्था प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं, संसाधनों एवं विशिष्टताओं के अनुरूप विकास का अवसर प्रदान करती है तथा मानवीय गरिमा एवं आत्मनिर्भरता को भी सुदृढ़ करती है।

अपने विचारों को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने स्वामी विवेकानन्द का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की प्रमुख समस्या संसाधनों का अभाव नहीं बल्कि श्रसामर्थ्य की कमीश है। इसलिए राष्ट्र के विकास का पहला लक्ष्य समाज की आंतरिक क्षमता, आत्मविश्वास तथा कार्यकुशलता का विकास होना चाहिए। उनका विश्वास था कि सक्षम समाज ही आत्मनिर्भर एवं समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

स्वदेशी : आर्थिक नीति से आगे राष्ट्रीय स्वाभिमान का विचार– पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने स्वदेशी को केवल आर्थिक नीति के रूप में नहीं देखा। उनके अनुसार स्वदेशी का अर्थ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार या केवल देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग भर नहीं है। यह राष्ट्र के आत्मसम्मान, सांस्कृतिक चेतना तथा आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ी व्यापक अवधारणा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वदेशी का वास्तविक उद्देश्य ऐसी आर्थिक व्यवस्था का निर्माण करना है जो भारतीय परिस्थितियों, संसाधनों तथा सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप हो। इसलिए स्वदेशी केवल उपभोग की नीति नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान तथा आत्मनिर्भरता की अभिव्यक्ति भी है।

उनके विचार में स्वदेशाभिमान और आर्थिक विकास परस्पर पूरक हैं। जब कोई राष्ट्र अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वयं की क्षमता, उत्पादन एवं संसाधनों पर विश्वास करता है, तभी उसकी आर्थिक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय आत्मविश्वास दोनों सुदृढ़ होते हैं। इस दृष्टि से स्वदेशी उनके समग्र राष्ट्रवादी एवं आर्थिक चिंतन का महत्वपूर्ण आधार है।

कृषि नीति एवं किसान कल्याण– पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की। उनका मत था कि भारत की आर्थिक संरचना का आधार कृषि है, इसलिए विकास नीतियों में कृषि एवं किसान दोनों को केंद्र में रखा जाना चाहिए। 29 जनवरी 1962 को प्रकाशित अपने एक लेख में उन्होंने लिखा कि देश की लगभग 72 प्रतिशत जनसंख्या की आय का प्रमुख स्रोत कृषि है तथा राष्ट्रीय आय का लगभग आधा भाग इसी क्षेत्र से प्राप्त होता है। इसलिए कृषि की उपेक्षा राष्ट्रीय विकास के लिए हानिकारक सिद्ध होगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल औद्योगीकरण पर बल देकर कृषि की अनदेखी करना दीर्घकाल में उद्योगों के लिए भी लाभकारी नहीं होगा। उनके अनुसार जब किसानों की आय एवं क्रयशक्ति बढ़ेगी तभी औद्योगिक उत्पादों के लिए व्यापक एवं स्थायी बाजार विकसित हो सकेगा। कृषि सुधार के संबंध में उन्होंने अनेक व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। सबसे पहले उन्होंने भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप मध्यम आकार के खेतों का समर्थन किया। उनका मत था कि अमेरिका जैसे बड़े कृषि फार्म भारत के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उन्होंने लगभग पाँच एकड़ सिंचित भूमि को एक व्यवहार्य आर्थिक इकाई माना।

किसानों के हितों की रक्षा के लिए उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी व्यवस्था का समर्थन करते हुए सुझाव दिया कि सरकार को बुवाई से पूर्व ही कृषि उत्पादों का न्यूनतम मूल्य घोषित कर देना चाहिए ताकि किसान अपनी लागत निकालने के साथ उचित लाभ भी प्राप्त कर सके।

उन्होंने कोऑपरेटिव फार्मिंग का भी विरोध किया। उनके अनुसार यह व्यवस्था न तो लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है और न ही प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से उपयुक्त सिद्ध होती है।

समग्रत: उनकी कृषि नीति का उद्देश्य किसान की आर्थिक सुरक्षा, कृषि की उत्पादकता, ग्रामीण स्वावलंबन तथा राष्ट्रीय आर्थिक विकास के मध्य संतुलित संबंध स्थापित करना था।

निष्कर्ष – पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक चिंतन भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं आत्मनिर्भर विकास की व्यापक अवधारणा पर आधारित है। उनका दर्शन केवल सैद्धांतिक विमर्श तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास के लिए व्यावहारिक दिशा भी प्रदान करता है। उन्होंने राजनीति को नैतिक मूल्यों से, अर्थव्यवस्था को मानवीय आवश्यकताओं से तथा सामाजिक व्यवस्था को सांस्कृतिक आधार से जोड़ते हुए भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप विकास का वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

उनके राजनीतिक विचार लोकतांत्रिक नैतिकता, उत्तरदायी मतदाता तथा राष्ट्रहित की सर्वोच्चता पर आधारित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वस्थ लोकतंत्र केवल सशक्त संस्थाओं से नहीं बल्कि सिद्धांतनिष्ठ राजनीति, जागरूक नागरिकों तथा नैतिक सार्वजनिक जीवन से निर्मित होता है। इसी प्रकार सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की उनकी अवधारणा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समन्वय तथा सांस्कृतिक निरंतरता को राष्ट्र की स्थिरता का आधार मानती है।

एकात्म मानववाद एवं 'विराट पुरुष' की संकल्पना के माध्यम से उन्होंने व्यक्ति और समाज के संबंध को समग्र दृष्टि से स्पष्ट किया। उनके अनुसार समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही वास्तविक विकास का मापदंड है। इसी विचार को उन्होंने 'अंत्योदय' के सिद्धांत में मूर्त रूप दिया, जिसमें संसाधनों के न्यायसंगत वितरण तथा वंचित वर्गों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

आर्थिक क्षेत्र में उन्होंने विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था, जनभागीदारी एवं स्वावलंबन का समर्थन किया। उनका विश्वास था कि विकास तभी स्थायी हो सकता है जब योजनाएँ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप हों तथा समाज की सक्रिय भागीदारी से संचालित हों। इसी प्रकार उन्होंने स्वदेशी को केवल आर्थिक नीति नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं आत्मनिर्भरता का आधार माना।

कृषि संबंधी उनके विचार भारतीय अर्थव्यवस्था में किसान की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कृषि को राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता मानते हुए किसानों के लिए लाभकारी मूल्य, मध्यम आकार के खेत तथा व्यावहारिक कृषि नीतियों का समर्थन किया। उनका मत था कि कृषि और उद्योग परस्पर पूरक हैं तथा कृषि की समृद्धि के बिना संतुलित आर्थिक

विकास संभव नहीं है।

समग्रत: पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन भारतीय राजनीतिक विचारधारा में एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता, अंत्योदय, स्वदेशी तथा आत्मनिर्भर विकास से संबंधित उनके सिद्धांत आज भी नीति-निर्माण एवं समकालीन राजनीतिक विमर्श में प्रासंगिक बने हुए हैं। इसलिए उनके राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दर्शन का अध्ययन आधुनिक भारत की वैचारिक दिशा तथा विकास संबंधी चुनौतियों को समझने की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुलेरिया, चेतन सिंह. (2023). 'दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय संकल्पना'- International Journal of Education] Modern Management] Applied Science & Social Science (IJEMMASSS)5(2-II), 83–89
2. तिवारी, विवेकानन्द. (2023). 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय: कृतित्व, व्यक्तित्व तथा विरासत' कृष्ण कुमार मित्तल प्रकाशन।
3. कमल, के. एल. (2024). 'भारतीय राजनीतिक चिन्तन' राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
4. सिंह, वीना. (2020). 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और दर्शन' सांस्कृतिक और सामाजिक अनुसंधान, 1(2), 33-35.
5. सिंह, जितेन्द्र. ।शर्मा, मीनाक्षी. (2025). 'समकालीन भारतीय राजनीति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की प्रासंगिकता' शोध मंथन, 16 (विशेषांक), 65-69.
6. कुमार, अनिल. (2025). दीनदयाल उपाध्याय के 'दार्शनिक विचार– चिति व विराट की वर्तमान संदर्भ में महत्ता' International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT) 13(8) h673–h677.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कौशल विकास एवं आर्थिक विकास

सरोज कुशवाहा* डॉ. दीपक नेमा**

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं प्राचार्य (वाणिज्य) श्रीरामाकृष्णा कालेज आंफ कामर्स एवं साइंस, भरहुत नगर, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कौशल विकास वर्तमान समय में आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति उसके मानव संसाधनों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। यदि युवाओं को उचित शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक दक्षता प्रदान की जाए, तो वे रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ देश की उत्पादकता में भी वृद्धि कर सकते हैं। भारत जैसे विकासशील देश में बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी तथा गरीबी जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है।

इस शोध पत्र का उद्देश्य कौशल विकास और आर्थिक विकास के मध्य संबंध का अध्ययन करना है। अध्ययन में यह विश्लेषण किया गया है कि किस प्रकार कौशल विकास रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास तथा राष्ट्रीय आय में वृद्धि में सहायक होता है। शोध के लिए द्वितीयक आंकड़ों का उपयोग किया गया है, जिनमें विभिन्न सरकारी रिपोर्ट, शोध पत्र तथा इंटरनेट स्रोत सम्मिलित हैं।

अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाते हैं तथा आर्थिक विकास को गति प्रदान करते हैं। इसलिए सरकार तथा निजी संस्थानों को कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना चाहिए ताकि भारत को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके।

शब्द कुंजी – कौशल विकास, आर्थिक विकास, रोजगार, मानव संसाधन, कौशल भारत।

प्रस्तावना – वर्तमान समय में किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार उसकी मानव शक्ति मानी जाती है। यदि देश की जनसंख्या शिक्षित, प्रशिक्षित और कुशल हो, तो वह आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। आर्थिक विकास केवल राष्ट्रीय आय में वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें रोजगार, जीवन स्तर, सामाजिक सुरक्षा तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि भी सम्मिलित होती है।

भारत विश्व की सबसे युवा जनसंख्या वाले देशों में से एक है। यहाँ बड़ी संख्या में युवा कार्यशील आयु वर्ग में आते हैं, लेकिन उनमें आवश्यक तकनीकी और व्यावसायिक कौशल की कमी पाई जाती है। इसी कारण बेरोजगारी और अल्परोजगार जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है।

कौशल विकास का अर्थ व्यक्तियों को किसी विशेष कार्य को कुशलतापूर्वक करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह प्रशिक्षण तकनीकी, औद्योगिक, व्यावसायिक तथा प्रबंधकीय हो सकता है। वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य, निर्माण तथा सेवा क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़रही है।

भारत सरकार ने युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए अनेक योजनाएँ प्रारंभ की हैं, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY),कौशल भारत अभियान (Skill India Mission), तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC)। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को रोजगार योग्य बनाना तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित मानव शक्ति तैयार करना है।

अध्ययन के उद्देश्य – इस शोध के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. कौशल विकास की अवधारणा का अध्ययन करना।
2. आर्थिक विकास में कौशल विकास की भूमिका का विश्लेषण करना।
3. रोजगार सृजन में कौशल विकास के योगदान को समझना।
4. सरकारी योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. कौशल विकास से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों की पहचान करना।

अनुसंधान क्रियाविधि – यह शोध द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। अध्ययन हेतु निम्न स्रोतों का उपयोग किया गया है:

1. सरकारी रिपोर्ट एवं दस्तावेज
2. शोध पत्र एवं जर्नल
3. पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं
4. इंटरनेट स्रोत एवं वेबसाइट
5. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

इस शोध में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति का उपयोग किया गया है। प्राप्त आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करके निष्कर्ष निकाले गए हैं।

कौशल विकास की अवधारणा – कौशल विकास का अर्थ किसी व्यक्ति की कार्य क्षमता, दक्षता तथा उत्पादकता को बढ़ाना है। यह प्रक्रिया व्यक्ति को रोजगार योग्य बनाती है तथा उसकी आय में वृद्धि करती है।

कौशल विकास को मुख्यत: तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है।

1. तकनीकी कौशल- इसमें मशीन संचालन, कंप्यूटर शिक्षा, इंजीनियरिंग तथा तकनीकी ज्ञान शामिल हैं।

2. व्यावसायिक कौशल – सिलाई, बढ़ईगीरी, इलेक्ट्रिशियन कार्य, प्लंबिंग आदि कार्य व्यावसायिक कौशल के अंतर्गत आते हैं।

3. सॉफ्ट स्किल्स– संचार क्षमता, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन तथा टीमवर्क जैसे गुण सॉफ्ट स्किल्स कहलाते हैं।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल भी आवश्यक हैं।

आर्थिक विकास में कौशल विकास की भूमिका

1. रोजगार सृजन– कौशल विकास युवाओं को रोजगार योग्य बनाता है। प्रशिक्षित व्यक्ति उद्योगों में आसानी से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या कम होती है।

2. उत्पादकता में वृद्धि– कुशल श्रमिक कम समय में अधिक एवं बेहतर उत्पादन करते हैं। इससे उद्योगों की कार्यक्षमता बढ़ती है।

3. औद्योगिक विकास– उद्योगों को प्रशिक्षित श्रमिकों की आवश्यकता होती है। कौशल विकास उद्योगों को आवश्यक मानव शक्ति उपलब्ध कराता है।

4. गरीबी उन्मूलन– जब लोगों को रोजगार और उचित आय प्राप्त होती है, तो गरीबी में कमी आती है और जीवन स्तर बेहतर होता है।

5. आत्मनिर्भरता को बढ़ावा– कौशल विकास युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करता है, जिससे वे स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं।

6. विदेशी निवेश को प्रोत्साहन – जब किसी देश में कुशल श्रमिक उपलब्ध होते हैं, तो विदेशी कंपनियाँ निवेश करने के लिए आकर्षित होती हैं।

कौशल विकास के लिए सरकारी पहल

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) – यह योजना 2015 में प्रारंभ की गई थी। इसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना है।

कौशल भारत अभियान (Skill India Mission) – इस मिशन का उद्देश्य भारत को 'Skilled India' बनाना है।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) – यह संस्था कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देती है तथा युवाओं को उद्योग आधारित शिक्षा उपलब्ध कराती है।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना – इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराना है।

साहित्य समीक्षा – विभिन्न विद्वानों एवं शोधकर्ताओं ने कौशल विकास और आर्थिक विकास के संबंध पर अध्ययन किया है।

1. अमर्त्य सेन के अनुसार मानव संसाधन का विकास आर्थिक प्रगति का आधार है।
2. एडम स्मिथ ने श्रम विभाजन एवं कौशल को उत्पादन वृद्धि का प्रमुख कारण माना।
3. NSDC रिपोर्ट के अनुसार प्रशिक्षित युवाओं की रोजगार क्षमता अधिक होती है।
4. विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि विकासशील देशों में कौशल विकास गरीबी कम करने का प्रभावी साधन है।
5. कई शोध अध्ययनों में यह पाया गया कि तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण से राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।

कौशल विकास में चुनौतियाँ– भारत में कौशल विकास के क्षेत्र में अनेक समस्याएँ हैं:

1. प्रशिक्षण संस्थानों की कमी।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता का अभाव।
3. आधुनिक तकनीक की कमी।
4. प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी।
5. उद्योगों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय की कमी।
6. वित्तीय संसाधनों की कमी।

इन समस्याओं के कारण कौशल विकास कार्यक्रमों का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

सुझाव:

1. ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएँ।
2. उद्योगों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएँ।
3. आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढावा दिया जाए।
4. युवाओं को स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।
5. महिलाओं के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाएँ।
6. डिजिटल शिक्षा एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण को प्रोत्साहित किया जाए।

निष्कर्ष – अध्ययन से स्पष्ट होता है कि कौशल विकास आर्थिक विकास का प्रमुख आधार है। यह न केवल रोजगार सृजन में सहायक है बल्कि उत्पादकता, औद्योगिक विकास एवं राष्ट्रीय आय में वृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत जैसे विकासशील देश में युवाओं की बड़ी जनसंख्या को यदि उचित प्रशिक्षण एवं कौशल प्रदान किया जाए, तो देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ युवाओं को रोजगार योग्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। यदि कौशल विकास कार्यक्रमों को सही दिशा एवं पर्याप्त संसाधन प्रदान किए जाएँ, तो भारत आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Government of India.
2. National Skill Development Corporation (NSDC) Reports.
3. Economic Survey of India.
4. Amartya Sen – Development as Freedom.
5. Adam Smith – Wealth of Nations.
6. World Bank Skill Development Reports.
7. Skill India Mission Documents.
8. Various Research Journals and Articles.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

युद्धों के लिए मेवाड़ का ऐतिहासिक महत्व : एक ऐतिहासिक अध्ययन

डॉ. नरेंद्र सिंह राणावत*

* सहायक आचार्य (इतिहास) सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – मेवाड़ भारतीय इतिहास का एक ऐसा क्षेत्र रहा है जिसने प्राचीन, मध्यकालीन तथा आधुनिक काल तक अपनी सामरिक, भौगोलिक एवं राजनीतिक विशेषताओं के कारण विशिष्ट स्थान प्राप्त किया। अरावली पर्वतमाला, दुर्गम घाटियाँ, सुदृढ़ दुर्ग, खनिज संपदा तथा स्वतंत्रता-प्रिय शासकों ने मेवाड़ को युद्धों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाया। विशेष रूप से महाराणा कुम्भा, राणा सांगा तथा महाराणा प्रताप के काल में मेवाड़ विदेशी आक्रमणों के विरुद्ध प्रतिरोध का प्रमुख केन्द्र रहा। प्रस्तुत शोध आलेख में युद्धों की दृष्टि से मेवाड़ के ऐतिहासिक महत्व का विश्लेषण प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों के आधार पर किया गया है।

शब्द कुंजी – मेवाड़, युद्ध, सामरिक महत्व, अरावली, चित्तौड़गढ़, कुंभलगढ़, महाराणा प्रताप, हल्दीघाटी।

प्रस्तावना – राजस्थान का मेवाड़ क्षेत्र भारतीय इतिहास में वीरता, स्वाधीनता और सैन्य संगठन का प्रतीक माना जाता है। इसकी भौगोलिक स्थिति तथा प्राकृतिक संरचना ने इसे उत्तर भारत, गुजरात तथा मालवा के मध्य एक महत्वपूर्ण सामरिक क्षेत्र बना दिया। यही कारण था कि दिल्ली सल्तनत, गुजरात सल्तनत तथा मुगल शासकों ने समय-समय पर मेवाड़ को अपने अधीन करने का प्रयास किया, किन्तु मेवाड़ ने सदैव सशक्त प्रतिरोध प्रस्तुत किया।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. युद्धों की दृष्टि से मेवाड़ के सामरिक महत्व का अध्ययन करना।
2. मेवाड़ की भौगोलिक संरचना एवं प्राकृतिक संसाधनों का सैन्य दृष्टि से विश्लेषण करना।
3. मेवाड़ के दुर्गों एवं पर्वतीय मार्गों की रक्षा व्यवस्था का अध्ययन करना।
4. महाराणा प्रताप एवं अन्य मेवाड़ी शासकों की सैन्य रणनीतियों का मूल्यांकन करना।

शोध पद्धति– यह अध्ययन ऐतिहासिक शोध पद्धति पर आधारित है। इसमें अभिलेखों, समकालीन ग्रंथों, फारसी स्रोतों, पुरातात्त्विक साक्ष्यों तथा आधुनिक इतिहासकारों के शोध का विश्लेषण किया गया है।

युद्धों के लिए मेवाड़ का ऐतिहासिक महत्व

1. सामरिक भौगोलिक स्थिति– मेवाड़ उत्तर भारत को गुजरात तथा पश्चिमी भारत से जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर स्थित था। दिल्ली से गुजरात जाने वाले व्यापारिक एवं सैन्य मार्ग इस क्षेत्र से होकर गुजरते थे। इस कारण जो शक्ति मेवाड़ पर नियंत्रण स्थापित करती, वह उत्तर-पश्चिम भारत के महत्वपूर्ण मार्गों पर प्रभाव स्थापित कर सकती थी।

2. अरावली पर्वतमाला का योगदान – अरावली विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रेणियों में से एक है। इसकी ऊँची पर्वतमालाएँ, संकरी घाटियाँ और घने वन मेवाड़ को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करते थे। हल्दीघाटी, देवर तथा दिवेर जैसे दर्रों में बड़ी सेना का संचालन कठिन था, जिससे छोटी मेवाड़ी सेना भी प्रभावी प्रतिरोध कर सकती थी।

महाराणा प्रताप ने अरावली की प्राकृतिक संरचना का उपयोग छापामार (Guerrilla Warfare) युद्ध के लिए किया। इससे मुगल सेना को रसद, संचार एवं सैन्य संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

3. दुर्गों का सामरिक महत्व– मेवाड़ के दुर्ग केवल निवास स्थान नहीं थे, बल्कि युद्धकालीन रक्षा केन्द्र थे।

(क) चित्तौड़गढ़ दुर्ग

भारत का सबसे विशाल पहाड़ी दुर्ग।

दिल्ली एवं गुजरात से आने वाले आक्रमणों को रोकने का प्रमुख केन्द्र।

1303, 1535 तथा 1568 ई. के प्रसिद्ध घेराव इसकी सामरिक महत्ता को सिद्ध करते हैं।

(ख) कुंभलगढ़ दुर्ग

अरावली पर्वतमाला में स्थित।

लगभग 36 किमी लंबी प्राचीर।

महाराणा प्रताप का जन्मस्थान।

संकट के समय मेवाड़ की वैकल्पिक राजधानी।

(ग) गोगुंदा एवं चावण्ड– हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप ने चावण्ड को राजधानी बनाया तथा पर्वतीय क्षेत्रों से मुगलों के विरुद्ध संघर्ष जारी रखा।

4. प्राकृतिक संसाधन एवं खनिज– मेवाड़ प्राचीन काल से ताँबा, सीसा, चाँदी तथा जस्ता के लिए प्रसिद्ध रहा है। जावर तथा दरीबा की खदानें युद्ध सामग्री एवं आर्थिक संसाधनों का महत्वपूर्ण आधार थी। इन खनिजों से शस्त्र निर्माण तथा राज्य की आर्थिक शक्ति को बल मिलता था।

5. गुरिल्ला युद्ध प्रणाली– महाराणा प्रताप ने परम्परागत युद्ध के साथ-साथ गुरिल्ला युद्ध प्रणाली अपनाई। छोटी टुकड़ियाँ पर्वतीय मार्गों से निकलकर मुगल सेना पर अचानक आक्रमण करती थी और पुन: जंगलों में लौट जाती थी। इस रणनीति ने विशाल मुगल सेना की प्रभावशीलता को

कम कर दिया।

6. स्थानीय जनजातियों का योगदान– भील समुदाय ने मेवाड़ की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने:
दुर्गम मार्गों की जानकारी दी,
गुप्तचर कार्य किया,
रसद उपलब्ध कराई,
छापामार युद्ध में सहयोग दिया।
इस सहयोग के कारण मुगल सेना मेवाड़ के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थायी नियंत्रण स्थापित नहीं कर सकी।

7. स्वतंत्रता की परम्परा– मेवाड़ के शासकों ने विदेशी अधीनता स्वीकार करने के स्थान पर संघर्ष का मार्ग चुना। राणा सांगा तथा महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास में राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता के प्रतीक माने जाते हैं। मेवाड़ का संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राजनीतिक स्वतंत्रता का संघर्ष था।

निष्कर्ष– युद्धों की दृष्टि से मेवाड़ का महत्व उसकी भौगोलिक स्थिति, अरावली पर्वतमाला, दुर्ग प्रणाली, खनिज संसाधनों, स्थानीय जनजातीय सहयोग तथा स्वतंत्रता-प्रिय शासकों के कारण अत्यंत विशिष्ट था। यही कारण है कि अनेक शक्तिशाली साम्राज्यों के निरंतर प्रयासों के बावजूद मेवाड़ लंबे समय तक स्वतंत्रता एवं प्रतिरोध का केन्द्र बना रहा। मध्यकालीन भारतीय सैन्य इतिहास में मेवाड़ का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्यामलदास. वीर विनोद, भाग-1. उदयपुर: राजस्थानी ग्रंथागार (पुनर्मुद्रित संस्करण), 1996, पृ. 184-235.
2. श्यामलदास. वीर विनोद, भाग-2. उदयपुर: राजस्थानी ग्रंथागार, 1996, पृ. 512ट578.
3. ओझा, गौरीशंकर हीराचंद. उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1. अजमेर: वैदिक यंत्रालय, 1928, पृ. 298-325.
4. ओझा, गौरीशंकर हीराचंद. उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-2. अजमेर: वैदिक यंत्रालय, 1931, पृ. 120-168.
5. सोमानी, रामवल्लभ. History of Mewar: From Earliest Times to 1751 A.D. जयपुर: राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, 1976, चच. 182-246.
6. टॉड, जेम्स. Annals and Antiquities of Rajasthan, Vol. I. London: Smith, Elder & Co., 1829 (भारतीय पुनर्मुद्रण),pp.. 236-289.
7. टॉड, जेम्स.Annals and Antiquities of Rajasthan, Vol. II. London: Smith, Elder & Co., 1832 (भारतीय पुनर्मुद्रण), चच. 590-635.
8. अबुल फजल. अकबरनामा, खंड-3 (अनुवाद: एच. बेवरिज). New Delhi: Low Price Publications (Reprint), pp. 112–132.
9. अबुल फजल. आईन-ए-अकबरी, खंड-1 (अनुवाद: एच. ब्लॉचमैन). New Delhi: Low Price Publications, pp. 301–320.
10. चन्द्र, सतीश. मध्यकालीन भारत (Medieval India), भाग-II. नई दिल्ली: हर-आनन्द पब्लिकेशन्स, 2005, पृ. 108-120.
11. हबीब, इरफान. The Agrarian System of Mughal India (1556–1707). New Delhi: Oxford University Press, 1999, pp. 65–92.
12. हूजा, रीमा. A History of Rajasthan. New Delhi: Rupa Publications, 2006, pp. 453–472.
13. हूजा, रीमा. Maharana Pratap: The Invincible Warrior. New Delhi: Penguin Random House India, 2018, pp. 84–132.
14. खान, इक्तिदार आलम. Gunpowder and Firearms: Warfare in Medieval India. New Delhi: Oxford University Press, 2004, pp. 15–58.
15. रावत, गोपीनाथ शर्मा. राजस्थान का इतिहास. जयपुररू राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 2008, पृ. 198-235.
16. शर्मा, दशरथ.Rajasthan Through the Ages, Vol. I जयपुर: Rajasthan State Archives, pp. 312–347.
17. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI). चित्तौड़गढ़ दुर्ग: संरक्षण एवं इतिहास. नई दिल्ली: Archaeological Survey of India, 2013, पृ. 25-58.
18. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI). कुंभलगढ़ दुर्ग: ऐतिहासिक एवं स्थापत्य अध्ययन. नई दिल्ली: Archaeological Survey of India, 2015, पृ. 41-72.
19. राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर. मेवाड़ संबंधी अभिलेख, संकलन-I, पृ. 45-98.
20. शर्मा, गोपीनाथ. Mewar and the Mughal Emperors उदयपुर: Mewar Research Institute, 1970, pp. 56–118.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हिन्दी उपन्यासों में पुरुष संवेदना

सुनीता मीना*

* शोधार्थी (हिंदी) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रकृति की सुन्दरता नैसर्गिक रूप से दो विपरीत ध्रुवों पर आश्रित रहती है, वह दोनों धुरियाँ नर और नारी है जो जीवन के नवाचार से सम्बंधित है। हिंदी साहित्य का लेखन कभी भी एक ओर झुका हुआ नहीं रहा है। हिंदी साहित्य ने भी लगातार इस क्रम को संतुलित रखा है। जैसे-जैसे नवीनता का प्रादुर्भाव हुआ है वैसे ही हिंदी जगत ने अपनी कलम को भी उसी ओर ढाला है। परिवर्तन,विकास, क्रांति ये प्रकृति के शाश्वत नियम हैं। हर युग में क्रांतियाँ और आंदोलन हुए हैं, आज भी हो रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे। जिसके फलस्वरूप व्यवस्था में परिवर्तन होता है और निरंतर विकास का मार्ग प्रशस्त होता रहा है। हिंदी साहित्य में स्त्री संवेदना पर विपुल कार्य हुआ है, परंतु पुरुष संवेदना के स्तर पर गंभीर, सुसंगत एवं व्यवस्थित अध्ययन की कमी रही है। पितृसत्ता के भीतर भी पुरुष किस प्रकार मानसिक द्वंद्व, सामाजिक दबाव और भावनात्मक कुंठाओं से ग्रस्त होता है यह पक्ष साहित्यिक विश्लेषण के लिए अपेक्षित है। यह शोध साहित्य में पुरुष की छवि को एक नई दृष्टि देने का प्रयास करेगा।

शब्द कुंजी – संवेदना, मानसिक द्वंद्व, सामाजिक दबाव, समाज,परिवार, जीवन आकांक्षा।

प्रस्तावना – वर्तमान समय वैश्विकरण के चलते पैराडिम शिफ्ट हुआ है। और इस स्त्रीवादी मानसिकता ने पुरुष की उपलब्धियों पर सवाल खड़ा कर, उसे डुबाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। समाज में बराबरी का दर्जा प्रदान करने के लिए पुरुष ने अपने से कभी भी इसका विरोध नहीं किया। लेकिन इस बराबरी की लड़ाई में पुरुष वर्चस्ववादी मानसिकता और स्त्रीवर्चस्ववादी मानसिकता ने पुरूष को अपनी चली आयी परंपरा में वस्तुनिष्ठ बना दिया है जानबूझ कर पुरुष को कहीं न कहीं अतिवाद की ओर धकेला जा रहा है। इसलिए वर्तमान समय में पुरुष की संवेदनाओं उसकी जीवन आकांक्षाओं और मूल्यों की ओर ध्यान जाना आवश्यक है। जहाँ पुरुष संवेदना मानव मन के भीतर की आंतरिक चेतना है वहाँ स्त्री अपने बराबरी और अपनी इच्छाओं की पूर्ति करती नजर आयी हैं उसी तरह क्या पुरुष भी अपने जीवन में स्वयं के बारे में सोच सकता है इस पर विचार करना जरूरी है। साथ ही समकालीन विमर्श के साहित्य में पुरुष के जीवन का चिन्हांकन करना भी आवश्यक हो जाता है। इस विषय पर मैनेजर पाण्डेय लिखते है कि 'हिन्दी कथा साहित्य में विशेषकर उपन्यास में व्यक्ति अपनी स्वतंत्र सत्ता के साथ उपस्थित होता है उपन्यास में व्यक्ति की वैयक्तिकता जिन सामाजिक संदर्भों के साथ से बनती है उनसे व्यक्ति के संबंधों की जटिलता का बोध उपन्यास में व्यक्त होता है।'[1] इसलिए पुरुष संवेदना के विचार समाज,परिवार और सार्वजनिक जीवन में योगदान का आकलन करना जरूरी हो जाता है

मानवीय संवेदना शब्द का सामान्य अर्थ मानव के प्रति सहानुभूति है। अंग्रेजी में इसे सिम्पथी कह सकते हैं। सहानुभूति मानव मन का उदात्त भाव है क्योंकि वह परात्मभाव से युक्त होने के कारण सुख-दुख की अनुभूति कराता है। मनोविज्ञान शास्त्र में संवेदना का अर्थ ज्ञानेन्द्रियों का अनुभव होता है और वहाँ इसे सेंसेसन के रूप में ग्रहण करते हैं। उत्तोजक वस्तु संवेदना का मूल आधार है। 'कामायनी' महाकाव्य के आशासर्ग की निम्न पंक्तियों में भी मानवीय संवेदना के भाव प्रकट होते है जैसे कि

'मनु का मन या विकल हो उठा, संवेदन से खाकर चोट।
संवेदन जीवन जगती को, जो कटुता से देता घोट ।।'[2]

अत: मानव मन की भीतर की व्याकुलता ही संवेदना को प्रकट करता है,आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने मानवीय संवेदना पर लिखा है कि 'संवेदना शब्द अपने वास्तविक या अवास्तविक दुख पर कष्टानुभव के अर्थ में आया है.... मतलब यह कि अपनी किसी स्थिति को लेकर दु:ख का अनुभव करना ही संवेदना है।'[3] किन्तु इसी संदर्भ में डॉ.द्वारिका प्रसाद नेमानवीय संवेदना पर विचार करते लिखा है कि 'संवेदना का अर्थ सुख-दुख मिश्रित अनुभूति के अर्थ में ग्रहण किया है। उनके अनुसार सुख दुखात्मक अनुभूति ही संवेदना है। उसमें भी दुखानुभूति से इसका गहरा सम्बन्ध है क्योंकि जब किसी प्रकार का अभाव हमारे जीवन में उत्पन्न होता हैतब उसकी दुखानुभूति सर्वप्रथम हमें बैचेन एवं व्यथित कर देती है और हमारे हृदय में संघर्ष उठ खड़ा होता है।'[4] हिंदी उपन्यासों में पुरुष का चरित्र केवल कथा का वाहक नहीं वह समाजशास्त्रीय, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक विचारधारों का केंद्र भी रहा है। समाज में पुरुष की सैद्धांतिक भूमिका को हिन्दी उपन्यासों के भीतर उपजे विचारों को केन्द्रित करते हुए पुरुष संवेदना के आधार पर हिन्दी उपन्यास का सैद्धांतिक ढांचा तीन प्रमुख सिद्धांत पर विभक्त कर सकते है जों समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण, मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और अस्तित्ववादी दृष्टिकोण पर आधारित है जिससे पुरुष संवेदना को विभिन्न स्तरों पर समझा जा सकता है।जिससे साहित्य समाज में पुरुष चरित्र के बदलते रूप, उसके सामाजिक और मानसिक संरचना में होने वाले परिवर्तन का विश्लेषण किया जाएगा

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विचार करने पर प्रेमचंद का 'गोदान' उपन्यास समाजशास्त्रियों की दृष्टि जैसे एमिल दुर्खीम, मार्क्स और मैक्स

वेबर के अनुसार व्यक्ति की भूमिका सामाजिक ढाँचे, आर्थिक शक्तियों और वर्गीय संबंधों से निर्धारित होती है। गोदान में पुरुष पात्र होरी वही सामाजिक व्यवस्था का प्रतिनिधि है जिसे समाज परंपरा, नैतिकता और आर्थिक शोषण के माध्यम से नियंत्रित करता है। जैसे 'गोदान' उपन्यास में होरी कहता है कि 'खेती में जो मरजाद है, वह नौकरी में तो नहीं है। इसी तरह जमींदारों का हाल भी समझ लो ! उनकी जान को भी सैकड़ों रोग लगे हुए हैं, हाकिमों को रसद पहुँचाओ, उनकी सलामी करो, अमलों को खुश करो। तारीख पर मालगुजारी न चुका दें, तो हवालात हो जाय, कुड़की आ जाय। हमें तो कोई हवालात नहीं ले जाता। दो-चार गालियाँ-घुड़कियाँ ही तो मिलकर रह जाती हैं।'[5] इस तरह पुरुष पात्र होरी अपने जमीदार के प्रति चिंता करना वर्गीय संबंधो का निर्धारण है जहाँ स्वयं शोषित है साथ ही होरी की परिवारविषयक धारणा भी सामाजिक परम्परागत है। और साथ ही वह सामाजिक संबंधो से चिपके रहना भी चाहता है, चाहे पंचायत के निर्णय को ठुकरा सकता था। पर बिरादरी से बहिष्कृत होकर जीना होरी के लिए सम्भव नहीं है। अत: वह धनिया के विरोध करने पर भी पंचायत के द्धारा लगाया हुआ दंड भरता है। उसकी धारणा है कि 'हम सब बिरादरी के चाकर हैं, उसके बाहर नहीं जा सकते। नक्कू बन कर जीने से तो गले में फाँसी लगा लेना अच्छा है। आज मर जाएँ तो बिरादरी ही तो इस मिट्टी को पार लगाएगी। बिरादरी ही तारेगी तो तरेंगे।'[6] इस तरह होरी धर्म के नाम पर बिना हिचक शोषण का शिकार बनता है। इस संदर्भ में गोपाल रॉय लिखते है कि 'होरी की मिथ्या मर्यादा-भावना भी उसे पुरानी पीढ़ी के प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत करती है। प्रेमचन्द यह मानते प्रतीत होते हैं कि पूँजीवादी व्यवस्था में निर्धन व्यक्ति, किसान और मजदूर की कोई मर्यादा नहीं होती। होरी की यही स्थिति है। दारोगा, पटवारी, कारिन्दा और साहूकार सब उसका अपमान करते हैं, झिड़कते हैं और खरी-खोटी सुनाते हैं। फिर भी होरी अपने को 'मरजाद' वाला आदमी समझता है'[7] इस तरह पुरुष पात्र होरी की जीवनस्थितियाँ वर्ग-शोषण, भूमि-अर्थव्यवस्था और सामाजिक ढाँचों का परिणाम हैं। यहाँपुरुष की स्थिति समाज से निर्देशित भूमिका पर आधारित है जिसमेकर्तव्य और सम्मान के बोझ को प्रस्तुत करता है। वेबर के सामाजिक प्रतिष्ठा सिद्धांत के अनुसार 'पुरुष की पहचान उसकी सामाजिक छवि और सामुदायिक अपेक्षाओं से बनती है जो होरी के चरित्र में स्पष्ट है। इसलिए गोदान में पुरुष की भूमिका कर्तव्य, सामाजिक संरचना, पितृसत्ता और आर्थिक संघर्ष पर आधारित है।'[8] जिसके परिणामस्वरूप, पुरुष मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक दबावों का सामना करते हुए भी उन्हें व्यक्त नहीं कर पाता। इस तरह सामाजिक दृष्टिकोण से 'गोदान' उपन्यास में पुरुष-संवेदना भारतीय ग्रामीण समाज की व्यवस्था, विडंबनाओं के बीच पुरुष-संवेदना की बहुस्तरीय अभिव्यक्ति प्रस्तुत करता है। सामाजिक दृष्टिकोण से देखने पर यह स्पष्ट होता है कि उपन्यास का पुरुष केवल सत्ताधारी नहीं, वह आर्थिक शोषण, सामाजिक दबाव, नैतिक द्वंद्ध और पारिवारिक उत्तरदायित्वों के बीच पीड़ित मनुष्य भी है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुसार हिंदी कथा साहित्य में पुरुष संवेदना विविध आयामों से विकसित होती हुई भावभूमि रही है। अब तक पुरुष पात्रों को अक्सर शक्ति, नियंत्रण, दायित्व, परंपरा और वर्चस्व के प्रतीक के रूप में देखा जाता रहा, किंतु मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के अंतर्गत पुरुष संवेदना एक मानवीय, आंतरिक और भावनात्मक संरचना के रूप में उभरती है। यह विश्लेषण पुरुष के बाह्य व्यवहार नहीं, वह उसके भीतर की भावनात्मक टूटन,अकेलापन,अपेक्षा,संघर्ष,असुरक्षाऔर आत्मपरक संवेदनाओं को समझने का प्रयास करता है।डॉ. रामदरश मिश्र के अनुसार 'मनोवैज्ञानिक उपन्यास कहने का तात्पर्य उन उपन्यासों से हैं जो मूलत: मनोविश्लेषण पर आधारित हैं। मनोवैज्ञानिक उपन्यासों से इतर जो सामाजिक उपन्यास हैं उनके पात्रों की एक चुनी हुई विशेषताएँ होती हैं। हम उनके बारे में इतने विश्वस्त होते हैं कि कह सकते हैं कि अमुक स्थिति में अमुक काम करेंगे या अमुक बात कहेंगे। किंतु मनोवैज्ञानिक उपन्यासों का लक्ष्य पात्रों की मनोवैज्ञानिक शोध करना है। मनुष्य वास्तव में कैसा है, इसका पता लगाना ही उन उपन्यासों का कार्य होता है। सक्रिय जीवन ही केवल जीवन नहीं है, बल्कि वह बहुत महत्वपूर्ण जीवन भी नहीं है, वास्तविक जीवन तो विचारों और अनुभूतियों का आंतरिक जीवन ही है। मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार इसी आंतरिक जीवन को प्रधानता देते हैं।'[9] इस प्रकार मनोविज्ञान विशेषत: फ्रायड, जुंग, तथा ऐड्लर की अवधारणाएँ से प्रभावित है पुरुष संवेदना के विश्लेषण में महत्त्वपूर्ण आधार प्रदान करती हैं।हिंदी कथाकारों ने जैसे जेनेन्द्र,इलाचन्द्र जोशी,अज्ञेय के उपन्यासों में पुरुष पात्रों के मनोवैज्ञानिक संघर्षो को उभारा हैमनोविश्लेषणात्मक दृष्टि से अज्ञेय का शेखर: एक जीवनी फ्रायड और जुंग के मनोविश्लेषण सिद्धांत मानव व्यवहार के अवचेतन आवेगों, अपराधबोध, दमन और आत्मसंघर्ष पर आधारित हैं। जैसे कि 'अपनी ही अशान्तचित्तता, अस्थिरता शेखर के लिए असह्य होने लगी। उसे लगने लगा, वह कुछ चाहता है, लेकिन क्या चाहता है, यह नहीं जान पाया और इसी को जानने के लिए वह अनेक प्रकार की चेष्टाएँ करने लगा, अनेक रास्तों पर एक साथ ही भटकने लगा...'[10] इस तरह 'शेखररू एक जीवनी' में पुरुष की भूमिका सामाजिक ढाँचे से हटकर आंतरिक यात्रा, द्वंद्ध और आत्मस्वीकृति की खोज में परिवर्तित होती है।शेखर की मनोदशा फ्रॉयड के 'ईड,ईगो,सुपर ईगो' संघर्ष का जीवंत उदाहरण हैकि 'दूर से देखा जाए, तो मानवता का सारा विकास ही कम-से-कम अभी तक यही है। मानवता कुछ चाहती है, लेकिन जानती नहीं कि क्या और उसे जानने की खोज में' अनेक रास्तों पर एक साथ ही भटक रही है... मानो सारी मानवता, अपने जीवन की गति में किसी दीर्घ वय: सन्धि पर खडी है और अपने से उलझ रही है, उसका यौवन, उसके कृतित्व के दिन अभी आगे हैं।'[11] यह कथन पुरुष की भूमिका को सामाजिक ढाँचे से बाहर निकालकर स्वतंत्र चेतना, व्यक्तिगत अर्थ और आत्मअन्वेषण तक ले जाता है।शेखर सोचता है कि 'उसने देखा, समझ लिया कि कोई किसी का नहीं है, यानी इतना नहीं है कि उसका स्वामी-निर्देशक, भाग्य-विधायक बन सके। कोई ऐसा नहीं है जिस पर निर्भर किया जा सके, जिसे प्रत्येक बात में पूर्ण, अचूक माना जा सके। यदि किसी का कोई है, तो उसकी अपनी बुद्धि, मनुष्य को उसी के सहारे चलना है, उसी के सहारे जीना है, ऐसे स्थान अवश्य हैं, जहाँ बुद्धि जवाब दे जाती है, लेकिन इसमें वह ईमानदारी है, जो बात नहीं जानती, वहाँ पर चुप रहती है, गलत उत्तर नहीं देती।'[12] इस तरह पुरुष संवेदना का पारंपरिक नायक की छवि से हटकर अधिक मानवीय, भावनात्मक और टूटे हुए रूप में उभरती है।पुरुष भोगवादी नहीं, भावुक भी हैवह कर्त्ता ही नहीं, पीड़ित भी है,वह पितृसत्ता का वाहक होने के साथ-साथ उसका शिकार भी है अत: मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के दृष्टिकोण से हिंदी उपन्यास साहित्य में पुरुष संवेदना को मानव मनोविज्ञान के उस हिस्से को सामने लाती है जिसे सामाजिक व्यवस्था ने लंबे समय तक छिपाए रखा। यहाँ पुरुष न तो केवल शक्ति का प्रतीक है और न ही मात्र संवेगहीन अस्तित्व के बजाय वह भी

उतना ही भावनात्मक, असुरक्षित और संवेदनशील है जितना समाज ने कभी स्वीकार नहीं किया।

अस्तित्ववादी दृष्टिकोण के अनुसार हिन्दी उपन्यासों में अस्तित्ववाद ने व्यक्ति को समाज, परंपरा और दैवी सत्ता से मुक्त करते हुए उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता, चुनाव और नैतिक दुविधाओं पर बल दिया है। हिन्दी उपन्यासों में अस्तित्ववादी पुरुष-पात्र किस प्रकार आत्मसंघर्ष, अपराध-बोध, अकेलेपन, प्रेम-विरोध, और अर्थ-संकट के माध्यम से अपनी संवेदना रचते हैं। उपन्यासों में पुरुष-संवेदना नायकत्व का दावा करती है न सामाजिक पुरुषत्व का, अपितु वह सबसे पहले मानवीय अपूर्णता को पहचानती है।समाज में सुधार और यथार्थवादी युगीन समस्याओं से हटकर व्यक्ति के भीतरी अनुभव, अकेलेपन और अर्थसंकट को केन्द्रीय स्थान मिला। इस परिवर्तन के पीछे यूरोपीय अस्तित्ववादी दर्शन की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष छाप मानी जाती है। अस्तित्ववाद, जैसा कि जाँ-पॉल सार्त्र केइस विचार से शुरू होता है कि 'मनुष्य पहले अस्तित्व में आता है, बाद में अपना सार स्वयं गढ़ता है'[13] हिन्दी में अज्ञेय,निर्मल वर्मा और कमलेश्वर ऐसे उपन्यासकार हैं जिनके यहाँ पुरुष पात्र न तो पारंपरिक नायक हैं और न ही केवल समाजसुधारक वे अकेले, अपराधबोध से भरे, प्रेम और इतिहास दोनों के सामने असहाय और अपने निर्णयों की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उठाने को विवश व्यक्ति हैं। यही वह क्षेत्र है जहाँ पुरुष-संवेदना और अस्तित्ववाद एक दूसरे से मिलते हैं।डॉ. श्याम सुंदरदास अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखते है कि 'हिन्दी अस्तित्ववादी उपन्यासों में पुरुष-संवेदनाव्यक्ति की स्वतंत्रता और अकेलेपन में जन्म लेती है,अपराध-बोध और विद्रोह के बीच अपना अर्थ खोजती है, प्रेम और स्मृति में अपने अस्तित्व को टटोलती हैऔर अंतत: अमानवीय इतिहास में मानवीय स्वीकृति तलाशती है'[14] इस तरह आधुनिक जीवन की जटिलताओं, मूल्यों के विघटन और व्यक्ति की मानसिक असुरक्षा ने पुरुष पात्रों की संवेदना को नई दिशा दी। हिंदी उपन्यासों में पुरुष अब केवल सामाजिक भूमिका निभाने वाला पात्र नहीं, वह अपने अस्तित्व के अर्थ को खोजता हुआ एक जटिल मनुष्य है। 'व्यक्तित्व की अपनी लीकें होती हैं- एक रूझान होता है। और उस के आगे, व्यक्ति अपने वर्तमान और भविष्य के बारे में जो समझता है, जो कल्पना करता है, मनसूबे बाँधता है, उन से भी तो एक लीक बनती है- लीक कहिए, चौखटा कहिए, ढाँचा कहिए। या कह लीजिए दुनिया में अपना एक स्थान।'[15] इसी परिवर्तनशीलता में पुरुष पहचान का संकट भी दिखाई देता है। यह पुरुष संवेदना की मूल समस्या से जुड़े प्रश्नों को खड़ा करता है क्या भावनात्मक कमजोरी उसकी मर्दानगी को चुनौती देती हैबदलते सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक ढाँचों में पुरुष की भूमिका क्या होनी चाहिए?इन प्रश्नों के उत्तरों की तलाशआधुनिक हिन्दी उपन्यास 'एक चिथड़ा सुख', 'नदी के द्वीप', 'न आने वाला कल', 'सारा आकाश' बंद अंधेरे कमरे में 'गुनाहों का देवता', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' आदि उपन्यासों में पुरुष का अस्तित्वगत स्वरूप स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इन उपन्यासों में पुरुष जीवन की जटिलताएँ और पुरुष मनोविज्ञान और संवेदना को नये आयाम से प्रस्तावित किये हैं। अस्तित्ववाद व्यक्ति की स्वतंत्रता, चयन, दायित्व और जीवन की निरर्थकता को केंद्र में रखता है। हिंदी उपन्यासों में यह चेतना विशेष रूप से पुरुष पात्रों के मानसिक द्वंद्व, अकेलेपन, पहचान का संकट और आत्मसंघर्ष के माध्यम से अभिव्यक्त होती है। अज्ञेय, निर्मल वर्मा, मोहन राकेश, धर्मवीर भारती,राजेंद्र यादव, विनोद कुमार शुक्ल और कमलेश्वर जैसे रचनाकारों के उपन्यासों से स्पष्ट होता है कि आधुनिक हिंदी उपन्यासों में पुरुष अब पारंपरिक नायक न रहकर एक संवेदनशील, प्रश्नाकुल और आत्मनिर्माणशील मनुष्य के रूप में उपस्थित है। अस्तित्ववादी दृष्टि के अनुसार निर्मल वर्मा का 'एक चिथड़ा सुख' में पुरुष जीवन का अर्थ व्यक्ति स्वयं गढ़ता है, और मनुष्य अस्तित्वगत अकेलेपन और अनिश्चितताओं से गुजरते हुए अर्थ की खोज करता है।एक चिथड़ा सुख में पुरुष पात्र दुनिया की सामान्य भूमिकाओं से हटकरभावनात्मक असुरक्षाअकेलापनविक्षेपित संबंधअर्थ की खोजके बीच झूलता है।उपन्यास का स्वर पुरुष की सामाजिक भूमिका की नहीं, उसके विस्थापन और भावनात्मक रिक्तता की व्याख्या करती है। जैसे कि 'उसे लगा, सुख कितना छोटा होता है। आता भी नहीं, कि चला जाता है।'[16] यह पंक्ति सुख की क्षणभंगुर अनुभूतिपुरुष मन की उस संवेदना को प्रकट करती है जहाँसुख स्थायी नहीं,उपलब्धि भी टिकाऊ नहींऔर भावनात्मक संतोष तुरंत हाथ से फिसल जाता है।यह आधुनिक पुरुष की भावनात्मक असुरक्षा का सशक्त संकेत यह पुरुष संवेदना को अस्तित्ववादी संकट,आत्म-विनाश की चेतना,और जीवन की निरर्थकता से जोड़ देती है। उपन्यास में एक स्थान पर आया है कि 'मुझे वर्षों पहले पढ़ी हुई एक लाइन याद आती है।' 'the woods decay and the woods decay'[17] यह अनुभूति यह दोहराव जीवन कीएकरसता, निरंतर क्षरणऔर अर्थहीनताकी अनुभूति को तीव्र करता है।इसी प्रकार 'आदमी कैसे अपने को छोड़कर कुछ और बन जाता है।'[18] यह वाक्य पुरुष की अपने ही अस्तित्व से असंतुष्ट है,स्वयं से पलायन करना चाहता है, और किसी अन्य रूप में ढलने की बेचैनी से ग्रस्त है।यह संवेदना आधुनिक, शिक्षित, शहरी पुरुष की विशिष्ट पहचान बनती है।इसी तरह 'जो दिखाई देता है, वह नहीं है' जो सचमुच में है, वह दिखाई नहीं देता।'[19] यह पंक्ति पुरुष संवेदना को दार्शनिक ऊँचाई प्रदान करती है।यहाँ पुरुषबाह्य यथार्थ पर अविश्वास करता है,आंतरिक सत्य की खोज में है,यह दृष्टि अस्तित्ववाद और आधुनिकतावादी चेतना से गहराई से जुड़ी है।हिंदी उपन्यासों में अस्तित्ववादी दृष्टिकोण के अंतर्गत पुरुष संवेदना आधुनिक मनुष्य की त्रासदी का प्रतिनिधित्व करती है। यह संवेदना नायकत्व की चमक से मुक्त होकर मानवीय दुर्बलताओं, आत्मसंघर्ष और अर्थखोज को केंद्र में लाती है। इस प्रकार हिंदी उपन्यास पुरुष को एक संवेदनशील, प्रश्नाकुल और खुद से निर्णय लेने वालाव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मेनेजर पाण्डेय,उपन्यास और लोकतन्त्र, पृष्ठ सं. 11,वाणी प्रकाशन, नईदिल्ली 2002.
2. जयशंकर प्रसाद,कामायनी आशा सर्ग पृष्ठ सं.27,अशोक प्रकाशन, नईदिल्ली।
3. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल,हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ सं.452,रचना प्रकाशन,जयपुर।
4. देवी प्रसाद गुप्त,साहित्य सिद्धान्त और आलोचना, पृष्ठ सं.31, आत्माराम एंड संस, दिल्ली1978.
5. प्रेमचंद, गोदान, पृष्ठ 16.मालिक एंड कंपनी, जयपुर 2016.
6. वहीं, पृष्ठ 111.
7. गोपाल रॉय,उपन्यास की पहचान गोदान : नया परिपेक्ष्य, पृष्ठ125,अनुपम प्रकाशन, पटना।
8. रामविलास शर्मा,हिंदी उपन्यास और समाज,लोकभारती प्रकाशन,

इलाहाबाद।
9. हिन्दी उपन्यास एक अंतर्यात्रा– डॉ. रामदरश मिश्र,पृ. 80,86, राजकमल प्रकाशन, नईदिल्ली।
10. अज्ञेय, शेखर: एक जीवनी, भाग 1, पृ. 127.
11. अज्ञेय, शेखर: एक जीवनी, भाग 1, पृ. 127.
12. अज्ञेय, शेखर: एक जीवनी, भाग 1, पृ. 81.
13. जाँ–पॉल सार्त्र, अस्तित्ववाद, पृ. 25 (Sartre, Jean-Paul. Existentialism Is a Humanism. 1946 लेक्चर विभिन्न अंग्रेजी अनुवाद.) https://www.marxists.org/reference/ archive/ sartre/works/exist/sartre.htm
14. डॉ. श्यामसुन्दर,अस्तित्वाद और साहित्य, पृ. 9,पंचशील प्रकाशन, जयपुर 2004.
15. अज्ञेय,नदी के द्वीप,मयूर पेपरबैक्स, पृष्ठ 35,नई दिल्ली।
16. निर्मल वर्मा, एक चिथड़ा सुख,पृष्ठ 97 राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली,2024.
17. वहीं पृष्ठ 121.
18. वहीं पृष्ठ 136.
19. वहीं पृष्ठ 136.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

केसीसी योजना (किसान क्रेडिट कार्ड योजना) में सहकारी बैंकों की भूमिका : देवास जिले के विशेष संदर्भ में

डॉ. जी एल खगोडे* श्रीमती स्वाति राठौड़**

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत एक कृषि प्रधान देश है। सभ्यता के प्रारंभ से ही कृषि कार्य भारतीय जनसंख्या की जीविका उपार्जन के लिए आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत रहा है। भारतीय कृषि प्रणाली में कृषकों के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण एवं जटिल कार्य है। मुख्यत: छोटे एवं सीमांत कृषकों को कई बार कृषि संबंधी अपनी वित्त आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए गैर-संस्थागत ऋणप्रदान कर्ताओं तथा साहूकारों पर आश्रित होना एक मजबूरी है। साहूकारों द्वारा भी उच्च ब्याज दरों से किसने की मजबूरी का फायदा उठाकर उनका शोषण किया जाता रहा है। कई किसान साहकारों के ऋण एवं ब्याज के कर्ज तले दयनीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं, यहां तक की कई कृषकों द्वारा ऋणग्रस्तता के चलते आत्महत्या भी कर ली जाती है, इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 1998 में केसीसी योजना प्रारंभ की गई इस योजना का उद्देश्य कृषकों को कम ब्याज दरों पर आसान तरीके से ऋण उपलब्ध कराना था।

प्रस्तुत शोध आलेख में मध्य प्रदेश राज्य के देवास जिले में केसीसी योजना द्वारा कृषकों के ऋण वितरण में 'सहकारी बैंकों' की भूमिका का अध्ययन किया गया है। इस शोध आलेख में विश्लेषण किया गया है की केसीसी योजना के परिणाम स्वरुप किसानों की आय में सुधार हुआ है, उनकी ऋण शोधन क्षमता, जीवन स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा कृषि उत्पादन क्षमता में योजना के परिणाम स्वरुप सुधार हुआ है। शोध के निष्कर्ष के द्वारा यह स्पष्ट किया गया है की केसीसी योजना के सफल क्रियान्वयन में सहकारी बैंकों द्वारा कृषकों की ऋण उपलब्धता में सुगमता हुई है, जिससे उनके जीवन स्तर तथा उनकी आय में सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हुए हैं।

शब्द कुंजी – केसीसी योजना, ब्याज, ऋण, ऋणदाता, सहकारी बैंक, फसल चक्र, आर्थिक स्थिति।

प्रस्तावना – भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्र के 70 प्रतिशत से अधिक आबादी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है तथा उनकी आजीविका मुख्य साधन कृषि ही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी कृषि का अतुलनीय योगदान है। इसीलिए कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए तथा कृषकों को समय पर वित्तीय आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए ही सरकार द्वारा कई प्रयास किए गए हैं, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रयास केसीसी योजना है। जिसके अंतर्गत किसानों को खेती से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य के लिए तथा उनके वित्त आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के फल स्वरुप किसानो की साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है। विभिन्न वाणिज्य एवं सहकारी बैंक इस योजना के क्रियान्वयन में तथा आर्थिक विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत सम्पूर्ण भारत में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री 'श्री यशवंत सिन्हा' दवारा वर्ष 1998-99 के बजट भाषण में इस योजना का परिचय देते हुए प्रारंभ की गई थी। किसान क्रेडिट कार्ड योजना नाबार्ड की एक मॉडल स्कीम के आधार पर तैयार की गई थी जो विभिन्न वाणिज्यक एवं सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाई गई। केसीसी योजना के अंतर्गत किसानों को बिना किसी गिरवी के 1.6 लाख तक तथा गिरवी रखकर रूपये 3 तक का ऋण 2 प्रतिशत ब्याज की छूट के साथ प्रदान किया जाता है। किसान लिए गए ऋण भुगतान अपनी सुविधाअनुसार फसल का कटाई एवं फसल के विक्रय के बाद भी कर सकते हैं, इस योजना में यह सुविधा होने के कारण किसानों में केसीसी योजना ज्यादा लोकप्रिय हुई है।

साहित्य समीक्षा

1. हिरवे चौधरी और वानखेड़ा (2016) में 'मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर ब्लॉक में कृषि उत्पादकता में सुधार लाने के लिए केसीसी प्रणाली के प्रभाव का अध्ययन' किया है। प्राथमिक डाटा के संकलन के लिए बहुस्तरीय नामूनाकरण विधि का उपयोग किया गया है। जिसमें एक ब्लॉक के 10 गांव का चयन किया गया है। जिसमें प्रत्येक गांव के 15 उत्तरदाताओं को चुना गया है। डेटा का विश्लेषण प्रतिशत, आवृति, माध्य, मानक विचलन, टी-परीक्षण का उपयोग किया गया है। तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए क्षेत्र में तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति की सिफारिश की गई है।
2. कनेल (2016) में 'मध्य प्रदेश के धार जिले में कृषि अर्थव्यवस्था पर केसीसी योजना के प्रदर्शन और प्रभाव का अध्ययन' किया है। प्राथमिक डाटा संकलन में 80 लाभार्थी किसानों तथा 80 गैर लाभार्थी किसानों से प्रश्नावली अनुसूची के माध्यम से डाटा एकत्र किया गया है। चयनित बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट से दवितीय डाटा एकत्र किया गया है। प्राथमिक डेटा

विश्लेषण के लिए औसत, प्रतिशत, सारणी तथा द्वितीय डाटा के विश्लेषण के लिए सीएजीआर तकनीक का उपयोग किया गया है। अध्ययन से पता चला कि 2003-04 से 2014-2015 की अवधि के लिए केसीसी की विकास दर 1.12%प्रतिशत रही हैं।

3. एंडोत्रा और गुप्ता (2015) ने कहा कि 'केसीसी प्रणाली का कृषि उत्पादन पर महत्वपूर्ण प्रभाव' पड़ा है। इस अध्ययन में शामिल की गई फसलों के उत्पादन में वृद्धि देखी गई है जो यह दर्शाता है कि कृषि उत्पादन बड़ा है। उत्पादन स्तर पर वृद्धि का मुख्य कारण केसीसी योजना के माध्यम से किसानों को प्रीमियम इनपुट के लिए वित्त पोषण उपलब्ध कराना है।

4. मीना (2013) ने 'राजस्थान के करौली क्षेत्र में किसानों की आय पर केसीसी के सूक्ष्म स्तर पर प्रबंधन और उसके प्रभाव का मूल्यांकन' किया। इस अध्ययन का उद्देश्य केसीसी के विकास का मूल्यांकन करना, ऋण प्राप्ति के पैटर्न का विश्लेषण करना और किसानों की आय पर केसीसी के प्रभाव का अध्ययन करना है। 2001-02 से 2010-11 के वार्षिक डेटा से डाटा एकत्रितकरण किया गया है। 60 केसीसी धारक तथा 60 गैर केसीसी धारक किसानों का चयन करके प्राथमिक सामंक को प्राप्त किया गया है। बैंकिंग क्षेत्र योजना का मुख्य आधार है, जिसमें वाणिज्य बैंक तथा सहकारी बैंकों की मुख्य भूमिका रही है।

5. शर्मा, चौधरी और स्वर्णकार (2013) ने 'मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थियों पर इसके प्रभाव का अध्ययन' किया है। प्राथमिक डाटा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 3750 लाभार्थियों में से यादृशिक रूप से चुने गए 120 लाभार्थियों से एकत्र किया गया है। डेटा विश्लेषण के लिए प्रतिशत परिवर्तन तथा आवृत्ति वितरण विधि का प्रयोग किया गया है। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है की केसीसी कार्डधारक किसान संभवत: अपने जमा राशि का उपयोग उच्च गुणवता वाले फसल इनपुट प्राप्त करने के लिए कर रहे हैं। अध्ययन में शामिल अधिकांश किसान नियमित रूप से ऋण का भुगतान कर रहे हैं तथा लाभार्थियों का रवैया भी संतोषजनक पाया गया है।

केसीसी योजना का उद्देश्य एवं महत्व- 'किसान क्रेडिट कार्ड योजना' एक वित्तीय योजना है जो किसानों को कृषि संबंधित कार्यों के लिए उचित समय पर कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है। इस योजना के फलस्वरूप कितने ही साहूकारों तथा गैर संस्थागत ऋणों पर निर्भरता कम हुई है तथा उनकी ऋण चुकाने की क्षमता में वृद्धि हुई।

उद्देश्य:

1. किसान क्रेडिट कार्ड योजना का प्रमुख उद्देश्य किसानों को सरल एवं त्वरित वित्त सुविधा उपलब्ध कराना है।
2. गैर संस्थागत ऋण तथा साहूकारों के उच्च ब्याज दरों से कृषक वर्ग के शोषण को रोकना है।
3. इस योजना का प्रमुख उद्देश्य किसानों को कषि संबंधी विभिन्न कार्य, मछली पालन, पशुपालन, डेयरी संबंधित कार्यों के लिए उचित समय पर ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
4. सहकारिता एवं वाणिज्य बैंकों के माध्यम से सुगमता पूर्वक कृषकों तक वितीय सहायता उपलब्ध कराना।

महत्व:

1. किसान क्रेडिट कार्ड योजना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके जरिए किसान खाद बीज उर्वरक, कीटनाशक तथा नकदी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं।
2. इस योजना के अंतर्गत किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज सब्र्वेशन तथा समय पर भुगतान करने पर प्रोत्साहन मिलता है जो किसी अन्य योजना में नहीं मिलता है, इसलिए यह योजना कृषक वर्ग में ज्यादा कारगर सिद्ध हुई है।
3. इस योजना के अंतर्गत रिवाल्विंग क्रेडिट सुविधा प्रदान की जाती है, यानी किसान अपनी फसल उत्पादन के पश्चात ऋण का भुगतान कर सकता है।
4. शोध क्षेत्र (देवास जिला) में यह देखा गया है कि इस योजना के परिणाम स्वरुप किसानों की आय स्थिर हुई है तथा उनकी साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है।
5. कृषि उपकरण की खरीद को केसीसी योजना द्वारा संभव बनाया जा सका है।
6. लाभार्थी किसानों को इस योजना के अंतर्गत रूपये 50,000 तक का दुर्घटना बीमा मिलना योजना को ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है।

देवास जिले में किसान क्रेडिट कार्ड का प्रभाव - प्रस्तुत शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना देवास जिले के संदर्भ में अत्यंत ही महत्वपूर्ण सिदधै हई है, क्योंकि इस योजना के फलस्वरूप कितने ही आय, उनका जीवन स्तर तथा उनकी ऋण शोधन क्षमता में उत्तरोतर वृद्धि हुई है। जिसे निम्न बिंदुओं से स्पष्ट किया जा सकता है-

1. फसल उत्पादन में वृद्धि : किसान क्रेडिट कार्ड योजना लागू होने के बाद किसान आधुनिक तकनीकी तथा आधुनिक कृषि यंत्रों से परिचित हुए हैं, जिससे उनकी फसल का उत्पादन बड़ा है और फसल उत्पादन बढ़ाने के परिणाम स्वरूप उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तथा ऋणग्रस्तथा के चंगुल से बाहर निकलने में सफल रहे हैं।

2. ऋण शोधन क्षमता में वृद्धि : इस योजना का सबसे अहम बिंदु यह है कि इसमें ऋण लेने के पश्चात किसान अपनी फसल की कटाई तथा उसके विक्रय करने के बाद अपना ऋण का भुगतान कर सकता है जिससे किसानों को ऋण के दबाव से निजात मिली है तथा वह आसानी से फसल विक्रय के पश्चात अपने ऋण का भुगतान करके शासकीय योजना का लाभ लेने में सफल हुए हैं।

3. कृषकों की आय में सुधार : इस योजना के सफल क्रियान्वयन में वाणिज्यिक बैंकों तथा सहकारी बैंकों के महत्वपूर्ण भूमिका रही है। केसीसी योजना में आसान शर्तों पर त्वरित ऋण प्राप्त होने से किसानों की आय तथा उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। शोध अध्ययन से यह जानकारी स्पष्ट हुई कि इस योजना के फलस्वरुप किसानों की प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आय में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे किसान अपने स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पा रहा है।

केसीसी योजना के सफल क्रियान्वयन में सहकारी बैंक की भूमिका- देवास जिले में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति में सहकारी बैंक तथा वाणिज्यिक बैंक दोनों की ही महत्वपूर्ण भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। जिले में योजना की बैंकवार प्रगति के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डीसीसीबी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है क्योंकि देवास जिले का अधिकांश भूभाग कृषि कार्य के रूप में प्रयुक्त होता है, तथा केसीसी योजना को गति प्रदान करने में सहकारी बैंक की अहम भूमिका रही है।

योजना को सफल बनाने में अन्य वाणिज्यिक बैंक जैसे बैंक आफ इंडिया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन डीसीसीबी की हिस्सेदारी सबसे बड़ी है।

जिले में केसीसी ऋण वितरण में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अग्रणी है वर्ष 2024-25 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 176009 किसानों को केसीसी ऋण जारी किए गए हैं। इसी के साथी सहकारी बैंक द्वारा लाभान्वित कृषिकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। देवास सहकारी बैंक किसानों को केसीसी के माध्यम से फसल ऋण, कोर बैंकिंग, ATM और RuPay KCC जैसी सुविधाए भी प्रदान करता है। वर्ष 2024-25 में सहकारी बैंक ने 11 करोड रुपए का लाभ अर्जित किया जो इस बैंक की वितीय मजबूती को दर्शाता है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना 1998 शुरू की गई थी ताकि किसानों को बीज, कीटनाशक, उर्वरक तथा विभिन्न कृषि उपकरण खरीदी में मदद की जा सके। वर्ष 2004 में गैर कृषि गतिविधियों संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे संशोधित भी किया गया। इस के साथ ही वर्ष 2020 में संशोधित किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जरूरत को पूरा करने के लिए सिंगल विंडो के माध्यम से ऋण प्रदान करने का प्रयास किया गया, जिसमें अल्पावधि ऋण आवश्यकता, फसल कटाई के बाद का खर्च, कृषि उपज विपणन ऋण तथा कृषि संपत्तियों के रखरखाव के लिए कार्यशील पूंजी आदि सुविधाएं भी शामिल की गई।

तालिका - किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या

वर्ष	जारी किए गए कार्डस (लाख में)	स्वीकृत राशि (करोड़ में)
2019-20	109	36,350
2020-21	82	2,34,420
2021-22	75	3,19,751
2022-23	48	2,17,710
2023-24	31.40	6,11,431

नोट- वर्ष 2019-20 की राशि सिर्फ सहकारी बैंकों के आंकड़े हैं जिसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के आंकड़े शामिल नहीं है क्योंकि उसे समय आंकड़ों का रखरखाव नहीं किया गया था। वर्ष 2022-23 का आंकड़ा सितंबर 2022 तक का है। वर्ष 2023-24 के आंकड़ों में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन किसानों को भी शामिल किया गया है। वर्ष 2023-24 के आंकड़े 29 मार्च 2024 तक के हैं जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम चरण को दर्शाते हैं।

स्त्रोत: लोकसभा आतरंकित प्रश्न संख्या 1051, 13 दिसंबर 2022

किसानों का वर्गीकरण- भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार स्तंभ भारत का किसान ही है जिसका पूरा ध्यान रखना भारत के नागरिको तथा सरकार का दायित्व भी है। चुकी विश्व भर में भारत की पहचान एक समृद्ध कृषि प्रधान देश के रूप में की जाती है, दैनिक जीवन की भी बहुत सी आवश्यकता तथा खाद्य सामग्री के लिए हम प्राथमिक रूप से कृषि पर ही निर्भर है।

कृषकों के वर्गीकरण का आधार - भारत में क्षेत्रफल तथा जनसंख्या के अनुपात के दृष्टिकोण से हम किसानों को समान रूप से नहीं देख सकते। समग्र विकास को देखते हुए भूमि की उपलब्धता के आधार पर कृषक वर्ग को भिन्न-भिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास के क्रम में जोड़ा गया है। कृषकों कोलाभ पहुंचाने वाली विभिन्न योजनाओं को किसानों तक पहुंचने में भी भूमि का आधार ही महत्वपूर्ण रहता है। कृषि की नवीनतम कृषि जनगणना 2015-16 में भारत में किसानों का भूमि के आधार पर 5 आकार में वर्गीकरण किया गया है। यह वर्गीकरण परिचालन जोत के आधार पर आधारित है जो नीतिगत योजनाओं के लिए उपयोगी है।

क्र.	किसानों का वर्ग	भूमिका हैक्टयर मे	एकड़ में
1	सीमांत	1 हैक्टयर से कम	2.47 एकड़
2	छोटा	1 से 2 हैक्टयर	2.47 से 4.94 एकड़
3	अर्ध मध्यम	2 से 4 हेक्टयर	4.94 से 9.88 एकड़
4	मध्यम	4 से 10 हैक्टयर	9.88से 24.71 एकड़
5	बड़ा	10 हैक्टयर से अधिक	24.71 एकड़

निष्कर्ष - प्रस्तुत शोध का अध्ययन करने से यह निष्कर्ष प्राप्त हुए हैं कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के सफल क्रियान्वयन में देश में विद्यमान वाणिज्यिक बैंकों तथा सहकारी बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। यह योजना न केवल किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है बल्कि किसानों को गैर संस्थागत ऋण तथा साहूकारों के चंगुल से बचाने में भी सफल रहे हैं। इस योजना के लागू होने के पूर्व किसानों को गैर संस्थागत ऋण पर आश्रित रहना पड़ता था, जहां उच्च ब्याज दर से ब्याज देने के लिए किसान मजबूर रहते थे, किंतु इस योजना के लागू होने के पश्चात किसानों को ऋण उपलब्धता आसान हुई है। इस योजना में समय पर ऋण का भुगतान करने पर किसानों को छूट भी प्राप्त होती है इसलिए किसान लाभ प्राप्त करने के लिए ऋण चुकाने में भी जागरुक हुए हैं तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इस योजना के फल स्वरुप ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के किसान कृषि की आधुनिक तकनीक से भी परिचित हुए हैं, परिणाम स्वरूप तकनीकी उन्नति को कृषि क्षेत्र में बढ़ावा मिला है। योजना के सफल क्रियान्वयन का यह प्रभाव हुआ है कि किसान पारंपरिक खेती के स्थान पर तकनीकी आधारित खेती करने लगे हैं जिससे उनका जीवन स्तर तथा आय में सुधार हुआ है।

हालांकि इस योजना में कुछ चुनौतियां भी है जिनमें सुधार की जरूरत आज भी विद्यमान है। वर्तमान में भी कई किसान इस योजना से आज भी अनभिज्ञ हैं और इसका लाभ लेने से वंचित है। प्रथम दृष्टियां देखा गया है कि बैंकिंग जटिल प्रणाली से भी किसान योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचितरह रहे हैं, अगर इस योजना के नियम शर्ते क्रियान्वयन को और आसन तथा पारदर्शी बनाया जा सके तो और अधिक किसान इस योजना से लाभार्थी हो सकते हैं। किंतु अंतत: या कहा जा सकता है कि सहकारी बैंकों तथा वाणिज्य बैंकों के सहयोग से किसान क्रेडिट कार्ड योजना अपने उद्देश्य को पूर्ण करने में सफल रही है।

सुझाव एवं सिफारिश - चुकी किसान 'क्रेडिट कार्ड योजना' अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में सफल रही है, तथा योजना के लाभार्थी किसानों का जीवन स्तर शिक्षा स्वास्थ्य तथा उनके उत्पादन क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। फिर भी इस योजना को और प्रभावशाली तथा सफल बनाने के लिए निम्न सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं:

1. सर्वप्रथम तो हम सुझाव देना चाहेंगे कि इस योजना में महिला उद्यमी/ महिला किसान तथा छोटे किसान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि उनकी छोटी-छोटी वित आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके।

2. केसीसी योजना में ऋण सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसानों को अधिक मात्रा में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त हो सके
3. कृषि संबंधी उपकरणों के लिए भी अतिरिक्त ऋण प्रदान किया जाना चाहिए ताकि तकनीकी कृषि और आधुनिक कृषि से भी परिचित हो सके।
4. विभिन्न डिजिटल माध्यम, फ्लेक्स तथा विज्ञापनों के माध्यम से केसीसी योजना का प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए ताकि वंचित किस भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।
5. जागरूकता रैलियो का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि देश का प्रत्येक किसान वर्ग इस योजना का लाभ समय सीमा पर प्राप्त करके अपने जीवन स्तर तथा अपने बच्चों का भविष्य निर्माण अच्छे से कर सके।
6. किसानों को डिजिटल बैंकिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए तथा डाटा डिजिटाइजेशन एवं ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि किसानों को ऋण प्राप्त करने के लिए बार-बार बैंकों के चक्कर काटने की समस्या समाप्त की जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कृषि मंत्रालय भारत सरकार (2020) 'किसान क्रेडिट कार्ड योजना एक विस्तृत विश्लेषण' नई दिल्ली कृषि एवं सहकारिता विकास।
2. मध्य प्रदेश सहकारी बैंक (2022) 'जिला सहकारी बैंकों की भूमिका उज्जैन जिले के विशेष संदर्भ में' भोपाल मध्य प्रदेश सहकारी बैंक रिपोर्ट।
3. यादव एस (2021) 'मध्यप्रदेश में सहकारी बैंकों का विकास एवं भूमिका' भोपाल मध्यप्रदेश आर्थिक सर्वेक्षण।
4. भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई (2019) कृषि ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड एक आर्थिक अध्ययन आरबीआई मुंबई प्रकाशन।
5. कृषि योजना समिति (2020) 'आरत में कृषि ऋण सुधार में किसान क्रेडिट कार्ड की भूमिका' नई दिल्ली नीति आयोग की रिपोर्ट।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. अमृता मौर्या *

* 641, रेलवे कॉलोनी, झाँसी (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – किशोर अपराधियों के अपराध संबंधी समस्यायें केवल पारिवारिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक समस्या ही नहीं वरन् वह कानूनी समस्या भी हैं। किशोरों में शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक परिवर्तन तीव्र गति से होते हैं। इस समय परिवार, समाज व विद्यालय से प्राप्त उपेक्षा, लाड़ प्यार की कमी, अत्यधिक कठोर अनुशासन, संसाधनों की कमी, उच्च महत्वाकांक्षाएँ और आर्थिक तंगी, माता पिता द्वारा उन पर निगरानी का अभाव या उनका अकेलापन, शारीरिक दोष व हीनभावना आदि के कारण किशोर गलत संगत में पड़ जाते हैं। नशे की लत व इन्टरनेट का दुरूपयोग करने से अपराधी बनने की संभावनाएँ और प्रबल हो जाती हैं। वे नशे की लत के चलते वे नशीले पदार्थों की खरीद फरोक्त व अवैध परिवहन करने लगते हैं। मारपीट, झगड़ा, हमला, संपत्ति की तोड़फोड़, सामग्री चोरी, वाहन चोरी करने लगते हैं। वे गिरोह बनाकर सार्वजनिक सम्पत्ति की हानि करने के साथ-साथ उपद्रव करने लगते हैं। आजकल साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। फर्जी सोशल अकाउंट बनाना, हैकिंग, धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग आदि की घटनायें बढ़ रही हैं। वे व्यक्तिगत या समूह में यौन अपराध करते हैं। सामूहिक अपराध, साथियों के दबाव में आने के कारण किये जाते हैं। किशोरों द्वारा किये गये अपराध अक्सर आवेश में आकर किये जाते हैं। उनके अपराधों में पूर्व नियोजन होने की संभावनाएँ कम होती हैं। अधिकतर परिस्थिति जन्य होते हैं। चूंकि किशोरों के अपराधी बनने में पारिवारिक वातावरण भी एक कारक माना गया है। पारिवरिक वातावरण कार्यशील और घेलू महिलाओं के परिवारों में भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है। दोनों प्रकार की महिलाओं की कार्यशैली, चिंतन, समय व संसाधनों की उपलब्धता में भी भिन्नता पाई जाती है। इस कारण उनका अपने बच्चों का पालन पोषण का तरीका भी भिन्न-भिन्न होता है। इस कारण कार्यशील और घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति में भी भिन्नता हो सकती है। यह ज्ञात करने के लिये शोधार्थी ने अपने शोध का विषय- 'कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति का तुलनात्मक अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य :

1. कार्यशील माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति ज्ञात करना।
2. घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति ज्ञात करना।
3. कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
4. कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति का स्तर ज्ञात करना।
5. कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति के अंतर की सार्थकता ज्ञात करना।

परिकल्पना – 'कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।'

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन में उत्तर प्रदेश के ललितपुर शहर में स्थित राजकीय सम्प्रेषण गृह के 150 किशोरों का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि से किया गया है। तथ्यों के संकलन हेतु स्वनिर्मित प्रश्नावली उपयोग की गई। तथ्य संकलन के पूर्व प्रश्नावली की विश्वसनीयता एवं वैधता की जाँच की गई। संकलित तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण किया गया। परिणामों की सार्थकता ज्ञात करने हेतु टी-परीक्षण का उपयोग किया गया।

तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण

तालिका क्रमांक – 1: कार्यशील महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति

प्रकृति	अपराधी किशोरों की सहमति					
	सहमत		आंशिक सहमत		असहमत	
	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.
रेडलाइट एरिया में जाना पसंद है	20	25.00	09	11.25	51	63.75
अश्लील फिल्मों को देखकर यौन उत्तेजित होना	60	75.00	02	02.50	18	22.50
अश्लील फिल्मों की नकल उतारना	62	77.50	03	03.75	15	18.75
सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/ वीडियो देखना	70	87.50	02	02.50	08	10.00

तालिका क्रमांक – 1 में कार्यशील माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति संबंधी सहमति/असहमति के आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 20(25.0%) किशोर अपराधियों ने रेडलाईट एरिया में जाने की पसंदगी के लिए सहमति व्यक्त की है। 9(11.25%) ने आंशिक सहमति तथा 51(63.75%) ने असहमति व्यकक्त की है। अश्लील फिल्म देखकर यौन उत्तेजित होना प्रश्न के उत्तर में

60(75.0%) अपराधियों ने सहमति, 02(2.50%) ने आंशिक सहमति व 18(22.50%) ने असहमति व्यक्त की है। 62(77.50%) किशोर अपराधियों ने अश्लील फिल्मकों की नकल उतारने के संबंध में अपनी सहमति, 03(3.75%) ने आंशिक सहमति तथा 15(18.75%) ने असहमति व्यक्त की हे। 70(87.50%) किशोर अपराधियों ने सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/वीडियो देखने के संबंध अपनी सहमति व्यक्त की है। 2(2.50%) ने आंशिक सहमति तथा 8(10.0%) ने असहमति व्यक्त की है।

तालिका क्रमांक – 2: घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति

प्रकृति	अपराधी किशोरों की सहमति					
	सहमत		आंशिक सहमत		असहमत	
	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.	संख्या	प्रति.
रेडलाइट एरिया में जाना पसंद है	25	35.71	03	4.28	42	60.00
अश्लील फिल्मों को देखकर यौन उत्तेजित होना	55	78.57	03	4.28	12	17.14
अश्लील फिल्मों की नकल उतारना	30	42.85	05	7.14	35	50.00
सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/ वीडियो देखना	62	88.57	01	1.42	07	10.00

तालिका क्रमांक – 2 में घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति संबंधी सहमति/असहमति के आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि 25(35.71%) अपराधियों ने रेडलाइट एरिया में जाना पसंद है उन्होंने प्रश्न के उत्तर में अपनी सहमति व्यक्त की है। 3(4.28%) ने आंशिक सहमति तथा 42(60.0%) ने असहमति व्यक्त की है। अश्लील फिल्में देखकर यौन उत्तेजित होता है प्रश्न के जबाव में 55(78.57%) अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है। 3(4.28%) ने आंशिक सहमति तथा 12(14.14%) ने असहमति व्यक्त की है। 30(42.85%) अपराधियों ने अश्लील फिल्मों की नकल उतारने के संबंध में सहमति दर्शाई है, 5(7.14%) ने आंशिक सहमति तथा 35(50.00%) ने असहमति दर्शाई है। सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/वीडियो देखने के संबंध में 62(88.57%) किशोर अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है। 1(1.42%) ने आंशिक सहमति तथा 7(10.0) ने असहमति व्यक्त की है।

तालिका क्रमांक–3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक – 3 में कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति संबंधी सहमति/असहमति के आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 20(13.33%) अपराधियों ने रेडलाइट एरिया में जाना पसंद है प्रश्न के उत्तर में अपनी सहमति व्यक्त की है। अश्लील फिल्में देखकर यौन उत्तेजित होने के संबंध में 60(40.0%) अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है। 62(41.33%) ने अश्लील फिल्में देखकर नकल उतारने के प्रति सहमति व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/ वीडियो दोने के लिए भी 70(46.66%) अपराधियों ने अपनी सहमति व्यक्त की है जबकि घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों में से 25(16.66%) ने रेडलाइट एरिया में जाना पसंद है की सहमति बताई। अश्लील फिल्मों को देखकर यौन उत्तेजित होने के संबंध में 55(36.66%) अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है। अश्लील फिल्मों की नकल उतारने के लिए 30(20.0%) ने सहमति बताई है। सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/वीडियो देखने के संबंध में 62(41.33%) किशोर अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है।

तालिका क्रमांक – 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक – 4 में अपराधी किशोरों की प्रकृति के स्तर के आंकड़े प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि 47(31.33%) अपराधी किशोरों की प्रकृति का स्तर उच्च पाया गया है क्योंकि उनकी सोच सकारात्मक थी। इनमें 23(15.33%) किशोर कार्यशील माताओं के तथा 24(16.0%) घरेलू माताओं के हैं। 07(4.66%) अपराधी किशोरों की प्रकृति का स्तर मध्यम पाया गया क्योंकि उनकी प्रकृति का स्तर अनिश्चित था जिसमें 04(2.66%) किशोर कार्यशील माताओं के तथा 03(2.0%) घरेलू माताओं के हैं। 96(64%) किशोर निम्न स्तर की प्रकृति के पाये गये क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक थी इनमें 53(35.33%) किशोर कार्यशील माताओं के तथा 43(28.66%) किशोर घरेलू माताओं के हैं।

तालिका क्रमांक – 5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक – 5 में कार्यशील एवं घरेलू माताओं के अपराधी किशारों के अपराध की प्रकृति का तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए निर्मित की शून्य परिकल्पना– कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा के सत्यापन हेतु प्रयुक्त टी–टेस्ट संबंधी आंकड़े प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि कार्यशील माताओं के अपराधी किशोरों की प्रकृति का मध्यमान 2.38 है तथा घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों की प्रकृति का मध्यमान 2.27 हैं। टी–परीक्षण का परिगणित मूल्य 148 स्वतंत्र्यांश पर 0.6842 है जो कि 0.05 स्तर पर असार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना स्वीकृत होती है। इससे सिद्ध होता है कि कार्यशील माताओं एवं घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों की प्रकृति में सार्थक अंतर नहीं पाया गया है। दोनों प्रकार की माताओं के अपराधी किशोरों के अपराध की प्रकृति लगभग मिलती जुलती पाई गई है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की प्रकृति पर माता के कार्यशील या घरेलू होने का प्रभाव नहीं पाया गया।

निष्कर्ष – कार्यशील एवं घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति में सार्थक अंतर नहीं पाया गया है अर्थात् माता की कार्यशीलता का उनके बच्चों के अपराध की प्रकृति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

सीमाएँ – प्रस्तुत शोध अध्ययन में किशोर अपराधियों के अपराध की प्रकृति ज्ञात करने हेतु उनकी सहमति/असहमति उनके रेडलाइट एरिया में जाने, अश्लील फिल्म/फोटो/वीडियो देखने, उनकी नकल उतारने व उनका यौन उत्तेजना पर प्रभाव आदि का अध्ययन किया गया है। इसके अलावा चोरी, मारपीट, तोड़फोड, नशेबाजी, साइबर क्राइम संबंधी शोध कार्य नहीं किया गया है। इसलिए इनके संबंध में भविष्य में शोध कार्य किये जा सकते हैं।

सुझाव – किशोरावस्था में बच्चों की देखभाल उचित ढंग से करना केवल माता की ही जिम्मेदारी नहीं है। परिवार के अन्य सभी सदस्यों, पड़ौसियों, शिक्षकों व प्रशासन व्यवस्था सभी की जिम्मेदारी है। परिवार में उनकी गतिविधियों पर सभी को नजर रखना चाहिये उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनकर उसके समाधान करने चाहिये। जायज मांगों को तुरंत पूरा करना व

नाजायज मांगों के प्रति बचपन से ही सख्ती करनी चाहिये। उन्हें मारने पीटने की अपेक्षा समझाने का प्रयास करना चाहिये। बच्चों के सामने वह आदर्श स्वयं अपनायें जिसकी वे अपने बच्चों से आशा रखते हैं। बच्चों को भरपूर लाड़ प्यार दें किंतु उनकी गलतियों व अनुशासनहीनता पर नाराजगी भी व्यक्त जरूर करें। उन्हें सही व गलत कार्यों में अंतर समझायें, जिद्दी न बनने दें। बचपन से ही गुड और बैड टचिंग का मतलब भी समझायें। उन्हें स्वयं भी निर्णय लेने की क्षमता का विकास व अमल करना सिखायें। हमेशा दोस्तों के ऊपर निर्भर रहने की आदत न बनने दें। ऐसे बच्चों समूह के दबाव में जल्दी आते हैं। वे हमेशा अपने कार्यों व निर्णयों के लिये दोस्तों की मदद का इंतजार करते हैं जो उन्हें गुमराह कर सकते हैं। स्वयं की सोच व निर्णय पर विश्वास करना ही मानसिक स्वतंत्रता प्रदान करती है। इस बात को समझायें। पास पड़ौसियों से अच्छे संबंध रखें। उनके द्वारा यदि आपके बच्चे की शिकायत आती है तो उसे अनदेखा न करें। प्रशासन को भी किशोरावस्था के बच्चों पर नजर रखनी चाहिये। सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ सूनसान इलाकों में भी निगरानी करते रहना चाहिये। किसी भी आशंका के चलते समाज के प्रत्येक सदस्य को चाहिये कि वह पुलिस को जानकारी दें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://him.wikipedia.org>wiki
2. https://www.myupchar.com
3. https://www.penalreform.org
4. https://www.cdpp.co.in

तालिका क्रमांक-3: कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति की तुलनात्मक तालिका

कारण	N	कार्यशील माताओं के किशोर						घरेलू माताओं के किशोर					
		सहमत		आंशिक सहमत		असहमत		सहमत		आंशिक सहमत		असहमत	
		सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.
रेडलाइट एरिया में जाना पसंद है	150	20	13.33	09	6.00	51	34.00	25	16.66	03	2.0	42	28.00
अश्लील फिल्मों को देखकर यौन उत्तेजित होना	150	60	40.00	02	1.33	18	12.00	55	36.66	03	2.0	12	8.00
अश्लील फिल्मों की नकल उतारना	150	62	41.33	03	2.0	15	10.00	30	20.00	05	3.33	35	23.33
सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो/ वीडियो देखना	150	70	46.66	02	1.33	08	5.33	62	41.33	01	0.66	07	4.66

तालिका क्रमांक - 4: कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति का स्तर

किशोर	उच्च		मध्यम		निम्न		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
कार्यशील माताओं के किशोर	23	15.33	04	2.66	53	35.33	80	53.33
घरेलू माताओं के किशोर	24	16.00	03	2.00	43	28.66	70	46.66
योग	47	31.33	07	4.66	96	64	150	100.0

तालिका क्रमांक - 5: कार्यशील एवं घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों के अपराध की प्रकृति के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी परीक्षण तालिका

विकल्प	मध्यमान (Mean)	मानक विचलन (SD)	स्वतंत्र्यांश	'टी' परीक्षण का मूल्य	सार्थकता स्तर
कार्यशील माताओं के अपराधी किशोर(N=80)	2.38	0.91	148	0.6842	p>0.05
घरेलू माताओं के अपराधी किशोर(N=70)	2.27	0.95			

*0.05 स्तर पर सार्थक

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूपों का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. अमृता मौर्या *

* 641, रेलवे कॉलोनी, झाँसी (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'भारत में राष्ट्रीय रिकॉर्ड ब्यूरो (छउठइ) के अनुसार किशोरों (18 वर्ष से कम) द्वारा किये गये अपराधों में वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में कुल 34,878 मामले दर्ज किये गये थे और 42,633 किशोरों को पकड़ा गया था।'[1]

पकड़े गये किशोरों में अधिकांश (लगभग 77.7%) किशोर 16–18 वर्ष की आयु के होते हैं।'[2]

'एनसीआरबी (NCRB) की रिपोर्ट के अनुसार किशोर अपराधों के मामलों में लगभग 11.2% की बढ़ोत्तरी हुई है।'[3]

'भारत में किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की संख्या देश के कुल दर्ज अपराधों का लगभग 1 से 1.2% ही है।'[4]

NCRB के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 1,175 मामले 2024 में किशोर अपराध के दर्ज किये गये थे जबकि 2023 में इन मामलों की संख्या 1575 थी। इस प्रकार किशोर अपराध के मामले 2023 की तुलना में 25.4% कम दर्ज हुए। राज्य में किशोर अपराध की दर 1.4 प्रति लाख आबादी है जो राष्ट्रीय औसत से कम है।

'युवाओं के बीच आम अपराधों में स्कूल से अनुपस्थित रहना, चोरी, डकैती और अन्य संपत्ति संबंधी अपराध शामिल हैं। शोध से पता चलता है कि गरीबी, माता पिता की खराब देखरेख, स्कूल छोड़ना और साथियों का दबाव जैसे कारक आपराधिक व्यवहार में योगदान करते हैं।'[5]

किशोर अपराधियों को जो 18 वर्ष से कम आयु के होते हैं जेल में रखने के बजाय किशोर न्याय बोर्ड (JJB) के समक्ष पेश किया जाता है। उनके सुधार और पुर्न:वास हेतु राज्य में बाल कल्याण गृह स्थापित किये गये हैं। यहाँ बच्चों को शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और मनोवैज्ञानिक परामर्श दिया जाता है ताकि उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। किशोरों को चोरी, सार्वजनिक उपद्रव जैसे छोटे मोटे अपराधों के लिए अधिकतम 3 साल की सजा दी जा सकती है। गंभीर चोट पहुँचाने, धोखाधड़ी करने जैसे गंभीर अपराध करने पर 3–7 साल की सजा दी जा सकती है तथा हत्या व बलात्कार जैसे जघन्य अपराध करने पर 7 साल या उससे भी अधिक सजा दी जा सकती है।

सामान्यत: किशोरों द्वारा किये जाने वाले अपराधों को चार प्रकारों में बांटा गया है– व्यक्तिगत, समूह समर्थित, संगठित और परिस्थिति जन्य अपराध। व्यक्तिगत अपराध का तात्पर्य उस स्थिति से है जब कोई बच्चा पारिवारिक समस्याओं के कारण अपराध करता है। समूह समर्थित अपराध तब होता है जब कई बच्चे एक साथ मिलकर अपने पड़ौस में अपराध करते हैं।

संगठित अपराध आपराधिक गिरोहों द्वारा सुनियोजित तरीके से किया जाता है। उदा. मानव तस्करी, हथियारों की तस्करी और अवैध मादक पदार्थों का व्यापार आदि।'[6]

प्रस्तुत शोध अध्ययन में मैंने कार्यशील व घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के स्वरूपों को ज्ञात करने के लिये अपने शोध का विषय– 'कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूपों का तुलनात्मक अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य :

1. कार्यशील माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों के स्वरूप का अध्ययन करना।
2. घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों के स्वरूप का अध्ययन करना।
3. कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों के स्वरूप का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना – 'कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों के स्वरूप में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।'

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन में कार्यशील एवं घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों के स्वरूप का अध्ययन करने के लिए ललितपुर शहर (उत्तरप्रदेश) के राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) से 80 कामकाजी व 70 घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि से किया गया है। तथ्यों के संकलन हेतु प्रश्नावली का उपयोग किया गया है। किशोर अपराधियों से साक्षात्कार भी किया गया है। तथ्यों का संकलन करने के उपरांत उनका वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण के दौरान पूर्ण तटस्थता के साथ शोधकार्य सम्पन्न किया है। कार्यशील एवं घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूप के अंतर की सार्थकता ज्ञात करने हेतु शून्य परिकल्पना निर्मित की गई है जिसका सत्यापन टी–टेस्ट के द्वारा करने के उपरांत ही निष्कर्ष प्रस्तुत किये गये हैं।

तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन

तालिका क्रमांक – 1: कार्यशील माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों का स्वरूप

स्वरूप	N	अपराधी किशोरों की सहमति					
		सहमत		आंशिक सहमत		असहमत	
		सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.
बसों, ट्रनों में छेड़खानी करना	80	38	47.50	05	6.25	37	46.25
पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करना	80	43	55.75	07	8.75	30	37.50
भीड़ में पीड़िता के अंगों को स्पर्श करना	80	30	37.50	08	10.00	42	52.50
पीड़िता से जबरदस्ती संभोग करना	80	30	37.50	10	12.50	40	50.00

तालिका क्रमांक – 1 में कार्यशील महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूप संबंधी सममति/असहमति के आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि 38(47.50%) किशोर अपराधियों ने बसों, ट्रनों में छेड़खानी करना स्वीकार किया है। 05(6.25%) ने बसों व ट्रेनों में छेड़खानी के संबंध में आंशिक सहमति व्यक्त की है। 37(46.25%) ने बसों व ट्रेनों में छेड़खानी करना स्वीकार नहीं किया है।

पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करने के संबंध में 43(53.75%) किशोर अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है। 07(8.75%) ने आंशिक सहमति दी है तथा 30(37.50%) किशोर अपराधियों ने पीड़िता के प्रति गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करने के लिए असहमति व्यक्त की है।

भीड़ में पीड़िता के संवेदनशील अंगों को किशोर अपराधियों द्वारा स्पर्श करने के संबंध में 30(37.50%) ने सहमति व्यक्त की है जबकि 8(10.0%) ने आंशिक सहमति व्यक्त की है। 42(52.50%) ने पीड़िता के संवेदनशील अंगों को स्पर्श करना अस्वीकार किया है।

तालिका दर्शाती है कि 30(37.50%) किशोर अपराधियों ने पीड़िता से जबरदस्ती संभोग करने के संबंध में सहमति व्यक्त की है। 10(12.50%) ने आंशिक सहमति व्यक्त की है जबकि 40(50.0%) ने असहमति व्यक्त की है।

तालिका क्रमांक – 2: घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों का स्वरूप

स्वरूप	N	अपराधी किशोरों की सहमति					
		सहमत		आंशिक सहमत		असहमत	
		सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.
बसों, ट्रनों में छेड़खानी करना	70	30	42.85	05	7.14	35	50.00
पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करना	70	39	55.71	03	4.28	28	40.00
भीड़ में पीड़िता के अंगों को स्पर्श करना	70	39	55.71	04	5.71	27	38.57
पीड़िता से जबरदस्ती संभोग करना	70	40	57.14	08	11.42	22	31.42

तालिका क्रमांक – 2 में घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूपों को प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि 30(42.85%) किशोर अपराधियों ने बसों, ट्रेनों में छेड़खानी करने के संबंध में सहमति दी है, 5(7.14%) ने आंशिक सहमति दी है जबकि 35(50.0%) ने असहमति व्यक्त की है।

पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करने के बारे में 39(55.71%) ने सहमति दी है, 3(4.28%) ने आंशिक सहमति दी है जबकि 28(40.0%) ने असहमति व्यक्त की है।

भीड़ में पीड़िता के संवेदनशील अंगों को स्पर्श करने संबंधी प्रश्न के उत्तर में 39(55.71%) किशोर अपराधियों ने सहमति व्यक्त की है। 4(5.71%) ने आंशिक सहमति दी है, जबकि 27(38.57%) ने असहमति व्यक्त की है।

पीड़िता के साथ जबरदस्ती संभोग करने के संबंध में 40(57.14%) ने सहमति व्यक्त की है। 8(11.42%) ने आंशिक सहमति दी है जबकि 22(31.42%) ने असहमति व्यक्त की है।

तालिका क्रमांक–3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक – 3 में कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूपों के तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि कार्यशील माताओं के किशोर अपराधियों में 38(25.33%) ने बसों, ट्रेनों में छेड़खानी करने संबंधी, 43(28.66%) ने पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करने के संबंध में, 30(20.0%) ने भीड़ में पीड़िता के अंगों को स्पर्श करने के संबंध में तथा 30(20.0%) ने पीड़िता से जबरदस्ती संभोग करने संबंधी प्रश्नों के उत्तर में सहमति प्रदान की है। घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों ने बसों, ट्रेनों में छेड़खानी करने के संबंध में 30(20.20%), पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करने के संबंध में 43(20.0%) तथा पीड़िता से जबरदस्ती संभोग करने के संबंध में 30(20.0%) ने सहमति व्यक्त की है।

सहमति व्यक्त करने वाले किशोर अपराधियों की तुलनात्मक विवेचना करने से स्पष्ट होता है कि कार्यशील महिलाओं के किशोरों का प्रतिशत बसों, ट्रेनों में छेड़खानी करने तथा पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करने में घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों की तुलना में मामूली अधिक है। भीड़ में पीड़िता के अंगों को स्पर्श करने तथा पीड़िता के साथ जबरदस्ती संभोग करने संबंधी प्रश्नों के उत्तर में सहमति व्यक्त करने वाले किशोर अपराधियों में घरेलू महिलाओं के किशोरों की संख्या कार्यशील महिलाओं के किशोरों की तुलना में मामूली अधिक है।

तालिका क्रमांक – 4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक – 4 में अपराधी किशोरों के अपराध के स्वरूप के स्तर के आंकड़े प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि 65(43.33%) अपराधी किशोरों के स्वरूप का स्तर उच्च पाया गया है क्योंकि उनकी सोच सकारात्मक थी इनमें 37(24.66%) किशोर कार्यशील माताओं के तथा 28(18.66%) घरेलू माताओं के हैं। 13(08.66%) अपराधी किशोरों के स्वरूप का स्तर मध्यम पाया गया क्योंकि उनका स्वरूप का स्तर अनिश्चित था जिसमें 08(05.33%) किशोर कार्यशील माताओं के तथा 05(03.33%) किशोर घरेलू माताओं के हैं। 72(48.00%) किशोरों का निम्न स्तर का स्वरूप पाया गया क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक थी इनमें 35(23.33%) किशोर कार्यशील माताओं के तथा 37(24.66%) किशोर घरेलू माताओं के हैं।

तालिका क्रमांक – 5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक - 5 में कार्यशील एवं घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों के अपराध के स्वरूप का तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए निर्मित की गई शून्य परिकल्पना - 'कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूप में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा' के सत्यापन हेतु प्रयुक्त टी-टेस्ट संबंधी आंकड़े प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि कार्यशील माताओं के अपराधी किशोरों के स्वरूप का मध्यमान 1.96 है तथा घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों के स्वरूप का मध्यमान 2.13 है। टी-परीक्षण का परिगणित मूल्य 148 स्वतत्र्यांश पर 1.0557 है जो कि 0.05 स्तर पर असार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना स्वीकृत होती है। इससे सिद्ध होता है कि कार्यशील माताओं एवं घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों के अपराध के स्वरूप में सार्थक अंतर नहीं पाया गया है। दोनों प्रकार की माताओं के अपराधी किशोरों के अपराध के स्वरूप लगभग मिलते-जुलते पाए गए। इस प्रकार कहा जा सकता है कि किशोरों द्वारा किए गए अपराधों के स्वरूपों पर माता के कार्यशील या घरेलू होने का प्रभाव नहीं पाया गया।

निष्कर्ष - कार्यशील एवं घरेलू महिलाओं के किशोर अपराधियों के अपराध के स्वरूपों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया है। दोनों के किशोरों के अपराधों का स्वरूप लगभग मिलता-जुलता ही पाया गया है।

सीमाएँ एवं सुझाव:

1. प्रसस्तुत शोध ललितपुर शहर तक सीमित है इसे व्यापक स्तर पर किया जा सकता है।
2. इस अध्ययन में किशोरों के व्यक्तिगत अपराधों का अध्ययन किया गया है। गिरोहों द्वारा किये गये अपराधों का अध्ययन किया जा सकता है।
3. किशोर अपराधियों की मानसिकता पर शोध अध्ययन किया जा सकता है।
4. किशोर अपराधियों के पर्यावरण का अध्ययन नहीं किया गया है। उनके पर्यावरण का अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1-4. Centre for Development
5. https://en.wikipedia.org
6. https://www.alatsaslawfirm.com
7. https://uppolice.gov.in

तालिका क्रमांक-3: कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों की प्रकृति की तुलनात्मक तालिका

स्वरूप	N	कार्यशील माताओं के अपराधी किशोर						घरेलू माताओं अपराधी के किशोर					
		सहमत		आंशिक सहमत		असहमत		सहमत आंशिक सहमत				असहमत	
		सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.	सं.	प्रति.
बसों, ट्रनों में छेड़खानी करना	150	38	25.33	05	3.33	37	24.66	30	20.00	05	3.33	35	23.33
पीड़िता के लिये गंदे और भद्दे शब्दों का उपयोग करना	150	43	28.66	07	4.66	30	20.00	39	26.00	03	2.00	28	18.66
भीड़ में पीड़िता के अंगों को स्पर्श करना	150	30	20.00	08	5.33	42	28.00	39	26.00	04	2.66	27	18.00
पीड़िता से जबरदस्ती संभोग करना	150	30	20.00	10	6.66	40	26.66	40	26.66	08	5.33	22	14.66

तालिका क्रमांक - 4: कार्यशील एवं घरेलू माताओं के किशोर अपराधियों के अपराधों के स्वरूप का स्तर

किशोर	उच्च		मध्यम		निम्न		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
कार्यशील माताओं के किशोर	37	24.66	08	05.33	35	23.33	80	53.33
घरेलू माताओं के किशोर	28	18.66	05	03.33	37	24.66	70	46.66
योग	65	43.33	13	08.66	72	48.00	150	100.0

तालिका क्रमांक - 5 : कार्यशील एवं घरेलू माताओं के अपराधी किशोरों के अपराध के स्वरुप के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी परीक्षण तालिका

विकल्प	मध्यमान (Mean)	मानक विचलन (SD)	स्वतंत्र्यांश	'टी' परीक्षण का मूल्य	सार्थकता स्तर
कार्यशील माताओं के अपराधी किशोर(N=80)	1.96	0.96	148	1.0557	p>0.05
घरेलू माताओं के अपराधी किशोर(N=70)	2.13	0.95			

*0.05 स्तर पर सार्थक

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

रामस्वरूप चतुर्वेदी की आलोचनात्मक दृष्टि में आधुनिक कविता

सारिका पाण्डेय*

* शोधार्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली, भारत

शोध सारांश – यह ज्ञातव्य है की हिंदी समीक्षा के परिदृश्य में रामस्वरूप चतुर्वेदी का आगमन 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध (1931–2003) के बीच हुआ। स्वतंत्रता के पश्चात् हिन्दी समीक्षा के परिदृश्य में रामस्वरूप चतुर्वेदी के हस्तक्षेप का अत्यंत शुभ प्रभाव दिखाई पड़ता है। इन्होंने अपनी व्यावहारिक तथा सैद्धांतिक समीक्षा पद्धतियों द्वारा एक संतुलित तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण की स्थापना की है। रामस्वरूप चतुर्वेदी सही मायने में साहित्यालोचन की इस श्रेष्ठ परंपरा को आगे बढ़ाते हैं, जहां केन्द में कृति है। इसी कृति की पुनर्रचना को वे आलोचना मानते हैं। अपने इन्हीं आलोचनात्मक प्रतिमानों के प्रकाश में आलोचक ने आधुनिक हिंदी कविता का तार्किक मूल्यांकन किया है। इनसे पूर्व के आलोचकों ने शास्त्रीयवाद, मार्क्सवाद, रसवाद आदि सिद्धांतों के आधार पर साहित्य का मूल्यांकन किया है। चतुर्वेदी जी ने भाषा की सृजनात्मकता को आधार बनाकर समीक्षाकर्म किया। साहित्य की आधुनिकता को वे पश्चिम से आयातित नहीं मानते बल्कि मध्यकालीन विसंगतियों– विद्रूपताओं से मुक्ति को ही वे आधुनिकता मानते हैं। रामस्वरूप चतुर्वेदी की काव्यालोचना का वह पक्ष जो उन्हें अन्य समीक्षकों से भिन्न बनाता है वह है उनकी भाषिक सृजनात्मकता की तरफ ध्यान। भाषा तथा शैलीगत बारीकियों पर अत्यधिक ध्यान के कारण इनकी आलोचना पर 'रूपवादी सौंदर्यशास्त्र' की अतिशयता का आक्षेप लगता रहा है, परन्तु इनकी काव्यालोचना में सामाजिक तथा भाषिक दोनों पक्षों के प्रति एकसमान निकटता है। कुछ सीमाओं के बावजूद भी एक काव्यालोचक के रूप में इनकी सर्जनात्मक आलोचना यह सीख देती है कि –बिना पूर्वाग्रह की मुक्ति के आलोचना पुनर्सृजन तो दूर ढंग से सृजन भी नहीं रहती है। वह केवल पिष्टपेष्ण मात्र होती है। प्रस्तुत आलेख में आलोचक द्वारा स्थापित इन्हीं काव्यालोचना के मानदंडों पर विचार किया गया है कि क्या स्वयं आलोचक की काव्यालोचना इन मानदंडों पर खरी उतरती है अथवा नहीं।

शब्द कुंजी –सृजनात्मक आलोचना, काव्यभाषा, अर्थ–संधान, नवजागरण, स्वच्छंदतावाद, असंपृक्त, क्लासिक तथा रोमांटिक वृत्ति,द्वंद्वात्मक भौतिकवाद, साठोत्तरी कविता, अकविता।

प्रस्तावना – काव्यालोचना के प्रयोजन से पहले काव्य की प्रयोजनीयता को समझना आवश्यक होता है, स्वस्थ मनुष्यता के विकास हेतु कविता अत्यंत प्रयोजनीय है। काव्य के प्रयोजन को आलोचक आचार्य शुक्ल के शब्दों में कहें तो– 'मनुष्य के लिए कविता इतनी प्रयोजनीय वस्तु है की संसार की सभ्य–असभ्य सभी जातियों में, किसी न किसी रूप में पायी जाती है। चाहे इतिहास न हो, विज्ञान न हो, दर्शन न हो पर कविता का प्रचार अवश्य रहेगा।3मनुष्य को समय–समय पर जगाते रहने के लिए कविता मनुष्य जाति के साथ लगी चली आ रही है और चली चलेगी। जानवरों को इसकी जरूरत नहीं।' रामस्वरूप चतुर्वेदी जी की आधुनिक कविता यात्रा पर लिखा यह आलेख आलोचक द्वारा स्थापित काव्य के आलोचनात्मक प्रतिमानों तथा व्याख्याओं को गहराई से प्रस्तुत करने का एक प्रयास मात्र है। इस काव्य यात्रा ने उनको भाषा संवेदन के प्रति जो पारखी और पैनी दृष्टि प्रदान की वह उनकी सृजनात्मक आलोचना के रूप में हम पाठकों के मध्य है। काव्यभाषा की सृजनात्मकता तथा संवेदना को केन्द्र बिन्दु बनाकर आलोचना कर्म में प्रवृत्त आलोचक रामस्वरूप चतुर्वेदी,'आधुनिक कविता यात्रा के यायावर' के रूप में स्मरणीय हैं। काव्य संबंधी उनकी समीक्षा पढ़ने के क्रम में उनकी पुस्तकों के 'आमुख पृष्ठ' की चर्चा न करना, उनके आलोचक होने की भूमिका को ठीक–ठीक स्वरूप में न जानने जैसा होगा। चर्चा 'आधुनिक कविता– यात्रा' , 'नयी कविताएं एक साक्ष्य', की हो अथवा 'भाषा संवेदना और सर्जन', 'हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास', की हो उनके आमुख में लिखे वाक्य, आलोचक के आलोचना कर्म के प्रति पाठक को आश्वस्त कर उन्हें यह भरोसा दिलाते हैं कि –

'भए जे अहहिं जे होइहहिं आगे / प्रनवउं सबहिं कपट सब त्यागे।'

विश्वसनीयता, विनम्रता ये कुछ ऐसे गुण हैं जो आलोचक को आलोचक बने रहने देते हैं, इनकी अनुपस्थिति में सारगर्भित तथा सार्थक आलोचना संभव नहीं। 'नयी कविताएं एक साक्ष्य' के आमुख में आलोचक पाठकों से आत्मविश्वास भाव में कह रहा है 'साक्ष्य आरम्भ करने के पूर्व समीक्षक और क्या कह सकता है सिवा इसके कि जितना कुछ वह जानता है अपने विश्वास के अनुसार सच कहेगा और यों साहित्यिक सच की व्याख्या के विकास में सहयोग देगा।' उनके आलोचना कर्म में एकदम बुनियादी प्रश्न – कविता क्या है, कविता की भाषा कैसी होनी चाहिए, कवि की सृजनात्मक पुनर्रचना तथा आलोचना कर्म की कठिनाई, समकालीन रचना की समस्या, संभावना तक का पूरा जीवंत दृश्य उपस्थित है। स्वयं आलोचक के ही शब्दों में कहें – 'कविता साहित्य चिंतन के केन्द्र में है तो इसलिए कि कविता की भाषा सबसे अधिक सर्जनात्मक होती है, और इसी माने में कविता सबसे अधिक साहित्य है।' चूंकि आलोचक की अपनी एक सृजनात्मक भाषा तथा पद्धति होती है, अपने इन्हीं उपकरणों के सहारे उसे पूर्व में हुई विविध स्तरीय अनुभव की पुनर्रचना में अर्थ–संधान करना होता है। इस प्रकिया में आलोचक को

विशेष रूप से सचेत रहना चाहिए की कहीं रचना के समानांतर एक प्रतिरचना का संसार तो नहीं खड़ा हो रहा अथवा विश्लेषण या वर्णन के अतिरेक से रचना / पुनर्रचना की समग्रता तो नहीं नष्ट हो रही। यह सिद्धान्त स्वयं चतुर्वेदी जी के आलोचना कर्म पर लागू करें तो पाते हैं कि – बड़ी ही संवेदनशीलता के साथ उनके यहां भारतेंदु युग से लेकर नयी कविता तक के विकास क्रम को रेखांकित किया गया है। प्रत्येक काल की सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होती प्रवृत्तियों, परिवर्तनों पर इनकी पैनी दृष्टि है ।

आधुनिक काल का प्रथम चरण जिसमे लिखी गयी रचनाओं पर आलोचकों ने 'साम्प्रदायिकता का स्वर' रेखांकित करने का आरोप लगाया है। चतुर्वेदी जी भारतेंदु के 'बलिया व्याख्यान' से लेकर निराला (तुलसीदास) तक छानबीन कर डालते हैं और पाते हैं कि– 'इससे बड़ी प्रगतिशील और व्यावहारिक दृष्टि आज भी संभव नहीं कि हिन्दू और मुसलमान के हित भारतवर्ष में एक दूसरे से जुड़े हुए हैंय और इसलिए उनके कार्यक्रम संयुक्त होने चाहिए।' चतुर्वेदी जी गहरे आत्मविश्वास से कहते हैं आधुनिक काल की शुरुआत से ही देशप्रेम का मंत्र जपने वाले हिंदी लेखक उग्र राष्ट्रवादी विचारधारा के शिकार नहीं बल्कि देश की वहां एक 'धर्मनिरपेक्ष' परिकल्पना की गयी है। इस युग की काव्यभाषा के रूप में ब्रजभाषा अधिक तथा खड़ीबोली अपने शुरूआती चरण के साथ मिलते हैं। बच्चन सिंह ने अपने इतिहास ग्रंथ में बहुत स्पष्ट तरीके से भारतेन्दु युगीन काव्यभाषा पर प्रकाश डाला है। वे लिखते हैं कि – 'काव्य की एक लंबी परंपरा जो ब्रजभाषा में उपलब्ध थी उसे सहसा छोड़ा नहीं जा सकता था।3ब्रजभाषा के कवियों में दो तरह के लोग सम्मिलित थे – शुद्ध रीतिवादी और अविशुद्ध रीतिवादी कवि।' साथ ही कवियों की सीमा दिखाते हुए इन्होंने यह भी कहा कि – 'विशुद्ध रीतिवादी कवि नवजागरण काल में भी रीतिकाव्य लिख रहे थे, वे कालिक चेतना से सर्वथा असंपृक्त थे।'

बात करें द्विवेदी युग की तो उसमें भी लेखकों के बौद्धिक विकास में युगीन पत्र – पत्रिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पत्रकारिता ही उनकी पाठशाला हुआ करती थी। जहां 'भारतेन्दु मंडल' के रचनाकारों का स्वभाव विनोदी था वहां 'द्विवेदी मंडल' में कड़े नियम अनुशासन की प्रधानता, फिर तो ये प्रवृत्तियां आवश्यक रूप से रचनाओं में भी परिलक्षित होनी ही थीं। द्विवेदी युग में काव्य प्रवृत्तियां थोड़ी भिन्न सी हो गयी। द्विवेदी युग में काव्य का विषय ज्ञान – विज्ञान, पौराणिक आख्यान बनने लगा। यहां पर काव्य, कथा, उपन्यास पर विशेष ध्यान दिया गया। चतुर्वेदी जी लिखते हैं – 'पर जीवन की पाठशाला का सतत् विद्यार्थी रहने के लिए वह पत्रकारिता का साथ नहीं छोड़ता।' भारतेन्दु युग में जो समस्यापूर्ति ब्रजभाषा में थी उसकी भाषा यहां खड़ीबोली हो गई पर प्रवृत्ति वही रही जिसे लेखक, कविसम्मेलनों में सुनाते थे। चतुर्वेदी जी लिखते हैं – 'आरंभिक खड़ीबोली काव्य को प्रचारित – प्रसारित करने में इन समस्यापूर्ति सम्मेलनों का विशेष योगदान रहा है।' इस युग में साहित्य में दो धाराएं प्रचलित रहीं – एक धारा ने 'क्लासिक वृत्ति' को तथा दूसरी काव्य धारा ने 'रोमांटिक वृत्ति' को काव्य रचना का आधार बनाया। पहली धारा के प्रतिनिधि कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध हुए तथा दूसरी धारा के श्रीधर पाठक। भारतेन्दु युग की द्वैत काव्यभाषा के बाद द्विवेदी युग की काव्यभाषा पर चतुर्वेदी जी लिखते हैं – 'यह ठीक है कि 'सरस्वती' पत्रिका के माध्यम से खड़ीबोली को कविता और गद्य में समभाव से प्रतिष्ठित करने का ऐतिहासिक श्रेय आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी को है, पर रचनात्मक स्तर पर इस समस्या से पहले श्रीधर पाठक जूझे।' इस युग की रचनाओं में भाषा का अनुशासन है तो स्वच्छंदतावाद की सहजता भी, प्रकृति के चित्रण के साथ जन–जीवन का भी चित्रण है। खड़ीबोली हिंदी का पहला महाकाव्य हरिऔध द्वारा 1914 में इसी युग में रचा गया। इस युग की एक विशेष प्रवृत्ति को रेखांकित करते हुए चतुर्वेदी जी लिखते हैं – 'आधुनिक काल में मनुष्य ही सम्पूर्ण रचना और चिंतन के केंद्र में है, ईश्वर अब व्यक्तिगत आस्था का विषय है, चित्रण का नहीं।' इस प्रवृत्ति विशेष को आलोचक ने इस युग के बड़े कवि हरिऔध के 'प्रियप्रवास' में देखा। खड़ीबोली कविता के साथ ब्रजभाषा काव्य की भी एक धारा यहां विद्यमान थी जिसके प्रतिनिधि 'जगन्नाथ दास रत्नाकर' थे। आलोचक को इनकी काव्य कृतियों में आधुनिक विचार तो न के बराबर मिलता है परन्तु परंपरा से लिखी जा रही ब्रजभाषा काव्य के विधान में एक नयापन जरूर दिखाई देता है। द्विवेदी युग में बहुत कुछ तो अच्छा हुआ, जैसे काव्यभाषा का परिष्कार, रीतिवादी काव्य का विरोध, उद्देश्यपूर्ण काव्य लेखन, कविता का विषय तत्कालीन ज्ञान –विज्ञान को बनाना परन्तु उनकी कुछ सीमाएं भी थीं जिसे आलोचक नंददुलारे वाजपेयी के शब्दों में कहें तो – 'द्विवेदी युग अपनी नवीनता के कारण सम्मानित हुआ। नवीन युग का उत्साह नवीन कविता में अवश्य देखा गयाय पर जीवन के अंतरंग को स्पर्श करने वाली वास्तविक काव्यसृष्टि कम ही हो सकी।'

रामस्वरूप चतुर्वेदी ने छायावाद का 'शक्तिकाव्य' के रूप मे क्रांतिकारी पुनर्मूल्यांकन किया है । हिंदी साहित्य के छायावादी युग में जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा इन कवि चतुष्टय की प्रतिष्ठा स्वीकार की जाती रही है। इस युग से पूर्व के युग में काव्य अनुशासन की ऐसी लहर उठी थी कि वे श्रृंगार के प्राचीन कवि तथा ग्रंथ दोनों से ही बचते दिखलायी पड़ते हैं। परिणामस्वरूप एक बनावटी उपदेश कविताओं में द्रष्टव्य होता है। नंद दुलारे वाजपेयी इसी प्रवृत्ति की ओर इशारा करके लिखते हैं – 'द्विवेदी युग के साहित्यिकों को श्रृंगार के प्रति शंका रहती थी। उस समय की यत्किंचित् श्रृंगारोन्मुख रचनाएं देखने से स्पष्ट हो जाता है कि कविगण कितना भयभीत होकर फूँक –फूँक कदम रखते थे।'

छायावादी कवियों में निराला के प्रति चतुर्वेदी जी का विशेष आकर्षण रहा है, मौलिकता इनकी विशेषता रही है। 'तुलसीदास' (1938) , 'राम की शक्ति पूजा' (1936) निराला के मौलिकता की शिखर रचनाएं हैं। निराला के यहां आलोचक को दो विरोधी प्रवृत्तियों का अद्भुत सामंजस्य एक साथ मिलता है – माधुर्य तथा ओज। छायावाद को अंग्रेजी प्रभाव के रूप में तथा प्रसाद जी के 'विश्राम' को पलायन कहने वाले हिंदी आलोचकों का यह संदर्भ चतुर्वेदी जी को बड़ा अटपटा लगता है। जिसकी वे पुन: अपने ढंग से व्याख्या करते हैं। छायावाद के प्रति कटु तथा दुर्वचनों को वे गठलिका(अंधानुकरण) कहकर संबोधित करते हैं। पहले आरोप पर उन्होंने कहा – 'छायावाद के विकास में बंगला और अंग्रेजी की भूमिका प्रासंगिक ही है, आधिकारिक नहीं।' दूसरे आरोप के प्रसंग पर कुछ खींझ कर लिखते हैं – 'विश्राम तो श्रम का पूरक है और पलायन कर्म, श्रम, संघर्ष से भागना है।' इतने समर्थ रचनाकार पर ऐसा आक्षेप आलोचक को सहनीय नहीं। प्रकृति के प्रति सबसे अधिक आकर्षण चतुर्वेदी जी सुमित्रानंदन पंत में शुरुआत से ही देखते हैं। ऐसा शायद पंत की पल्लव में संकलित 'मोह' शीर्षक कविता को पढ़कर आलोचक को लगा होगा, जो निम्न है–

'छोड़ द्रुमों की मृदु छाया,
तोड़ प्रकृति से भी माया,

बाले! तेरे बाल - जाल में
कैसे उलझा दूं लोचन?
भूल अभी से इस जग को!'

पंत की कविताओं में प्रकृति चित्रण तो है लेकिन वह बाहर से थोपा हुआ नहीं। कवि चतुष्टय की अंतिम रचनाकार महादेवी वर्मा के विषय में आलोचक ने कहा है कि - 'वहां निष्क्रिय करुणा न होकर रचनात्मक करुणा का भाव विद्यमान है।' महादेवी वर्मा के काव्य का विश्लेषण करते हुए चतुर्वेदी जी पाते हैं कि इनकी कविताओं में अभिव्यक्त प्रेम वेदना पावन तथा उदात्त है न कि विलासितापूर्ण।

छायावाद से उत्तर छायावाद को अलगाने के क्रम में आलोचक को ठीक वैसा संबंध दिखाई देता है जैसा मध्यकाल में भक्ति तथा रीतिकाव्य के मध्य में था। चतुर्वेदी जी ने लिखा है - 'जायसी- सूर- तुलसी के बाद जैसे बिहारी - मतिराम- देव का क्रम है, कुछ वैसे ही प्रसाद- निराला- पंत के बाद बच्चन- दिनकर- नरेन्द्र का।' दिनकर की बात करें तो उनके आलोचनात्मक ग्रंथ 'शुद्ध कविता की खोज' में तो उन्होंने काव्य को केवल 'शरीर के अनुभव' तक ही तो नहीं स्वीकारा है बल्कि उन्होंने कहा है - 'ईश्वर, कविता और क्रांति ये जीवन के समुच्चय में प्रवेश किये बिना नहीं समझे जा सकते।' काव्य विवेचन को लेकर रामधारी सिंह दिनकर की दृष्टि साफ- सुथरी रही है। हिंदी काव्य यात्रा सन् 1936 के आसपास अपने को वैचारिक धरातल पर परिवर्तित करती है। नये कवियों ने धूल-मिट्टी से सने सामाजिक यथार्थ को काव्य का विषय बनाया। इस तरह से साहित्य पर द्वंद्वात्मक भौतिकवाद से प्रभावित मार्क्सवादी दर्शन की छाया पड़ी। इस प्रगतिवादी काव्य की भाषा तथा संवेदना को समझने के लिए आलोचक ने प्रगतिवादी त्रयी में शामिल नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन शास्त्री के काव्य का व्यावहारिक मूल्यांकन किया है। आलोचक ने प्रगतिवादी त्रयी के कवियों में नागार्जुन को हिंदी कविता में सर्वाधिक जनप्रिय कवि के रूप में माना है। नागार्जुन की कविता में सत्ता की तानाशाही प्रवृत्ति के प्रति खुला विरोध दिखाई देता है। इस त्रयी के अगले कवि केदारनाथ अग्रवाल हैं। इनकी कविताओं में मार्क्सवाद बड़े सहज रूप में घुला-मिला है न की ऊपर से आरोपित। केदारनाथ अग्रवाल धरती के कवि हैं। प्रगतिशील काव्यधारा के अगले कवि हैं त्रिलोचन शास्त्री। इनकी कविता की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि उसमें संबोधन की सीधी शैली विद्यमान है। इनके यहां कविता में आये शब्द केवल भाषा को चुस्त-दुरुस्त करने हेतु नहीं।

प्रगतिवाद ने कविता को जीवन के बाह्य यथार्थ से तो जोड़ा लेकिन जीवन के आंतरिक यथार्थ की उपेक्षा कर दी, प्रयोगवाद का जन्म इसी की प्रतिक्रिया स्वरूप हुआ। इनके प्रिय कवियों में सबसे पहले अज्ञेय का नाम आयेगा। जहां अज्ञेय के यहां आलोचक 'गद्य की सजगता' देखते हैं, मुक्तिबोध की कविताओं में उनको 'गद्य का दबाव' दिखाई देता है तो शमशेर के यहां 'गद्य की लय'। अपनी रचनाओं में नये सत्यों का खुलासा करके जहां अज्ञेय चौंकाया करते हैं वहीं मुक्तिबोध चौंकाते नहीं सीधे धक्का ही दे देते हैं और रघुवीर सहाय उसी धक्का-मुक्की में से अपनी राह खोज लेते हैं। इनके यहां कलात्मक शुचिता की ओर कोई ध्यान नहीं, सारे प्रयोग विषय वस्तु को लेकर हैं, इसीलिए अज्ञेय की काव्यभाषा पर टिप्पणी करते हुए चतुर्वेदी जी लिखते हैं - 'भाषा के संबंध में अज्ञेय जैसी सावधानी कम ही रचनाकारों ने बरती है।' कालांतर में अतिशय बौद्धिकता तथा वैयक्तिकता के कारण हिंदी साहित्य में नयी कविता एक नये कलेवर के साथ उपस्थित हुई।

प्रयोगवाद में रचनाकारों के अतिकलावादी आग्रह के फलस्वरूप काव्य में 'नयी कविता' का उद्भव हुआ। स्वयं रामस्वरूप चतुर्वेदी इस काव्यान्दोलन से जुड़े आलोचक रहे हैं। नयी कविता की पहचान इन्होंने सबसे पहले सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की कविताओं से की है। नयी कविता में ही 'लघु मानव' का भी जन्म हुआ जिसे रामस्वरूप चतुर्वेदी अपनी पुस्तक 'भाषा- संवेदना और सर्जन२(1996) में मनुष्य का समग्र अनुभव खंड कह कर संबोधित करते हैं। आलोचक के अनुसार नयी कविता के कवियों ने पुराने काव्य प्रतिमानों की जगह नये अछूते उपमान, बिम्ब-विधान की खोज की। अज्ञेय के 'कलगी बाजरे की', मुक्तिबोध की कविता 'अंधेरे में' शमशेर की कविता 'भोर का नभ' इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। कविता में छंद के प्रयोग पर आलोचक का विचार है कि - नयी संवेदना को व्यक्त करने हेतु काव्य रचना का पुराना अनुशासन ठीक नहीं। नयी कविता में विचारों का दबाव है इसलिए यहां 'अर्थ की लय' पर ध्यान देना चाहिए न कि बाहरी साज-सज्जा पर। आलोचक में समकालीन कविता के प्रति यह स्वीकार्य का साहस है कि- समकालीन कविता के उत्तर दृश्य में तकनीकी तथा औद्योगिक प्रभाव बढ़ने से भले ही निकटता सुलभ हुई परन्तु अतिरिक्त बढ़ते दबावों ने कविता की प्रकृति को वैसा रहने नहीं दिया। निकटता सुलभ तो हुई परन्तु अनुभवों के पकने में रुकावट के कारण रचना प्रक्रिया में आलोचक को वह ताप नहीं महसूस होता जो जयशंकर प्रसाद के यहां इस भाँति अभिव्यक्त हुआ है -

'जो घनीभूत पीड़ा थी मस्तक में स्मृति सी छायी,
दुर्दिन में आंसू बनकर वह आज बरसने आयी।'

हमारे इतिहास में जो दौर तीव्र मोहभंग का रहा है हिंदी साहित्य में वह साठोत्तरी कविता का दौर कहलाया। साठ के दशक के बाद की कविता में विभाजन की विभीषिका, भारत चीन युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध का उत्तरकालीन प्रभाव, शहरीकरण आदि कारणों से एक बार पुन: मानवीय मूल्य क्षरित होने लगे। ऐसे में साठोत्तरी कविता के रूप में एक आक्रोशपूर्ण वातावरण तैयार हुआ। रामस्वरूप चतुर्वेदी ने इस परिवर्तित होती चेतना के स्वरूप को नयी युगीन चेतना के रूप में स्वीकार किया है। ऐसे मूल्य विघटन के समय कई छोटे-बड़े काव्यान्दोलन शुरू हुये। जिसमें अकविता काव्यान्दोलन सबसे पहले हुआ। अकविता काव्यान्दोलन के मुख्य सूत्रधार डॉ0 श्याम परमार तथा जगदीश चतुर्वेदी रहे हैं।

एक समय ऐसा भी आया जब अकविता आगे के कवियों को अराजकतावादी कविता लगने लगी। अप्रचलित तथा कठोर शब्दावलियों में लिखी जाने वाली कविता की भाषा व्यंग्यात्मक संवाद के साथ तल्ख भाषा में प्रचलित होने लगी। यहां से धूमिल, रघुवीर सहाय, कुमार विकल जैसे कवियों को जनवादी काव्यधारा का प्रतिनिधि माना गया। इन कवियों ने व्याप्त विसंगतियों को लेकर केवल शोर मचाने के बजाय धैर्यपूर्वक कारणों की खोज पर ध्यान दिया। आलोचक रामस्वरूप चतुर्वेदी ने नयी कविता तथा साठोत्तरी कविता के बीच के अंतर को सूक्ष्म रूप में विश्लेषित किया है। उन्होंने माना है कि नयी कविता व्यष्टि तथा समष्टि दोनों के संतुलन का प्रयास करती है परन्तु साठोत्तरी कविता में आक्रामकता की भावना है।

निष्कर्ष - हिंदी साहित्य में काव्यालोचन की परंपरा में आलोचक रामस्वरूप चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम भाषा तथा संवेदना को एक संतुलित दृष्टिकोण से देखने का प्रयास किया है। साहित्य के क्षेत्र में प्रचलित परंपरा में जो ठीक नहीं उसे वे नकारते हैं तथा समकालीन साहित्य पर भी निष्पक्ष विचार करने का साहस रखते हैं। अपने आलोचना कर्म द्वारा वे रचनाकारों, पाठकों, नये -पुराने

आलोचकों के लिए तमाम विचार सूत्र छोड़ते चले हैं। अत: वर्तमान साहित्यालोचना के लिए उन्होने नये द्वार खोले हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शुक्ल, रामचंद्र, चिंतामणि भाग 1, साहित्य सेवा प्रकाशन (वाराणसी), संस्करण: 2009.
2. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, आधुनिक कविता यात्रा, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: 2022.
3. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, नयी कविताएं एक साक्ष्य, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: चतुर्थ (2015).
4. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: 2019.
5. सिंह, बच्चन, हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास, राधाकृष्ण प्रकाशन, संस्करण: 2020.
6. वाजपेयी, नंददुलारे, हिंदी साहित्य बीसवीं शताब्दी, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: 2023.
7. पंत, सुमित्रानंदन, पल्लव, राजकमल प्रकाशन, संस्करण: 2022.
8. दिनकर, रामधारी सिंह, शुद्ध कविता की खोज, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: 2024.
9. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, भाषा, संवेदना और सर्जन, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण: 2025.
10. शैदा, विश्वनाथ लाल (संपादक), आँसू की समीक्षा, प्रभात प्रिंटिंग प्रेस, आजमगढ़, प्रथम संस्करण: 1954.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्राचीन ज्ञान प्रणाली में गृहस्थ आश्रम का समाज में योगदान

प्रिया सिंह*

***शोधार्थी, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.) भारत**

शोध सारांश – प्रस्तुत लेख में प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में गृहस्थ आश्रम के सामाजिक, महत्व का वर्णन किया गया है। गृहस्थ आश्रम को सभी आश्रमों का आधार माना गया है, क्योंकि यही परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था का संचालन करता है। इसके माध्यम से कृषि, व्यापार, संस्कार, शिक्षा, दान, सेवा तथा सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण होता है। परिवार बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। आधुनिक समय में संयुक्त परिवारों के विघटन के बावजूद गृहस्थ आश्रम की शिक्षाएँ पारिवारिक एकता, सामाजिक समरसता, नैतिकता और संतुलित जीवन के लिए आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं।

शब्द कुंजी – गृहस्थ आश्रम, समाज, महाभारत, गीता।

प्रस्तावना – भारतीय प्राचीन ज्ञान परंपरा में मानव जीवन को चार आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासकृमें विभाजित किया गया है। इनमें गृहस्थ आश्रम को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि यही आश्रम समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और धर्म की आधारशिला है। मनु ने तो यहां तक कहा है कि जिस तरह वायु का आश्रय लेकर सब जीव–जन्तु जीते हैं, उसी प्रकार गृहस्थ का आश्रय लेकर सभी आश्रम जीवन प्राप्त करते हैं। जैसे सभी छोटी–बड़ी नदियां अन्त में समुद्र में ही स्थायी रूप से विश्राम पाती हैं उसी तरह सब आश्रमों के व्यक्ति गृहस्थ के हाथों सुरक्षा एवं स्थायित्व प्राप्त करते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था– 'गृहस्थ सारे समाज की नींव सादृश्य है। सम्पूर्ण समाज उसी से साधन प्राप्त करता है।' मनुस्मृति तथा महाभारत में गृहस्थ आश्रम को समाज के पालन–पोषण और संतुलन का केंद्र बताया गया है। यह केवल पारिवारिक जीवन तक सीमित नहीं था, बल्कि सामाजिक उत्तारदायित्व, आर्थिक उत्पादन, सांस्कृतिक संरक्षण और नैतिक मूल्यों के संवर्धन का प्रमुख माध्यम था। यह शोधलेख गुणात्मक अनुसन्धान दृष्टिकोण से गृहस्थ आश्रम के सामाजिक योगदान का विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

1. गृहस्थ आश्रम की अवधारणा– भारतीय दर्शन में आश्रम व्यवस्था का उद्देश्य व्यक्ति और समाज दोनों का समन्वित विकास था। गृहस्थ आश्रम वह अवस्था है जिसमें व्यक्ति विवाह करके परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। 'अर्थशास्त्र में गृहस्थ के निम्नलिखित कर्तव्य बताये गये हैं। अपने धर्म के अनुकूल जीविकोपार्जन करना, विधिपूर्वक विवाह करना, अपनी विवाहिता पत्नी से ही सम्पर्क रखना, देवताओं, पितरों, भृत्यों आदि को खिलाने के बाद बचे हुए अन्न को ग्रहण करना।' 'मनुस्मृति में गृहस्थ के दस धर्मों का वर्णन मिलता है–धृति, क्षमा, अस्तेय, दम, शौच, इन्द्रिय, निग्रह, ज्ञान, विद्या, सत्य तथा क्रोध न करना।'

गृहस्थ आश्रम की प्रमुख विशेषताएँ धर्म, अर्थ और काम का संतुलन, परिवार संस्था का निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, आर्थिक उत्पादकता, दान और सेवा भावना है।

2. प्राचीन ज्ञान प्रणाली में गृहस्थ आश्रम का स्थान– ऋग्वेद, उपनिषद और भगवद्गीता में गृहस्थ जीवन को संयम और कर्तव्य का जीवन बताया गया है। मनुस्मृति के अनुसार 'गृहस्थ आश्रम ही अन्य सभी आश्रमों का पालनकर्ता है।' इसका आशय है कि गृहस्थ व्यक्ति अपने श्रम और संसाधनों सेकृविद्यार्थियों का पालन करता था,संन्यासियों को भिक्षा देता था, समाज में आर्थिक गतिविधियों को संचालित करता था। इस प्रकार गृहस्थ आश्रम सामाजिक संरचना की धुरी था।

3. समाज में गृहस्थ आश्रम का योगदान

(क) आर्थिक योगदान– गृहस्थ आश्रम का सबसे महत्वपूर्ण योगदान आर्थिक क्षेत्र में था। प्राचीन भारत की कृषि, व्यापार, पशुपालन और हस्तशिल्प गतिविधियाँ मुख्यत: गृहस्थों द्वारा संचालित होती थीं। मुख्य योगदान कृषि उत्पादन व्यापार और वाणिज्य रोजगार सृजन कर व्यवस्था में योगदान वैदिक काल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केंद्र गृहस्थ परिवार ही था।

(ख) सामाजिक योगदान – गृहस्थ आश्रम ने सामाजिक संगठन को स्थिरता प्रदान की। परिवार संस्था के माध्यम से बच्चों का पालन–पोषण, संस्कारों का विकास, बुजुर्गों का सम्मान, सामाजिक एकता का निर्माण होता था। संयुक्त परिवार प्रणाली भारतीय समाज की विशेषता थी, जो गृहस्थ जीवन की देन थी।

(ग) सांस्कृतिक योगदान – भारतीय संस्कृति, परंपरा और लोकाचार के संरक्षण में गृहस्थ आश्रम की केंद्रीय भूमिका थी। उदाहरण 'त्योहारों का आयोजन, वैदिक अनुष्ठान, लोककला और संगीत का संरक्षण' भाषा और साहित्य का संवर्धन, दीपावली तथा होली जैसे पर्व पारिवारिक और सामाजिक एकता को मजबूत करते थे।

(घ) नैतिक एवं आध्यात्मिक योगदान– गृहस्थ आश्रम केवल भौतिक जीवन नहीं थाय यह नैतिक और आध्यात्मिक अनुशासन का भी केंद्र था। मुख्य मूल्यकृ सत्य, अहिंसा, सेवा, दान, अतिथि सत्कार, रामायण में श्रीराम

का पारिवारिक आदर्श गृहस्थ जीवन के नैतिक स्वरूप को दर्शाता है।

भारतीय ज्ञान परम्परा में गृहस्थ आश्रम की प्रासंगिकता– भारतीय समाज में गृहस्थ जीवन आज भी सामाजिक संरचना का मुख्य आधार है। परिवार, विवाह और आपसी रिश्ते समाज को जोड़े रखते हैं। हालांकि आधुनिकीकरण के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और एकल परिवार बढ़ रहे हैं, फिर भी पारिवारिक मूल्य और नातेदारी के बंधन अब भी मजबूत बने हुए है।

1. **परिवार सामाजिक सुरक्षा का केंद्र है:** भारतीय परिवार आज भी आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करता है।
2. **संस्कारों का हस्तांतरण :** बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास मुख्यत: परिवार के माध्यम से होता है।
3. **सामाजिक सहयोग की भावना:** गृहस्थ व्यक्ति विवाह, उत्सव और संकट के समय सामुदायिक सहयोग प्रदान करता है।
4. **आर्थिक स्थिरता :** परिवार आधारित आर्थिक संरचना आज भी भारतीय समाज की मजबूती है।
5. आधुनिक समय में भौतिकवाद और व्यक्तिवाद के कारण पारिवारिक संरचना कमजोर हो रही है। ऐसे समय में गृहस्थ आश्रम की अवधारणाकृपारिवारिक एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों, तथा संतुलित जीवन शैली की प्रेरणा देती है। यह अवधारणा 'वसुधैवकुटुम्बकम्' की भावना को भी सशक्त बनाती है।

निष्कर्ष – प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली में गृहस्थ आश्रम समाज का आधार स्तंभ था। यह केवल वैवाहिक जीवन नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्तरदायित्वों का समन्वित स्वरूप था। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि गृहस्थ आश्रम ने समाज को स्थिरता प्रदान की, संस्कृति का संरक्षण किया, आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा दिया, तथा नैतिक मूल्यों को पीढ़ी–दर–पीढ़ी हस्तांतरित किया। आज के समय में भी गृहस्थ आश्रम की शिक्षाएँ सामाजिक समरसता और संतुलित जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

संदर्भ ग्रंथ एवं एंडनोट सूची:–

1. भगवद्गीता
2. महाभारत
3. रामायण
4. उपनिषद
5. ऋग्वेद

i. मनुस्मृति 4/1
ii. भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व / पं. श्री राम शर्मा / पेज ६ 4.38
iii. अर्थशास्त्र 1.2
iv. https://egyankosh.ac.in/bitstream/123456789/97218/1/Unit-5.pdf
v. https://renaissance.aurosociety.org/g%E1%B9%9Bhasthadharma-the-dharma-of-a-householder/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Family Support and Sports Participation Among Para-Athletes in Rajasthan: A Sociological Perspective

Rajshree Rathore* **Dr. Shruti Tandon****

***Research Scholar (Sociology) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA**
**** Associate Professor, Govt. Meera Girls College, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA**

लेखक ने ऐसे अनेक प्रसंगों का उल्लेख किया है जो यह दर्शाते हैं कि अंधविश्वास सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। आज भी शिक्षा के विस्तार के बावजूद अनेक क्षेत्रों में अंधविश्वास और अवैज्ञानिक धारणाएँ विद्यमान हैं।

6. लैंगिक असमानता – मुर्दहिया में दलित महिलाओं की स्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे जाति और लिंग दोनों स्तरों पर शोषण का सामना करती हैं।

महिलाओं को शिक्षा, स्वतंत्र निर्णय और सामाजिक सम्मान से वंचित रखा जाता है। घरेलू श्रम, आर्थिक निर्भरता और सामाजिक नियंत्रण उनके जीवन को सीमित कर देते हैं।

आधुनिक समय में महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, किंतु लैंगिक असमानता अभी भी एक गंभीर सामाजिक समस्या बनी हुई है। दलित महिलाओं के संदर्भ में यह समस्या और अधिक जटिल हो जाती है।

वर्तमान परिदृश्य में मुर्दहिया की प्रासंगिकता

1. सामाजिक न्याय की अवधारणा – भारतीय संविधान ने समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय को मूल अधिकारों के रूप में स्वीकार किया है। इसके बावजूद सामाजिक न्याय की स्थापना एक सतत प्रक्रिया बनी हुई है।

मुर्दहिया हमें यह समझने में सहायता करती है कि सामाजिक न्याय केवल कानूनी प्रावधानों से नहीं बल्कि सामाजिक चेतना और व्यवहार परिवर्तन से संभव है।

2. शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन – आज भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना जाता है। लेखक का जीवन इस बात का उदाहरण है कि शिक्षा व्यक्ति को सामाजिक बंधनों से मुक्त कर सकती है।

नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा और उच्च शिक्षा के अवसरों के विस्तार के बावजूद सामाजिक और आर्थिक विषमताएँ शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियाँ उत्पन्न कर रही हैं।

3. जाति विमर्श की समकालीन उपस्थिति – समकालीन भारत में जाति का प्रभाव समाप्त नहीं हुआ है। सोशल मीडिया, विवाह, राजनीति और सामाजिक संबंधों में जातिगत पहचान आज भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आधुनिक तकनीक के विस्तार के साथ जातिगत पूर्वाग्रहों के नए रूप भी सामने आए हैं।

4. दलित अस्मिता और आत्मसम्मान – मुर्दहिया दलित अस्मिता के निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट करती है। यह आत्मकथा आत्मसम्मान, संघर्ष और आत्मनिर्भरता का संदेश देती है।

दलित साहित्य आज सामाजिक परिवर्तन और लोकतांत्रिक विमर्श का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। समकालीन अध्ययनों में भी मुर्दहिया को दलित प्रतिरोध और वैकल्पिक सामाजिक दृष्टि की महत्वपूर्ण कृति माना गया है।

मुर्दहिया और सामाजिक परिवर्तन की संभावनाएँ – यह आत्मकथा केवल समस्याओं का वर्णन नहीं करती बल्कि परिवर्तन की संभावनाओं को भी रेखांकित करती है। शिक्षा, सामाजिक चेतना, संगठन और लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से समाज में समानता और न्याय की स्थापना की जा सकती है।

लेखक का जीवन इस तथ्य का प्रमाण है कि विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन संभव है।

निष्कर्ष– डॉ. तुलसीराम की मुर्दहिया हिन्दी दलित आत्मकथा साहित्य की एक महत्वपूर्ण कृति है। इसमें वर्णित जातिगत भेदभाव, आर्थिक विषमता, अशिक्षा, भूख, अंधविश्वास और लैंगिक असमानता जैसी समस्याएँ केवल अतीत की घटनाएँ नहीं हैं बल्कि वर्तमान समाज में भी विभिन्न रूपों में मौजूद हैं।

यह आत्मकथा सामाजिक यथार्थ का प्रामाणिक दस्तावेज होने के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन का घोषणापत्र भी है। शिक्षा, समानता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के मूल्यों को स्थापित करने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में जब समावेशी समाज और सामाजिक न्याय की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है, तब मुर्दहिया का अध्ययन और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तुलसीराम, मुर्दहिया, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, 2010, पृ. 5-183।
2. तुलसीराम, मणिकर्णिका, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, 2014।
3. आंबेडकर, भीमराव रामजी, जाति का विनाश, नई दिल्ली: विभिन्न संस्करण।
4. वाल्मीकि, ओमप्रकाश,जूठन, नई दिल्ली: राधाकृष्ण प्रकाशन, 1997।
5. लिंबाले, शरणकुमार, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, नई दिल्ली: वाणी प्रकाशन।
6. ठाकुर, मणींद्र नाथ, 'ज्ञान की सामाजिक उपयोगिता और 'मुर्दहिया'।' प्रतिमान, खंड 1, अंक 1, 2013, पृ. 52-72।
7. सावंत, एस., 'तुलसीराम की 'मुर्दहिया' में चित्रित दलित विमर्श।' Golden Research Thoughts, खंड 1, अंक VII, जनवरी 2012, पृ. 1-4।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

समावेशी विकास में स्टैंड-अप इंडिया योजना की भूमिका: एक मूल्यांकनात्मक अध्ययन

डॉ. दीपक कुमार राणा*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) टी.पी. कॉलेज, मधेपुरा (बिहार) भारत

शोध सारांश – समावेशी विकास समकालीन विकास विमर्श की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लाभों को समाज के सभी वर्गों तक पहुँचाना है। भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं की उद्यमिता में सीमित भागीदारी लंबे समय से चिंता का विषय रही है। इस चुनौती के समाधान हेतु भारत सरकार ने 5 अप्रैल 2016 को स्टैंड-अप इंडिया योजना प्रारम्भ की। योजना का उद्देश्य प्रत्येक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक शाखा द्वारा कम से कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा एक महिला उद्यमी को रू10 लाख से रू1 करोड़ तक का ऋण प्रदान करना था। प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य समावेशी विकास में स्टैंड-अप इंडिया योजना की भूमिका का मूल्यांकन करना है। अध्ययन द्वितीयक आँकड़ों एवं सरकारी रिपोर्टों पर आधारित है। निष्कर्षों से ज्ञात होता है कि योजना ने वित्तीय समावेशन, महिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय के आर्थिक सशक्तिकरण तथा रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मार्च 2025 तक योजना के अंतर्गत लगभग 2.75 लाख ऋण खाते स्वीकृत किए गए तथा रू62,790 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। अध्ययन निष्कर्ष निकालता है कि स्टैंड-अप इंडिया योजना समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाली एक प्रभावी सार्वजनिक नीति रही है।

शब्द कुंजी – समावेशी विकास, स्टैंड-अप इंडिया योजना, महिला उद्यमिता, वित्तीय समावेशन, सशक्तिकरण, रोजगार सृजन।

प्रस्तावना – भारत की आर्थिक प्रगति के बावजूद सामाजिक एवं आर्थिक असमानताएँ लंबे समय से विद्यमान रही हैं। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं को उद्यम स्थापना हेतु वित्तीय संसाधनों तक पहुँच प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वित्तीय संस्थानों की कठोर प्रक्रियाएँ, संपार्श्विक कि कमी तथा उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण का अभाव इन वर्गों के आर्थिक विकास में बाधक रहा है।

समावेशी विकास वह प्रक्रिया है जिसमें आर्थिक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचते हैं। किसी भी राष्ट्र की प्रगति तभी सार्थक मानी जाती है जब विकास का लाभ सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को भी प्राप्त हो। भारत जैसे विकासशील देश में आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, गरीबी तथा वित्तीय बहिष्करण लंबे समय से प्रमुख चुनौतियाँ रही हैं। उद्यमिता आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन है। उद्यमिता से न केवल आय में वृद्धि होती है, बल्कि रोजगार सृजन, नवाचार तथा क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलती है। किंतु सामाजिक रूप से वंचित वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों तथा महिलाओं के लिए व्यवसाय प्रारंभ करना सरल नहीं रहा है। वित्तीय संसाधनों की कमी, बैंक ऋण तक सीमित पहुँच तथा उद्यमिता संबंधी मार्गदर्शन के अभाव के कारण इन वर्गों की आर्थिक भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है। भारत सरकार द्वारा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार ने 5 अप्रैल 2016 को स्टैंड-अप इंडिया योजना प्रारंभ की। यह योजना सामाजिक न्याय एवं आर्थिक समानता को बढ़ावा देने के साथ-साथ समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

आर्थिक विकास तभी सार्थक माना जाता है जब उसके लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुँचें। केवल सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि समावेशी विकास की गारंटी नहीं देती। यदि विकास प्रक्रिया में सामाजिक रूप से वंचित वर्गों, महिलाओं तथा कमजोर समुदायों की भागीदारी सीमित रहे तो विकास असमान और असंतुलित हो जाता है।

भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं को उद्यम स्थापना हेतु पूँजी, प्रशिक्षण तथा संस्थागत सहायता प्राप्त करने में ऐतिहासिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इस पृष्ठभूमि में स्टैंड-अप इंडिया योजना को एक समावेशी वित्तीय पहल के रूप में प्रारम्भ किया गया। योजना का मूल उद्देश्य उद्यमिता को सामाजिक न्याय तथा आर्थिक अवसरों से जोड़ना था।

साहित्य समीक्षा

Shivakumar (2020) ने Stand-Up India Scheme की संभावनाओं एवं चुनौतियों का अध्ययन किया। अध्ययन में पाया गया कि यह योजना महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों को संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है, किन्तु सूचना के अभाव, बैंकिंग प्रक्रियाओं की जटिलता तथा मार्गदर्शन की कमी जैसी चुनौतियाँ इसकी प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं।

Kaur and Arora (2025) ने पंजाब एवं भारत के अन्य राज्यों की तुलना करते हुए स्टैंड-अप इंडिया योजना की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया। अध्ययन में पाया गया कि योजना ने महिलाओं तथा अनुसूचित

जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों को संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि योजना ने उद्यमिता विकास, वित्तीय समावेशन तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया, यद्यपि विभिन्न राज्यों में इसके प्रभाव का स्तर भिन्न-भिन्न रहा।

Verma, Bajpai एवं Singh (2024) ने स्टैंड-अप इंडिया योजना की भूमिका का विश्लेषण महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के सशक्तिकरण के संदर्भ में किया। अध्ययन में बताया गया कि 2016 में प्रारम्भ की गई यह योजना रू10 लाख से रू1 करोड़ तक के ऋण उपलब्ध कराकर महिलाओं एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों को नए (Greenfield) उद्यम स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करती है।

Sharma और Annu (2018) ने Startup India एवं Stand-Up India पहलों का अध्ययन करते हुए पाया कि इन योजनाओं का उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहित करना, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना तथा युवाओं को व्यवसाय स्थापना के लिए प्रेरित करना है। अध्ययन के अनुसार सरकारी पहलें उद्यमशील वातावरण के निर्माण और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उपरोक्त अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि स्टैंड-अप इंडिया योजना ने वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

शोध-अंतराल - पूर्ववर्ती अध्ययनों में स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत महिला उद्यमिता, वित्तीय समावेशन तथा उद्यम विकास के विभिन्न पक्षों का विश्लेषण किया गया है। तथापि अधिकांश अध्ययन किसी एक विशेष आयाम तक सीमित रहे हैं। उपलब्ध साहित्य में समावेशी विकास के व्यापक परिप्रेक्ष्य में योजना के योगदान का समग्र मूल्यांकन अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है। विशेष रूप से 2016-2025 की अवधि में योजना द्वारा महिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आर्थिक सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन तथा रोजगार सृजन पर पड़े संयुक्त प्रभाव का अध्ययन सीमित है। प्रस्तुत अध्ययन इस शोध-अंतराल को भरने का प्रयास करता है तथा समावेशी विकास के बहुआयामी ढाँचे के भीतर स्टैंड-अप इंडिया योजना की भूमिका का मूल्यांकन करता है।

अध्ययन के उद्देश्य:

i. समावेशी विकास की अवधारणा का विश्लेषण करना।
ii. स्टैंड-अप इंडिया योजना की संरचना एवं उद्देश्यों का अध्ययन करना।
iii. योजना के माध्यम से वित्तीय समावेशन पर पड़े प्रभाव का मूल्यांकन करना।
iv. महिला एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के सशक्तिकरण में योजना की भूमिका का परीक्षण करना।
v. समावेशी विकास में योजना के योगदान का विश्लेषण करना।

अनुसंधान पद्धति- यह अध्ययन वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का है। अध्ययन का उद्देश्य स्टैंड-अप इंडिया योजना के प्रदर्शन तथा समावेशी विकास में उसके योगदान का मूल्यांकन करना है। यह अध्ययन द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है। अनुसंधान हेतु वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB), संसद में प्रस्तुत आँकड़ों तथा संबंधित साहित्य का उपयोग किया गया है।

शोध परिकल्पनाएँ

H0: स्टैंड-अप इंडिया योजना ने समावेशी विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं किया है। H1: स्टैंड-अप इंडिया योजना ने समावेशी विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

समावेशी विकास: अवधारणा एवं महत्व - समावेशी विकास का आशय ऐसी विकास प्रक्रिया से है जिसमें समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्राप्त हों तथा विकास के लाभों का न्यायसंगत वितरण हो। विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम तथा विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने समावेशी विकास के प्रमुख तत्वों के रूप में निम्नलिखित बिंदुओं को रेखांकित किया है। आर्थिक अवसरों तक समान पहुँच वित्तीय समावेशन रोजगार सृजन सामाजिक न्याय लैंगिक समानता कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण इसी संदर्भ में स्टैंड-अप इंडिया योजना को समावेशी विकास के एक व्यवहारिक उपकरण के रूप में देखा जा सकता है।

स्टैंड-अप इंडिया योजना का परिचय- स्टैंड-अप इंडिया योजना भारत सरकार द्वारा 5 अप्रैल 2016 को प्रारम्भ की गई एक प्रमुख वित्तीय समावेशन एवं उद्यमिता प्रोत्साहन योजना है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड (नए) उद्यमों की स्थापना हेतु रू 10 लाख से रू 1 करोड़ तक का संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना था। योजना का मूल लक्ष्य उद्यमिता के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ना तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देना था। योजना के अंतर्गत विनिर्माण, सेवा, व्यापार तथा कृषि से संबंधित सहायक गतिविधियों के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। प्रत्येक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक शाखा को कम-से-कम एक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा एक महिला उद्यमी को ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस प्रकार योजना केवल वित्तीय सहायता तक सीमित न रहकर सामाजिक न्याय एवं आर्थिक अवसरों की समानता को भी प्रोत्साहित करती है।

योजना का प्रदर्शन

तालिका 1: स्टैंड-अप इंडिया योजना की समग्र उपलब्धियाँ (योजना के आरंभ से मार्च 2025 तक)

वर्ग	खाते की संख्या (31-03-2025)	स्वीकृत राशि (राशि करोड़ में)
अनुसूचित जाति	52902	11168.15
अनुसूचित जनजाति	16991	3612.84
महिलाएं	205398	48009.47
कुल	275291	62790.47

स्रोत: Ministry of Finance, Government of India, Rajya Sabha Unstarred Question No. 2964 (2025).

योजना के प्रारम्भ से मार्च 2025 तक कुल 2,75,291 ऋण खाते स्वीकृत किए गए तथा रू62,790.47 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। यह दर्शाता है कि योजना ने समाज के वंचित वर्गों को उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक मुख्यधारा में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

क्षेत्रवार विश्लेषण

तालिका 2: क्षेत्रवार ऋण खाते एवं स्वीकृत राशि (योजना के आरंभ से मार्च 2025 तक)

क्षेत्र	ऋण खाते	स्वीकृत राशि (रू करोड़)
व्यापार	95,851	20,239.18
सेवा क्षेत्र	89,914	20,102.80
विनिर्माण	68,75	18,026.91
कृषि एवं सहायक गतिविधियाँ	20,775	4,421.58
कुल	2,75,291	62,790.47

स्रोत: Rajya Sabha Unstarred Question No. 2964, Ministry of Finance, Government of India (2025).

व्यापार क्षेत्र में सर्वाधिक 95,851 ऋण खाते स्वीकृत किए गए तथा रू20,239.18 करोड़ की राशि प्रदान की गई। यह दर्शाता है कि लाभार्थियों ने व्यापार आधारित उद्यमों में अधिक रुचि दिखाई। सेवा क्षेत्र क्षेत्र में 89,914 ऋण खाते तथा रू 20,102.80 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। यह सेवा-आधारित उद्यमिता के विकास को दर्शाता है। विनिर्माण क्षेत्र में 68,751 उद्यमों को रू18,026.91 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। इससे उत्पादन आधारित गतिविधियों और रोजगार सृजन को प्रोत्साहन मिला। कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में 20,775 ऋण खाते स्वीकृत किए गए तथा रू 4,421.58 करोड़ की राशि प्रदान की गई। इससे ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिला।

समावेशी विकास में स्टैंड-अप इंडिया योजना की भूमिका

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा- भारत में कमजोर वर्गों की औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच लंबे समय तक सीमित रही। स्टैंड-अप इंडिया योजना ने बैंकिंग संस्थानों और वंचित वर्गों के बीच की दूरी को कम किया। मार्च 2025 तक योजना के अंतर्गत लगभग 2.67 लाख से अधिक ऋण खाते स्वीकृत किए गए तथा रू 60,000 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई। इससे बड़ी संख्या में प्रथम-पीढ़ी के उद्यमी औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जुड़े।

महिला उद्यमिता का विस्तार- योजना की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि महिला उद्यमियों की बढ़ती भागीदारी रही। फरवरी 2025 तक लगभग 1.99 लाख महिला खातों को ऋण स्वीकृत किया गया। महिलाओं के खातों की संख्या 2018 के लगभग 55,644 से बढ़कर 2024 में 1,90,844 तक पहुँच गई। इसी अवधि में स्वीकृत ऋण राशि रू12,452 करोड़ से बढ़कर रू 43,984 करोड़ हो गई। महिला उद्यमिता में यह वृद्धि समावेशी विकास का महत्वपूर्ण संकेतक है क्योंकि इससे आर्थिक स्वतंत्रता, निर्णय क्षमता तथा सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय का आर्थिक सशक्तिकरण- योजना का एक प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय को उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। नवंबर 2018 से नवंबर 2024 के बीच अनुसूचित जाति लाभार्थियों के खातों की संख्या 9,399 से बढ़कर 46,248 हो गई, जबकि ST खातों की संख्या 2,841 से बढ़कर 15,228 तक पहुँच गई। इसी अवधि में स्वीकृत ऋण राशि में भी कई गुना वृद्धि दर्ज की गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना ने सामाजिक रूप से वंचित समुदायों को उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक अवसर उपलब्ध कराए।

रोजगार सृजन - योजना केवल ग्रीनफील्ड उद्यमों के लिए लागू की गई थी। अत: प्रत्येक स्वीकृत ऋण एक नए उद्यम की स्थापना का प्रतिनिधित्व करता है। इस तरह कुल 2,75,291 नए उद्यम स्थापित हुए। प्रत्येक उद्यम कम से कम एक स्वरोजगार तो उत्पन्न करता ही है।

इसलिए: न्यूनतम रोजगार = 2,75,291

यदि औसतन 3 व्यक्ति प्रति उद्यम कार्यरत मानें तो अनुमानित रोजगार = 2,75,291 × 3 = 8,25,873

मार्च 2025 तक 2,75,291 नए उद्यम स्थापित हुए, जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई।

सामाजिक न्याय और समान अवसर- योजना ने उद्यमिता के क्षेत्र में सामाजिक न्याय की अवधारणा को मजबूत किया। बैंक शाखाओं को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को ऋण देने के लिए प्रोत्साहित कर आर्थिक अवसरों के अधिक न्यायपूर्ण वितरण का प्रयास किया गया। इस प्रकार योजना ने सामाजिक समानता तथा आर्थिक लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दिया।

शोध परिकल्पना का परीक्षण

H0: स्टैंड-अप इंडिया योजना ने समावेशी विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं किया है।

H1: स्टैंड-अप इंडिया योजना ने समावेशी विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

परीक्षण- समावेशी विकास के प्रमुख संकेतकों कृमहिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन तथा रोजगार सृजनकृका विश्लेषण किया गया।

अध्ययन में पाया गया कि:

1. 74.61% लाभार्थी महिलाएँ थीं।
2. 69,893 अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति उद्यमियों को लाभ प्राप्त हुआ।
3. रू62,790.47 करोड़ की संस्थागत वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
4. 2,75,291 नए उद्यम स्थापित हुए।
5. योजना का लाभ व्यापार, सेवा क्षेत्र, विनिर्माण तथा कृषि सभी क्षेत्रों में पहुँच।

निर्णय - उपलब्ध आधिकारिक आँकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि योजना ने आर्थिक अवसरों का विस्तार किया, सामाजिक रूप से वंचित वर्गों को उद्यमिता से जोड़ा तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया। इसलिए शून्य परिकल्पना (H0) अस्वीकार की जाती है तथा वैकल्पिक परिकल्पना (H1) स्वीकार की जाती है।

अध्ययन के निष्कर्ष - उपलब्ध आधिकारिक आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर अध्ययन से निम्नलिखित प्रमुख निष्कर्ष प्राप्त हुए:

योजना की व्यापक पहुँच: मार्च 2025 तक स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत कुल 2,75,291 ऋण खाते स्वीकृत किए गए तथा रू62,790.47 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई।

महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन: कुल लाभार्थियों में 2,05,398 महिलाएँ (74.61%) थीं, जो दर्शाता है कि योजना ने महिला उद्यमिता एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय का आर्थिक सशक्तिकरण: योजना के अंतर्गत 52,902 अनुसूचित जाति तथा 16,991 अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों को ऋण सुविधा प्राप्त हुई। कुल 69,893 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों को संस्थागत वित्त उपलब्ध

कराया गया।

वित्तीय समावेशन में वृद्धि: योजना के माध्यम से लाखों प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला।

रोजगार सृजन में योगदान: 2.75 लाख से अधिक ग्रीनफील्ड उद्यमों की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों का सृजन हुआ।

क्षेत्रीय विविधता: योजना का लाभ केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा। व्यापार, सेवा क्षेत्र, विनिर्माण तथा कृषि एवं सहायक गतिविधियाँ सभी क्षेत्रों में उद्यम स्थापित हुए।

चुनौतियाँ– स्टैंड-अप इंडिया योजना के क्रियान्वयन में स्वीकृत एवं वितरित राशि के बीच अंतर एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में उभरता है। इस स्थिति को नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका 3 : स्वीकृत राशि तथा वितरित राशि (मार्च 2025 तक)

वित्तीय वर्ष	स्वीकृत राशि	वितरित राशि
2016-17	37875	33504
2017-18	33041	26039
2018-19	22224	15898
2019-20	20256	13483
2020-21	15616	10441
2021-22	19749	12259
2022-23	39907	19872
2023-24	39643	17374
2024-25 (जून 2024)	7152	2743

स्रोत: SIDBI; Lok Sabha Unstarred Question No. 2284 (05 August 2024).

तालिका से स्पष्ट है की योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई राशि और वितरित की गई राशि में हमेशा अंतर रहा। यद्यपि स्टैंड-अप इंडिया योजना ने महिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित किया, फिर भी इसके प्रभावी क्रियान्वयन में कुछ प्रमुख चुनौतियाँ सामने आईं:

1. ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित जागरूकता
2. दस्तावेजी प्रक्रियाओं की जटिलता
3. उद्यमिता प्रशिक्षण की कमी
4. ऋणोपरांत मार्गदर्शन का अभाव
5. कुछ क्षेत्रों में बैंकिंग सहायता की असमान उपलब्धता

निष्कर्ष – स्टैंड-अप इंडिया योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण वित्तीय समावेशन एवं उद्यमिता विकास योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों को संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना है। अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि योजना ने न केवल उद्यमिता को बढ़ावा दिया, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित वर्गों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मार्च 2025 तक 2.75 लाख से अधिक लाभार्थियों को रू 62,790.47 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। महिलाओं की उच्च भागीदारी तथा अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति समुदाय की उल्लेखनीय उपस्थिति इस योजना की समावेशी प्रकृति को प्रमाणित करती है। इसके अतिरिक्त विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में नए उद्यमों की स्थापना ने रोजगार सृजन एवं स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया।

अत: यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि स्टैंड-अप इंडिया योजना ने भारत में समावेशी विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है तथा सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

नीतिगत सुझाव – स्टैंड-अप इंडिया योजना ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिला उद्यमियों को स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान किए हैं। सरकार ने 2026 के बजट में इस योजना को नए संस्करण मे लाने की घोषणा की है। इसलिए योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए निम्न सुधार किए जा सकते हैं :

1. ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएँ ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजना की जानकारी पहुँच सके।
2. ऋण आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाया जाए, जिससे नए उद्यमियों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।
3. जिला स्तर पर स्थानीय संसाधनों और मांग के अनुरूप परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाए, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले।
4. योजना के अंतर्गत स्थापित उद्यमों की नियमित निगरानी एवं मूल्यांकन किया जाए ताकि समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।
5. महिला,SC एवं ST उद्यमियों के लिए विशेष बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर और सहायता केंद्र स्थापित किए जाएँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Department of Financial Services. (2025). *Stand-Up India Scheme progress report*. Ministry of Finance, Government of India. https://www.financialservices.gov.in/stand-india-scheme-supi
2. Press Information Bureau. 9 Years of Stand-Up India: Turning Aspirations into Achievements, 2025.
3. Ministry of Finance, Government of India. Stand-Up India Scheme Statistics and Performance Reports.
4. SIDBI. Stand-Up India Scheme Monitoring Reports.
5. Government of India. Parliamentary Questions and Replies on Stand-Up India Scheme.
6. Ministry of Finance, Government of India.
7. Department of Financial Services, Ministry of Finance, Government of India.
8. Press Information Bureau (PIB), Government of India.
9. Stand-Up Mitra Portal.
10. Lok Sabha Unstarred Question No. 2284, dated 05 August 2024.
11. NABARD Reports on Entrepreneurship Development.
12. MSME Annual Reports.
13. Kaur, L., & Arora, J. (2025). Evaluating the effectiveness of the Stand-Up India Scheme of the Government of India: Punjab versus rest of India. European Economic Letters, 15(2), 3856–3858. https://doi.org/10.52783/eel.v15i2.3220`

14. Verma, P., Bajpai, A., & Singh, V. (2024). Stand Up India Scheme: Empowering Women and SC/ST Entrepreneurs. Scientific Innovation Magazine, 2(3), 35–40.
15. Swati Sharma & Annu (2018). Startup India Stand Up India: A New Platform for Entrepreneurs. JETIR, 5(8)
16. Shivakumar, P. T. (2020). *Stand Up India (SUI) scheme: Opportunities and challenges.* Asian Journal of Development Matters, 14(1), 61–73. https://doi.org/10.5958/0976-4674.2020.00005.1

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भोज रचित सरस्वती कण्ठाभरण तथा श्रृंगार प्रकाश

डॉ. पी. एस. बघेल*

* प्राध्यापक (संस्कृत) पीएम एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – सरस्वती कण्ठाभरण सन् 1887 में बनारस में के.एम.सीरीज द्वारा 1934 में प्रकाशित हुआ। इसके साथ ही जगद्धर के राजा राजसिंह द्वारा प्रकाशित टीका भी प्रकाशित हुई है।

वस्तुत: यह ग्रन्थ सरस्वती कण्ठाभरण एक बड़ा ग्रन्थ रहा है जो संग्रहात्मक रूप में प्रकाशित किया गया। प्रस्तुत काव्य पाँच परिच्छेदों में विभक्त है।

प्रथम परिच्छेद में काव्य प्रयोजन, काव्य लक्षण; काव्यभेद, 16 पद दोष, 16 वाक्य दोष, 16 काव्यार्थ दोष, 24 शब्द गुण, 24 वाक्यार्थ गुण निरूपण है।

दूसरे परिच्छेद में 24 अदाहरण सहित शब्दालंकार, जाति, रीति, वृत्ति, छाया, मुद्रा, गुंफना शय्या, यमक, श्लेष, पहेलिका आदि दिये हैं।

तीसरे परिच्छेद में 24 अर्थालंकार, जाति, विभावना, हेतु, अहेतु, सूक्ष्म, उत्तर, विरोध, संभव, अन्योयन, परिवृत्ति, निदर्शना, भेद, समाहित, भ्रान्ति, वितर्क, मीलित, स्मृति, भाव, प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, आगम अर्थापत्ति और अभाव का निरुपण किया गया है।

चतुर्थ परिच्छेद में 24 शब्दालंकारों तथा अर्थालंकारों का विवेचन किया गया है। इसमें उपमा, रूपक, साम्य, संशंय अपन्हुति समाधि, समासोक्ति, उत्प्रेक्षा, अस्तुतप्रशंसा, तुल्योगिता श्लेष जो ब्याजस्तुति के समक्ष होता है, सहोक्ति, समुच्चय, आक्षेप, अर्थान्तरनयास, विशेषोक्ति, परिकर, दीपक, क्रम, पर्याय, अतिशयोक्ति, श्लेष, भभाविक और संसृष्टि का वर्णन है।

पाँचवें परिच्छेद में रसों, भावों, नायकों नायिकाओं तथा उनके उपभेदों की विशेषताओं का वर्णन किया गया हैं।

इस प्रकार कुल मिलाकर 643 कारिकाएँ है। भोज वस्तुत: अग्निपुराण का ऋणि है।

सरस्वती कण्ठाभरण में अधिकांश उद्धरण दण्डी के काव्यादर्श से लिये गये है। इस प्रकार सरस्वती कण्ठाभरण में 1500 से अधिक उदाहरण पूर्ववर्ती कवियों से लिये गये हैं।

भोज ने कालिदास और भवभूति के ग्रन्थों से भी अनेक उद्धरण लिये हैं। इसके अतिरिक्त उस काल के विभिन्न ग्रन्थों से उद्धरण लिये हैं।

भोज के विश्लेषण में एक प्रकार की समानता दिखाई देती है। कुछ स्थान पर अग्निपुराण के उदाहरण भी दशर्ये है। भोजराजकृत श्रृंगारप्रकाश में एक रस ही स्वीकार किया गया है। 'राजा तु श्रृंगारमेकमेव श्रृंगारप्रकाश में यमुररीचकार भोजराज महाराजान्विति।' श्रृंगारप्रकाश में शब्दार्थोसहितौकाव्यं काव्य की परिभाषा दी गई है। श्रृंगारप्रकाश में 36 अध्यायो की सूची दी गई है।

भोज अनेक ग्रन्थों के रचयिता थे। जिसमें भोज ने धर्मशास्त्र पर भी अपने विचारों को व्यक्त किया है।भोज 11 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हुए हैं। भोजप्रबन्ध के अनुसार भोज ने 55 वर्ष तक राज्य किया। भोज का चाचा मुंज 994–997 के बीच में तैलप द्वारा मारा गया था। भोज का उत्तराधिकारी उसका भाई सिंधु राजे सिंधुल बना जिसे इतिहास में नवसाहसांक जैसी,उपाधि से विभूषित किया गया।भोज 1005 के लगभग राजगद्दी पर बैठा।

इसी वर्ष भोज ने सरस्वती कण्ठाभरण और श्रृंगार प्रकाश की रचना की। 1030 से 1050 के बीच उसका अंतिम समय आ गया होगा।

भोज वाक्पतिराज का उत्तराधिकारी बना जिसे परमभट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर की उपाधि मिली।

प्राचीन और मध्यकालीन भारत के सुप्रसिद्ध राजाओं में एक राजा भोज था। वह कवि तथा साहित्य के महान आश्रयदाता था। उसने अनेक मंदिरों का निर्माण कराया।

ऐसा कहा जाता है कि उसने करीब 84 ग्रंथ लिखे। भोज ने काव्यशास्त्र तथा व्याकरण पर सरस्वती कण्ठाभरण नाम ग्रन्थ लिखा। संस्कृत सीरीज त्रिवेदम् में 1937 में प्रकाशित हुआ। सरस्वती कण्ठाभरण के साथ समरागण सूत्रधार नामक 7 हजार श्लोकों का ग्रन्थ भी रचा।

भोज ने अपने प्रवास के दौरान विशिष्ट वर्ग के अड़ाइस भेदों की परिभाषाएँ अनुष्टुप रूप छन्द में दी है। जिसमें प्रियवियोग संभावना आदि रचनाओं पर प्रकाश डाला है। जिसमें देश, काल, कार्य पात्र, औचित्य आदि की चर्चा की है। इसी श्रृंगार प्रकाश ग्रन्थ में काम श्रृंगार का परिचय दिया है। करुण के वर्णन में अनुभावों का सर्वाधिक चित्रण किया है। जहाँ उन्होंने 80 अनुभाव गिनाये हैं। भोज ने पाँच स्कंध में रूपक की सुप्रसिद्ध पाँच संधियों का वर्णन किया है।

श्रृंगारप्रकाश में संयोग श्रृंगार के स्थायी भावों का वर्णन किया है। भोज ने सरस्वती कण्ठाभरण में स्वप्रतिपाद्य सभी मौलिक बातों की चर्चा की है। जिसमें उन्होंने प्रमुख रूप से रस की विस्तारपूर्वक चर्चा की है। श्रृंगार प्रकाश के प्रथम आठ प्रकाशों में अधिकतर व्याकरण संबंधी अधिक चर्चा की गई है।

श्रृंगारप्रकाश में भोज ने काव्यशास्त्र से संबंध रखने वाले प्राय: सभी

प्रमुख प्रसंगों का समावेश किया है। उन्होंने पद और वाक्य का निरूपण करते समय भर्तृहरि के वाक्यपदीय के बहुत से अंशों का उपयोग किया है। वाक्पदीय के ब्राह्मकांड का और अधिक मात्रा में उपपोग किया है। भोज ने शब्दब्रह्म का विवर्त मानकर ही प्रतीयमान और ध्वन्यमान की व्याख्या की है।

'परोमहावाक्यार्थ: अर्थमूर्त्या विपरिणम नादि निधनमखण्ड शब्द ब्रह्मेत्युच्यते।'

अखण्ड: सैष वाकयार्थ: शब्द ब्रह्मेतिगीयते। शब्दब्रह्माणि विष्णात: परं ब्रमह्माधिगच्छति।।

इदमाद्यं पदस्थानं सिद्धिसोपान वर्णनम्।
इयंमाद्यंसो मोक्षमाणानाम जिह्मा राजपद्धति:।।
(वाक्पदी 1-6, पृ. 143)

शृंगार प्रकाश के नवम प्रकाश में भोज ने वाक्य के अंतर्गत पृथक्-पृथक् शब्दों से संबंधित दोषों का वर्णन भी किया है। भोज ने वाक्य के अंतर्गत प्रयुक्त होने वाले शब्दों की सापेक्षिक सत्ता का भी विवेचन किया है। शृंगार प्रकाश में भोज ने दोषों, गुणों और अलंकारों का विवेचन किया है। गुणों का उल्लेख करते हुए उनका अलंकारों से अंतर, अलंकार और उनके तीन भेदों का वर्णन किया है। शब्दालंकार प्रकरण के अंत में 24 शब्दालंकारों के संबंध में कुछ सामान्य जानकारी देने वाली कारिकाएँ शृंगार प्रकाश में जोड़ी गई है। भोज के ग्रन्थों में गुणों और अलंकारों के विवेचन के अन्तर की चर्चा की है।

शृंगार प्रकाश के अंतर्गत ध्वनि प्रकरण में विस्तार से प्रकाश डाला है। शृंगार प्रकाश में काव्य की तीन उक्तियों-वक्रोत्ति, स्वभावोक्ति और रसोक्ति से संबंधित शृंगार प्रकाश में विस्तृत व्याख्या दी गई है। बारहवें प्रकाश रूपक विधान से संबंधित पाँच अवस्थाओं, संधियों और वृत्तियों का विवेचन किया गया है।

शृंगार प्रकाश के तृतीय ग्रन्थ में तेरह प्रकाश अलंकार, शृंगार के धर्म, अर्थ काम और मोक्ष संबंधी चतुर्विध वर्गीकरण से प्रारंभभहोता है विविध के रति के प्रकारों की व्याख्या करता है।

शृंगार प्रकाश में आलंबन विभाव, नामक और नायिका का वर्णन है। शृंगार प्रकाश में ऋतुओं देशों, समय, कलाओं, संस्कारों और प्रसाधनों की विस्तृत आलोचना है। सत्रहवें प्रकाश में रति के अनुभाव वर्णित हैं। पंचम अध्याय में 40-43 कारिकाओं में पृ. 532-537 पर दर्ज हैं।

वाक्य प्रबन्धानुगतोऽयमुक्तो
मया समासेन रस वियोग:।
अथेहऽर्था न विवेचिता:।
पृथम् विभज्ते केचिदुहाहिन्ते।।
(रसवियोगप्रकाशो, एकादश प्रकाश:।।)

इसके अतिरिक्त विभिन्न अध्यायों में कुछ 95-96 कारिकाओं का उल्लेख है।

कुल मिलाकर अनुराग की समस्त अवस्थाओं को रसान्वय-विभूति नाम दिया गया है। शृंगार प्रकाश के अंत में भोज के अलंकार रस से सम्बंधित कुछ अनुष्टुप छन्द मिलते हैं।

भोज ने आनंदवर्धन की यथासंभव अधिकतम कारिकाओं को स्वीकार किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साहित्य दर्पण-विश्वनाथ कविराज। सत्यव्रतसिंह (कमलापति त्रिपाठी) चौखंबा सीरीज, वाराणसी।
2. संस्कृत काव्य का इतिहास- पी.वी. काणे, अनुवाद डॉ. इन्द्र चंद्र।
3. आचार्य कृत काव्यालंकार-चौखंबा संस्कृत सीरीज।
4. लोकसंस्कृति-वसंत निरगुणे-म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों की सामाजिक-आर्थिक विकास का अध्ययन

डॉ. विवेक कुमार पटेल* संजय कुमार पटेल**

***सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास. शहीद केदारनाथ महविद्यालय, मऊगंज (म.प्र.) भारत**
**** शोधार्थी, एम् फिल (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास. शहीद केदारनाथ महविद्यालय, मऊगंज (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है।प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) भारत सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराना है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) अप्रैल 2016 से लागू है, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) वर्ष 2015 से संचालित है। दिसंबर 2025 तक PMAY-G के अंतर्गत 3.86 करोड़ से अधिक आवास स्वीकृत तथा लगभग 2.92 करोड़ आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं PMAY-U के अंतर्गत लगभग 1.73 करोड़ आवास स्वीकृत तथा 99 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए गए हैं। अध्ययन में सामाजिक विकास के संकेतकों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरणकृतथा आर्थिक विकास के संकेतकोंकृजैसे आय, रोजगार, वित्तीय समावेशन एवं परिसंपत्ति सृजनकृका मूल्यांकन किया गया है। प्राथमिक आँकड़ों का संकलन लाभार्थियों के सर्वेक्षण द्वारा तथा द्वितीयक आँकड़ों का संकलन ग्रामीण विकास मंत्रालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) तथा नीति आयोग की रिपोर्टों से किया गया है। साथ ही, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों की भी पहचान करेगा तथा नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी सुझाव प्रस्तुत करेगा।

शब्द कुंजी – प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक-आर्थिक विकास, लाभार्थी, ग्रामीण विकास, जीवन स्तर, आर्थिक सशक्तिकरण।

प्रस्तावना – आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकानकृमें से एक है। सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण आवास न केवल व्यक्ति को आश्रय प्रदान करता है, बल्कि उसके स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सम्मान तथा आर्थिक विकास पर भी गहरा प्रभाव डालता है। भारत जैसे विकासशील देश में बड़ी संख्या में परिवार लंबे समय तक कच्चे एवं असुरक्षित मकानों में रहने को विवश रहे हैं।

इसी समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) प्रारंभ की। इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2022 तक प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना था, जिसे आगे भी जारी रखा गया। योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के पात्र परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ताकि वे सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास प्राप्त कर सकें। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) अप्रैल 2016 से लागू है, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) वर्ष 2015 से संचालित है। दिसंबर 2025 तक PMAY-G के अंतर्गत 3.86 करोड़ से अधिक आवास स्वीकृत तथा लगभग 2.92 करोड़ आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं PMAY-U के अंतर्गत लगभग 1.73 करोड़ आवास स्वीकृत तथा 99 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभाव केवल आवास निर्माण तक सीमित नहीं है। इससे लाभार्थियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, सामाजिक प्रतिष्ठा, रोजगार, आय तथा वित्तीय समावेशन में भी सुधार देखने को मिलता है। मध्य प्रदेश का मऊगंज जिला सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में पात्र परिवारों को लाभ मिला है। इसके बावजूद यह जानना आवश्यक है कि योजना से लाभार्थियों की आय, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक प्रतिष्ठा तथा जीवन स्तर में कितना परिवर्तन हुआ है। साथ ही, योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों का भी अध्ययन आवश्यक है। इसी पृष्ठभूमि में प्रस्तुत अध्ययन 'प्रधानमंत्री आवास योजना' का लाभार्थियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर प्रभाव: यह अध्ययन लाभार्थियों के अनुभवों तथा प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों के आधार पर योजना की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करेगा तथा नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी सुझाव प्रस्तुत करेगा। इस शोध से यह समझने में सहायता मिलेगी कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल आवास उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य – इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों की सामाजिक-आर्थिक विकास पर प्रभाव में विश्लेषण करना है। अध्ययन के माध्यम से यह जाना जाएगा कि योजना से लाभार्थियों की आय, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक प्रतिष्ठा, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन तथा जीवन स्तर में कितना सुधार हुआ है। साथ

ही, योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं, लाभार्थियों की संतुष्टि तथा योजना की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जाएगा। अध्ययन के आधार पर ऐसी नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की जाएँगी, जिनसे प्रधानमंत्री आवास योजना को और अधिक प्रभावी एवं लाभार्थी-केंद्रित बनाया जा सके।

1. प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों की सामाजिक स्थिति पर प्रभाव का अध्ययन करना।
2. लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति पर योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करना।
3. योजना के कारण आय, रोजगार एवं जीवन स्तर में हुए परिवर्तन का विश्लेषण करना।
4. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर योजना के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. लाभार्थियों के सामाजिक सम्मान एवं वित्तीय समावेशन में हुए परिवर्तन का मूल्यांकन करना।
6. योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों की पहचान करना।
7. लाभार्थियों के संतुष्टि स्तर का अध्ययन करना।

साहित्य समीक्षा

1. योजना आयोग (2014) के अनुसार ग्रामीण आवास योजनाओं से निर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।
2. रंगराजन (2014) के अनुसार आवास की उपलब्धता गरीबी उन्मूलन की प्रक्रिया को स्थायित्व प्रदान करती है। उन्होंने यह तर्क दिया कि बिना सुरक्षित आवास के गरीबी उन्मूलन की योजनाएँ अल्पकालिक सिद्ध होती हैं।
3. प्रो. आर. एन. शर्मा (2016) शर्मा ने पाया कि ग्रामीण आवास एक ऐसी परिसंपत्ति बन गया जिसने परिवारों को आर्थिक जोखिम लेने योग्य बनाया। पक्का मकान मिलने के बाद ग्रामीण परिवार कृषि निवेश, पशुपालन और लघु व्यवसाय में निवेश करने लगे, जिससे उनकी आय में दीर्घकालीन वृद्धि हुई।
4. दत्त एवं सुंदरम (2016) ने अपने अध्ययन में पाया कि PMAY-G के अंतर्गत निर्मित आवासों से ग्रामीण परिवारों की सामाजिक सुरक्षा एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ है।
5. देसाई (2017) के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने गांवों में आधारभूत संरचना के विकास को गति दी है।
6. मुखर्जी (2018) ने अपने शोध में बताया कि क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम (CLSS) ने शहरी मध्यम वर्ग को आवास ऋण प्राप्त करने में सहायता प्रदान की।
7. शुक्ला (2019) ने अपने अध्ययन में पाया कि च्ड।ल् के अंतर्गत महिला स्वामित्व से महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि हुई है।
8. डॉ. मोहित जैन (2020) जैन के अनुसार PMAY-G से ग्रामीण परिवारों की जोखिम सहनशीलता बढ़ी, जिससे वे नई कृषि तकनीकें, बीज और उत्पादन विधियाँ अपनाने लगे। यह ग्रामीण आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण संकेत है।
9. यादव (2020) ने अपने शोध में यह पाया कि जिन गांवों में PMAY-G का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ, वहां पलायन की प्रवृत्ति में आंशिक कमी देखी गई।

शोध परिकल्पना :

1. जिले के पात्र हितग्राहीयों तक आवास योजना प्राप्त हो रहा हैं।
2. प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उचित व्यक्ति को मुहैया कराया जा रहा हैं।
3. हितग्राहियों के आर्थिक व सामाजिक विकास में बढ़ावा
4. प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभार्थियों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव है।

शोध विधि - शोधार्थी द्वारा इसका विश्लेषण कर सरणीयन के समंको के माध्यम से शोध क्षेत्र का समंक तैयार करने का अकादमिक प्रयास किया गया हैं। इसी आधार पर निम्न शोध विधि का प्रयोग किया जयेगा- और यह विधि दो प्रकार से हैं।

1 प्रथामिक समंक- प्रश्नावली एवं साक्षात्कार
2. द्वितियक समंक सरकारी रिपोर्ट, जनगणना, मंत्रालय की रिपोर्ट, शोध-पत्र, पुस्तकें

सामजिक आर्थिक विकास के मुख्य घटक



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) विकास का प्रभाव- भारत योजना प्रारंभ 2015 (PMAY-U), 2016 (PMAY-G) का सामाजिक आर्थिक विकास के लिए 2016 से 2025 तक देशभर में लगभग 3.9 करोड़ से अधिक ग्रामीण आवास स्वीकृत किए गए। इनमें से लगभग 3.3 करोड़ से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं इससे कच्चे मकानों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई।

जैसे-

1. **ग्रामीण रोजगार में वृद्धि-**प्रत्येक आवास निर्माण से औसतन 90-100 मानव-दिवस का रोजगार सृजित होता है (मनरेगा के समन्वय

सहित)।
इससे करोड़ों मानव-दिवस का रोजगार उत्पन्न हुआ और स्थानीय मजदूरों को काम मिला।

2. गरीबी में कमी- पक्का घर मिलने से परिवारों का आवास पर होने वाला अतिरिक्त खर्च कम हुआ। बिजली, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और एलपीजी जैसी सुविधाओं से जीवन स्तर में सुधार हुआ।

3. स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर प्रभाव- सुरक्षित आवास के कारण वर्षा, धुआँ और संक्रमण से होने वाली बीमारियों में कमी देखी गई।
बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध हुआ।

4. महिला सशक्तिकरण- अधिकांश घरों का स्वामित्व महिला मुखिया या संयुक्त नाम से दिया गया।
जिससे महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

सुझाव :

1. लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाया जाए।
2. निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित तकनीकी निगरानी सुनिश्चित की जाए।
3. सभी किस्तों का भुगतान समयबद्ध रूप से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाए।
4. योजना को स्वरोजगार, कौशल विकास तथा आजीविका कार्यक्रमों से जोड़ा जाए ताकि आवास के साथ आर्थिक सशक्तिकरण भी सुनिश्चित हो सके।
5. आवास के साथ पेयजल, विद्युत, सड़क एवं डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं का समेकित विकास किया जाए।
6. महिला स्वामित्व एवं संयुक्त स्वामित्व को और अधिक प्रोत्साहित किया जाए।
7. योजना के क्रियान्वयन में सूचना प्रौद्योगिकी, जियो-टैगिंग एवं ऑनलाइन निगरानी प्रणाली को और मजबूत किया जाए।

निष्कर्ष - उपरोक्त अध्ययन से यह स्पष्ट हो रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) ने लाभार्थियों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। योजना के माध्यम से कच्चे एवं जर्जर आवासों में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित एवं पक्के आवास उपलब्ध हुए, जिससे उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया। देशभर में PMAY-G के अंतर्गत लगभग 2.92 करोड़ से अधिक आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जो ग्रामीण परिवारों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का संकेत है। अध्ययन से ज्ञात होता है कि पक्का आवास प्राप्त होने के बाद लाभार्थियों की सामाजिक प्रतिष्ठा, आत्मविश्वास तथा सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि हुई है। स्वच्छ शौचालय, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की स्थिति में सुधार देखा गया। महिलाओं की भागीदारी एवं संपत्ति पर स्वामित्व बढ़ने से महिला सशक्तिकरण को भी बल मिला। आर्थिक दृष्टि से योजना ने लाभार्थियों को स्थायी संपत्ति प्रदान की है, जिससे आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है। आवास निर्माण गतिविधियों ने रोजगार सृजन में भी योगदान दिया है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की है। PMAY-G के अंतर्गत निर्माण कार्यों से करोड़ों मानव-दिवस रोजगार सृजित हुए हैं।

अत: यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल आवास निर्माण कार्यक्रम नहीं है,बल्कि सामाजिक समावेशन, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण तथा सतत ग्रामीण विकास का प्रभावी माध्यम है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:-

1. त्रिपाठी, ए.एन. (2013) - ग्रामीण बसावट एवं आवास संरचना, हिंदी ग्रंथ अकादमी।
2. सिंह, सुरेंद्र (2014) - ग्रामीण आवास योजनाएँ, अनमोल पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
3. शर्मा, रामकुमार (2015) - ग्रामीण आवास एवं विकास, रावत पब्लिकेशन।
4. जयपुर. चौधरी, महेंद्र (2016) - ग्रामीण जीवन और आवास, वाणी प्रकाशन।
5. भारत सरकार (2016), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) - संचालन मार्गदर्शिका, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. भारत सरकार (2016) - प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (PMAY-G) दिशा-निर्देश, ग्रामीण विकास मंत्रालय।
7. मिश्रा, ओमप्रकाश (2017) - भारत में ग्रामीण आवास, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
8. यादव, जगदीश (2018) - ग्रामीण गरीबी और आवास समस्या, राजकमल प्रकाशन।
9. PMAY-G लाभार्थी सूची और प्रदर्शन आँकड़े।
10. राज्य सरकारों द्वारा PMAY-G के क्रियान्वयन रिपोर्ट्स

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Liquidity Management and Financial Performance of Hospital Equipment Industries: A Comparative Empirical Analysis

Parv Jain* **Dr. Pragya Sharma****

*Research Scholar, SAM Global University, Raisen (M.P.) INDIA
** Professor, SAM Global University, Raisen (M.P.) INDIA

Abstract: Liquidity management is a critical component of corporate financial management that ensures the availability of sufficient short-term resources to support day-to-day business operations while enhancing organizational profitability. Hospital equipment industries operate in a highly capital-intensive environment characterized by significant investments in inventory, extended credit periods, and dependence on institutional buyers, making liquidity management an important determinant of financial performance. The present study examines the relationship between liquidity management and financial performance of selected hospital equipment industries in Madhya Pradesh through a comparative empirical analysis. Primary data were collected from 40 managerial respondents representing ten hospital equipment organizations located in Indore, Bhopal, Jabalpur, and Gwalior. Descriptive statistics, comparative financial analysis, Karl Pearson's correlation, and simple regression analysis were employed to examine the relationship between liquidity indicators and financial performance. The findings reveal that organizations maintaining efficient inventory management, timely receivables collection, and adequate cash flow demonstrate stronger profitability and operational efficiency. The study also confirms a statistically significant positive relationship between liquidity management and financial performance. The paper concludes that effective liquidity management is essential for improving financial sustainability, reducing operational risk, and enhancing competitiveness in the hospital equipment industry.
Keywords: Liquidity Management, Working Capital, Financial Performance, Hospital Equipment Industry, Healthcare Finance, Comparative Analysis.

Introduction - The healthcare industry has become one of the fastest-growing sectors of the Indian economy due to increasing public health awareness, technological advancement, government investment, and expansion of private healthcare services. The hospital equipment industry plays a vital role in supporting healthcare delivery by supplying diagnostic devices, intensive care equipment, surgical instruments, patient monitoring systems, laboratory equipment, and other essential medical technologies. The performance of healthcare institutions largely depends on the uninterrupted availability of quality medical equipment, making hospital equipment suppliers an indispensable part of the healthcare ecosystem.

Unlike many manufacturing industries, hospital equipment firms operate under unique financial conditions. They maintain large inventories to ensure immediate product availability while extending credit facilities to government hospitals, private hospitals, and healthcare institutions. These operational characteristics increase dependence on effective liquidity management because substantial financial resources remain invested in current assets such as inventory and receivables. Delayed payments from institutional buyers often create liquidity constraints, forcing organizations to rely on short-term borrowings for operational continuity.

Liquidity management refers to the efficient management of current assets and current liabilities to ensure that an organization can meet its short-term obligations without compromising profitability. Proper liquidity management involves maintaining an optimal balance between cash, receivables, inventory, and current liabilities. Excess liquidity may reduce profitability because idle funds generate limited returns, whereas inadequate liquidity may disrupt procurement, production, and customer service. Therefore, achieving an appropriate balance between liquidity and profitability has become a major challenge for financial managers.

The hospital equipment industry in Madhya Pradesh has witnessed considerable growth during the past decade due to increasing healthcare expenditure, modernization of hospitals, and expansion of diagnostic facilities. However, organizations operating in this sector continue to face

financial challenges such as delayed government payments, increasing inventory costs, inflationary pressures, and intense market competition. These factors increase the importance of efficient liquidity management for ensuring financial sustainability and operational efficiency.

Although numerous studies have examined working capital management in manufacturing and service industries, empirical research focusing specifically on hospital equipment industries remains limited. Most previous studies have concentrated on listed companies or general manufacturing sectors without considering the unique financial characteristics of healthcare equipment suppliers. Consequently, there exists a significant research gap regarding liquidity management practices within this industry.

The present study attempts to address this gap by conducting a comparative empirical analysis of selected hospital equipment industries in Madhya Pradesh. The study evaluates major liquidity indicators, compares financial performance across organizations, and statistically examines the relationship between liquidity management and profitability. The findings are expected to provide useful insights for financial managers, healthcare administrators, policymakers, and researchers interested in improving financial sustainability within the healthcare supply sector.

Review of Literature

Liquidity management has long been recognized as one of the most important determinants of corporate financial performance. Efficient management of current assets and liabilities enables organizations to maintain operational continuity, reduce financing costs, and improve profitability. Several researchers have investigated the relationship between liquidity management and organizational performance across different industries.

Deloof (2003) concluded that efficient management of receivables and inventory significantly improves corporate profitability by reducing the operating cycle. Similarly, Lazaridis and Tryfonidis (2006) found that shorter cash conversion cycles positively influence firm profitability, emphasizing the importance of efficient working capital management. Padachi (2006) reported that manufacturing firms maintaining effective inventory and cash management practices achieve superior financial performance and operational efficiency.

Raheman and Nasr (2007) demonstrated that working capital management significantly affects corporate profitability through efficient management of inventory, receivables, and cash resources. Gill, Biger, and Mathur (2010) also established a positive relationship between liquidity management and profitability among American manufacturing firms. Karaduman et al. (2011) confirmed that organizations maintaining shorter receivables collection periods and efficient inventory utilization generate higher returns on assets.

In the Indian context, Pandey (2018) emphasized that effective liquidity management contributes to organizational stability and financial sustainability. Jain and Khan (2018) highlighted that maintaining an optimal balance between liquidity and profitability is essential for achieving long-term business success. Gitman and Zutter (2019) further argued that liquidity planning should be integrated with strategic financial management to improve corporate performance. Within the healthcare sector, Smith (2021) observed that hospital equipment suppliers frequently experience liquidity challenges because of delayed institutional payments and large inventory investments. Sharma (2016) similarly noted that healthcare suppliers require efficient working capital management to maintain uninterrupted supply chains and improve financial performance.

Despite substantial literature on working capital management, very limited empirical research has specifically examined liquidity management practices in hospital equipment industries. The present study attempts to bridge this gap by analyzing selected hospital equipment organizations in Madhya Pradesh using comparative financial analysis and statistical techniques.

भारतीय ज्ञान, स्वास्थ्य और सामुदायिक जीवन– भारत में स्वास्थ्य से संबंधित ज्ञान अनेक परंपराओं में विकसित हुआ। आयुर्वेद इसका प्रमुख शास्त्रीय उदाहरण है, लेकिन स्थानीय समुदायों के पास भी औषधीय पौधों, भोजन, स्वच्छता, प्रसव, जीवनशैली और दैनिक स्वास्थ्य से जुड़ा अनुभवजन्य ज्ञान रहा है। पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों में शरीर, आहार, जीवनचर्या, पर्यावरण और मानसिक संतुलन के बीच संबंध पर विचार किया गया। भारतीय खाद्य परंपराएँ भी स्थानीय जलवायु, कृषि और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार विकसित हुईं। मौसमी खाद्य पदार्थ, किण्वित भोजन, मसाले, औषधीय वनस्पतियाँ और संरक्षण की विधियाँ स्थानीय अनुभव का हिस्सा थीं। योग और उससे संबंधित अभ्यास शारीरिक अनुशासन, श्वास, एकाग्रता और मानसिक संतुलन से जुड़े हैं। आज इनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन और अभ्यास होता है। फिर भी पारंपरिक स्वास्थ्य संबंधी हर दावे को बिना जाँच स्वीकार नहीं किया जा सकता। किसी विशिष्ट रोग के उपचार संबंधी दावे के लिए वैज्ञानिक प्रमाण आवश्यक हैं। इसलिए आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था और पारंपरिक ज्ञान के बीच संवाद अधिक उपयोगी दृष्टिकोण है। प्रमाणित पारंपरिक पद्धतियों का ऐतिहासिक और वैज्ञानिक अध्ययन किया जा सकता है, जबकि गंभीर रोगों के निदान और उपचार में आधुनिक चिकित्सा मानकों की आवश्यकता बनी रहती है।

स्थानीय स्वास्थ्य ज्ञान का दस्तावेजीकरण ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में विशेष महत्व रखता है। इससे सांस्कृतिक ज्ञान संरक्षित हो सकता है और नए शोध के लिए आधार मिल सकता है।

भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक स्मृति– भाषा ज्ञान के संरक्षण और प्रसार का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। भारत की भाषाई विविधता ने एक विशाल साहित्यिक और बौद्धिक विरासत को जन्म दिया। संस्कृत, पालि, प्राकृत, तमिल, फारसी, अरबी, उर्दू, हिंदी, बंगाली, मराठी, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, असमिया, पंजाबी, कश्मीरी और अनेक अन्य भाषाओं ने भारतीय ज्ञान को समृद्ध किया। साहित्य केवल कला नहीं हैय वह सामाजिक स्मृति का भी माध्यम है। महाकाव्य, दार्शनिक ग्रंथ, कविता, लोककथाएँ, भक्तिकाव्य, सूफी साहित्य, जीवनी, इतिहास, गीत और कहावतें समाज के मूल्यों और अनुभवों को संरक्षित करते हैं।

मौखिक परंपराएँ विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे दिखाती हैं कि ज्ञान लिखित ग्रंथों के बिना भी पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सकता है। लोकगीत, कथाएँ, कहावतें और सामुदायिक इतिहास सांस्कृतिक ज्ञान को जीवित रखते हैं। भारतीय साहित्य में सामाजिक असमानता, नैतिकता, सत्ता, लिंग, पहचान और न्याय से संबंधित प्रश्न भी उठाए गए हैं। अनुवाद विभिन्न भाषाई परंपराओं को जोड़ने का माध्यम है।डिजिटल तकनीक पांडुलिपियों, शिलालेखों, लोकसाहित्य और मौखिक इतिहासों के संरक्षण में नैतिकता और समुदाय की भागीदारी का ध्यान रखना आवश्यक है।

इस प्रकार भाषा भारतीय ज्ञान का केवल माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक स्मृति का आधार है।

भारतीय ज्ञान परंपराएँ और लैंगिक दृष्टिकोण– भारतीय ज्ञान का सामाजिक विश्लेषण लैंगिक प्रश्नों की उपेक्षा नहीं कर सकता। भारतीय बौद्धिक और सांस्कृतिक इतिहास में महिलाओं की भागीदारी रही है, लेकिन उनके योगदान को हमेशा समान रूप से दर्ज और मान्यता नहीं मिली। भारतीय परंपरा में महिला दार्शनिकों, कवयित्रियों, भक्त कवयित्रियों, शिक्षिकाओं और सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं के उदाहरण मिलते हैं। इसके अतिरिक्त महिलाओं ने घरेलू और सामुदायिक ज्ञानकृभोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य, कृषि, शिल्प और लोकपरंपराओंकृको पीढ़ियों तक सुरक्षित रखा। फिर भी ऐतिहासिक सामाजिक संरचनाओं ने अनेक परिस्थितियों में महिलाओं की औपचारिक शिक्षा और सार्वजनिक बौद्धिक संस्थाओं तक पहुँच सीमित की। इससे ज्ञान के लिखित इतिहास में महिलाओं की उपस्थिति कम दिखाई दे सकती है। यह प्रश्न केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है। जाति, जनजातीय समुदाय, श्रमिक समुदाय, आर्थिक रूप से कमजोर समूह और क्षेत्रीय समुदायों के ज्ञान को भी मुख्यधारा के इतिहास में कम स्थान मिला है। भारतीय ज्ञान के समकालीन पुनरुत्थान में हाशिए पर रहे ज्ञान-स्वरों को सामने लाना आवश्यक है। महिलाओं की मौखिक परंपराओं, लोकसाहित्य, शिल्प, चिकित्सा, कृषि और बौद्धिक योगदान का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए।

समावेशी भारतीय ज्ञान प्रणाली का उद्देश्य यह होना चाहिए कि हर वर्ग, लिंग और समुदाय के लोगों को सीखने, शोध करने और ज्ञान निर्माण

में समान अवसर मिले।

जाति, ज्ञान तक पहुँच और सामाजिक असमानता– भारतीय ज्ञान के सामाजिक अध्ययन में ज्ञान तक पहुँच का प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्थाएँ और सामाजिक शक्ति यह भी तय करती हैं कि कौन ज्ञान प्राप्त कर सकता है, कौन शिक्षक बन सकता है और किस ज्ञान को मान्यता मिलेगी।भारतीय इतिहास में उच्च स्तर की बौद्धिक उपलब्धियाँ हुईं, लेकिन औपचारिक शिक्षा के अवसर समाज के सभी वर्गों में समान रूप से उपलब्ध नहीं थे। जाति–आधारित संरचनाओं ने शिक्षा और व्यवसाय के अवसरों को प्रभावित किया। कुछ समुदायों ने अपने व्यवसायों से संबंधित विशेष ज्ञान विकसित किया, जबकि कुछ समूह औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे। इन असमानताओं को स्वीकार करना भारतीय ज्ञान की उपलब्धियों को नकारना नहीं है। इससे यह समझने में सहायता मिलती है कि ज्ञान किस सामाजिक व्यवस्था में विकसित हुआ। आधुनिक भारत में शिक्षा सामाजिक सशक्तीकरण का साधन है। इसलिए भारतीय ज्ञान का पुनरुत्थान लोकतांत्रिक पहुँच के साथ जुड़ा होना चाहिए। हर विद्यार्थी को भारतीय दर्शन, संस्कृत, क्षेत्रीय साहित्य, गणित, पर्यावरण, शिल्प और अन्य ज्ञान क्षेत्रों का अध्ययन करने का अवसर मिलना चाहिए। साथ ही, किसी समुदाय के पारंपरिक ज्ञान का अध्ययन करते समय उस समुदाय की पहचान और अधिकार का सम्मान आवश्यक है। ज्ञान को केवल बाहरी शोध के लिए संसाधन मानना उचित नहीं है। सामाजिक न्यायपूर्ण ज्ञान प्रणाली का उद्देश्य संरक्षण, पहुँच, सामुदायिक भागीदारी और समानता के बीच संतुलन स्थापित करना होना चाहिए।

समकालीन शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली– भारतीय ज्ञान प्रणाली का वर्तमान शैक्षिक संदर्भ में पुनर्पाठ महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारतीय भाषाओं, कला, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपराओं से जुड़ाव बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारतीय ज्ञान के माध्यम से विद्यार्थी दर्शन, गणित, खगोलशास्त्र, चिकित्सा, पर्यावरण, साहित्य, स्थापत्य, कला और नैतिक चिंतन की विभिन्न परंपराओं से परिचित हो सकते हैं। लेकिन शिक्षा में भारतीय ज्ञान को अंधविश्वास या निर्विवाद सत्य के रूप में प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए। शिक्षा का आधार प्रमाण, तर्क, प्रश्न, तुलना और आलोचनात्मक चिंतन है। विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिलना चाहिए कि किसी परंपरा का विकास किस ऐतिहासिक संदर्भ में हुआ।

प्राचीन गणित का अध्ययन गणित के इतिहास के रूप में किया जा सकता है। खगोलीय ग्रंथों का अध्ययन ऐतिहासिक और वैज्ञानिक पद्धतियों से किया जा सकता है। आयुर्वेद को चिकित्सा परंपरा के रूप में पढ़ते हुए वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और अप्रमाणित दावों में अंतर किया जाना चाहिए। स्थानीय ज्ञान को शिक्षा से जोड़ने के लिए परियोजना–आधारित अध्ययन उपयोगी हो सकता है। विद्यार्थी स्थानीय जल–संरक्षण प्रणालियों, कृषि, लोकसाहित्य, शिल्प, वास्तु और मौखिक इतिहास पर शोध कर सकते हैं। इस प्रकार भारतीय ज्ञान शिक्षा को स्थानीय, अनुभवात्मक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बना सकता है, जबकि आधुनिक विज्ञान और वैश्विक ज्ञान को भी शिक्षा का हिस्सा बनाए रखा जा सकता है।

वैश्विक प्रासंगिकता और भविष्य की संभावनाएँ – भारतीय ज्ञान परंपराओं में विश्व स्तर पर रुचि बढ़ी है। योग, ध्यान, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, गणित का इतिहास, साहित्य, कला और पर्यावरणीय परंपराएँ अंतरराष्ट्रीय अध्ययन का विषय बन रही हैं।

यह वैश्विक रुचि अवसरों के साथ चुनौतियाँ भी लाती है। किसी जटिल परंपरा को उसके ऐतिहासिक संदर्भ से अलग करके केवल एक सरल अभ्यास या व्यावसायिक उत्पाद में बदल दिया जाए तो उसके मूल अर्थ का नुकसान हो सकता है।

भारतीय ज्ञान को अन्य ज्ञान परंपराओं से श्रेष्ठ सिद्ध करने के बजाय वैश्विक बौद्धिक संवाद में सहभागी बनाया जाना चाहिए। पारंपरिक कृषि, जल प्रबंधन, स्थानीय संसाधन उपयोग और समुदाय–आधारित संरक्षण का अध्ययन आधुनिक पर्यावरण विज्ञान के साथ किया जा सकता है। अंतरविषयक शोध भविष्य की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इतिहासकार, वैज्ञानिक, दार्शनिक, भाषाविद्, समाजशास्त्री, शिक्षा विशेषज्ञ, पर्यावरण वैज्ञानिक और समुदाय–आधारित ज्ञान धारक मिलकर अधिक व्यापक अध्ययन कर सकते हैं।डिजिटल तकनीक पांडुलिपियों, लोकपरंपराओं, शिलालेखों, क्षेत्रीय साहित्य और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने में उपयोगी हो सकती है। इसके साथ समुदाय के अधिकार और उचित श्रेय का ध्यान रखना आवश्यक है।

भारतीय ज्ञान की वैश्विक उपयोगिता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समकालीन प्रश्नों के साथ कितना सार्थक संवाद करता है। जीवित ज्ञान परंपरा केवल अतीत को दोहराती नहीं, बल्कि अतीत को समझकर वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के लिए नए प्रश्न और संभावनाएँ उत्पन्न करती है।

भारतीय ज्ञान के पुनरुत्थान की चुनौतियाँ – भारतीय ज्ञान प्रणाली के पुनरुत्थान के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं। पहली चुनौती अतीत के आदर्शीकरण की है। यदि हर पारंपरिक विचार को पूर्ण सत्य मान लिया जाए तो आलोचनात्मक शोध कठिन हो जाएगा। गंभीर ज्ञान–परंपरा में प्रश्न, प्रमाण, बहस और संशोधन के लिए स्थान होना चाहिए। दूसरी चुनौती दस्तावेजीकरण की है। अनेक पारंपरिक ज्ञान–रूप मौखिक परंपरा के माध्यम से जीवित रहे और उनका लिखित रिकॉर्ड सीमित है। वृद्ध ज्ञान–धारकों के साथ यह ज्ञान भी समाप्त हो सकता है।

तीसरी चुनौती भाषा की है। अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ और स्रोत शास्त्रीय या क्षेत्रीय भाषाओं में हैं। इसलिए अनुवाद और बहुभाषी शोध आवश्यक है।एक अन्य चुनौती पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विश्वविद्यालयी शोध–पद्धति के बीच अंतर है। विश्वविद्यालयों में प्रमाण, संदर्भ, पद्धति और आलोचनात्मक समीक्षा आवश्यक हैं। पारंपरिक ज्ञान का अध्ययन भी इन अकादमिक मानकों के साथ किया जाना चाहिए। व्यावसायीकरण और राजनीतिक सरलीकरण भी चुनौती हैं। किसी समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को केवल बाजार के लिए उपयोग करना उचित नहीं है और भारतीय ज्ञान को किसी एक समुदाय की श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए प्रयोग करना भी इतिहास की विविधता को कमजोर करता है। इसलिए पुनरुत्थान का सही मार्ग आलोचनात्मक पुनर्पाठ है। पारंपरिक ज्ञान को सुरक्षित किया जाए, दस्तावेजीकृत किया जाए, जहाँ आवश्यक हो वहाँ वैज्ञानिक परीक्षण किया जाए, अनुवादित किया जाए और समावेशी संस्थाओं के माध्यम से पढ़ाया जाए।

निष्कर्ष – भारतीय ज्ञान प्रणाली एक विशाल, विविध और दीर्घकालीन बौद्धिक विरासत है, जिसका निर्माण अवलोकन, तर्क, अनुभव, प्रयोग, सांस्कृतिक संवाद और सामाजिक जीवन की आवश्यकताओं से हुआ। इसका प्रभाव शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, भाषा, साहित्य, कला, शिल्प, नैतिकता और सामुदायिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में दिखाईदेता है। इस

अध्ययन से स्पष्ट होता है कि भारतीय ज्ञान को किसी एक समान परंपरा के रूप में नहीं देखा जा सकता। इसमें अनेक दार्शनिक, भाषाई, धार्मिक, क्षेत्रीय, व्यावसायिक और सामुदायिक परंपराएँ शामिल हैं। यही विविधता इसकी प्रमुख शक्ति है। साथ ही, भारतीय ज्ञान के ऐतिहासिक सामाजिक ढाँचे में असमानताएँ भी थीं। जाति, लिंग, आर्थिक स्थिति और संस्थागत शक्ति ने ज्ञान तक पहुँच को प्रभावित किया। इन सीमाओं को स्वीकार करना भारतीय ज्ञान की उपलब्धियों को नकारना नहीं, बल्कि उसके वास्तविक सामाजिक संदर्भ को समझना है।

भविष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली का पुनरुत्थान समावेशी, प्रमाण-आधारित और आलोचनात्मक होना चाहिए। पारंपरिक ज्ञान आधुनिक शिक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता, सांस्कृतिक संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और अनुसंधान में योगदान दे सकता है, बशर्ते उसका अध्ययन जिम्मेदारी और वैज्ञानिक दृष्टि से किया जाए।भारतीय ज्ञान का सबसे सार्थक पुनरुत्थान आधुनिक ज्ञान को अस्वीकार करना या अतीत की यांत्रिक उनकी सीमाओं और संभावनाओं का परीक्षण करना तथा समकालीन समाज के लिए उपयोगी तत्वों को विकसित करना।

इस प्रकार भारतीय ज्ञान प्रणाली को जीवित बौद्धिक विरासत के रूप में देखा जाना चाहिए। इसकी वास्तविक शक्ति केवल इस बात में नहीं है कि पूर्वज क्या जानते थे, बल्कि इस बात में भी है कि उनकी परंपराएँ वर्तमान पीढ़ी को नए प्रश्न पूछने और भविष्य के लिए नए समाधान खोजने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बाशम, ए. एल. द वंडर दैट वाज इंडिया। रूपा प्रकाशन, 2001।
2. चट्टोपाध्याय, देविप्रसाद। हिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन एंशिएंट इंडिया। फर्मा के. एल. एम., 1986।
3. दासगुप्त, सुरेन्द्रनाथ। ए हिस्ट्री ऑफ इंडियन फिलॉसफी। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 1922–1955।
4. कपूर, कपिल। टेक्स्ट एंड इंटरप्रिटेशन: द इंडियन ट्रेडिशन। डी. के. प्रिंटवर्ल्ड, 2005।
5. महादेवन, बी., विनायक राज भट और नागेंद्र पवन आर. एन. इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम: कॉन्सेप्ट्स एंड एप्लीकेशंस। पीएचआई लर्निंग, 2022।
6. मुखर्जी, राधा कुमुद। एंशिएंट इंडियन एजुकेशन: ब्राह्मणिकल एंड बुद्धिस्ट। मोतीलाल बनारसीदास, 1989।
7. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, 2020।
8. राधाकृष्णन, एस. और चार्ल्स ए. मूर, संपादक। ए सोर्स बुक इन इंडियन फिलॉसफी। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस, 1957।
9. शार्फे, हार्टमुट। एजुकेशन इन एंशिएंट इंडिया। ब्रिल, 2002।
10. सिंह, उपिंदर। ए हिस्ट्री ऑफ एंशिएंट एंड अर्ली मेडिवल इंडिया। पियर्सन लॉन्ग्मैन, 2008।
11. थापर, रोमिला। कल्चरल पास्ट्स: एसेज इन अर्ली इंडियन हिस्ट्री। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2000।
12. वुजास्टिक, डोमिनिक। द रूट्स ऑफ आयुर्वेद। पेंगुइन बुक्स, 2003।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्मार्ट सिटी मिशन का स्थानीय आर्थिक विकास पर प्रभाव: उज्जैन शहर के विशेष संदर्भ में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

आभा चौरसिया*

* शोधार्थी, मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत में तीव्र शहरीकरण के परिणामस्वरूप शहरों के समक्ष आधारभूत अवसंरचना, परिवहन, पर्यावरण, सार्वजनिक सेवाओं तथा आर्थिक विकास से संबंधित अनेक चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं। इन चुनौतियों के समाधान हेतु भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य शहरों को प्रौद्योगिकी-सक्षम, नागरिक-केंद्रित, समावेशी एवं सतत विकास के मॉडल के रूप में विकसित करना है। मध्यप्रदेश का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर उज्जैन भी इस मिशन के अंतर्गत चयनित शहरों में शामिल है, जहाँ महाकाल लोक परियोजना, स्मार्ट सड़कें, एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, सार्वजनिक सुविधाओं के उन्नयन, डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा शहरी आधारभूत संरचना के विकास जैसे अनेक कार्य संपादित किए गए हैं। इन पहलों ने न केवल शहर के भौतिक स्वरूप में परिवर्तन किया है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन, व्यापार, सेवा क्षेत्र तथा रोजगार सृजन पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है।प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य उज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन के आर्थिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण करना है। अध्ययन में द्वितीयक स्रोतों के साथ-साथ उज्जैन स्मार्ट सिटी परियोजना से संबंधित उपलब्ध प्राथमिक आँकड़ों का विश्लेषण किया गया है। शोध का मुख्य फोकस स्थानीय व्यापार, पर्यटन, निवेश, रोजगार, आय सृजन तथा शहरी आर्थिक गतिविधियों में आए परिवर्तनों का मूल्यांकन करना है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत विकसित अवसंरचना एवं डिजिटल सेवाओं ने धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित किया, जिसके परिणामस्वरूप होटल, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु उद्यम तथा सेवा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों का विस्तार हुआ। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार, निवेश के अनुकूल वातावरण तथा बेहतर शहरी प्रबंधन ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। यद्यपि स्मार्ट सिटी मिशन ने उज्जैन के आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दिया है, तथापि दीर्घकालिक एवं समावेशी आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय उद्यमिता, कौशल विकास, हरित अवसंरचना, नागरिक सहभागिता तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अधिक प्रोत्साहन प्रदान करना आवश्यक है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि यदि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं, सांस्कृतिक विरासत तथा सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप क्रियान्वित किया जाए, तो वे शहरी आर्थिक विकास के प्रभावी मॉडल के रूप में स्थापित हो सकती हैं।

शब्द कुंजी – स्मार्ट सिटी मिशन, उज्जैन, आर्थिक विकास, शहरी अर्थव्यवस्था, धार्मिक पर्यटन, रोजगार सृजन, आधारभूत अवसंरचना, सतत विकास।

प्रस्तावना – वर्तमान समय में तीव्र शहरीकरण विश्व के अधिकांश देशों के लिए आर्थिक विकास, आधारभूत अवसंरचना, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वर्ष 2050 तक विश्व की लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, जिसके परिणामस्वरूप शहरों में आवास, परिवहन, ऊर्जा, जलापूर्ति, स्वच्छता तथा सार्वजनिक सेवाओं की मांग में निरंतर वृद्धि होगी (संयुक्त राष्ट्र, 2018)। ऐसी परिस्थितियों में पारंपरिक शहरी विकास मॉडल पर्याप्त सिद्ध नहीं हो रहे हैं। इसलिए आधुनिक तकनीक, सुशासन, नागरिक सहभागिता तथा सतत विकास के सिद्धांतों पर आधारित 'स्मार्ट सिटी' की अवधारणा वैश्विक स्तर पर एक प्रभावी समाधान के रूप में विकसित हुई है (वॉशबर्न एवं अन्य, 2010)।स्मार्ट सिटी की अवधारणा केवल सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के उपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शहरों को आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक सक्षम, प्रतिस्पर्धी तथा नागरिक-केंद्रित बनाना है। स्मार्ट सिटी में स्मार्ट शासन, स्मार्ट अर्थव्यवस्था, स्मार्ट परिवहन, स्मार्ट पर्यावरण, स्मार्ट नागरिक तथा स्मार्ट जीवन स्तर जैसे आयामों का समन्वित विकास किया जाता है (गिर्फिंगर एवं अन्य, 2007)। काराग्लियू, डेल बो एवं निकैम्प (2011) के अनुसार स्मार्ट शहर वे हैं, जो मानव पूंजी, सामाजिक पूंजी, तकनीकी नवाचार तथा सहभागी शासन के माध्यम से सतत आर्थिक विकास एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करते हैं।

भारत विश्व के सर्वाधिक तीव्र गति से शहरीकरण करने वाले देशों में से एक है। बढ़ती शहरी आबादी के कारण महानगरों तथा मध्यम आकार के शहरों में आधारभूत सुविधाओं पर दबाव, यातायात जाम, प्रदूषण, जल संकट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा रोजगार जैसी समस्याएँ निरंतर बढ़ रही हैं। इन चुनौतियों के समाधान हेतु भारत सरकार ने वर्ष 2015 मेंस्मार्ट सिटी मिशनप्रारंभ किया, जिसका उद्देश्य चयनित शहरों को आधुनिक, समावेशी, टिकाऊ तथा आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। इस मिशन के अंतर्गत क्षेत्र आधारित विकास (Area Based Development) तथा पैन-सिटी समाधान (Pan City Solution) के माध्यम से आधारभूत संरचना,

डिजिटल प्रशासन, सार्वजनिक सेवाओं, परिवहन व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है (आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, 2015)।स्मार्ट सिटी मिशन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य स्थानीय आर्थिक विकास को गति प्रदान करना भी है। बेहतर सड़क नेटवर्क, डिजिटल अवसंरचना, सार्वजनिक परिवहन, पर्यटन सुविधाओं, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा ई-गवर्नेंस के माध्यम से व्यापार, सेवा क्षेत्र, उद्यमिता तथा रोजगार के नए अवसर विकसित होते हैं। आधुनिक शहरी अवसंरचना निवेश आकर्षित करती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था की उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होती है (ओईसीडी, 2020)। इस प्रकार स्मार्ट सिटी मिशन केवल शहरी सौंदर्यीकरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास एवं सतत शहरी परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। मध्यप्रदेश का प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर उज्जैन भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिंहस्थ महापर्व तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक उज्जैन आते हैं। धार्मिक पर्यटन यहाँ की स्थानीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है, जिससे होटल उद्योग, परिवहन, व्यापार, हस्तशिल्प, लघु उद्यम तथा सेवा क्षेत्र को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होता है। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना, स्मार्ट सड़कें, एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण, स्मार्ट प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली तथा नागरिक सुविधाओं का व्यापक विकास किया गया है। इन विकास कार्यों ने शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पर्यटन, व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान की है।प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य उज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन के आर्थिक विकास पर प्रभाव का विश्लेषण करना है। विशेष रूप से यह अध्ययन स्थानीय व्यापार, पर्यटन, रोजगार, निवेश, आय सृजन तथा शहरी आर्थिक गतिविधियों में हुए परिवर्तनों का मूल्यांकन करता है। यह शोध इस प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास करता है कि क्या स्मार्ट सिटी मिशन ने उज्जैन की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में प्रभावी भूमिका निभाई है। अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष भविष्य में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के अधिक समावेशी, रोजगारोन्मुख एवं सतत क्रियान्वयन हेतु नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं तथा नगर नियोजकों के लिए उपयोगी आधार प्रदान करेंगे।

साहित्य समीक्षा

स्मार्ट सिटी की अवधारणा बीते दो दशकों में शहरी विकास के क्षेत्र में एक महत्तवपूर्ण विषय के रूप में उभरी है। प्रारम्भिक अध्ययनों में इसे सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) आधारित शहरी प्रबंधन तक सीमित माना गया, किन्तु बाद के अध्ययनों में इसे आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता तथा सुशासन के समन्वित मॉडल के रूप में परिभाषित किया गया है। वॉशबर्न एवं अन्य (2010) के अनुसार स्मार्ट सिटी का उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से शहरी सेवाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी तथा नागरिक-केंद्रित बनाना है।गिर्फिंगर एवं अन्य (2007) ने स्मार्ट सिटी के छह प्रमुख आयाम स्मार्ट अर्थव्यवस्था, स्मार्ट शासन, स्मार्ट गतिशीलता, स्मार्ट पर्यावरण, स्मार्ट नागरिक तथा स्मार्ट जीवनकृका उल्लेख किया है। उनके अनुसार इन सभी आयामों का संतुलित विकास ही किसी शहर को वास्तविक अर्थों में स्मार्ट बनाता है। इसी प्रकार काराग्लियू, डेल बो एवं निकैम्प (2011) ने स्मार्ट शहरों को मानव पूंजी, सामाजिक पूंजी तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग पर आधारित विकास मॉडल बताया है। उनके अनुसार स्मार्ट सिटी स्थानीय आर्थिक विकास, निवेश आकर्षण, नवाचार तथा रोजगार सृजन को गति प्रदान करती है।भारतीय संदर्भ में स्मार्ट सिटी मिशन पर अनेक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार द्धारा वर्ष 2015 में प्रारम्भ किए गए स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य चयनित शहरों में आधुनिक आधारभूत संरचना, डिजिटल प्रशासन, नागरिक सेवाओं की गुणवत्ताा तथा स्थानीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करना है (आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, 2015)।आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD, 2020) के अनुसार स्मार्ट शहर स्थानीय उद्यमिता, निवेश तथा उत्पादकता को प्रोत्साहित कर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्तवपूर्ण योगदान देते हैं। उज्जैन स्मार्ट सिटी से संबंधित उपलब्ध अध्ययनों से ज्ञात होता है कि महाकाल लोक परियोजना, स्मार्ट सड़कें, एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, सार्वजनिक स्थलों के पुनर्विकास तथा डिजिटल सेवाओं के विस्तार ने शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया है। इन विकास कार्यों के परिणामस्वरूप धार्मिक पर्यटन, नई गति प्राप्त हुई है। प्रस्तुत शोध-प्रबंध में भी उज्जैन स्मार्ट सिटी परियोजना के आर्थिक प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में व्यापार, पर्यटन, आय स्तर, रोजगार, आर्थिक विकास सूचकांक तथा नागरिकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्मार्ट सिटी मिशन ने उज्जैन के आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दिया है।

अध्ययन के उद्देश्य - प्रस्तुत शोध-पत्र का मुख्य उद्देश्य उज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन के आर्थिक विकास पर प्रभावका विश्लेषण करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निम्नलिखित विशिष्ट उद्देश्यों का निर्धारण किया गया है:

1. उज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत संचालित प्रमुख विकास कार्यों का अध्ययन करना।
2. स्मार्ट सिटी मिशन के परिणामस्वरूप स्थानीय आर्थिक विकास पर पड़े प्रभावों का विश्लेषण करना।
3. स्मार्ट सिटी परियोजना का पर्यटन, व्यापार, सेवा क्षेत्र तथा निवेश गतिविधियों पर प्रभाव का मूल्यांकन करना।
4. स्मार्ट सिटी मिशन के कारण रोजगार सृजन एवं स्थानीय नागरिकों की आय में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करना।
5. उज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन के आर्थिक प्रभावों के आधार पर भविष्य के लिए नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध पद्धति - प्रस्तुत अध्ययन उज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन का आर्थिक विकास पर प्रभावविषय पर आधारित है। अध्ययन में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत किए गए विकास कार्यों के आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। इसके लिए वर्णनात्मक तथा विश्लेषणात्मक शोध अभिकल्प का उपयोग किया गया है। यह शोध प्राथमिक एवं द्धितीयक दोनों प्रकार के आँकड़ों पर आधारित है, जिससे अध्ययन को अधिक वस्तुनिष्ठ एवं विश्वसनीय बनाया जा सके।

अध्ययन क्षेत्र - अध्ययन क्षेत्र के रूप में मध्यप्रदेश के उज्जैन नगर का चयन किया गया है। उज्जैन भारत के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरों में से एक है तथा भगवान श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिंहस्थ महापर्व एवं धार्मिक पर्यटन के कारण इसकी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान है। भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत उज्जैन को वर्ष 2016 में चयनित किया गया, जिसके पश्चात शहर में आधारभूत अवसंरचना, स्मार्ट परिवहन,

डिजिटल प्रशासन, सार्वजनिक सुविधाओं तथा पर्यटन विकास से संबंधित अनेक परियोजनाएँ संचालित की गईं।

आँकड़ों के स्रोत – अध्ययन मेंप्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आँकड़ोंका उपयोग किया गया है। प्राथमिक आँकड़ों का संकलन संरचित प्रश्नावली एवं प्रत्यक्ष साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। अध्ययन में स्थानीय व्यापारी, होटल व्यवसायी, सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति, पर्यटक तथा सामान्य नागरिकों को उत्तरदाता के रूप में सम्मिलित किया गया। द्वितीयक आँकड़े स्मार्ट सिटी मिशन के आधिकारिक दस्तावेजों, उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्टों, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रकाशनों, शोध-पत्रों, पुस्तकों तथा शोध-प्रबंधों से संकलित किए गए। इसके अतिरिक्त प्रस्तुत शोध-प्रबंध में उपलब्ध आँकड़ों एवं विश्लेषण का भी उपयोग किया गया है।

प्रतिदर्श चयन – प्रस्तुत अध्ययन मेंकुल 200 उत्तरदाताओंको प्रतिदर्श (Sample) के रूप में चयनित किया गया। उत्तरदाताओं का चयनस्तरीकृत एवं उद्देश्यपूर्ण नमूना पद्धति (Stratified-cum-Purposive Sampling Method) के आधार पर किया गया। इस पद्धति का चयन इसलिए किया गया क्योंकि अध्ययन का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों से जानकारी प्राप्त करना था, जो स्मार्ट सिटी मिशन के आर्थिक प्रभावों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष अनुभव रखते हों। प्रतिदर्श चयन के प्रथम चरण में उज्जैन नगर के उन क्षेत्रों का चयन किया गया जहाँ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रमुख विकास कार्य किए गए हैं। इनमें महाकाल महालोक परिसर, रुद्रसागर क्षेत्र, प्रमुख बाजार एवं व्यापारिक क्षेत्र, पर्यटन स्थल तथा परिवहन सेवाओं से जुड़े क्षेत्रशामिल किए गए। इन क्षेत्रों का चयन इस आधार पर किया गया कि यहाँ स्मार्ट सिटी परियोजना के कारण आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन एवं व्यापार में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। द्वितीय चरण में चयनित क्षेत्रों से विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक वर्गों के उत्तरदाताओं को सम्मिलित किया गया, ताकि अध्ययन में सभी प्रमुख हितधारकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। प्रतिदर्श में स्थानीय व्यापारी, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक, परिवहन व्यवसायी (ऑटो, ई-रिक्शा एवं टैक्सी चालक), पर्यटन एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति तथा स्थानीय नागरिकों को शामिल किया गया। इससे परियोजना के आर्थिक प्रभावों का बहुआयामी विश्लेषण संभव हुआ।

पर्यटन एवं स्थानीय व्यापार पर प्रभाव – पर्यटन एवं स्थानीय व्यापार पर प्रभाव के सम्बन्ध में 200 उत्तरदाताओं से प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 75.0प्रतिशत उत्तरदाताओंका मत है कि स्मार्ट सिटी मिशन एवं महाकाल महालोक परियोजना के क्रियान्वयन के पश्चात पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे स्थानीय छोटे व्यापारों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ। वहीं 15.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आंशिक लाभ होने की बात कही, जबकि 10.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने किसी विशेष लाभ से असहमति व्यक्त की। यह परिणाम स्पष्ट करता है कि स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत विकसित आधारभूत संरचना, बेहतर यातायात व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार तथा धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों में सकारात्मक परिवर्तन आया। विशेष रूप से प्रसाद, फूल-माला, धार्मिक सामग्री, होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन तथा हस्तशिल्प से जुड़े व्यवसायों में मांग बढ़ी, जिससे व्यापारियों की आय एवं आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हुई।

अवलोकन के दौरान महाकाल महालोक, हरसिद्धि मार्ग, रुद्रसागर क्षेत्र एवं मंदिर के आसपास स्थित बाजारों में पर्यटकों की संख्या तथा व्यापारिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था अधिक सक्रिय एवं गतिशील प्रतीत हुई। समूह चर्चा में अधिकांश व्यापारियों, होटल संचालकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि महाकाल महालोक परियोजना के बाद ग्राहकों की संख्या, व्यापारिक आय एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है, यद्यपि कुछ प्रतिभागियों के अनुसार इसका लाभ मुख्यत: प्रमुख बाजारों एवं मंदिर परिसर के आसपास स्थित व्यवसायों को अपेक्षाकृत अधिक प्राप्त हुआ।

रोजगार सृजन पर प्रभाव– रोजगार सृजन पर प्रभाव के सन्दर्भ में प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 60 प्रतिशत उत्तरदाताओंने पर्यटन आधारित रोजगार वृद्धि के प्रभाव को 'अत्यंत सकारात्मक', 25 प्रतिशत ने 'सकारात्मक', 10 प्रतिशतने 'सामान्य' तथा केवल 5 प्रतिशतने 'नकारात्मक' बताया। इससे स्पष्ट होता है कि स्मार्ट सिटी मिशन एवं महाकाल महालोक परियोजना के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार अवसरों में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, पर्यटन सेवाओं, धार्मिक सामग्री, प्रसाद, हस्तशिल्प एवं अन्य सेवा क्षेत्रों में नए रोजगार के अवसर विकसित हुए, जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को गति मिली। अवलोकन के दौरान यह पाया गया कि महाकाल महालोक एवं आसपास के क्षेत्रों में होटल, भोजनालय, ई-रिक्शा, टैक्सी सेवाओं तथा अस्थायी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या पूर्व की तुलना में अधिक दिखाई दी, जिससे रोजगार गतिविधियों में वृद्धि का संकेत मिलता है। समूह चर्चा में होटल संचालकों, ई-रिक्शा चालकों, स्थानीय व्यापारियों एवं युवाओं ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के बाद पर्यटन में वृद्धि से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं तथा विशेष रूप से युवाओं को सेवा एवं पर्यटन क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है।

रोजगार सृजन पर प्रभाव– रोजगार सृजन पर प्रभावसे प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 60.0प्रतिशत उत्तरदाताओंने पर्यटन आधारित रोजगार वृद्धि के प्रभाव को 'अत्यंत सकारात्मक', 25.0प्रतिशतने 'सकारात्मक', 10.0प्रतिशतने 'सामान्य' तथा केवल 5 प्रतिशतने 'नकारात्मक' बताया। इससे स्पष्ट होता है कि स्मार्ट सिटी मिशन एवं महाकाल महालोक परियोजना के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगार अवसरों में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, पर्यटन सेवाओं, धार्मिक सामग्री, प्रसाद, हस्तशिल्प एवं अन्य सेवा क्षेत्रों में नए रोजगार के अवसर विकसित हुए, जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को गति मिली।अवलोकन अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि महाकाल महालोक एवं आसपास के क्षेत्रों में होटल, भोजनालय, ई-रिक्शा, टैक्सी सेवाओं तथा अस्थायी व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या पूर्व की तुलना में अधिक दिखाई दी, जिससे रोजगार गतिविधियों में वृद्धि का संकेत मिलता है।समूह चर्चा में होटल संचालकों, ई-रिक्शा चालकों, स्थानीय व्यापारियों एवं युवाओं ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के बाद पर्यटन में वृद्धि से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं तथा विशेष रूप से युवाओं को सेवा एवं पर्यटन क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है।

निवेश एवं नए व्यवसायों पर प्रभाव– निवेश एवं नए व्यवसायों पर प्रभाव से प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 61.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उज्जैन में नए निवेश की स्थिति को उच्च, 36.0 प्रतिशत ने

मध्यम तथा केवल 3.0 प्रतिशत ने निम्न स्तर का माना। इसी प्रकार 66.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत था कि स्मार्ट सिटी मिशन के क्रियान्वयन के बाद नए व्यवसायों एवं स्टार्टअप की संख्या में वृद्धि हुई है, जबकि 19.0 प्रतिशत ने इससे असहमति व्यक्त की तथा 15.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस विषय में स्पष्ट जानकारी न होने की बात कही। इन निष्कर्षों से स्पष्ट होता है कि बेहतर आधारभूत अवसंरचना, धार्मिक पर्यटन में वृद्धि, डिजिटल सुविधाओं तथा निवेश-अनुकूल वातावरण के कारण स्थानीय उद्यमिता एवं व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है।अवलोकन के दौरान महाकाल महालोक, हरसिद्धि मार्ग एवं प्रमुख बाजारों के आसपास नए होटल, भोजनालय, कैफे, प्रसाद एवं धार्मिक सामग्री की दुकानें, ट्रैवल एजेंसियाँ तथा ई-रिक्शा सेवाओं में वृद्धि देखी गई, जो स्थानीय निवेश एवं उद्यमिता के विस्तार का संकेत देती है।समूह चर्चा में व्यापारियों, होटल संचालकों एवं स्थानीय उद्यमियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के बाद पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण नए व्यापार प्रारम्भ करने के अवसर बढ़े हैं तथा निजी निवेश में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, यद्यपि कुछ प्रतिभागियों ने छोटे व्यापारियों के लिए वित्तीय सहायता एवं विपणन सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई।

आय स्तर पर प्रभाव- आय स्तर पर प्रभाव से प्राप्त आँकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि कि72.0प्रतिशत उत्तरदाताओंने माना कि पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि के कारण उनकी आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जबकि 15.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आंशिक प्रभाव तथा 13.0प्रतिशत उत्तरदाताओं ने किसी विशेष प्रभाव से असहमति व्यक्त की। यह परिणाम दर्शाता है कि स्मार्ट सिटी मिशन एवं महाकाल महालोक परियोजना के फलस्वरूप धार्मिक पर्यटन में वृद्धि ने स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन, प्रसाद, फूल-माला एवं अन्य सेवा क्षेत्रों से जुड़े लोगों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। हालांकि कुछ ऐसे व्यवसाय, जो प्रत्यक्ष रूप से पर्यटन गतिविधियों से जुड़े नहीं थे, उनमें आय वृद्धि का प्रभाव अपेक्षाकृत कम पाया गया।अवलोकन के दौरान यह देखा गया कि महाकाल महालोक एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों की संख्या में वृद्धि होने से स्थानीय व्यापारियों, होटल संचालकों तथा परिवहन सेवाओं से जुड़े व्यक्तियों की आय में सकारात्मक परिवर्तन परिलक्षित हुआ।समूह चर्चा में अधिकांश व्यापारियों, होटल संचालकों, ई-रिक्शा चालकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि महाकाल महालोक परियोजना के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ने से उनकी दैनिक एवं मासिक आय में वृद्धि हुई है, जबकि कुछ प्रतिभागियों ने यह भी बताया कि यह लाभ मुख्यत: पर्यटन एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यवसायों तक अधिक सीमित रहा।

निवेश एवं नए व्यवसायों पर प्रभाव- निवेश एवं नए व्यवसायों पर प्रभाव विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 61.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उज्जैन में नए निवेश की स्थिति कोउच्च, 36.0 प्रतिशत ने मध्यम तथा केवल 3.0 प्रतिशत ने निम्न स्तर का माना। इसी प्रकार 66.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत था कि स्मार्ट सिटी मिशन के क्रियान्वयन के बाद नए व्यवसायों एवं स्टार्टअप की संख्या में वृद्धि हुई है, जबकि 19.0 प्रतिशतने इससे असहमति व्यक्त की तथा 15.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस विषय में स्पष्ट जानकारी न होने की बात कही। इन निष्कर्षों से स्पष्ट होता है कि बेहतर आधारभूत अवसंरचना, धार्मिक पर्यटन में वृद्धि, डिजिटल सुविधाओं तथा निवेश-अनुकूल वातावरण के कारण स्थानीय उद्यमिता एवं व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है।अवलोकन के दौरान महाकाल महालोक, हरसिद्धि मार्ग एवं प्रमुख बाजारों के आसपास नए होटल, भोजनालय, कैफे, प्रसाद एवं धार्मिक सामग्री की दुकानें, ट्रैवल एजेंसियाँ तथा ई-रिक्शा सेवाओं में वृद्धि देखी गई, जो स्थानीय निवेश एवं उद्यमिता के विस्तार का संकेत देती है।समूह चर्चा में व्यापारियों, होटल संचालकों एवं स्थानीय उद्यमियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के बाद पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण नए व्यापार प्रारम्भ करने के अवसर बढ़े हैं तथा निजी निवेश में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, यद्यपि कुछ प्रतिभागियों ने छोटे व्यापारियों के लिए वित्तीय सहायता एवं विपणन सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई।

निष्कर्ष - स्मार्ट सिटी मिशन ने उज्जैन की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर समग्र रूप से सकारात्मक प्रभाव डाला है। अध्ययन के निष्कर्षों से ज्ञात हुआ कि परियोजना के परिणामस्वरूप धार्मिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग, परिवहन, सेवा क्षेत्र तथा लघु उद्यमों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ। अधिकांश उत्तरदाताओं ने माना कि पर्यटन में वृद्धि के कारण व्यापारिक गतिविधियाँ, आय के अवसर तथा रोजगार सृजन में वृद्धि हुई है।अध्ययन में यह भी पाया गया कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत विकसित आधारभूत अवसंरचना, बेहतर सड़क नेटवर्क, डिजिटल सेवाएँ, सार्वजनिक सुविधाएँ तथा महाकाल महालोक परियोजना ने उज्जैन को एक अधिक आकर्षक धार्मिक एवं पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय निवेश में वृद्धि हुई तथा नए व्यवसायों एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन मिला। आर्थिक विकास सूचकांक का मान 80.17 प्राप्त होना इस तथ्य की पुष्टि करता है कि अध्ययन क्षेत्र में आर्थिक विकास का स्तर उच्च श्रेणी का है।

यद्यपि अध्ययन में स्मार्ट सिटी मिशन के अधिकांश प्रभाव सकारात्मक पाए गए, तथापि यह भी स्पष्ट हुआ कि परियोजना के लाभ सभी सामाजिक एवं आर्थिक वर्गों में समान रूप से वितरित नहीं हुए। मंदिर परिसर एवं प्रमुख पर्यटन मार्गों से जुड़े व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं को अपेक्षाकृत अधिक लाभ प्राप्त हुआ, जबकि आंतरिक क्षेत्रों के कुछ व्यवसायों पर इसका प्रभाव सीमित रहा। इसलिए भविष्य में स्मार्ट सिटी योजनाओं के अंतर्गत समावेशी आर्थिक विकास, स्थानीय उद्यमिता, कौशल विकास, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के संवर्धन तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता पर विशेष बल दिया जाना आवश्यक है।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है किउज्जैन स्मार्ट सिटी मिशन ने धार्मिक पर्यटन को आर्थिक विकास के प्रभावी माध्यम में परिवर्तित करते हुए स्थानीय व्यापार, रोजगार, आय एवं निवेश को सुदृढ़ किया है।यदि भविष्य में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय आवश्यकताओं, सांस्कृतिक विरासत तथा सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप किया जाए, तो यह मॉडल अन्य धार्मिक एवं पर्यटन-प्रधान शहरों के लिए भी आर्थिक विकास का एक प्रभावी एवं अनुकरणीय मॉडल सिद्ध हो सकता है।

सुझाव :

1. **पर्यटन का विकेंद्रीकरण -** महाकाल महालोक एवं मंदिर परिसर के अतिरिक्त कालभैरव, सांदीपनि आश्रम, मंगलनाथ, चिंतामण गणेश तथा अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का समग्र विकास किया जाए, ताकि पर्यटकों का प्रवाह पूरे शहर में समान रूप से वितरित हो

तथा स्थानीय व्यापारियों को व्यापक आर्थिक लाभ प्राप्त हो।

2. **स्थानीय लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहन –** स्थानीय व्यापारियों, हस्तशिल्पियों एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आसान ऋण, विपणन सहायता तथा डिजिटल भुगतान की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।
3. **युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएँ–** पर्यटन, होटल प्रबंधन, गाइड सेवा, डिजिटल मार्केटिंग तथा आतिथ्य क्षेत्र में नियमित प्रशिक्षण देकर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ।
4. **स्थानीय नागरिकों की सहभागिता बढ़ाई जाए–** स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की योजना एवं क्रियान्वयन में व्यापारिक संगठनों, नागरिक समूहों एवं सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे योजनाएँ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप हों।
5. **डिजिटल पर्यटन सेवाओं का विस्तार किया जाए–** पर्यटकों के लिए मोबाइल एप, बहुभाषीय सूचना प्रणाली, स्मार्ट पार्किंग, ऑनलाइन टिकटिंग तथा डिजिटल गाइड जैसी सुविधाओं का विकास किया जाए, जिससे पर्यटन अनुभव अधिक सुविधाजनक एवं प्रभावी बन सके।
6. महिला एवं युवा उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए।
7. स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प के विपणन हेतु स्थायी बाजार विकसित किए जाएँ, जिससे धार्मिक पर्यटन का लाभ स्थानीय कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों तक पहुँच सके।
8. स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का नियमित मूल्यांकन किया जाए, ताकि योजनाओं की प्रभावशीलता का आकलन कर आवश्यक सुधार समय पर किए जा सकें।
9. हरित एवं सतत शहरी विकास को प्राथमिकता दी जाए।स्वच्छता, हरित क्षेत्र, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण तथा पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को स्मार्ट सिटी विकास का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय. (2015). स्मार्ट सिटी मिशन: मिशन वक्तव्य एवं दिशा–निर्देश. भारत सरकार।
2. काराग्लियू, ए., डेल बो, सी., एवं निकैम्प, पी. (2011). स्मार्ट सिटीज इन यूरोप.जर्नल ऑफ अर्बन टेक्नोलॉजी, 18(2), 65–82.
3. गिर्फिंगर, आर., फर्टनर, सी., क्रामर, एच., कालासेक, आर., पिचलर–मिलानोविच, एन., एवं मीजर्स, ई. (2007). स्मार्ट सिटीज: रैंकिंग ऑफ यूरोपियन मीडियम–साइज्ड सिटीज. वियना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय।
4. आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD). (2020). स्मार्ट सिटीज एंड इन्क्लूसिव ग्रोथ: बिल्डिंग सस्टेनेबिलिटी. OECD पब्लिशिंग।
5. संयुक्त राष्ट्र. (2018). विश्व शहरीकरण संभावनाएँ: 2018 संशोधित संस्करण. संयुक्त राष्ट्र।
6. वॉशबर्न, डी., सिंधु, यू., बालौरास, एस., डाइन्स, आर., हेज, एन., एवं नेल्सन, एल. ई. (2010). स्मार्ट सिटी पहलों को समझना. फॉरेस्टर रिसर्च।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Forest Resource Utilization and Economic Development in Bilaspur Division, Chhattisgarh: A Geographical Analysis

Supriyo Haldar* **Dr. Ratnesh Kumar Khanna****

*Research Scholar (Geography) Dr. C. V. Raman University, Bilaspur (CG) INDIA
** Assistant Professor (Geography) Dr. C. V. Raman University, Bilaspur (CG) INDIA

Abstract: Forest resources constitute a major component of the natural-resource base of Chhattisgarh and have an important role in rural livelihoods, employment generation and local economic development. This paper examines the utilization of forest resources and their contribution to household economic development in Bilaspur Division, Chhattisgarh, from a geographical perspective. The paper is based on the framework of a Ph.D. study that combines secondary information with household-level primary data. The study considers the six districts forming the relevant 2020 administrative framework of Bilaspur Division—Bilaspur, Mungeli, Janjgir-Champa, Korba, Raigarh and Gaurela-Pendra-Marwahi—and investigates differences in forest dependence, non-timber forest product (NTFP) collection, forest-based employment, household income, market access and livelihood diversification. The analysis shows that forest resources should be understood not simply as ecological assets but as productive assets within rural economies. Their economic significance is expressed through direct consumption, sale of NTFPs, seasonal employment, supplementary income and risk reduction during periods of agricultural uncertainty. At the same time, economic returns vary spatially according to resource availability, accessibility, market connectivity, household characteristics and institutional support. The paper argues that sustainable forest-based economic development requires value addition, better market access, improved storage and processing, community participation, women's involvement and effective implementation of government programmes. The geographical approach adopted in the study helps connect forest-resource availability with uneven livelihood opportunities across the study region.
Keywords: Forest resources; forest utilization; NTFPs; rural economy; household income; employment; livelihood diversification; Bilaspur Division; Chhattisgarh; geographical analysis.

Introduction - Forests perform multiple ecological, economic and social functions. In rural regions, their importance extends beyond timber and includes fuelwood, fodder, fruits, fibres, medicinal plants, bamboo, lac, tendu leaves, gums, resins, honey and other NTFPs. These resources contribute to household consumption and provide opportunities for cash income and employment. The thesis on which this paper is based identifies forest resources as a significant part of the natural-resource base supporting ecological stability, livelihoods and regional economic development. It also emphasizes that the intensity of forest utilization differs with physical conditions, resource availability, accessibility, population pressure, market demand and livelihood systems.

Bilaspur Division provides an appropriate geographical setting for studying these relationships because the region contains considerable variation in forest distribution, rural settlement, occupations, market accessibility and dependence on natural resources. The research framework uses the administrative structure applicable when the Ph.D. research was registered in 2020, covering six districts: Bilaspur, Mungeli, Janjgir-Champa, Korba, Raigarh and Gaurela-Pendra-Marwahi. The thesis methodology specifies one forest-related block from each district and one forest-related or forest-fringe village from each selected block, with a planned primary sample of 600 rural households, or 100 households per selected village.

Economic development in forest-dependent areas is multidimensional. Forest products may generate income directly, but their contribution also appears through reduced expenditure on purchased fuel and food, seasonal employment, household consumption, livelihood diversification and risk management. The economic value of forests is therefore partly visible in markets and partly embedded in household subsistence. A geographical analysis is especially useful because the same forest product may have different economic importance in different villages depending on distance, transport, market conditions

and household dependence.

Objectives:

1. To examine the pattern and present status of forest-resource utilization in the study area.
2. To assess the contribution of forest resources to household income and employment.
3. To examine the relationship between forest utilization, NTFP collection and economic development.
4. To identify spatial variations in forest-based economic opportunities and constraints.
5. To suggest measures for sustainable and inclusive forest-based economic development.

Methodology: The research adopts an integrated geographical methodology. Secondary information is used to understand the regional framework, forest distribution, demographic conditions and broader economic context. Primary household information is designed to capture the actual use of forest resources, collection frequency, purposes of use, quantities, forest-derived income, employment, marketing practices and livelihood dependence. The thesis states that the principal instrument is a structured household questionnaire, supported by a field-observation schedule. The questionnaire also records perceptions concerning changes in forest-resource availability and government programmes.

The household-level variables include forest-collection frequency, annual collection days, forest-product output, annual forest income, the share of forest income in total household income, forest-based employment, landholding, occupation, market accessibility and livelihood diversification. The research also uses coding and index-based approaches for forest utilization and socio-economic indicators. The prepared research schedule classifies utilization into low, medium and high categories and includes a five-point scale for forest-management and government-policy perceptions.

For analysis, information can be presented through percentages, averages, rankings, composite indices, correlation and association tests. The thesis framework also proposes statistical examination of relationships between forest utilization and forest-cover status, household income, forest-product output, and government policy support and forest management. Such analysis is useful for determining whether observed differences represent systematic spatial relationships rather than isolated household experiences.

Forest Resources as Economic Assets: The economic contribution of forests can be understood through four linked channels: subsistence, income, employment and livelihood security. First, households use forest products directly for fuel, fodder, food and medicinal purposes. Such consumption has an implicit economic value because it substitutes for market purchases. Second, households sell NTFPs and other forest products, generating cash income. Third, forest collection, processing, transport and marketing create employment. Fourth, forest resources provide a buffer during agricultural lean periods and reduce dependence on a single livelihood source.

The thesis literature review identifies a major research gap in studies that examine these dimensions separately. It notes that comparatively less research integrates forest condition, household income, employment, value addition, ecosystem services, market access, management practices and government policy within a single geographical framework. It also highlights that forest-based economic benefits are influenced by institutions, procurement arrangements, cooperatives, local processing and market conditions.

This integrated perspective is important for Bilaspur Division because economic benefits cannot be explained by resource availability alone. A village with abundant forest resources may receive lower economic returns if roads are poor, markets are distant, storage is absent or collectors have weak bargaining power. Conversely, relatively accessible villages may obtain greater returns through frequent collection, better market connections and value addition. Thus, spatial accessibility acts as a bridge between ecological assets and household economic outcomes.

Forest Utilization, NTFPs and Household Income: NTFPs are particularly significant for vulnerable rural households because they can be collected with relatively limited financial investment and often provide seasonal employment. Products such as tendu leaves, mahua, tamarind, bamboo, medicinal plants, honey and lac may be consumed, exchanged or sold. The economic importance of a product depends on quantity, seasonality, market price, processing requirements and the proportion retained for household use.

Forest income should not be interpreted only as a single annual monetary value. It may be distributed across several months and may fluctuate with rainfall, resource availability and market prices. Consequently, the timing of income can be as important as its total amount. Seasonal forest income can help households meet food, education, health and agricultural expenses when farm income is unavailable. This makes forest resources an important element of livelihood resilience.

The thesis framework records annual forest-derived income and its share in total household income, along with employment generated by forest activity. This permits classification of households according to the degree of forest dependence. The prepared coding schedule also includes forest-product output and forest income as distinct analytical variables.

Market Access and Value Addition: The economic value realized by forest collectors depends strongly on the marketing system. Direct sale to consumers, cooperative procurement or government-supported collection centres may offer different returns from sale through local traders. Problems such as low prices, middlemen, lack of storage, inadequate transport, limited processing facilities and weak

market information can reduce the share of final value received by primary collectors.

Value addition offers an important pathway for improving forest-based economic development. Cleaning, grading, drying, packaging, processing and local manufacturing can transform low-value raw materials into higher-value products. Such activities can also generate local employment, especially for women and self-help groups. However, value addition requires skills, equipment, credit, market information and institutional support. Therefore, policies should move beyond collection and focus on complete value chains.

Forest Employment and Livelihood Diversification: Forest activities generate direct and indirect employment. Collection is often undertaken by household members, while transport, sorting, processing, storage and marketing create additional work. In areas where agricultural employment is seasonal, forest activities may reduce periods of unemployment. The thesis framework explicitly records forest-based employment and asks whether forest collection provides off-season employment and reduces migration. These variables are important because the economic contribution of forests cannot be captured adequately through income alone.

Livelihood diversification is another important outcome. Households may combine agriculture, wage labour, livestock, forest collection, small trade and services. Forest income can function as a complementary source rather than replacing agriculture. Diversification may reduce vulnerability to crop failure, fluctuating agricultural prices and seasonal unemployment. In this sense, sustainable forest utilization contributes to economic resilience.

Spatial Dimension: Forest distribution is spatially uneven because it reflects variations in relief, climate, rainfall, soil, drainage, geological conditions and human intervention. Accessibility and land-use change further influence forest concentration and fragmentation. The thesis emphasizes that geographical analysis can identify areas of high, moderate and low forest concentration and explain spatial differences in livelihood opportunities.

मध्ययुगीन शिक्षा पद्धति में विषय को कठंस्थ कराया जाता था। ज्ञान के विस्तार पर जोर नही दियाजाता था। अंग्रेजी शासन काल में ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार के समयवारेन हेस्टिंग्स ने 1781 ई.में कलकत्ता के मुसलमानों को सन्तुष्ट करने के लिए एक मदरसा स्थापित किया था। विलियम जॉन्सेन 1784 में परंपरागत भारतीय विधाओं के पुनरूत्थान के उद्देश्य से एशियाटिक सोसाइटी ऑफ–बंगाल की स्थापना की, इसके पश्चात 1792 में वाराणसी के रेजीडेन्ट जोनथन डंकन ने एक संस्कृत कॉलेज की स्थापना की जिसका उद्देश्यथा– हिंदुओं में लोकप्रियता प्राप्त करना और यूरोपीयन्यायाधीशों की सहायता के लिए हिंदू विधि के पंडित तैयार करना था। 1800 ई. में लॉर्ड वेलेजली ने कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किया था, जिसका उद्देश्य कंपनी के युवा कर्मचारियों को हिंदू और मुस्लिम विधि, अरबी, फारसी, संस्कृत आदि भाषाओं व भारतीयइतिहास एवं संस्कृति की शिक्षा देना था, इसने बंगाल साहित्यके विकास व प्रचार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश के पूर्णत: निरक्षर लोगों को शिक्षा देने के लिए इसाई मिशनरियों ने भी प्रयास किया है। व्यावसायिकविद्यालयभी भारत में 1803 ई तक मिशनरियों का योगदान कुछ नही था, क्योंकि ईस्ट इंडिया कंपनी अपने साम्राज्यको सुदृढ करने के लिए धार्मिक तटस्थता की नीति को महत्व दे रही थी। स्थानीयभाषा में शब्दकोश तैयार और पाठ्य पुस्तकें भी प्रचलित सभ्यता और संस्कृति की किताबें लिखी। बाइबल का अनुवाद

स्थानीयभाषा में किया गया। चार्टर एक्ट 1813 के द्वारा मिशनरियों नें भारत में धर्म- प्रचार तथा शिक्षण कार्य करने की स्वतंत्रता दे दी गयी। 1833 में अंग्रेजी माध्यम से भारत में 1854 ई तकशिक्षा के प्रसार में काफी योगदान दिया । बंगाल एवं पंजाब 1816 में एक एसोसिएशन बनायी गई जिसमें राजाराम मोहन राय, डेविड हेयर एडवर्ड हाइड ईस्ट प्रमुख रूप से यूरोपीयशिक्षा और विज्ञान के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के प्रयास किया और 11, 179 रू एकत्रित कर 20 जनवरी 1817 में हिंदू कॉलेज की स्थापना की किसका उद्देश्य था, भद्र हिंदू परिवार के लड़कों को अंग्रेजी और भारतीयभाषाओं में यूरोपी एशिया के साहित्यविज्ञान कीशिक्षा देनाथा।

समाजशास्त्री शिक्षा को एक सामाजिक संस्था के रूप में अध्ययन करते है अर्थात समाजशास्त्री शिक्षा को सामाजिक संदर्भ में रखकर उस के विविध पक्षों या प्रसंगो का शोध परक अध्ययन करते हैं। अमेरिका और इंग्लैण्ड आदि देश के समाजशास्त्रियों एवं शिक्षाशास्त्रियों द्वारा 70-80 दशक से शिक्षा से संबंधित अनेक पक्षों का शोधात्मक अध्ययन किया जा रहा है। भारत में भी समाजशास्त्रीय, मानवशास्त्रीय एवं नृतत्वशास्त्रियों द्वारा शिक्षा की प्रक्रिया (पद्धति) को 70-75 वर्षों से समझने का प्रयास किया जा रहा है। चूँकि भारत में औपचारिक रूप से सम्पूर्ण भारतवासियों को सही अर्थ में शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार आजादी के बाद संविधान सम्मत समानता के अधिकारार्गत प्राप्त हुआ है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा लिखित अनुसूची में अंकित जातियाँ ही अनुसूचित जाति की श्रेणी में आती है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जाति की जनसंख्या देश की कुल आबादी की 16.6! थी। संविधान निर्माण के समय1950 में 28 राज्यों की 1, 108 जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया गया था। देश की हजारों जातियाँ शूद्र कहलाती थी, जिन्हें भारतीयवैदिक शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार नहीं था। भारत में अंग्रेजों के आने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता देखने को मिलता है।

वर्तमान भारतीयशिक्षा व्यवस्था पर पश्चिमीकरण एवं आधुनिकीकरण का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। समाजशास्त्री एम. एन. श्रीनिवास के अनुसार पश्चिमीकरण एक तटस्थ अवधारणा है, इसमें भले बुरे की भावना अनिवार्य रूप से निहित नहीं है। पश्चिमीकरण एवं आधुनिकीकरण के मूल्यों में समानता, न्याय, स्वाधीनता, भौतिक जीवन की यर्थाथता, वैज्ञानिकता, व्यक्तिगत अधिकार, व्यवहारिकता, नवीनता तथा पुरानी परंपराओं के प्रति निरादर की भाव सम्मिलित रहा है, जिसके निर्माण में फ्रांस और अमेरिका की राज्य-क्रांतियों, अनेक राजनैतिक व सामाजिक-आर्थिक विचारधाराएँ, विभिन्न दर्शनशास्त्रियों व लेखकों का चिंतन तथा पश्चिमी देशों द्वारा औद्योगीकरण व उपनिवेशवाद के फलस्वरूप प्राप्त की गई आर्थिक समृद्धि रही है। भारत में जब भी पश्चिमीकरण की बात की जाती है तो प्राय: अंग्रेजों द्वारा डाले गए प्रभावों को ही याद किया जाता है, लेकिन वास्तव में भारत में पश्चिमीकरण के कई प्रारूप प्रकार रहे हैं - जैसे ब्रिटिश पश्चिमीकरण, पुर्तगाली पश्चिमीकरण, अमेरिकी पश्चिमीकरण आदि, जिनका भारत की शिक्षित पद्धति पर बहुत प्रभाव पड़ा है। समाजशास्त्री ए. के. सरन के अनुसार पश्चिमीकरण राजनैतिक शासकों अथवा आक्रमकों (विशेष रूप से ब्रिटिश) का प्रभाव या पर-संस्कृतिकरण था। लॉर्ड मैकाले की शिक्षानीति के प्रस्ताव के पीछे उनकी शासकीयभावना थी, जिनके द्वारा अपने काम-काज को सुव्यवस्थित रूप से अंग्रेजी भाषा में बाबुओं के द्वारा कराया जा सके। उल्लेखनीयतथ्ययह है कि उनकी इस शिक्षा नीति में जात-पात, ऊँच-नीच जैसी भारतीयपरम्पराएँ निहित नहीं थी। देश के कोई भी व्यक्ति शिक्षित होकर कोई भी व्यक्ति बाबू बन सकता था। वर्तमान भारतीय शिक्षा पद्धति में आजादी के बाद कोई विशेष आमूल-चूल परिवर्तन नहीं किया गया। भारतीय जीवन शैली पर पश्चिमीकरण और आधुनिकता का गहरा प्रभाव देखने को मिलता है। राजा राममोहन रायएवं केशव चन्द्र सेन आदि समाज सुधारकों ने पश्चिमीकरण को भारत के लिए उपयोगी बताया था और पश्चिमी एवं पूर्वी मूल्यों के मध्य उचित सामंजस्य पर बल दिए जाने की पैरवी किये थे। यद्यपि दयानंद सरस्वती एवं विवेकानन्द आदि ने पश्चिमीकरण के प्रभावों के विरोध में आवाज उठाया था, इसके बाद भी भारतीय संस्कृति और शासकीयकाम-काज पर पश्चिमीकरण के प्रभावों को आत्मसात कर लिया गया है। अंग्रेजों और अमेरिकियों के सम्पर्क के फलस्वरूप भारतीयशिक्षा पद्धति के उद्देश्यों, अध्ययन पद्धतियों, पाठ्यक्रमों, पुस्तकों तथा शिक्षा संस्थाओं के संगठनों के रूप इंग्लैण्ड व अमेरिका के विश्वविद्यालयों से ही बहुत अधिक प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी शिक्षा विशेषज्ञ बर्नाड ब्लूम को भारतीयपरीक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का श्रेयदिया जाता है। क्रिया अनुसंधान द्वारा शिक्षण संस्थानों में स्वयं-मूल्यांकन तथा स्वयं सुधार की प्रवृत्तियों को जागृत करने में अमेरिकी शिक्षा शास्त्री स्टीफन एम. कोरी व अमेरिकी डी. सी. एम. संस्था का बहुत योगदान रहा है। योजना विधि, मोन्टेसरी विधि, किंडर गार्डन पद्धति, सेमिनार पद्धति, वर्कशॉप पद्धति आदि का भारतीयशिक्षा में प्रवेश पश्चिमीकरण की प्रक्रिया के अन्तर्गत ही हुआ है। आधुनिक समाज में वैज्ञानिक आधारों वाली प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) तथा जटिल नौकरशाही की व्यवस्था से संचालित होने वाले कई बड़े-बड़े द्वितीयक संगठन आधुनिकीकरण के अनुसार संचालित हो रहे हैं। उल्लेखनीयतथ्ययह है कि भारतीयअनुसूचित जाति के समग्र विकास भारतीयपरम्परागत शिक्षा विषयक ज्ञान परम्परानुसार सम्भव नहीं था, लेकिन पश्चिमीकरण एवं आधुनिकीकरण के प्रभावों के कारण भारतीयसमाज में व्याप्त जड़वत ऊँच-नीच, अस्पृश्यता पूर्ण व्यवहार, प्रतिबंधात्मक निरयोग्ताओं का उन्मूलन हुआ है और आजादी के बाद शनै:-शनै: अनुसूचित जाति का समग्र विकास की प्रक्रिया संविधान सम्मत जारी है। जैसे-ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्र होने के पश्चात् अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के प्रत्येक को औपचारिक रूप से शिक्षित करने के उद्देश्यसे भारत सरकार ने संविधान अनुच्छेद 46(4), 29(2), 350(क) में विशेष उपबंध बनाए गए और सुनिश्चित किया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रत्येक व्यक्ति को शैक्षणिक संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हो। राज्यके नीति निर्देशक सिद्धांतों में 14 वर्ष की आयु तक के सभी वर्ग शिक्षा दी जाए। छात्रवृत्ति, आवासीयस्कूल, छात्रावास, छात्रवास, पुस्तकें, बुक बैंक, आश्रम विद्यालय, शिक्षा ऋण, अनुसंधान कार्य हेतु छात्रवृत्ति, व्यवसायिक शिक्षा, कोचिंग आदि अनेक प्रकार की सुविधाएं अनुसूची वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा दी जा रही हैं। अत: वर्तमान इन वर्गों में शिक्षा का प्रतिशत बढ़ा है तथा जागरुकता भी आई है। संविधान निर्माताओं का विशेष रूप से डॉ. भीमराव अम्बेडकर का उक्त सुविधाओं औरशिक्षा को महत्व देने का महत्वपूर्ण योगदान है।

भारत में नई शिक्षा नीति निर्माण का समाजशास्त्रीयसंदर्भ भारत में विकसित करने के जनक के रूप में राधा कृष्णा, लार्ड मैकाले और पंडित मदन मोहन मालवीयको जाना जाता है। आजादी के पश्चात अगस्त 1985 में भारत सरकार ने एक दस्तावेज एवं संसद के सामने रखा था, जिसमें बताया

गया था कि देश में शिक्षा सुविधाओं की दशा अभी दयनीय बनी हुई है तथा कोठारी अयोग (1964-1966) इंदिरा गांधी सरकार की शिक्षा नीति के भव्यआदर्श वस्तुत: क्रियान्वित नहीं हो पाए थे। देश में वांछनीय प्रकार की सीखने की जलवायु विकसित नहीं हो पाई रही थी। आम जनता शिक्षा के प्रति उदासीन प्रतीत होती है। सरकार की उस दस्तावेज के साथ उल्लेखित यह तथ्य आम जनता के उस जीन या मनोदशा को उजागर करता है, जो सदियों से उन के साथ सामाजिक दूरी और शिक्षा-दीक्षा से पृथक रखा गया था। 1986 शिक्षानीति द्वारा मानव संसाधन विकास के लिए राष्ट्रीयस्तर पर ठोस कार्य करने का सुझाव दिया गया था, क्योंकि प्राचीन भारतीय शिक्षा नीति संपूर्ण समाज के व्यक्तियों विकास के पक्षधर नहीं थी। भारत में 1992 में संशोधन किया गया। 34 वर्ष पश्चात 29 जुलाई 2020 को तीसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षा को समावेशी, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी बनाना है। तीसरी शिक्षा नीति में बहु-प्रवेश एवं बहु-निकास की विशेष प्रावधान है, जिसे (स्नातक पाठ्यक्रमों) अधिकतम 07 (सात) वर्ष की अवधि में पूर्ण करना होगा अन्यथा वह पाठ्यक्रम से बाहर हो जाएगा। डिजिटल लर्निंग, ग्लोबल इंटरफेस आदि विशेष अनुसंधान पर जोर आदि विशेष है।

सुझाव -शिक्षण प्रक्रिया में क्रान्तिकारी सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि देश के अनुसूचितजाति/जनजाति वर्ग को शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार तो मिल गया, लेकिन समाज में गरिमामयजीवन के मार्ग में अभी भी ऊँच-नीच, जात-पात एवं अश्पृस्यता जैसी परम्पराएँ विद्यमान हैं, जो समग्र विकास के मार्ग में बाधक तत्व के रूप में कार्य कर रही है। विद्या तो संजीवनी है, वह इन बाधकतत्व का समूल उन्मूलन कर सकता है। शिक्षा के साथ-साथ विद्या की शिक्षा पाठ्यक्रमों अनिवार्य रूप से शामिल होना चाहिए, क्योंकिशिक्षा व्यक्ति के लौकिक जीवन की सुव्यवस्था में काम आती है, जबकि विद्या आत्मिक उन्नति के लिए अनिवार्य है। नीतिशास्त्र में उल्लेख मिलता है - विद्या ददाति विनयं विनयं ददाति पात्रतां। पात्रत्वां धनमाप्नोति, धनात् धर्मततो सुखम्। विद्या मनुष्य को विनयशील बनाती है। विद्या मनुष्य के दृष्टिकोण को परिष्कृत करता है। परस्पर प्रेम, सौजन्य, सौहद्रिता, आत्मिकता दया, करुणा, परोपकार, श्रद्धा भक्ति, आत्म बल आदि मानवीय गुणों से मनुष्यको विद्या ही विभूषित कर सकता है। प्रख्यात अध्येता आर. एन. पाणि ने अपनी कृति 'इन्टीलेग्रल एजूकेशन थॉट एण्ड प्रैक्टिस' में बताया है कि मनुष्य की प्रकृति को तीन प्रकार से प्रशिक्षित और रूपान्तरित किया जा सकता है -(1) शिक्षा (2) कला (3) विद्या पहली दोनों की सार्थकता। इसी में है कि तीसरी (विद्या) को उपलब्ध कर ले। उपनिषदों में विद्या के दो प्रकार के विद्याओं का उल्लेख मिलता है - 1.अपरा विद्या 2.परम विद्या - अपरा विद्या में शिक्षा एवं कला का समावेश है, जबकि परम विद्या में जीवन बोध के सूत्रों का समावेश होता है। राष्ट्र एवं मनुष्यके समग्र विकास में विद्या महत्वपूर्ण विधा है, जिसे कोई नहीं जानना चाहता है। जबकि विद्या समाज में व्याप्त समस्त बुर्राइयों और कुप्रथाओं के उन्मूलन अहम भूमिका अदा कर सकते है। पृथ्वी के प्रत्येक कोने में जिंदगी की ऊँचाईयों और गहर्राइयों को परख करवाने वाले ईसा फांसिस संत पाल, लाओत्स, कन्फ्यूशियस जैसे- जीवन विद्या के आचार्य हुए है, जिन्होंने कुम्हलाई मुरझाई मानवता पर अपनी संजीवनी विद्या का प्रयोग कर 'विद्यायाड अमृतम्' श्नुते के कथन को चरितार्थ किया है। शिक्षा शास्त्री टी.एम. श्रीनिवासधारी अपनी कृति 'कन्सेप्ट ऑफ रियल एजुकेशन' में उल्लेख किया है कि जिस मनुष्यने मानवीयप्रकृति या स्वयं का रूपान्तरण कर लिया है - वही ईसा के उपदेशों को धारण कर सकता है। ईसा ने संपूर्ण मानव जाति को परस्पर प्रेम करना सिखाया है। प्रेम के समक्ष ऊँच-नीच, छूत, -अछूत छोटा-बड़ा, गरीब-अमीर जैसी अमानवीयभावनाओं की कोई मूल्यनहीं होता है। भारतीयपरम्परागत सामाजिक व्यवहार में उक्त भावनाएँ खुब फली - फूलीं और मानव के समग्र विकास को रोकती रही है। यद्यपि आचार्य शंकर, गौतम बुद्ध दयानंद सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जैसे महामानव ने विद्या-विचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिये है। अस्तु प्राथमिक पाठशाला से लेकर उच्च शिक्षा तक के पाठ्यक्रमों में विद्या अनिवार्य पाठ होना चाहिए, क्योंकि अत: चेतना के परिष्कार में विद्या का महत्वपूर्ण योगदान है। सरकारें अपनी शिक्षा नीति एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन लाकर सम्पूर्ण देश को विकसित कर सकता है।

- वर्तमान परीक्षा प्रणाली विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन नहीं करती है - सिवाययाद किये गये पाठ्यक्रम कोलिखने मात्र तक सीमित है - अत: बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाले अभ्यास कराये जाना चाहिए।
- राजनीति को पूर्णत: शैक्षणिक संस्थाओं से दूर रखना चाहिए, क्योंकि आज राजनीति शिक्षण संस्थाओं के नस-नस में घुस गई है। कुलपत्तियों की नियुक्तियों से लेकर चौकीदारों तक की नियुक्तियों में हस्तक्षेप देखने को मिलता है।
- विद्यार्थियों के संगठनों का संचालन भी राजनीतिक पार्टियाँ करती हैं।
- जनभागीदारी अध्यक्ष शिक्षा जगत के विद्वान नहीं, बल्कि राजनैतिक दल के नेता होते हैं। यदि शिक्षा के क्षेत्र से सम्बंधित व्यक्ति होते तो संस्थानओं के विजन एवं मिशन को मूर्तरूप देने में अहम् भूमिका निभा सकते थे, लेकिन सरकारी तंत्रसरकार के अनुसार उस पसंद से चलती हैं, इसलिए संस्थानों का आशातीत परिवर्तन और विकास नहीं हो पा रहे हैं।
- विश्व विद्यालयअधिनियम प्रत्येक विश्व विद्यालयके लिए समान होना चाहिए, ताकि प्रवेश, परीक्षा सम्पन्नता और परीक्षा परिणाम साथ-साथ घोषित हो सकें और विद्यार्थी रोजगार मूलक फॉर्म आदि भर सकें।
- कक्षा शिक्षण एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन प्रक्रियाओं पर वैज्ञानिक अनुसंधान किया जाए, ताकि गुणात्मक सुधार हो सके।
- शिक्षकों के योगदान एवं उन के व्यक्तित्व विद्यार्थियों पर प्रभाव आदि पर शोध कार्य होना चाहिए, क्योंकि प्राथमिक, पाठशाला या हाई स्कूल के अधिकांश शिक्षक (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के) मद्यपान कर स्कूल जाते हैं, कभी-कभी तो वे स्कूल में ही शराब खोरी करते हुए देखे जाते हैं, जिन विद्यार्थियों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।
- विद्यार्थियों से सम्बंधित शोध कार्य होना चाहिए।
- शिक्षक किसी भी विद्यार्थी के पृष्ठभूमि के आधार पर शिक्षण कार्य न करें। द्रोणाचार्य एकल्वयको उस के जातीयपृष्ठभूमि के कारण धनुर्विद्या की शिक्षा देने से इंकार कर दिया जब एकलव्यस्व प्रयास से सधुनर्विद्या में निपुण हो गया तो द्रोणाचार्य ने एकलव्यसे गुरूदक्षिणा में दाएं हाथ का अगूठा ही कटवा कर मांग लिया। भारत के अनेक प्रभुश्जाति बहुल्यगाँव के शिक्षक हरिजन आदिवासी कहते हुए होशियारविद्यार्थीयों के प्रति समदर्शी व्यवहार नहीं करते हैं। अम्बेडकर के साथ भी उन के जातिगत पृष्ठभूमि के आधार पर स्कूल में अन्यसवर्ग वर्ग के विद्यार्थीयों साथ एक ही तटपट्टी पर नहीं बैठने दिया जाता था। वे घर से बैठने के लिए फटे पुराने बोरी-टाट ले जाते थे। कक्षा के दरवाजों के बाहर बैठकर शिक्षा अध्ययन किया था।समाजशास्त्री बोगार्डस ने लिखा है कि 'शिक्षा परिवार में केन्दिद्र होती है तथा यही पर नैतिक

अनुशासन शिक्षा का मूल आधार बनता है।'बोगार्डस के अनुसार परिवार व्यक्ति सर्वप्रथम शिक्षित करता है अंतिम यात्रा तक शिक्षा का केन्द्र है। परिवार द्वारा दिए गये संस्कार, नैतिक कर्त्तव्यऔर अनुशासित जीवन परिवार नामक प्राथमिक पाठशाला सिखाता है। भारतीयब्राह्मणवादी शिक्षा व्यवस्था अबोध अपने संतानो को शूद्र वर्ग के प्रति कैसा व्यवहार करना है। सामाजीकरण एवं संस्कारों के द्वारा शिक्षित करते थे, जिसके कारण देश में छुआछूत, ऊँच-नीच, धार्मिक अंधविश्वास, भाग्यवादिता की भावना, पुनर्जन्म पर बल, अनुभववाद, के अरूचि, आदि कुप्रथाएँ सदियों तक एक संस्कारमयशिक्षा के रूप विद्यमान रही है । देश में आज भी इन प्रथाओं को पूर्ण रूप से उन्मूलन नहीं किया जा सका है। उच्च शिक्षा प्राप्त अध्यापक शिक्षक, वकील तथा न्यायधीश भी अपने घरेलू जीवन में इन कुप्रथाओं कों गर्व के साथ मानते हैं और शूद्र के प्रति अश्पृस्ताथा व्यवहार करते है। अत:शिक्षा के साथ-साथ विद्या की शिक्षा भी अनिवार्य रूप से पाठ्क्रमों में शामिल करना चाहिए।

निष्कर्ष- सृष्टिकर्ता परमेश्वर ने सभी मानव जाति को अपने स्वरूप एवं समानता में बनाया है। प्रत्येक मनुष्यको समान अवसर एवं प्रकृति प्रदत्ता संपूर्ण संसाधनों पर अधिकार दिया है अर्थात परमेश्वर की दृष्टि में कोई भी ऊँच-नीच या छोटे-बड़े नहीं है, लेकिन मानव द्वारा निर्मित सामाजिक व्यवस्था में भेद-भाव देखने को मिलता है। उच्च संस्तरण पर असीन ब्राह्मणवर्ण को मात्र मोक्ष की आवश्यकता नही है, बल्कि संपूर्ण मानव जाति को मुक्ति की आवश्यकता है-इस तत्थ में निहित मूल्यतत्व को केवल शिक्षित व्यक्ति ही समझ सकता है। अत: संपूर्ण मानव जाति विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों की गरिमामयजीवन-बसर के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होने की आवश्यकता है। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा ग्रहणशीलता को सर्वप्रमुख्य स्थान दिया है। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकारें भी शिक्षा के क्षेत्र में बिना भेद-भाव के सुविधाएँ प्रदान कर रही हैं तथा अनुसूचित जाति के समग्र विकास में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था सहायक भूमिका निभा रही है। प्रत्येक मनुष्यमें ज्ञानर्जन करने की क्षमता, समझ की आत्मा एवं बुद्धिलब्धता समान नहीं होती है, क्योंकि प्रत्येक मनुष्यकी पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि भिन्न होती है, क्योंकि उनको संस्कारित करने की पद्धति, समाजीकरण की प्रक्रिया, जातिगत जीवन जीने की परंपराएँ अनुकरण की प्रवृत्ति आदि व्यक्ति के व्यक्तित्व को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान अदा करते है। मनुष्यअत: प्रत्येक को मनुष्यत्व प्रदान करने में शिक्षा-दीक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।प्रकाशित शोध पत्र की प्ररचना (अभिकल्प) अन्वेषणात्मक एवं निदानात्मक है। शोध-पत्र के उद्देश्यों के अनुरूप शोधकर्ता ने वैषिक्ता से परिकल्पनाओं का परीक्षण किया है। शोध-पत्र हेतु चयनित इकाईयों के कथन एवं पूर्ववर्ती अध्ययनों (द्वैतीयस्रोत) से प्राप्त तथ्यों के आधार पर शोध-पत्र का विवेचनात्मक लेखन कार्य किया गया है। शोध-पत्र में अनुसूचित जाति के समग्र विकास में शिक्षा के योगदान एवं शिक्षा का जीवन में महत्व की भी व्याख्या की गई है। शिक्षा अंग्रेजी भाषा के एज्यूकेशन शब्द का हिन्दी रूपान्तरण है, जो कि लैटिन भाषा के एज्यूकेशन शब्द से बना है - जिसका अर्थ व्यक्ति की व्यक्तिगत क्षमता का जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए पूरी तरह सदुपयोग है। जीवन को श्रेष्ठ बनाने के शिक्षा महत्व होने के बाद भी भारतीयवैदिक परम्पराओं की शिक्षा ग्रहण करने से शूद्र वर्ण (अनुसूचित जाति) को रोका गया, अर्थात शूद्र वर्ण के व्यक्ति किसी भी प्रकार के शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता था। शूद्र वर्ण के व्यक्ति का जीवन श्रेष्ठ बने यह भारतीय समाज के व्यवस्था कारों को मंजूर नहीं था। वह सिर्फ उन के द्वारा की गई गन्दगी की सफाई और उनका करते रहे। यही शुद्र वर्ण का कर्तव्यएवं धर्म है। निर्धारित व्यवस्था से बाहर जा कर वह शिक्षा ग्रहण कर सकता था। यद्यपि बौद्ध कालीन समतावादी शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत शूद्र को (अनुसूचित जाति) शिक्षा ग्रहण का अधिकार मिल गया था, भारत प्रथम ब्राह्मण राजा पुष्यमित्र शुंग द्वारा समतावादी बौद्ध कालीन शिक्षा प्रणाली पर प्रतिबन्ध लगा दिये और शिक्षक रूप कार्य करने वाले बौद्ध भिक्षुओं को मरवा दिया। बौद्ध भिक्षुओं के सिर काट का लाने वाले के ईनाम भी देते थे। राजा पुष्यमित्र पुर्व में मौर्य वंश के राजा के सेनापति थे और समतावादी शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत शूद्रओं का शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था से परेशान थे। इसलिए पुष्यमित्र शुंक ने राजा की हत्या करने के उपरान्त स्वयं राजा बन गये थे, एक बाह्मण पंडित को मनुस्मृति लिखने का दायित्व था, जिस ने पुन: शूद्र वर्ण अनेक प्रकार के निर्योग्यताएँ लाद दी और शिक्षा ग्रहण पर प्रतिबंध लगा दी। शिक्षाविद् बी. रेमाण्ड के अनुसार 'शिक्षा विकास का क्रम है, जिस से व्यक्ति अपने को धीरे-विभिन्न प्रकार से भौतिक, सामाजिक वातावरण के अनुरूप बना लेता है, साथ ही नैतिक मूल्यों को अपनाता है। 'नैतिक मूल्यों का किसी भी कट्टरवादिता से कोई सम्बंध नही है। शिक्षा तो मानव व्यक्तित्व को ऊँचा उठाने वाला तत्व है। नि: सन्देह समग्र शिक्षा और नैतिक मूल्यएक दूसरे से गुँथे हुए है। शिक्षा मनुष्यके 'अन्तस' में स्थित एक स्त्रोत है। एक संस्कार है जो जो बीज रूप में अंकुरित होकर वृक्ष बनता है और उससे पुष्य एवं फुल-फलते हैं। मनुष्यके अलावा किसी भी प्राणी को शिक्षा की आवश्यकता नही होती है। प्रकृति के किसी भी प्राणी, पशु-पक्षी को प्रशिक्षण के द्वारा कुछ कृत्यकरना सिखा सकते है, लेकिन उसे शिक्षत नहीं कर सकते हैं, क्योंकि प्रशिक्षण अभ्यास है - बार-बार दोहराने से वह आदत के रूप में क्रियान्वित हो सकता है, लेकिन संस्कारित नहीं हो सकता है। अर्थात अंग्रेजी शब्द एजूकेशन का अर्थ बड़ा महत्वपूर्ण है, जो प्रवीणताओं को भीतर से बाहर निकालता है न कि बाहर से भीतर डालता है। अशिक्षा मनुष्यको विकसित होने नही देता है, क्योंकि वह विवेक शून्यजीवन की ओर प्रेरित करता है। मनुष्ययदि विवेक शून्यजीवन निरंतर सदियों तक जीता रहेगा तो उसका समग्र विकास कदाचित नहीं हो सकता है। अनुसूचित जाति के पिछड़ेपन का मूल कारण अशिक्षा ही है। भारतीयज्ञान परम्परा श्रेष्ठ होने के बाद भी सम्पूर्ण समाज और मानव विकास की दृष्टि से सद्उपयोग में नहीं लाया जा सका, क्योंकि सवर्ण शूद्र के प्रति घृणित व्यवहार करते थे, उन्हे अस्पृश्य मानते थे। अस्पृश्यता की अवधारणा को विकसित करने में स्मृति ग्रंथों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में अछूत वर्ग को दलित, बाल्मीकी या भंगी आदि शब्दों से भी सम्बोधित किया जाता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिपादित शिक्षा प्रणाली सम्पूर्ण भारत वासियों के लिए था।यद्यपि ब्रिटिश कालीन शिक्षा नीति के अध्यक्ष लॉर्ड मैकाले द्वारा तैयार किया गया शिक्षा का उद्देश्यथा ब्रिटिश शासन के काम काज अंग्रेजी भाषा में सम्पन्न करने वाले (बाबू)कर्मचारी बनाना था। लॉर्ड मैकाले का उद्देश्य भले ही भारतीयों को अंग्रेजी भाषा से शिक्षित कर बाबू बनाना था, लेकिन जात-पात औरअस्पृश्यता के (व्यवहार) आधार पर कोई प्रतिबन्ध नहीं था, अर्थात भारत के कोई भी व्यक्ति शिक्षा ग्रहण कर सकता है। इसाई मिशनरियों ने भी दलित, पिछडे और गरीब को शिक्षा ग्रहण करने में अभूतपूर्व सहायता किये हैं, यद्यपि आमधारण यह है कि वे मसीह शिक्षा के प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्यसे शिक्षा

ग्रहण करने के लिए प्रेरित करते थे। श्री–ज्योतिबा फुले सावित्री बाई फुले ने शूद्र वर्ण को जाग्रतकरने में अहम भूमिका निभाये है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने देश के संविधान निर्माण के समयअनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को देश के मुख्यधरा में लाने के लिए शिक्षा एवं नौकरी आदि के क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए (विशेष प्रावधान) आरक्षित सीट आदि की सुविधा प्रदान कर देश के शूद्र वर्ण का ही नहीं बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के राह को सुगमता प्रदान कर अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत अभी भी विकसित राष्ट्र के श्रेणी में नहीं आ पाया है और अनुसूचित जाति एवं जनजाति श्रेणीं के व्यक्तियों का भी समग्र विकास नहीं हुआ है। अनुसूचित जाति के अनेक विद्धान एवं समाज सुधारक राजनेता आदि अपने वर्ग विशेष के लिए सरकार के साथ–साथ समग्र विकास हेतु संघर्ष कर रहे है। भारतीयज्ञान परम्परा का राष्ट्रीयविकास एवं समाज के पिछड़े वर्ग के विकास में कोई विशेष योगदान नहीं रहा है, यदि संविधान समस्त शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार बहुजन समाज को नहीं मिला होता तो आज भी भारत के शूद्र वर्ण अशिक्षित रहता और – देश के साक्षरता का प्रतिशत 12% से 74% नहीं हो पाता। अशिक्षित होना बहुत बड़ा अभिशाप है, किसी भी व्यक्ति में प्रकृति प्रस्त योग्यताएँ चाहे जितना भी हो उसकी प्रतिभा शक्ति का पूर्ण विकास शिक्षा बिना अधूरा ही माना जाता है। शारीरिक स्वास्थ्यवधर्न के लिए पौष्टिक संतुलन भोजन आवश्यक है। निराशा और विपत्तियों के समय पुस्तक अच्छे मित्र तथा मार्गदर्शक की भूमिका निभाती है। और कोई व्यक्ति पुस्तकें तभी पढ सकता है, जब वह औपचारिक रूप से पाठशाला में जा कर शिक्षा ग्रहण किया हो अनुसूचित जाति के व्यक्ति हो या अन्यकोई जाति के व्यक्ति हो प्रत्येक को शिक्षा ग्रहण किये, बिना स्वयं एवं उस समाज का समग्र विकास नहीं हो सकता, जिस समाज का वह सदस्य है। भारतीयवर्ण–व्यवस्था के अनुसार शुद्र वर्ण का पूर्णत: शिक्षा से दूर रखा गया था। प्राचीन कालीन यह व्यवस्था अमानवीयऔर सुलभ के साथ उसे शिक्षा से दूर रखने की व्यवस्था थी सदियों पुराने संस्कारेंत से तमाम सुविधाएँ मिलने के बाद भी अनुचित जाति आज भी नहीं ग्रसित है। अशिक्षा और दरिद्रता सगी बहन है। प्रगति शील आधुनिक प्रतिस्पर्धाता वाले दौर में हर व्यक्ति का शिक्षित, ज्ञानवान हो आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा ज्ञान का नेत्र है। चर्मचक्षुओं से अधिक ज्ञान नेत्रों को आलोकित करने पर ही मनुष्यको ज्ञानवान बनने का अवसर मिलता है। अशिक्षा उन्नति के मार्ग में बड़ा रोड़ा है। भारत की गुलामी और विकसित राष्ट्र नहीं बन पाने के मार्ग में अशिक्षा ही बहुत बड़ा कारण है अंधविश्वास, भेद–भाव, छूआ–छूत और अनेक प्रकार की कुप्ररंपराएँ देश के प्रगति एवं अनुसूचित जाति के समग्र विकास नहीं होने के कारण है। शिक्षा के बिना मनुष्यनेत्र होते हुए भी नेत्रहीन व्यक्ति के समान होता है ज्ञान संपदा अति अल्प होती है। बौद्धिक दृष्टि से वे दरिद्र ही बने रहते हैं। देश को तीन चौथाई अशिक्षित वर्ग ही वस्तुत: भारत जो कि बौद्धिक पिछड़ेपन से ग्रसित रहा है, और देश अनेकानेक समस्याओं से जूझता रहा हैं। मानवता के विपरीत ज्ञान अनाचार का पोषण तथा पतन का समर्थन करता है अज्ञानी अपनी दुर्बलता को समझता है, परंतु ज्ञानी विकृत चिंतन से अच्छादित होने पर भी अपने को सही मानता है तर्कों के साथ उसका समर्थन करता है जो औचित्यएवं न्यायकी कसौटी पर सर्वत्र खोटा सिद्ध होता है। अत: निष्कर्ष के रूप में यही कहना आती उपयुक्त है– प्रत्येक को शिक्षा से संस्कारित और विद्या से विशुद्ध पवित्र आत्मा के द्धारा मानवतावादी वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के क्षेत्र में सतत् कार्य करने की आवश्यकता है, तभी समाज के अंदर व्याप्त रूढ़ियो,कुरीतियों, और सवर्णों के आंतरिक कल्मस कषाय दूर होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आचार्य श्रीराम शर्मा– शिक्षा एवं विद्या (1998) अखण्ड ज्योति संस्थान मथुरा (उ. प्र.)
2. राधेशरण– भारत की सामाजिक एवं आर्थिक संरचना और संस्कृति के मूल तत्व (1995) मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल।
3. रविन्द्र अग्निहोत्री– आधुनिक भारतीयशिक्षा: समस्याएं और समाधान जयपुर राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी (1987)
4. सत्यपाल रूहेला– भारतीयशिक्षा का समाजशास्त्र (1989) राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIV (54), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पर्वोत्सवों में झाँकती गोंड जनजातीय संस्कृति (डिण्डौरी जिले के विशेष संदर्भ में)

देवप्रकाश उइके*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, अमरपुर, जिला डिण्डौरी (म.प्र) भारत

शोध सारांश – आदिम संस्कृति में विभिन्न प्रकार के पर्वो को मनाने की परम्परा है, जो इनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है एंव उनके द्वारा मनाए जाते है।इन विभिन्न जनजातियों में अपनी–अपनी पारम्परिक संस्कृति के अनुसार पृथक–पृथक धार्मिक पूजन, पद्धतियों का भी प्रचलन है। विभिन्न प्रकार के पर्वोत्सवों का जहां उनके निजी जीवन एंव पारिवारिक जीवन में विशेष महत्व है, साथ ही साथ में सभी पर्वोत्सव उनके सामाजिक व सामूदायिक जीवन हेतु भी अति महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से व पर्वोत्सव से आदिम संस्कृति का संरक्षण होता है तथा वे अगली पीढी तक हस्तांतरित होती है। यही कारण है कि आदिम संस्कृति पर अन्य संस्कृतियों का कोई प्रभाव नही पडता और वे अन्यवस्तु पारंपरिक रुप से पीढी दर पीढी चलायमान है। जनजातियों में विशेषतया गोंड जनजाति में भी पर्वोत्सव बडे हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक मनाए जाते है। पर्वोत्सवों पर गोंड जनजाति पारंपरिक वेशभूषा संस्कृति आधारित खान–पान का प्रयोग करते है। गोंड जनजाति प्रकृति पूजक होती है। इनके पर्वोत्सव फसल चक्र के अनुसार होते है। गोंड जनजाति कृषि कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले औजार, पशु व प्राकृतिक शक्तियों पर विश्वास करती है व उन्हें पूजन योग्य मानती है, किन्तु बढते हुए नगरीयकरण, औद्यौगीकरण एंव समाजिक स्तर में आ रहे बदलावों से व शिक्षा के प्रभाव से इनकी संस्कृति भी प्रभावित हो रही है जिसके कारण अब पर्वोत्सवों को मनाने के तरीकों में परिवर्तन लगातार देखे जा रहे है।

शब्द कुंजी – मध्यप्रदेश, पर्वोत्सव, पारंपरिक, प्राकृतिक, आदिम संस्कृति।

प्रस्तावना – वर्तमान समयमें समूचे विश्व में उपलब्ध आदिवासी जनजातियाँ आबादी के दृष्टि से भारत वर्ष में अन्यदेशों की अपेक्षा अधिक संख्या मे विद्यमान है। भारत का आकार भौगौलिक दृष्टि से अंत्यत वृहद है। भारत में अनेकों जनजातियाँ जंगलों में, पहाडों में, पठार क्षेत्रों में निवास कर रही है व अपना जीवन यापन कर रही है। भारतवर्ष में 700 सेअधिक जनजातीय समूह उपलब्ध है जो भारत के भौगौलिक क्षेत्र के विभिन्न भागों में बसे हुए हैं।

भारत के मध्यमें अवस्थित मध्यप्रदेश राज्यएक आदिवासी जनजाति बाहुल्यराज्यहै। आदिवासी जनजाति मध्यप्रदेश के लगभग एक चौथाई हिस्से में निवासरत करती है। मध्यप्रदेश की आदिवासी जनजाति को मुख्यत: तीन वर्गो में विभाजित किया गया है :– प्रथम वर्ग में गोंड एंव गोंड जाति से उत्पन्न जनजातियाँ है, द्वितीयवर्ग में भील तथा भीलों के निकटवर्ती जनजातियाँ है, तृतीय वर्ग में कोल व मुण्डा जनजातियाँ आती है।

गोंड जनजाति भारत में निवास करने वाली जनजातियों में सबसे प्रमुख व सबसे बडी जनजाति हैं, भारत वर्ष में आदिवासी जनजाति को ही मूल निवासी माना जाता है। इनमें गोंड जनजाति की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत देखने को मिलती है, गोंड जनजाति सबसे प्राचीन व प्रभावशाली समूह है।

गोंड शब्द की उत्पत्ती कोडं शब्द में मानी जाती है जिसका शाब्दिक अर्थ पर्वत होता है। गोडों को कोयतुर नाम से भी संबोधित किया जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है – 'पर्वतवासी मानव'।

जनसंख्या की दृष्टि से गोंड जनजाति का मध्यप्रदेश में निवास करने वाली अन्य जनजातियों में दूसरा स्थान हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इस जनजाति की संख्या 43,57,918 है जिसका प्रतिशत रुप 21.10है यह भारत की दृष्टि से 8.6 प्रतिशत है, मध्यप्रदेश में गोंड जनजाति की जनसंख्या 43.57 लाख है, डिण्डौरी जिले में लगभग 75 प्रतिशत गोंड जनजाति है।

समाज में रहते हुए वह विभिन्न प्रकार के पर्वोत्सवों का आयोजन करता आया है व उत्साह पूवर्क उन्हें मनाता आया है। प्रचीनकाल से ही मानव जीवन में उत्सवों का विशेष महत्व रहा हैं समाजिक स्तर असंस्कृत लोगों का हो या सुसंस्कृत लोगों का सभी के जीवन में त्यौहारों का आयोजन होता है। ये पर्वोत्सव हमारे जीवन के दुखदायी पलों से उबरने में हमारी सहायता करते है तथा जीवन कीकटुता में मधुरता लाते हैं, ये सभी त्यौहार भावनात्मक रुप से हमें दूसरों से जुडने में मदद करते है व एकात्मकता का वातावरण निर्मित करते है, ये त्यौहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है।

गोंड जनजाति अपने जीवन की मूलभूत आवश्कताओं को पूरा करने के लिए प्रकृति पर आश्रित रहती है यही कारण है कि वह प्रकृति को परमात्मा मानते हुए उसकी पूजा करती है व प्रकृति उपासक होती है। गोंड जनजाति के तीज त्यौहारों में भी प्रकृति पूजा का बडा ही महत्वपूर्ण पक्ष हैं। गोंड जनजाति में कृषि की प्रधानता है व अन्य आवश्यक वस्तुओं के किए वे वनों पर निर्भर रहतें हैं, इसलिए इनके पर्वोत्सवों में प्रकृति, कृषि औजारें, कृषि काम में आने वाले पशुधन का सीधा संबंध रहता है। भारतीय कृषि व्यवस्था में फसल उत्पादन को दो प्रमुख चरणों में विभाजित किया गया है :–

1. रबी फसल

2. खरीफ फसल

जनजातीय संस्कृति में रबी फसल को 'उन्हारी' कहा जाता है जबकि खरीफ की फसल को वे 'सियारी' कहकर संबोधित करते है, सियारी फसल मे मुख्यत: धान की फसल बोई जाती है। गोंड जनजाति के अधिकांश पर्वोत्सवों में पशु बलि प्रथा अपनाई गई है। ये अपने पूजन कार्य में मुर्गी, बकरी, सुअर आदि प्रकार के पशुओं की बलि देते है। ये पर्वोत्सवों में शराब का सेवन करते हैं, व झूमकर, उत्साह पूर्वक पर्वोत्सवों को मनाते है। अधिकांश त्यौहारों में मदिरा पान करना इनके लिए अनिवार्य है, इनके देवालयों में पूजन पाठ के समयदेवताओं को भी महुआ या महुआ फूल की दारु चढाई जाती है।

1. **धार्मिक आयोजनों से संबंधित पर्वोत्सव**- मडई, बडादेव पूजन, कुंडा मिलान

2. **फसल उत्पादन से संबंधित पर्वोत्सव**- आखातीज (अकती), बिदरी, हरेली, भुजंग पूजा (नागपूजा), पोरा, नवा खानी, दशहरा, दिवारी, छेरता, होरी।

धार्मिक आयोजनों से संबंधित पर्वोत्सव

1. **मडई –** मध्यप्रदेश के विभिन्न जनजातीयक्षेत्रों में मडई मेले का आयोजन किया जाता है डिण्डौरी जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे भी आयोजित होता है। यह आयोजन प्रतिवर्ष देव उठनी एकादशी से प्रारंभ होते है व एक बार प्रारंभ होकर यह एक माह से भी अधिक समयतक जिले के गांव-गांव में आयोजित किए जाते है। मडई क्षेत्रीयसंस्कृति व विरासत को प्रदर्शित करते है, इन आयोजनों से आदिवासी समाज की विभिन्न जातियों को एक स्थान पर एकत्रित होकर मेल-जोल बढाने का अवसर प्राप्त होता है, एक दूसरे से मिलकर उनका हाल-चाल जानकर वे आनंदित होते है। मडई में जहां धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ होती है, वहीं इसमें मनोरंजन के साधन-संसाधन भी उपलब्ध रहते है, प्रत्येक जनजाति मडई में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेती है, मडई को वृहद रुप में लगने वाले मेलों का छोटा स्वरुप भी कह सकते है, मडई आयोजन के लिए कोई विशेष मुहुर्त की आवश्यकता नही पडती। ग्राम के मुख्यलोगों के द्वारा आपसी सहमति से तिथि निर्धारित की जाती है व मडई का आयोजन किया जाता है, मडई का मुख्य उद्देश्य ग्राम देवता की पूजा व आराधना करना होता है। मडई के द्वारा जनजातीय समाज व ग्राम जन फसल आने की प्रसन्नता व खुशी जाहिर करते है एंव अपनी आदिवासी संस्कृति को प्रदर्शित कर सुखमयजीवन का संदेश देते है,

मडई समाजिक एकता व सौहार्दता का प्रतीक है। मडई आयोजन की तिथि निर्धारित करने के उपरांत रेरी पीटकर, मुनादी द्वारा आसपास के गांवो मे सूचना दी जाती है। गांव के ग्वाल व पुजारियों द्वारा मडई बांधने की प्रक्रिया की जाती है, ग्वाल समुदायव पुजेरी जनजातियाँ वाद्ययंत्रो को बजाते हुए नृत्य करते हुए घर-घर जाकर शुभ आशीष प्रदान करते है एंव पारंपरिक नृत्यप्रदर्शित करते है, जिस दिन मडई का आयोजन होता है उस दिन बांस, लकडी, गंदीला, मोरपंख, सुपाडी, त्रिशूल, लाल रंग का ध्वज आदि को मडई का स्वरुप देकर बांध दिया जाता है, जिसके माध्यम से उस समूह विशेष के पंडा पुजारी ईष्टदेवी देवताओं की आराधना करते है एंव आराधना करते हुए पूरे ग्राम की परिक्रमा करते है एवं एक निश्चित स्थान पर मडई की स्थापना करते है सभी ग्रामीण सबंधीजन आपस में मेल-जोल कर कुशलक्षेम पूछते है, सभी मडई में आदिवासी नृत्य संगीत, पारंपरिक खेल व अन्यगतिविधियों में उत्साह पूर्वक हिस्सा लेते है एंव मडई में घरेलू उपयोग की वस्तुओं को क्रयकरते है, बच्चों के लिए खिलौने इत्यादि खरीदते है, मडई मे आए झूलों को झूलकर एवं भाति-भांति के मिष्ठान एंव क्षेत्रीय व्यंजन का लुत्फ उठाते हुए आनंदित होते है।

2. **बडादेव पूजन –** गोंड जनजाति के धार्मिक पर्वोत्सवों में बडे देव का पूजन कार्यक्रम प्रमुखता से किया जाता है यह प्रत्येक वर्ष के बडे दिनों (जेठ के माह) में किया जाता है। गोंड जनजाति में यह मान्यता है कि 'साजा' के पेड पर बडे देव विराजमान रहते है अत: बडे देव का स्थान साजा के पेड के नीचे स्थापित किया जाता है एंव एक निर्धारित तिथि में परिवार के सभी सदस्यएकत्रित होकर गोंगों पूजेरी के माध्यम से पूजन कार्य सम्पन्न करते है इस प्रक्रिया को खखरा झराई भी कहा जाता है, इसमें देवी आदिशक्ति से यह प्रार्थना की जाती है कि वे अच्छी फसल प्रदान करे, फसल की सूरक्षा करें व परिवार में सुख, शांति व सम्पन्नता बनी रहे व परिवार रोगों से मुक्त रहे, इस पूजा में एक मुर्गी के बच्चे (चिन्हवा) की बलि दी जाती है। इस पूजन कार्यक्रम के बाद ही गोंड जनजाति खेती के कार्यो में संलग्न होती है।

3. **कुंडा (देव मिलान) –** गोंड जनजाति की मान्यता है कि मानव शरीर प्रकृति के पंच तत्वों से मिलकर बनता है किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार द्वारा उस मृतक शरीर को प्रकृति के पंच तत्वों में मिला दिया जाता है। किन्तु आत्मा को अपने कुल में मिलाने के लिए जनजातीयसमाज द्वारा कुंडा मिलान का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में सभी समाज व ग्रामवासियों केा निमंत्रण दिया जाता है, धारणा है कि मृत जीव से हवा, पानी, ऊर्जा और शब्द शक्ति अपने आप निकल कर प्रकृति में विलीन हो जाते है और शेष मिट्टी में मिल जाता है इसलिए उन्हें उनके मूल शक्ति (पेन) में मिलाया जाता है। गोंड जनजाति में दशगात्र के दूसरे दिन जिसे सुखमादी का दिन कहा जाता है उस दिन परिवार जन आपस में बैठकर कुंडा संस्कार के लिए दिन निश्चित करते है इस दिन मृत आत्मा को सुमरते हुए घर का मुखिया या प्रमुख आदमी एक सफेद वस्त्र लेकर उसमें हल्दी, चावल, पैसा को बांधकर अपने इष्ट बडा देव के समक्ष प्रार्थना करता है कि पुण्यआत्मा को उनके पूर्वजों में मिला लिया जावे व पूजन की तिथि निर्धारित कर ली जाती है। जिस दिन कुंडा मिलान का कार्यक्रम निश्चित किया जाता है उस दिन पूर्व रात्रि में पुजेरी/सेरमिया को कढी चावल भोजन रुप में परोसा जाता है सुबह सवेरे देवीं दिवालयको साफ करके अच्छे से रंगाई, पुताई व लिपाई की जाती है। कुंडा मिलान के दिन परिवार के सभी सदस्यगोंगो स्थान पर उपस्थित रहते है। गोगों स्थल में पूजन में बडादेव शक्ति से प्रार्थना व अर्जी की जाती है इस दौरान किसी सदस्यपर बडादेव की सवारी आती है जो पेनजीवी को खोजता है यदि बडा देव पेनजीवी को नही खोज पाता तो कुंडा मिलान नही हो पाता, पेनजीवी के नाम से सिक्के या कोई अन्यनिशानी छुपा दी जाती है खोज लेने पर बलि के लिए लाए गए बकरे या बकरी को चावल का दाना खिलाया जाता है यदि बकरा/बकरी चावल दाना खा लेता है तो बकरा/बकरी की बलि दी जाती है, इस प्रकार से डिण्डौरी जिले में कुंडा मिलान का संस्कार किया जाता है, गोंड जनजाति के प्रत्येक कुल में कुंडा मिलान करने की यह प्रथा अनवरत रुप से संचालित हैं इनका मानना है कि मृत आत्मा को यदि पुरखों में नही मिलाया जाता तो आत्मा भटकती है व परेशान करती है, मृतक के अविवाहित होने पर उसके मृत शरीर को गांव के बाहर दफनाया जाता है व उसका कृंडा मिलान संस्कार नही किया जाता।

फसल उत्पादन से संबंधित पर्वोत्सव

1. **पोला (पोरा) –** गोंड जनजाति के अधिकांश त्यौहार उनके कृषि कार्य व खेती बाडी से प्रत्यक्ष रुप से जुडे होते है इसी तरह पोला त्यौहार भी इनके कृषि कार्य के महत्व को प्रदर्शित करता है। पोला शब्द की उत्पत्ति

गोंडी भाषा के पाल शब्द से हुई है जिसका अर्थ दूध होता है। धान की फसल की बुआई निदाई के कार्य के पूर्ण होने के उपरांत इस दिन से अन्नमाता गर्भ धारण करती है इसी दिन से धान के पौधौ मे दूध भरना प्रारंभ होता है। यह त्यौहार भादप्रद के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। इस पर्व में गोंड समाज के लोग इस दिन जंगलों से जडी-बूटी या भिलवा पेड की टहनियों को तोडकर एकत्रित करते हैं व उन्हें खेत की मेढो में रोपित कर देते है इससे धान के दानों को नष्ट होने से बचाया जाता है। भिलवा पेड की टहनियों के प्रभाव से कीट पतंग मर जाते है। इस त्यौहार की तैयारी के लिए महिलाएं बाजार से मिट्टी से निर्मित घोडे, चकिया, बैल आदि खरीदती है। इस त्यौहार में खेतों में जाकर फसल की पूजा की जाती हैं। मध्यप्रदेश के अंतर्गत आने वाले डिण्डौरी जिले में निवास करने वाली गोंड जनजाति इस त्यौहार को बडे ही धूमधाम से मनाते चली आ रही हैं, प्राचीन काल से ही इस पर्व के समय जनजातीय क्षेत्रों में गैडी बांधने की परम्परा विद्यमान रही है। गैडीं आषाढ बकबंधी पूर्णिमा से गैंडी बांधते है, गैडी की ऊँचाई बहुत अधिक होती है उन पर चढने के लिए पेड या घर के आंगन में बने भीने के ऊपर चढकर, चढा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि बहुत समय पूर्व जनजातीयक्षेत्रों में पक्की सडकों का अभाव रहता था जिस कारण बारिश के समयरास्ते कीचड से भरे ओर दुर्गम हो जाते थे, जिससे आवागमन में बहुत परेशानी का सामना करना पडता था। इसके साथ साथ इस मौसम में कीडे-मकौडे सांप बिच्छु आदि का भय अधिक बढ जाता था। इस कारण से गैडी बांधी जाती थी जो इन सभी परेशानी से सुरक्षित करती थी, बंकबंधी पूर्णिमा के अवसर पर बंधने वाली गैडियों का भांदो मास की बंदी अमावस्या को पोला के दिन उत्सव के समान पूजा, नृत्यकरते हुए नदी तालाब में कर दिया जाता हैं गैडी बांस या लकडी से बनाई जाती है तथा पैर रखने के लिए बांस से खपच्ची बनाकर रस्सी से बांध कर तैयार किया जाता है।

2. **छेरता** – डिण्डौरी जिले में छेरता एक पर्व की तरह मनाया जाता है। छेरता सिर्फ डिण्डौरी जिले में ही नही बल्कि इसके आस-पास जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाली गोंड जनजाति द्वारा प्रमुख रुप से मनाया जाने वाला त्यौहार है, इसे विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है बस्तर में इसे छेरका या छेरता जबकि छत्तीसगढ राज्यमें इसे छेर छेरा नाम से जाना जाता है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा के दिन जब कृषि कार्य समाप्त हो जाता है व किसान जब धान की कटाई कर व उसकी मिसाई र्का को पूर्ण कर धान को कोठियों मे रख लेते है। इस त्यौहर के दिन गांव के सभी युवक युवतियाँ व बच्चे एकत्रित होकर घर- घर जाकर नृत्यव गान करते है व 'छेर छेरा, कोठि के धान ल हेर हेरा' नारा लगाते हुए हर किसान के घर से अन्न व राशन दान प्राप्त कर नदी व नाके के समीप एकत्रित होते है व छेरा छेरा त्यौहार मनाते है व एकत्रित राशन से भोजन बनाते है।

3. **नाग पूजा/नागपंचमी** – डिण्डौरी जिले के अंतर्गत निवास करने वाली गोंड जनजाति में नागपंचमी पर्व मनाने की परंपरा है। यह पर्व श्रावण सुदी पंचमी को मनाया जाता है। गोंड जनजाति का मानना है कि धरती परपाए जाने वाले जीवों में नाग सर्वाधिक जहरीला होता है, इतना अधिक जहरीला होने के बाद भी यह स्वयं किसी को नुकसान नही पहुंचाता बल्कि यह गोंड जनजाति के कृषि कार्यो में उनका सहयोग करता है यह फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले चूहों, छोटे कीडे मकौडे आदि की संख्या को कम करता है, इस प्रकार यह परिस्थितिक तंत्र के संतुलन को बनाये रखने में सहायता करता है। नाग की इन्ही विशेषताओं के कारण गोंड जनजाति द्वारा उसकी पूजा की जाती है कि वह किसी जीव को हानि न पहुंचाए इस दिन कृषक समुदायखेत के उन स्थानों में जहां नाग देवता की पूजा की जाती है वहां जाते है व खेत के मेढ में स्थानों (पुत्ती) में दूध चढाते है व पूजन करते है।

4. **दिवारी** – डिण्डौरी जिले में गोंड जनजाति द्वारा दिवारी का त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार हिन्दु मान्यताओं के अनुसार ही मनाया जाता है। कार्तिक मास की अमावस्या की रात्रि को घरों में दीपक जलाकर मनाए जाने वाले इस त्यौहार की तैयारी कार्तिक मास की अमावस्या के पूर्व से ही शुरु कर दी जाती है। घरों को पारंपरिक तौर तरीकों से साफ स्वच्छ किया जाता है। देव देवालयों की साफ सफाई की जाती है और इस समयजंगल से जडी बूटियाँ भी एकत्रित की जाती है एंव उसका भंडारण किया जाता हैं। भंडारण का यह क्रम त्रयोदशी (धनतेरस) तक किया जाता है। गोंड जनजाति अपने कृषि कार्य के दौरान बहुत से लोगों से सहयोग प्राप्त करता है जिसमें उसके समाजिक लोग व पशुधन भी होते है धान की फसल समाप्त होते ही इन सभी का सम्मान किया जाता हैं एंव उनके लिए फसल उत्पादन कर कुछ हिस्सा निकाल कर रख दिया जाता है। दिवारी की रात्रि को दीपक जलाएं जाते है दीपक महुआ के बीज से प्राप्त तेल से जलाए जाते है महुआ के बीज से प्राप्त तेल को गुल्ली तेल कहा जाता है। यह त्यौहार बारिश के बाद मनाया जाता है बारिश के दौरान विभिन्न प्रकार के कीट पतंगे घरों में आश्रयले लेते है। गुल्ली तेल का प्रयोग दीपकों में होने से ये सभी कीट पतंगे बरसाती जीव इसके प्रभास से घर से बाहर निकल जाते है जिससे बनाज का भंडारण सुरक्षित हो जाता है व नुकसान नही होता, इसलिए इसे कोया दियारी भी कहा जाता है, चूँकि इस समयसियारी फसल का संग्रहण भी किया जाता है अत: इस त्यौहार को सियारी दियारी पंडुम भी कहते है। दिवारी रात्रि के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की जाती है जिसमें घर के पाले गए पशुधन को सुबह सवेरे नहलाकर उन्हें भांति प्रकार से सजाया जाता है उनके सींगो पर गेरु से लेप लगाया जाता है गेरु से विभिन्न छापे उनके शरीर पर बनाए जाते है, उनकी पूजा की जाती है व उन्हें पकवान खिलाए जाते है।

5. **नवरात्रि जवारा** – डिण्डौरी जिले में गोंड जनजातियों में चैत्र नवरात्रि पूजन का विशेष महत्व होता है। गोंड जनजाति चैत्र शुक्ल पक्ष को अष्टमी के दिन अपने देव देवालयों आठें चढाकर पूजन करते है गोंड समुदायअपने देवी देवताओं से मन्नतें मांगते है, मन्नत मनौती के पूरा होने पर वे अपने देवालयों में जवारे बोकर अपने ईष्ट को धन्यवाद देते है। नवरात्रि मे परिवार की सुख शांति व बच्चे की प्राप्ति के लिए जवारें बोए जाते है इसमें देवी देवताओं से प्रार्थना की जाती है परिवार हरा भरा होने पर आपकी फुलवारी भी हरी भरी की जावेगी। मन्नत के पूरा होने पर जवारे बोई जाती है इस अवसर पर देवी देवताओं को बकरे की बलि दी जाती है।

6. **बिदरी** – बिदरी पूजा डिण्डौरी जिले के सम्पूर्ण भू-भाग में बडे ही उत्साह के साथ की जाती है, इस पूजा का अत्यंत महत्व है, यह पूजा मुख्यतया: जेठ के महीने में होती है जब गोंड जनजाति यह जान लेती है कि बारिश का मौसम नजदीक है तब वे एक दिन टोकरी में थोडा-थोडा धान, कोदो, ज्वार, अरहर, तिली आदि सियारी की फसल में बोने का बीज लेकर ग्राम देवता की शरण में जाते है। इस त्यौहार के पूर्व रात्रि में गांव के लोग घर की साफ सफाई के दौरान निकले कचरे को एकत्रित कर सुबह भोर में ग्राम के बाहर फेकतें है उनकी मान्यता है कि इससे गांव की बुरी बला, रोग, दोष सभी बाहर निकल जाएंगे फिर सभी ग्रामवासी अपने खेती से जुडे औजारों को एंव फसल के बीज लेकर पूजा स्थल पर एकत्रित होते है, सभी ग्रामवासी टोकरी पूजेरी को

दे देते है, पुजारी ग्रामवासियों से प्राप्त बीजों को एक स्थान पर एकत्रित कर लेता है। पुजारी इन बीजों की मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन करता है। मान्यता है कि ऐसा करने से फसलों की कीट-पतंगो से रक्षा होगी, जंगली जीवां जंतुओं से फसल को कोई नुकसान नही होगा एंव फसल की पैदावार अच्छी होगी। इस पूजा प्रक्रिया में बलि के लिए लाए गए मुर्गी के बच्चे को दाना चुगाया जाता है जब मुर्गी का बच्चा दाना चुग लेता है जब उसकी बलि दी जाती है एंव उसके रक्त को बीजों पर छिडक दिया जाता है। तत्पश्चात ग्राम देवता को गुड घी का हवन करके नारियल फोडा जाता है, इसके बाद अभिमंत्रित बीजों को ग्रामवासियों में बांट दिया जाता है जिसे सभी अपने घर ले जाते है इस बीज को लोग ग्राम देवता का प्रसाद मानकर स्वीकार करते है एंव बुआई के समयखेत में बोने वाले बीजों में इस बीज को भी मिला देते है जिससे पैदावार अधिक हो, बिदरी की पूजा मुख्यरुप से धरती माता की पूजा है, जो फसल की अच्छी पैदावार के लिए की जाती है।

7. नवा खानी पर्व – भादों के शुक्ल पक्ष में यह पर्व मनाया जाता है इससे जनजातीय समुदाय द्वारा नए अनाज का प्रथम उपयोग किया जाता है इसे ही नवाखानी नाम से जाना जाता है। यह त्यौहार मुख्यतया: सितम्बर माह में अनंत चौदस के दिन अधिकांश गोण्ड समुदायद्वारा मनाया जाता है यह त्यौहार खरीफ की फसल के स्वागत के लिए किया जाता है। गोंड समुदाय बिना नवाखाए नए अनाज का सेवन नही करता, इस त्यौहार को मनाते समयघर को साफ स्वच्छ किया जाता है एंव देव देवालयों की उचित साफ-सफाई ,लिपाई-पुताई की जाती है, तत्पश्चात घर के मुखिया के द्वारा हल्दी एंव आटे के प्रयोग से घर के आंगन में विराजित देवी देवता के स्थान पर चौक बनाया जाता है एंव उसमें हवन धूप से पूजा की जाती है एंव महुआ के फल से निर्मित दारु चढाई जाती है इसके साथ ही नए फसल धान की बालियाँ व नए बीज चढाए जाते है, देवी देवताओं को साजा के पत्ते से बनी पत्तल में नए बीज से बना बन्ना (भोजन) चढा कर अच्छी फसल की कामना कर पूजा की जाती है इस प्रकार आंगन में प्रवेश द्वार में देवस्थान में गौशाला में सभी स्थानों में अच्छी फसल पैदावार के लिए प्रार्थना की जाती है। इस पर्व को मनाने का मुख्य कारण यही है कि मानव शरीर में नई फसल से दुष्प्रभाव न हो एंव देवी के आर्शीवाद से नए फसल का भोजन के रुप में उपयोग किया जा सके। नवाखानी के पर्व में मुर्गे या बकरे की बलि नही दी जा सकती। पूर्वजों कर स्मरण करते हुए उनको भी नवा का प्रसाद चढाया जाता है, आए हुए रिश्तेदारों के साथ भोजन करते है, भोजन के साथ मदिरा का भी प्रयोग किया जाता है।

8. होरी (होली) – डिण्डौरी जिले में गोंड जनजाति द्वारा होरी का त्यौहार भी बडी धूम धाम से मनाया जाता है, होरी त्यौहार की तैयारी लगभग पंद्रह बीस दिन पहले से ही शुरु कर दी जाती है, यह त्यौहार मनाने के लिए जनजातीय समुदाय द्वारा प्राकृतिक रंगो का इस्तेमाल किया जाता है, ये प्राकृतिक रंग प्रकृति से प्राप्त पुष्पों व पत्तों से बनाया जाता है। होली त्यौहार मनाने के पूर्व सायंकाल को युवाओं और बच्चों की टोली घर-घर जाकर रबी की फसल जैसे - गेंहू, चना, मटर आदि एंव लकडी मांगकर होरी जलाने के स्थान पर एकत्रित करती है, एकत्रित फसल को सभी मिलकर खाते हे व लकडी का प्रयोग होली जलाने के लिए किया जाता है, होली जलाने के स्थल पर सब्बल से गड्ढा किया जाता है जिसमें सेमल की लकडी व अरंडी की लकडी कुछ पैसे एंव कुछ सडे अंडे रखकर चारों ओर लकडियाँ रख दी जाती है व होली जलाई जाती है। गांव के मुख्यव्यक्ति द्वारा होली पूजन किया जाता है जिसमें मुर्गे की बलि व शराब चढाई जाती है। इस पूजन के बाद होली जलाई जाती है अगली सुबह सभी घरों में चूल्हा होलिका दहन स्थल से लाई गई अग्नि से जलाते है, लोग रंग गुलाल लगाकर त्यौहार मनाते है लगभग पांच दिनों तक यह त्यौहार मनाया जाता है। होलिका दहन के दूसरे दिन धुरेडी व पांचवे दिन रंग पंचमी मनाई जाती है। त्यौहार मनाने के दौरान फाग गाए जाते है व नृत्यकिए जाते है। धूमधाम से इस त्यौहार को मनाया जाता है।

निष्कर्ष – पूरे विश्व में विभिन्न प्रकार के पर्व मनाए जाते है। भारत में भी आपसी भाईचारे, पारिवारिक प्रेम, एंव सौहार्दपूर्ण समाजिक व्यवस्था के अंर्तगत पर्वोत्सव को मनाने का चलन है, सभी त्यौहारों को मनाने के पीछे कोई न कोई समाजिक पौराणिक व धार्मिक कारण होता है। भारत मे रहने वाली गोंड जनजाति भी इससे अछूती नही है, गोंड जनजाति के प्रत्येक पर्वो में उनके रीति रिवाज, संस्कृति, परम्पराओं और मान्यताओं की झलक देखने को मिलती है, प्रकृति के साथ उनका सामंन्जस्यदृष्टिगोचर होता है। परंपरा व मान्यताओं के अनुसार गोंड जनजाति अपने पर्वो में शराब व मांस का सेवन करती है। गोंड जनजाति का मुख्यव्यवसायकृषि है इस कृषि से उत्पन्न फसलों के आधार पर ही इनके पर्वोत्सव मनाए जाते है, इसके साथ साथ कृषि कार्य में प्रयुक्त उपकरणों, औजारों, पशुधन अन्य सहयोगी तत्वों का ये पूजन कर धन्यवाद करते है। आधुनिकीकरण के इस दौर में गोंड जनजाति विभिन्न संस्कृतियों के सम्पर्क में आई है जिसके कारण इस पर संस्कृतिकरण, सात्मीकरण, आधुनिकीकरण का स्पष्ट प्रभाव भी दिखलाई पडता है, इसके प्रभाववश आज इनके त्यौहारों में हिन्दु धर्म की झलक भी दिखलाई देती है जिससे इनके पर्वोत्सव मनाने के तौर तरीकों में आदिम समाज से मान्यताओं, रीति रिवाजों को संस्कृति को संरक्षण के आवश्यकता है सभी जातियों-जनजातियों की अपनी एक विशिष्ट संस्कृति व भाषा जो इन्हें एक अलग पहचान दिलाती है, आज विभिन्न प्रकार के समाजिक संगठन, समाजिक चिन्तनकार जनजातीयसमाज को जागरुक कर उनकी भाषा संस्कृति, रीतिरिवाजों व मान्यताओं को पूर्नजीवित व पुर्नस्थाापित करने का प्रयास कर रहे है।

संदर्भ ग्रथ सूची :-

1. तिवारी, डॉ. शिवकुमार (1994), 'मध्यप्रदेश की जनजातियाँ', प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, प्रथम संस्करण।
2. मिश्र,डॉ. सुरेश(2000), 'मध्यप्रदेश के गोंड राज्य', प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल, प्रथम संस्करण,
3. शर्मा, डॉ. श्रीनाथ (2003), 'जनजातीय समाजशास्त्र', प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, प्रथम संस्करण।
4. उपाध्याय, विजयशंकरएंव शर्मा, विजयप्रकाश (2004), 'भारत की जनजातीयसंस्कृति', प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, अष्टम् संस्करण।
5. चौरसिया, डॉ. विजय(2004), 'गोंडवाना की लोक कथाएँ', प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
6. निरगुणे,बसन्त (2005), 'लोक संस्कृति', प्रकाशक, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल संस्करण।
7. तिवारी, यधुव , प्रदीपमणि (2006), 'मध्यप्रदेश के आदिवासी एंव रीति रिवाज', प्रकाशक, नयन पब्लिकेशन, जयपुर।
8. उद्दे, प्रो. अमर सिंह (2007), 'मध्यप्रदेश का पूर्वांचल', प्रकाशक, विभूति प्रकाशन, नर्मदा पुल पान, डिण्डौरी, प्रथम संस्करण।
9. तिवारी, डॉ. मुकेश कुमार (2011), 'गोंड जनजाति के जीवन के विविध आयाम', प्रकाशक, आशा पब्लिशिंग कम्पनी, आगरा।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
